# आज

३.००
तीन रुपये मात्र

गौरवशाली परम्परा

गौरवशाली परंपरा का १०७ वर्ष






वाराणसी, गुरुवार १ अक्तूबर, २०२६ सौर १५, आश्विन कृष्ण ५, २०८३ वि.। वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज (रीवा संस्करण), कानपुर (झांसी संस्करण), लखनऊ, आगरा, बरेली, हल्द्वानी,पटना (कोलकाता संस्करण), रांची (धनबाद संस्करण) तथा जमशेदपुर से प्रकाशित * काशी संस्करण पृष्ठ १२, मूल्य ३.०० रुपये


## ३००० करोड़ की ड्रग्स के साथ पांच पाकिस्तानी गिरफ्तार



### तस्कर नावसे जा रहे थे मुंबई

मुंबई (आससे.)। पाकिस्तानी नागरिक ईरानी नाव में अरब सागर में लक्षद्वीप के पास पकड़ाए। ईरानी नाव में 3,000 करोड़ की ड्रग्स के साथ 5 पाकिस्तानी नागरिकों को कोस्ट गार्ड और गुजरात ङ्गस ने गिरफ्तार किया है। पांचों आरोपी 526 किलो मेथामफेटामाइन और हेरोइन को समुद्री रास्ते से मुंबई ले जा रहे थे। सिक्योरिटी फोर्सेस ने यह कार्रवाई लक्षद्वीप के पास 25 सितंबर को की थी। हालांकि, इसकी जानकारी बुधवार को सामने आई। इससे पहले अप्रैल 2025 में भी गुजरात तट के पास ङ्गस और भारतीय तटरक्षक बल ने करीब 311 किलो मेथामफेटामाइन जब्त की थी, जिसकी कीमत 1,800 करोड़ बताई गई। यह खेप पाकिस्तान के पसनी पोर्ट से तमिलनाडु ले जाना था। सुरक्षाबलों को देखकर तस्करों ने ड्रग्स समुद्र में फेंक दी और पाकिस्तान की समुद्री सीमा की ओर भाग गए। खुफिया सूचना मिलने के बाद तटरक्षक बल ने समुद्र और हवा से निगरानी की। संदिग्ध नाव को लक्षद्वीप के पश्चिम में रोककर तलाशी ली गई। नाव, चालक दल और ड्रग्स को सुरक्षा के बीच मुंबई लाया गया है, जहां पूछताछ और आगे की कानूनी कार्रवाई होगी। अधिकारियों के मुताबिक, इस कार्रवाई से समुद्री रास्ते से होने वाली अंतरराष्ट्रीय ड्रग्स तस्करी पर रोक लगाने में मदद मिलेगी।

## तीरंदाजीमें भारतकी स्वर्णिम हैटट्रिक

### नीरूकी दो दिन में दूसरी सुनहरी कामयाबी, किनानके साथ जीता स्वर्ण, कुश्तीमें कांस्य

**एशियाई खेल**







नागोया (एजेन्सियां)। एशियाई खेल जैसे-जैसे आगे बढ़ता जा रहा है भारतीय खिलाड़ी पदक बटोरने में लगे हुए। ११वें दिन भारतीय तीरंदाजों ने कंपाउंड की तीनों टीम स्पर्धाओं में स्विम हैटट्रिक पूरी की। ज्योति सुरेखा वेंनम, पृथिका प्रदीप और चिकिथा तनिपर्थी की महिला टीम ने चीन को हराकर दिन का पहला गोल्ड दिलाया जबकि चिकिथा और साहिल राजेश जाधव की मिश्रित टीम ने दक्षिण कोरिया को शूटआफ में हराकर दूसरा स्वर्ण जीता। पुरुष कंपाउंड टीम ने भी चीन को मात देकर भारत के लिए तीसरा गोल्ड पक्का किया। शूटिंग में नीरू ढांडा और किनान चेनाई ने मिक्स्ड ट्रैप में स्वर्ण जीता। कुश्ती में सुनील कुमार ने कांस्य पदक हासिल किया जबकि मुक्केबाजी में लवलीना बोरगोहेन फाइनल में पहुंच गयीं। भारतीय उधर महिला हाकी टीम ने भी दक्षिण कोरिया को २-० से हराकर स्वर्ण के करीब पहुंची। स्क्वैश की पुरुष और महिला टीमों ने सेमीफाइनल में स्थान बना अपने लिए पदक पक्के किये। भारत ने कंपाउंड तीरंदाजी की तीनों टीम स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया। सबसे पहले ज्योति सुरेखा वेंनम, पृथिका प्रदीप और चिकिथा तनिपर्थी की महिला टीम ने चीन को २३८-२३४ से हराया। इसके बाद चिकिथा तनिपर्थी और साहिल राजेश जाधव की मिश्रित टीम ने दक्षिण कोरिया को शूटआफ में २०-१९ से हराया। चार राउंड के बाद दोनों टीमों का स्कोर १५७-१५७ था। शूटआफ में चिकिथा और साहिल ने १०-१० का स्कोर किया जबकि दक्षिण कोरिया की टीम १९ अंक ही बना सकी। इस जीत के साथ दोनों ने २०२८ लास एंजिलिस ओलम्पिक के लिए कोटा भी हासिल किया। नीरू ढांडा और किनान चेनाई ने मिक्स्ड ट्रैप स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर भारत के खाते में एक और स्वर्ण जोड़ा। भारतीय जोड़ी ने फाइनल में ४० में से ३४ निशाने सटीक लगाये। (शेष पृष्ठ ९ पर)

## दिव्यांगजनों की फिर बढ़ेगी पेंशन



### लाखों पेंशन भोगियों को होगा लाभ

गोरखपुर (आससे.)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि किसी भी समाज की प्रगति और असली पहचान ऊंची इमारतों से नहीं होती। समाज की प्रगति उस व्यवस्था में होती है, जहां शासन की योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव, अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक मजबूती से पहुंचता है। यही सुशासन का पहला सूत्र है। उत्तर प्रदेश की डबल इंजन सरकार इसी सूत्र पर कार्य कर रही है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने दिव्यांगजन की पेंशन धनराशि में जल्द ही फिर वृद्धि किए जाने की घोषणा की। उन्होंने सभी 18 मंडलों में जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र स्थापित करने के भी निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज गोरखपुर महानगर के सिविल लाइंस स्थित गोरखपुर क्लब में दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग और हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने 509 लाभार्थियों को मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल, ई-ट्राइसाइकिल, स्मार्टफोन, स्मार्टकेन, ब्रेल किट सहित विभिन्न प्रकार के 664 सहायक उपकरणों का वितरण किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शासन प्रमुख के (शेष पृष्ठ ९ पर)

## २५ रुपये बढ़ा गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य

### ग्रीन एनर्जी कारिडोरके लिए १.८६ लाख करोड़ स्वीकृत



### केन्द्रीय कैबिनेट की बैठकमें लगी मुहर

नयी दिल्ली (आससे.)। केंद्रीय कैबिनेट ने किसानों और देश के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि गेहूं के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि की गई है। इसके साथ ही, तीन बड़ी योजनाओं के लिए कुल 2,79,157 करोड़ रुपये से अधिक की राशि स्वीकृत की गई है।रबी विपणन सीजन 2027-28 के लिए गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 25 रुपये बढ़ाया गया है। अब गेहूं का एमएसपी 2,610 रुपये प्रति क्विंटल होगा। यह वृद्धि किसानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य सुनिश्चित करेगी। कैबिनेट ने रबी फसलों की मूल्य नीति के लिए 90,962 करोड़ रुपये की मंजूरी दी है। यह राशि रबी विपणन सीजन 2027-28 के लिए निर्धारित की गई है। गेहूं- गेहूं की अनुमानित उत्पादन लागत 1,264 रुपये प्रति क्विंटल आंकी गई है, जबकि इसके लिए सीएसीपी द्वारा अनुशंसित एमएसपी 2,610 रुपये प्रति क्विंटल रखा गया है। इस दर पर किसानों को उनकी उत्पादन लागत पर सबसे अधिक 106 प्रतिशत का शुद्ध मुनाफा मार्जिन प्राप्त होगा। सरसों / रेपसीड- सरसों की अनुमानित उत्पादन लागत 3,367 रुपये प्रति क्विंटल है और इसका अनुशंसित एमएसपी (शेष पृष्ठ ९ पर)

## अब मतदाता बननेके लिए सिर्फ वैधानिक फार्म-६ भरना होगा

नयी दिल्ली (आससे)। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बीच चुनाव आयोग ने मतदाता पंजीकरण के फॉर्म-6 में किए गए अतिरिक्त




बदलाव को हटा दिया है। आयोग ने स्पष्ट किया है कि नए मतदाता के पंजीकरण के लिए अब अलग से अतिरिक्त घोषणा देने की जरूरत नहीं होगी। यह फैसला चुनाव आयोग में फॉर्म-6 के प्रारूप को लेकर मतभेद की खबरों के बीच महत्वपूर्ण माना जा रहा है। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू तथा विवेक जोशी की 26 सितंबर को हुई बैठक के बाद यह बदलाव किया गया। एसआईआर पूरा कर चुके राज्यों में ईसीआईनेट ऐप और पोर्टल के साथ संबंधित मुख्य निर्वाचन अधिकारियों की

### एसआईआर विवादके बीच चुनाव आयोगने पीछे खींचे कदम

वेबसाइटों से भी अतिरिक्त घोषणा हटा दी गई है। अब मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के इच्छुक आवेदकों को 'रजिस्ट्रेशन ऑफ इलेक्टर्स रूल्स, 1960' के तहत निर्धारित वैधानिक फॉर्म-6 ही भरना होगा। हालांकि, जिन राज्यों में एसआईआर की प्रक्रिया जारी है, वहां फॉर्म-6 में अतिरिक्त (शेष पृष्ठ ९ पर)

## विपक्षी दल छह अक्तूबरको करेंगे चुनाव आयोगका घेराव

### इंडिया ब्लाककी बैठकमें हुआ निर्णय

नयी दिल्ली (आससे)। चुनाव आयोग और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर विपक्षी दलों ने बुधवार को दिल्ली में हुई 'इंडिया' गठबंधन की बैठक में साझा आंदोलन का ऐलान किया। गठबंधन ने 2 से 8 अक्टूबर तक जिला स्तर पर 'लोकतंत्र बचाओ' अभियान चलाने, 6 अक्टूबर को विपक्षी सांसदों के साथ चुनाव आयोग तक मार्च करने और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात का समय मांगने का फैसला किया। साथ ही नवंबर में पांच बड़ी रैलियां आयोजित करने की भी घोषणा की गई। गठबंधन ने अक्टूबर-नवंबर में पांच बड़ी रैलियां करने का फैसला किया है। दिल्ली में 1 नवंबर को बड़ी रैली आयोजित किए जाने की भी



### देशव्यापी लोकतंत्र बचाओ अभियान कल से

घोषणा की गई है। बैठक के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि गठबंधन के दल चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता और मतदाता सूची की विश्वसनीयता के मुद्दे पर मिलकर लड़ेंगे। उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को हटाने की मांग दोहराते हुए आरोप लगाया कि चुनाव आयोग के अधिकारी सरकार के दबाव में काम कर रहे हैं। खड़गे ने कहा कि विपक्षी दल 2 से 8 अक्टूबर तक जिलों में प्रदर्शन करेंगे और 6 अक्टूबर को सभी विपक्षी सांसद (शेष पृष्ठ ९ पर)

### सहारनपुरमें गैंगस्टर की २.०५ करोड़ की संपत्ति कुर्क

लखनऊ (आससे.)। यूपी के सहारनपुर जिले में गैंगस्टर एक्ट के तहत मिर्जापुर थाना क्षेत्र के ग्राम असगरपुर निवासी तालिब द्वारा अवैध रूप से अर्जित करीब 2 करोड़ 5 लाख रुपये की चल-अचल संपत्ति को एनडीपीएस एक्ट की धारा 66 के तहत कुर्क कर जब्त किया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने मादक पदार्थों की तस्करी से यह संपत्ति बनाई थी।

### गठबंधन ही जीतका आधार-अखिलेश

लखनऊ (आससे.)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि लोकतंत्र में बेईमानी नहीं होनी चाहिए, जिसकी संख्या ज्यादा हो उसे मौका मिलना चाहिए। पिछली बार राज्यसभा चुनाव में अगर भाजपा ने बेईमानी न की होती तो समाजवादी पार्टी तीन सीटें जीत गयी होती। उन्होंने कहा कि भाजपा बेईमान पार्टी है। भाजपा हर स्तर पर बेईमानी करती है। प्रदेश की जनता भाजपा को इस बार हमेशा के लिए सत्ता से हटा देगी। यह बातें उन्होने बुधवार को पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में व्यक्त कीं। उन्होने कहा कि लोकसभा चुनाव में जो गठबंधन था, विधानसभा चुनाव में भी वही गठबंधन रहेगा।

## 'यूपी पुलिसको भंग कर देना चाहिए'-सुप्रीम कोर्ट

नयी दिल्ली (आससे)। उत्तर प्रदेश पुलिस की जांच प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को बेहद तल्ख टिप्पणी



की। न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति संजीव सचदेवा की पीठ ने एक मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि यदि पुलिस इसी तरह काम करती रही तो 'यूपी पुलिस को भंग कर देना चाहिए और सभी जांच सीबीआई को सौंप देनी चाहिए।' पीठ ने कहा कि यह सब अब बंद होना चाहिए। मामला एक मोटरसाइकिल सवार से जुड़ा है, जिसे शिकायतकर्ता ने कथित तौर पर मौके पर पकड़कर पुलिस को सौंप दिया था। इसके बावजूद एफआईआर में आरोपी का नाम दर्ज नहीं किया गया और उसे अज्ञात बताया गया। बाद में हाईकोर्ट के स्टेटस रिपोर्ट मांगने पर उसका नाम चार्जशीट में जोड़ा गया, लेकिन उसे क्लीन चिट दे दी गई। पीठ ने यह भी सवाल उठाया कि जब्त मोटरसाइकिल पर नंबर प्लेट नहीं थी, फिर जांच के दौरान उसमें पंजीकरण नंबर कैसे दर्ज हो गया। पीठ ने पुलिस की कार्रवाई को लेकर सवाल किया कि जब आरोपी को मौके पर पकड़ा गया था तो एफआईआर में उसका नाम क्यों नहीं लिखा गया। (शेष पृष्ठ ९ पर)

### राज्यसभा : रामगोपाल के साथ धनराज नाथवानी ने किया नामांकन

लखनऊ (आससे.)। उत्तर प्रदेश में राज्यसभा की 10 सीटों के लिए होने वाले चुनाव से पहले समाजवादी पार्टी ने अपने पत्ते खोलते हुए अनुभवी संसदीय नेता प्रो. रामगोपाल यादव के साथ उद्योग और खेल प्रशासन से जुड़े धनराज परिमल नाथवानी को मैदान में उतार दिया है। नाथवानी का नाम सामने आते ही राज्यसभा चुनाव की सियासत में नया मोड़ आ गया है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की मौजूदगी में दोनों प्रत्याशियों ने बुधवार को विधानसभा परिसर स्थित निर्वाचन कार्यालय में नामांकन दाखिल किया। अखिलेश यादव नामांकन के दौरान धनराज नाथवानी के साथ नजर आए। इस मौके पर सपा के वरिष्ठ नेता और विधायक भी मौजूद रहे। पार्टी ने दोनों नामों की घोषणा अपने आधिकारिक सोशल मीडिया मंच एक्स के जरिए की।

## रोजगार मेलेमें प्रधानमंत्रीसे नियुक्ति पत्र पाने वाले ४०० जवानोंकी नौकरी गयी

नयी दिल्ली (आससे.)। बीएसएफ के उन 400 जवानों (ट्रेड्समैन) को अब भूख हड़ताल करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है, जिन्हें रोजगार मेले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा नियुक्ति पत्र मिला था। फर्जी सर्टिफिकेट के चलते सीमा सुरक्षा बल में नौकरी पाए ये जवान अब दोबारा से बेरोजगारों की कतार में खड़े हो गए हैं। अलॉयंस ऑफ ऑल एक्स पैरामिलिट्री फोर्सेस वेलफेयर एसोसिएशन ने इन पूर्व जवानों के समर्थन में बुधवार को प्रेस कलब ऑफ इंडिया में एक प्रेसवार्ता की। एसोसिएशन के चेयरमैन एचआर सिंह ने कहा, सरकार को इस मामले में त्वरित हस्तक्षेप करना चाहिए। इन युवाओं का देश सेवा का सपना यूं नहीं तोड़ना चाहिए। इन्हें दोबारा से बीएसएफ में नियुक्ति प्रदान की जाए। एसोसिएशन के चेयरमैन एचआर सिंह और महासचिव रणबीर सिंह ने कहा, इसमें इन युवाओं का कोई दोष नहीं है। ये साइबर फ्रॉड का शिकार हुए हैं। युवाओं को नेशनल स्किल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के नाम से जारी प्रमाण पत्र दिया गया था। उसी आधार पर इन्हें बीएसएफ में जॉब मिल गई। बाद में पता चला कि वह प्रमाण पत्र फर्जी है।

## बडगाम एनकाउंटरमें आतंकी मूसा ढेर

श्रीनगर (आससे.)। जम्मू-कश्मीर के बडगाम जिले में लश्कर-ए-ताइबा के कमांडर मोहम्मद आसिफ उर्फ मूसा के मारे जाने को केंद्रीय गृह मंत्रालय ने आतंकी संगठन के लिए बड़ा झटका बताया है। मूसा मंगलवार को बडगाम के गुरवतकलां इलाके में सुरक्षाबलों के साथ हुई मुठभेड़ में मारा गया था। गृह मंत्रालय के प्रवक्ता के मुताबिक खांसाहिब थाना क्षेत्र के ऊपरी इलाकों में यह कार्रवाई खुफिया जानकारी के आधार पर चलाए गए संयुक्त अभियान के तहत की गई। सुरक्षाबलों को मूसा की गतिविधियों और मौजूदगी के बारे में तकनीकी और मानवीय खुफिया जानकारी मिली थी, जिसके बाद उसे पकड़ने के लिए एक विशेष योजना तैयार की गई।सेना और अन्य केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियां लंबे समय से मूसा का पीछा कर रही थीं। हाल में मिली खुफिया जानकारी के बाद उसे निष्प्रभावी करने के लिए सभी संबंधित एजेंसियों के समन्वय से अभियान चलाया गया। गृह मंत्रालय ने कहा कि मूसा के मारे जाने से जम्मू-कश्मीर में सक्रिय लश्कर के नेटवर्क को बड़ा झटका लगा है।वर्ष 2022 से जम्मू-कश्मीर में सक्रिय लश्कर के चार वरिष्ठ कमांडरों का समूह अब समाप्त हो गया है। इन कमांडरों पर अगस्त 2023 के हलान हमले, दिसंबर 2023 के डीकेजी हमले मई 2023 के कांडी हमले और मई 2024 के शाहसितार हमले समेत कई आतंकी हमलों में शामिल होने का आरोप था। इनके अलावा जून 2024 के शिवखोड़ी हमले, अक्तूबर 2024 के गगनगीर और बूटापथरी हमलों तथा अप्रैल 2025 के बैसरन हमले का भी बयान में उल्लेख किया गया है।

## नेपालके पानीने कुशीनगरमें मचायी तबाही

### टूटा बांध, बिखरी जिंदगी

### रातों रात डूबे २० गांव

लखनऊ (आससे.)। उत्तर प्रदेश में बाढ़ की स्थिति को लेकर सरकार की ओर से प्रशासन को सक्रिय रखा गया है। कुशीनगर में बड़ी गंडक नदी के जलस्तर में लगातार वृद्धि के बाद राहत आयुक्त डॉ. हृषिकेश भास्कर यशोद ने जिला प्रशासन से प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव कार्य तेज करने के निर्देश दिए हैं। प्रशासन ने प्राथमिकता पर प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के साथ ही उन्हें समय पर भोजन, राशन और चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराया है।राहत आयुक्त कार्यालय के मुताबिक 29 सितंबर को सुबह आठ बजे बड़ी गंडक नदी का जलस्तर 96.48 मीटर दर्ज किया गया, जो खतरे के बिंदु 96 मीटर से 0.48 मीटर ऊपर था। वाल्मीकि नगर बैराज से भी बड़ी मात्रा में पानी छोड़े जाने के कारण खड्डा तहसील के 18 और तमकुहीराज तहसील के 14 गांव प्रभावित हुए हैं।राहत कार्यों के तहत प्रभावित गांवों में लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने की कार्रवाई की जा रही है। प्रशासन ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में 10 बाढ़ चौकियां और 16 राहत शिविर स्थापित किए हैं। इन व्यवस्थाओं के माध्यम से प्रभावित परिवारों की जरूरतों पर लगातार नजर रखी जा रही है।बचाव कार्य के लिए एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और पीएसी बाढ़ राहत दलों की टीमें तैनात की गई हैं। साथ ही स्थानीय स्तर पर भी नावों की व्यवस्था की गई है। रिपोर्ट के अनुसार राहत एवं बचाव कार्य के लिए स्थानीय गोताखोरों की 66 सदस्यीय टीम भी सक्रिय है।प्रभावित लोगों को भोजन की समस्या न हो, इसके लिए खड्डा तहसील में 13 और तमकुहीराज तहसील में तीन सामुदायिक रसोई स्थापित की गई हैं। रसोइयों के माध्यम से प्रभावित परिवारों को नियमित भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है।




यहां भी पढ़ें
-:Website:-
www.ajhindidaily.com
-:For e-Paper:-
www.ajhindidaily.com


### मौसम

सूर्योदय : ०५.४९
सूर्यास्त : ०५.४६

तापमान
अधि. : ३२.०
न्यून. : २५.०



# सफाई मित्रों को सुरक्षा किट और प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

गाजीपुर। सेवा संकल्प अभियान के तहत बुधवार को नगर पालिका परिषद गाजीपुर के कचहरी स्थित कार्यालय सभागार में सफाई मित्र सुरक्षा एवं सम्मान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें नगर पालिका के सफाई मित्रों को सुरक्षा किट और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। 17 सितंबर से दो अक्तूबर तक चल रहे सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम का उद्देश्य जनकल्याणकारी योजनाओं, नीतिगत सुधारों और विकास कार्यों की जानकारी आमजन तक पहुंचाने के साथ नागरिकों को विकसित


सफाई कर्मी को सुरक्षा किट प्रदान कर सम्मानित करने का दृश्य।

भारत-2047 के राष्ट्रीय संकल्प से जोड़ना है।कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी ने सफाई मित्रों को सुरक्षा किट और प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी डॉ. धीरेंद्र कुमार ने सफाई मित्रों के योगदान की सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित किया। सभासदों और मनोनीत सभासदों ने भी प्रशस्ति पत्र देकर सफाई मित्रों का उत्साहवर्धन किया।इस दौरान कर अधीक्षक ओम प्रकाश, राजस्व निरीक्षक रविंद्र कुमार सोनकर, मनजीत सिंह, नौरीन जाहिद समेत नगर पालिका के कर्मचारी मौजूद रहे।

## बाइक की टक्कर से तीन घायल

मरदह, गाजीपुर। थाना क्षेत्र अंतर्गत पलहीपुर गांव के पास बरही- बदधूपुर नहर मार्ग पर सड़क दुर्घटना में एक ही बाइक पर सवार तीन लोग घायल हो गए।बरही के तरफ आ रहे बाइक सवार को पीछे से आ रही दूसरी बाइक सवार ने टक्कर मार दी। जिससे एक ही बाइक पर इंद्रजीत सिंह, केदार शर्मा, अनुष्का निवासी इंदौर थाना कासिमाबाद घायल हो गए।तीनो बद्धुपुर गांव में रिश्तेदारी में गए थे वहा से लौटते वक्त हादसे के शिकार हो गए। टककर मारने वाली बाइक का चालक हादसे के बाद बाइक सहित मौके से फरार हो गया।दुर्घटना के बाद आसपास के स्थानीय लोगों ने घायलों की मदद की और एंबुलेंस की सहायता से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मरदह पहुंचाया गया।

# शातिर चोर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

जमानियां,गाजीपुर। अपराध व अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे चेकिंग अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की एक मोपेड बरामद की है। प्रभारी निरीक्षक योगेन्द्र सिंह ने बताया कि उपनिरीक्षक राजकुमार शुक्ला हमराहियों के साथ क्षेत्र में गश्त पर थे। इसी दौरान मुखबिर से मिली सटीक सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने रायपुर नहर माइनर के पास घेराबंदी कर 21 वर्षीय सुक्खु बिन्द, निवासी ग्राम धमिना, थाना कंदवा, जनपद चंदौली को दबोच लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से चोरी की मोटरसाइकिल बरामद हुई। उन्होंने बताया कि पकड़े गए अभियुक्त का पुराना आपराधिक इतिहास रहा है। उसके खिलाफ कोतवाली में चोरी व आर्म्स एक्ट से संबंधित पूर्व में तीन मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय रवाना कर दिया है।

## सीपीआई(एम) ने तहसील का घेराव कर सौंपा ज्ञापन

जखनियां, गाजीपुर। बुधवार को उस वक्त सियासी हलचल तेज हो गई, जब भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के कार्यकर्ताओं का हुजूम सड़कों पर उतर आया। हाथों में लाल झंडा, बैनर और जुबान पर जोरदार नारेबाजी. जखनिया शिव मंदिर से निकला यह भव्य जुलूस जब दोपहर 1:00 बजे तहसील मुख्यालय पहुंचा, तो पूरा परिसर इंकलाबी नारों से गूंज उठा।आठ सूत्रीय मांगों को लेकर विशाल धरना-प्रदर्शन कर जनता के ज्वलंत मुद्दों और अपनी 8 सूत्रीय मांगों को लेकर सीपीआई(एम) ने तहसील स्तर पर एक विशाल धरना प्रदर्शन आयोजित किया। इस दौरान पार्टी नेताओं ने केंद्र और राज्य सरकार पर तीखे जुबानी हमले बोले।

# बोलेरो की टक्कर से फल विक्रेता की मौत

गाजीपुर। बंशी बाजार में मंगलवार रात करीब नौ बजे तेज रफ्तार बोलेरो की टक्कर से फल विक्रेता मोहम्मद राजू राइनी 38 की मौत हो गई। हादसे के बाद बोलेरो सवार दो युवक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने बोलेरो को कब्जे में लेकर फरार युवकों की तलाश शुरू कर दी है। बताया गया कि राजू सैनिक चौराहे पर फल बेचने के बाद ठेला लेकर घर लौट रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही बोलेरो ने उनके ठेले में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि राजू और उनका ठेला बोलेरो के साथ करीब 100 मीटर तक घिसटते चले गए। आसपास के लोगों ने राजू को मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि राजू के सिर से बचपन में ही पिता का साया उठ गया था। फल बेचकर वह परिवार की जिम्मेदारियां संभाल रहे थे। उनकी मौत से परिवार में मातम पसरा है। पुलिस ने बोलेरो को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। फरार चालक और उसके साथी की तलाश की जा रही है। पुलिस की ओर से मामले में आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# पाक्सो एक्ट में बच्चों के अधिकार और सुरक्षा की दी जानकारी

सैदपुर, गाजीपुर। वेद इंटरनेशनल स्कूल में उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जनपद न्यायाधीश गाजीपुर के निर्देश पर पॉक्सो एक्ट-2012 को लेकर एक दिवसीय विधिक साक्षरता कार्यशाला आयोजित हुई। मुख्य अतिथि सिविल जज (जू.डि.) बाह्य न्यायालय सैदपुर अश्वनी कुमार-द्वितीय ने विद्यार्थियों को बच्चों के कानूनी अधिकारों और सुरक्षा संबंधी प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 18 वर्ष से कम आयु के सभी बच्चों को पॉक्सो एक्ट के तहत समान कानूनी संरक्षण प्राप्त है। बच्चों को समझाया कि किसी अप्रिय घटना के लिए बच्चा जिम्मेदार नहीं होता। ऐसी स्थिति में तुरंत विरोध करने, सुरक्षित स्थान पर जाने और विश्वसनीय व्यक्ति को जानकारी देने के साथ पुलिस को सूचना देने की सलाह दी गई।उन्होंने पॉक्सो एक्ट की विभिन्न धाराओं की जानकारी देते हुए बताया कि अपराध की जानकारी या आशंका होने पर सूचना देना अनिवार्य है। पुलिस द्वारा बच्चे का बयान बाल-अनुकूल वातावरण में दर्ज किया जाता है तथा चिकित्सीय परीक्षण में गोपनीयता और गरिमा का ध्यान रखा जाता है। बच्चे की पहचान उजागर करना भी कानूनन अपराध है। उन्होंने बच्चों को विशेषज्ञ एवं नि:शुल्क कानूनी सहायता के अधिकार की जानकारी दी।विद्यालय के प्रबंध निदेशक पंकज प्रकाश श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों को अपने अधिकारों और सुरक्षा के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया तथा मुख्य अतिथि का आभार जताया। इस अवसर पर चौकी प्रभारी रामचंद्र सिंह, प्रधानाचार्य रितेश कुमार मिश्रा, उपप्रधानाचार्य महेश शुक्ला सहित शिक्षक और विद्यालय कर्मी मौजूद रहे।

## पुलिस ने आत्महत्या के दुष्प्रेरण में दो सगे भाइयों को किया गिरफ्तार

मोहम्मदाबाद,गाजीपुर। थाना मोहम्मदाबाद पुलिस ने आत्महत्या के लिए उकसाने (दुष्प्रेरण) के मामले में वांछित चल रहे दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने यह कार्रवाई 30 सितंबर 2026 को अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण और क्षेत्राधिकारी मोहम्मदाबाद के कुशल निर्देशन में की है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक विजय प्रताप सिंह, उप-निरीक्षक अरविन्द कुमार, कान्स्टेबल शारदा प्रसाद और कान्स्टेबल विश्वजीत गुप्ता शामिल रहे।



बच्चों को कानूनी अधिकारों से जागरूक करते मुख्य अतिथि।

## १२ लाख मानव दिवस का सृजन, १० लाख का श्रमिकों को हुआ भुगतान

गाजीपुर। वीबी-जीरामजी योजना के तहत जिले में अब तक 12 लाख मानव दिवस का सृजन कराया जा चुका है। सितंबर तक निर्धारित 20 लाख मानव दिवस के लक्ष्य के सापेक्ष यह 60 प्रतिशत है। इनमें से 10 लाख मानव दिवस का भुगतान श्रमिकों के खातों में कराया जा चुका है। जनपद में योजना के तहत कुल 5.40 लाख श्रमिक पंजीकृत हैं, जिनमें 3.12 लाख सक्रिय श्रमिक हैं। योजना जिले में एक जुलाई 2026 से क्रियान्वित है। शासन स्तर से श्रमांश के लिए जिले को कुल 95.62 करोड़ रुपये प्राप्त हुए हैं। इसमें सामान्य श्रेणी के श्रमिकों के लिए 72.78 करोड़, अनुसूचित जाति के लिए 21.74 करोड़ तथा अनुसूचित जनजाति के लिए 1.10 करोड़ रुपये शामिल हैं।

# नौकरी दिलाने के नाम पर ३.५० लाख रुपये ठगी का आरोप

कासिमाबाद, गाजीपुर। नौकरी दिलाने के नाम पर करीब 3.50 लाख रुपये लेने और नौकरी न लगने का मामला सामने आया है। कासिमाबाद थाना क्षेत्र के पाली निवासी संजय कुमार कनौजिया ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया कि बलिया जिले के रसड़ा थाना क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति के माध्यम से उसे चतुर्थ श्रेणी के पद पर नौकरी दिलाने का भरोसा दिया गया था।शिकायतकर्ता के अनुसार जुलाई 2022 में नौकरी दिलाने के नाम पर उससे 3.10 लाख रुपये बैंक खाते के माध्यम से तथा 40 हजार रुपये नकद, कुल 3.50 लाख रुपये लिए गए। आरोप है कि कई महीनों तक नौकरी लगने का आश्वासन दिया जाता रहा, लेकिन नौकरी नहीं मिली। इसके बाद रुपये वापस मांगने पर कथित तौर पर टालमटोल की गई। शिकायतकर्ता ने पहले भी कासिमाबाद थाने और संबंधित अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देने की बात कही है। कार्रवाई नहीं होने पर पुलिस अधीक्षक गाजीपुर के समक्ष प्रार्थना पत्र देकर मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की गई।

## गोदभराई और अन्नप्राशन कार्यक्रम लोगों को अपनी ओर खींचा

भांवरकोल(गाजीपुर)। ब्लाक मुख्यालय पर आयोजित सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित शिविर के पांचवें दिन बुधवार को अन्य दिनों की अपेक्षा विभिन्न स्टालों पर अधिक भीड़ देखी गई। वैसे तो आपूर्ति विभाग, समाज कल्याण विभाग कृषि विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग तथा आजीविका मिशन से संबंधित विभागों की भी स्टाल लगाए गए थे यहां लोग अपनी आवश्यकता अनुसार सहायता ले रहे थे लेकिन शिविर में सबसे अधिक रौनक बाल विकास परियोजना की ओर से लगाए गए स्टॉल पर रही। श्री अन्न, फल व पौष्टिक सब्जियों व पक्वान्न के नमूने रखे जाने के अलावा गोद भराई और अन्नप्राशन जैसे कार्यक्रम लोगों को अपनी ओर बरबस खींच लिया करते थे। बुधवार को खंड विकास अधिकारी प्रेमचंद तथा आपूर्ति निरीक्षक विनोद यादव ने पार्वती देवी की गोद भराई तथा तथा ज्योति की देवी के पुत्र ऋषभ का अन्नप्राशन संस्कार कराया। स्वास्थ्य विभाग की ओर से लगाए गए स्टॉल पर हो रही जांच के दौरान क्षय रोग का एक रोगी पाया गया, जिसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोड़उर पर भेज दिया गया।इसके अलावा शुगर ,टाइफाइड ,मलेरिया ,डेंगू और हेमोग्लोबिन की जांच हुई लेकिन सभी की रिपोर्ट सामान्य रही।

# ब्राइडल कंपटीशन में उतराव की सुनीता ने लहराया परचम, बनीं द्वितीय विजेता

उतराव/गाजीपुर। छोटे से गांव से निकलकर अपने हुनर और मेहनत के दम पर पहचान बनाने वाली सुनीता मौर्य ने बलिया में आयोजित ब्राइडल कंपटीशन में दूसरा स्थान हासिल कर अपने गांव और जनपद का नाम रोशन किया है। गाजीपुर जिले के उतराव गांव की रहने वाली सुनीता मौर्य आयुषी ब्यूटी पार्लर की फाउंडर हैं। उन्होंने अपनी मेहनत और प्रतिभा के दम पर सौंदर्य क्षेत्र में अलग पहचान बनाई है। बलिया में आयोजित ब्राइडल कंपटीशन में उनकी प्रतिभा को निर्णायकों ने सराहा और उन्हें द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। दिव्या मेकओवर के नेतृत्व में बलिया और गाजीपुर जनपद की महिलाओं के लिए ब्राइडल कंपटीशन आयोजित किया गया था। प्रतियोगिता में दोनों जनपदों से प्रतिभागियों ने अपने-अपने मॉडल के साथ हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार पूनम सोनी, कदम चौराहा बलिया, जबकि द्वितीय पुरस्कार सुनीता मौर्य, उतराव गाजीपुर ने हासिल किया। वहीं तृतीय पुरस्कार सिमरन, चंद्रशेखर नगर बलिया के नाम रहा।गांव की सीमित सुविधाओं के बीच मेहनत और हुनर के बल पर प्रतियोगिता में दूसरा स्थान हासिल करना सुनीता मौर्य की लगन और प्रतिभा को दर्शाता है। उनकी इस उपलब्धि से उतराव गांव के लोगों में भी खुशी का माहौल है।

## ताइक्कांडो प्रतियोगिता के ११ खिलाड़ियों का चयन

खानपुर, गाजीपुर। चंदौली में आयोजित मंडलीय विद्यालयी ताइक्कांडो प्रतियोगिता में गौतम स्पोर्ट्स एकेडमी, गैबिपुर के 16 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। इनमें से उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 11 खिलाड़ियों ने अपने-अपने भार वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर प्रदेशीय विद्यालयी ताइक्कांडो प्रतियोगिता के लिए वाराणसी मंडल की टीम में अपना स्थान सुनिश्चित किया । शाम तक चली प्रतियोगिता में बालक वर्ग के 14 वर्ष आयु वर्ग के 38 किलोग्राम भार वर्ग में यश प्रजापति तथा 41 किलोग्राम से अधिक भार वर्ग में आर्यन राजभर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया ।वहीं, बालक वर्ग के 17 वर्ष आयु वर्ग में 48 किलोग्राम भार वर्ग में आकाश कन्नौजिया, 51 किलोग्राम में हर्ष प्रताप सिंह, 55 किलोग्राम में आकाश कुमार, 59 किलोग्राम में अखिल यादव तथा 78 किलोग्राम में आयुष यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त कर प्रदेशीय प्रतियोगिता के लिए अपना चयन सुनिश्चित किया ।

## संक्षेप

### ग्राम चौपाल में १२९ लाभार्थियों को मिला पीएम आवास का स्वीकृति पत्र

मोहम्मदाबाद, गाजीपुर। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत शेरपुर के पंचायत भवन सभागार में बुधवार को ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल की अध्यक्षता प्रधान प्रतिनिधि दयानंद राय ने की। इस दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना के 129 लाभार्थियों को आवास का स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। स्वीकृति पत्र मिलने के बाद लाभार्थियों के चेहरे खुशी से खिल उठे।स्वीकृत 129 आवासों में 3 अनुसूचित जनजाति, 54 अनुसूचित जाति तथा 72 अन्य वर्ग के लाभार्थी शामिल हैं। ग्राम चौपाल में ग्रामीणों को सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। ग्राम पंचायत सचिव सूर्यभान राय ने बताया कि पात्र लोगों को आवास, शौचालय, पेंशन और पात्र गृहस्थी राशन कार्ड सहित विभिन्न योजनाओं का लाभ मिल रहा है।चौपाल में यह भी बताया गया कि दैवी आपदा प्रभावित, दिव्यांग और विधवा महिलाओं के लिए मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 89 आवास स्वीकृत हुए हैं, जिनका निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है।इस अवसर पर ओमप्रकाश राय 'मुन्ना', अशोक राय, बीडीसी रोशन राम, प्रधान यादव, सोनू राय, राजकुमार, मयंक राय सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

### चोरों ने उड़ायी बोलोरो,दी तहरीर

दिलदारनगर (गाजीपुर)- फूली ग्रामसभा के शाहपुर निवासी रंजीत कुमार यादव की बोलेरो गाड़ी मंगलवार की रात चोरी होने का मामला सामने आया है पीड़ित ने थाना में लिखित तहरीर दिया।हालांकि सीसीटीवी फुटेज से संदिग्ध की पहचान हुई है।पीड़ित ने तहरीर में बताया कि रात लगभग 9 से 10 बजे के बीच फूली चट्टी स्थित आवास के सामने मेरी बोलेरो गाड़ी खड़ी थी जो गायब हो गई।बुधवार की सुबह 6 बजे जब घर से बाहर निकला तो गाड़ी मौके पर नहीं थी। घटना के बाद आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की गई।जिसमें रात 9:31 बजे एक बुलेट मोटरसाइकिल पर सवार होकर तीन लोग आते दिखाई दिए।आशंका है कि तीनों युवक गाड़ी चुरा ले गए। ?पीड़ित ने पुलिस से इस घटना में सख्त कार्रवाई करते हुए चोरों को पकड़ने और गाड़ी बरामद कराने की गुहार लगाई है।

### छात्र को सांप ने काटा

खानपुर,गाजीपुर। थाना क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय पोखरा मोड़ पर दोपहर में खेलते समय एक छात्र को सांप ने लिया। बच्चों के शोर मचाने पर मौके पर पहुंचे प्रधानाध्यापक धनंजय यादव जिला पंचायत सदस्य रामखेलावन यादव ने परिजनों को सूचित करते हुए उसे तत्काल निजी नर्सिंग होम मे भर्ती कराया। इलाज के बाद बुधवार को घर वापस आया, अब ठीक है।

### आयुष्मान भारत बना अश्विनी के इलाज का सहारा

गाजीपुर। रायगंज मोहल्ला निवासी अश्विनी कुमार के लिए आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना गंभीर बीमारी के बीच उपचार का सहारा बनी है। वर्ष 2022 में मुंह के कैंसर की पुष्टि होने के बाद इलाज में उनकी वर्षों की जमा पूंजी खर्च हो गई। कमजोर आर्थिक स्थिति के चलते उपचार जारी रखना उनके लिए चुनौती बन गया था।

# बकरियां चोरी होने से ग्रामीणों में दहशत

बरही/गाजीपुर। मरदह थाना क्षेत्र के मलकीनाथपुर गांव में रविवार की रात अज्ञात चोर घर के बाहर कमरे में बंधी सात बकरियां चोरी कर ले गए। घटना में चोरों ने स्विफ्ट डिजायर कार का नंबर कागज से ढक रखा था। बकरी चोरी की घटना से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।मलकीनाथपुर निवासी बाबूलाल राम रात में परिवार के साथ खाना खाने के बाद सो गए थे। उन्होंने अपनी बकरियों को घर से सटे कमरे में बांध दिया था। रात करीब 11:15 बजे जागने पर देखा कि कमरे का दरवाजा बाहर से बंद है और सातों बकरियां गायब हैं। बगल में लगे बल्ब को भी चोर खोलकर ले गए थे। आशंका है कि चोर वाहन से पहुंचे और बकरियों को उसमें लादकर वाराणसी-गोरखपुर मार्ग की ओर फरार हो गए।बाबूलाल ने रात करीब 1:30 बजे डायल 112 पर सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास तलाश की, लेकिन चोरों का सुराग नहीं मिला। थानाध्यक्ष अनिल सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। जल्द ही घटना का खुलासा करने का प्रयास किया जा रहा है।

## संचारी रोगों से बचाव की दी जानकारी

जमानियां,गाजीपुर। ब्लॉक मुख्यालय परिसर में बुधवार को बीडीओ महेंद्र यादव की अध्यक्षता में संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित हुई। 1 अक्टूबर से शुरू होने वाले इस अभियान की सफलता के लिए सफाई कर्मचारियों व संबंधित कर्मियों को आवश्यक जिम्मेदारियां सौंपी गईं।बीडीओ ने कहा कि संचारी रोगों से बचाव केवल स्वास्थ्य विभाग तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें पंचायत, विकास विभाग और ग्रामीणों की सहभागिता जरूरी है। उन्होंने सफाईकर्मियों को गांवों में नालियों की सिल्ट सफाई, जलभराव वाले स्थलों से पानी निकासी, झाड़ियों की कटाई और कूड़े का निस्तारण प्राथमिकता पर करने के निर्देश दिए।


सुनीता मौर्य को सम्मानित करने का दृश्य। छाया : आज

# एएनएम संवर्ग लंबे समय से अपनी लंबित मांगों को लेकर प्रयासरत

कासिमाबाद, गाजीपुर। समान वेतन समान कार्य के साथ अपनी लंबित मांगों के समाधान की मांग को लेकर बुधवार को कासिमाबाद क्षेत्र की संविदा एएनएम मुख्य चिकित्सा अधिकारी के नाम संबोधित मांग पत्र प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर एनके सिंह को देकर मांगें पूरी नहीं होने पर पांच अक्टूबर से अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार की चेतावनी दी है। इस संबंध में संविदा एएनएम अनिता राय ने बताया कि संविदा एएनएम संवर्ग लंबे समय से अपनी जायज एवं लंबित मांगों को लेकर प्रयासरत है । इस संबंध में विभाग को पूर्व में भी अवगत कराया जा चुका है। उन्होंने बताया कि जब हम सभी संविदा एएनएम स्थाई रूप से कार्यरत एएनएम के बराबर कार्य कर रही हैं तो हमें भी उनके समान वेतन चाहिए। इसी तरह शासन द्वारा टेट परीक्षा को समाप्त किया जाए। दूसरे जनपद में कार्यरत संविदा एएनएम को अपने जनपद में स्थानांतरित करने की सुविधा दी जाए।पत्रक के माध्यम से अवगत कराया है कि सभी संविदा एएनएम सर्वसम्मति से निर्णय लिया है कि जब तक उनकी सभी मांगों का शासन/विभाग स्तर से समाधान नहीं किया जाता है तब तक वे पांच अक्टूबर से अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार पर रहेंगी । पत्रक में यह भी कहा गया है कि कार्य बहिष्कार की अवधि में स्वास्थ्य सेवाओं में किसी प्रकार की बाधा या व्यवधान उत्पन्न होने पर इसकी जिम्मेदारी प्रशासन एवं उच्च प्रशासन की होगी। एएनएम ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी से मामले की गंभीरता को देखते हुए लंबित मांगों का शीघ्र निराकरण कराने की मांग किया है।पत्रक देने वालों में अनिता राय, पूनम सिंह, अन्नू पाण्डेय, रुचिका राय, निशा यादव, जयमाला सिंह यादव, कु. सीमा एवं ज्योति प्रमुख रूप से मौजूद रहीं।


मांग पत्र सौंपती एएनएम कर्मी। छाया : आज




पूर्व मध्य रेल
खुली ई-निविदा सूचना
सं.– RS-ISO-DDU-25R3 दिनांक25.09.2026
व.मं.यॉं.अभि./समाडि/पू.म.रे. डीडीयू, भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी, सक्षम तथा इच्छुक एजेंसी ठेकेदार से खुली ई–निविदा (एकल पैकेट प्रणाली) सं. RS-ISO-DDU-25R3 दिनांक23.09.2026 के लिए आमंत्रित की जाती है जिसका विवरण निम्न है: 1.कार्य का विवरण: वैगन केयर सेन्टर (डब्ल्यूसीसी) और डाउन रिसेप्शन यार्ड (डीआरवाई)/डीडीयू का आईएसओ प्रमाणन । 2. कार्य का अनुमानित मूल्य: रू.7,44,947.74/– (सात लाख चौआलीस हजार नौ सौ सैंतालीस एवं चौहत्तर पैसे मात्र) 3. धरोहर राशि: रू.14,900/– (चौदह हजार नौ सौ मात्र) 4. निविदा फार्म जमा करने तथा निविदा खुलने का समय एवं तिथि: ई–निविदा दिनांक 03.09.2026 से 14.10.2026 तक, समय 15:00 बजे तक | 5. वेबसाईट एवं सूचना बोर्ड जिस पर यह सूचना उपलब्ध रहेगी तथा निविदा फार्म खरीदने का पता: IREPS website: www.irepsgov.in पर उपलब्ध होगी, इसके अतिरिक्त Manual Offer स्वीकार नहीं किया जायेगा | नोट: विस्तृत जानकारी हेतु कृपया निविदा फार्म देखें |
व.मं.यॉं.अभि./समाडि /पूर्व मध्य रेल, डीडीयू
पीआर/1021/डीडीयू/सीएण्डडब्लू/टी/26-27/36

# सरयू का जलस्तर बढ़ा, दियरांचल में फिर मंडराया बाढ़ का संकट

## गोपालनगर टांड़ी समेत कई गांवों में घरों में घुसा पानी, सड़क पर शरण लेने को मजबूर ग्रामीण



बैरिया (बलिया)। सरयू नदी के जलस्तर में फिर से वृद्धि होने के कारण सुरेमनपुर दियरांचल के गांवों में एक बार फिर बाढ़ का संकट गहरा गया है। गोपालनगर टांड़ी समेत कई गांवों में बाढ़ का पानी घरों में घुसने लगा है। इससे ग्रामीणों की मुश्किलें बढ़ गई हैं और आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है।लोग अपने परिवार और मवेशियों के साथ ऊंचाई वाले स्थानों और सड़कों पर शरण लेने को मजबूर हैं। बुधवार को गोपालनगर टांड़ी के गणेश यादव, मुखराम यादव, बाबूराम यादव, रामनरेश यादव, कमलेश यादव, अशोक यादव समेत दो दर्जन से अधिक लोगों के घरों में बाढ़ का पानी प्रवेश कर गया। ग्रामीणों के सामने खाने-पीने के सामान के साथ ही मवेशियों के लिए चारे की व्यवस्था करने की चुनौती खड़ी हो गई है। ग्रामीणों का कहना है कि अभी तक शासन-प्रशासन की ओर से किसी तरह की सहायता नहीं पहुंचने से उनमें भय और चिंता का माहौल है। गोपालनगर टांड़ी के अलावा वशिष्ठ नगर, धूपनाथ के डेरा, बैज के डेरा और शिवाल मठिया में भी बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गई है। ग्रामीणों ने तहसील प्रशासन से तत्काल कम से कम चार नावों की व्यवस्था कराने की मांग की है, ताकि वे गांव से बाहर जाकर जरूरी घरेलू सामान और मवेशियों के लिए चारा आदि की व्यवस्था कर सकें। ग्रामीणों के मुताबिक, इससे पहले करीब एक माह तक पूरा दियरांचल बाढ़ के पानी से घिरा रहा। बाढ़ के कारण खरीफ की फसल समेत बड़े पैमाने पर नुकसान हुआ है। ऐसे में पानी उतरने के बाद दोबारा बाढ़ की स्थिति उत्पन्न होने से ग्रामीणों की परेशानी और बढ़ गई है। इस संबंध में उप जिलाधिकारी बैरिया रमेश चंद्र वर्मा ने बताया कि क्षेत्रीय लेखपाल की ओर से अभी तक बाढ़ की स्थिति के संबंध में कोई सूचना या रिपोर्ट नहीं दी गई है। हालांकि, ग्रामीणों के माध्यम से जानकारी मिलने के बाद उन्होंने मामले का संज्ञान लेते हुए स्थिति का जायजा लेने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि आवश्यकता के अनुसार बाढ़ प्रभावित लोगों को प्रशासन की ओर से जरूरी सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा। **दयाछपरा/ हल्दी।** गंगा नदी के जलस्तर में तीसरी बार बढ़ोतरी शुरू होने से नदी किनारे बसे गांवों के लोगों की चिंता फिर बढ़ गई है। जलस्तर बढ़ने के साथ किसानों के माथे पर भी चिंता की लकीरें खींच गई हैं। किसानों का कहना है कि अब तक बाढ़, बारिश और तरसोत से खरीफ की फसल बर्बाद हो चुकी है। ऐसे में यदि दोबारा बाढ़ का पानी खेतों में पहुंचा तो रबी की फसल की बुआई भी प्रभावित हो सकती है। गंगा के बढ़ते जलस्तर से नदी किनारे बसे गांवों के लोगों में फिर से बाढ़ की आशंका सताने लगी है। ग्रामीण लगातार नदी के जलस्तर पर नजर रख रहे हैं। केंद्रीय जल आयोग के गायघाट गेज के अनुसार जलस्तर में अधिकतम एक मीटर तक और बढ़ोतरी होने की संभावना है।

## सेमरिया डेरा में अग्निकांड, घर-गृहस्थी का सामान जलकर राख

बैरिया (बलिया)। क्षेत्र के शिवपुर कपूर दियर अंतर्गत सेमरिया डेरा में बुधवार दोपहर करीब 12 बजे अचानक अज्ञात कारणो से लगी आग से खेदू यादव और जोगिंदर यादव के साथ नंदकिशोर यादव के घर में रखा घर-गृहस्थी का पूरा सामान जलकर राख हो गया। आग की चपेट में आने से साइकिल, चारपाई, चौकी, भूसा सहित अन्य जरूरी सामान जल गया। घटना के बाद परिवार के सामने बड़ी आर्थिक क्षति खड़ी हो गई है। बताया जाता है कि दोपहर के समय अचानक घर से आग की लपटें उठने लगीं। जब तक आसपास के लोग मौके पर पहुंचकर आग बुझाने का प्रयास करते, तब तक आग ने घर में रखे सामान को अपनी चपेट में ले लिया। ग्रामीणों ने काफी प्रयास के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक घर में रखा अधिकांश सामान जलकर नष्ट हो चुका था। ग्रामीणों ने बताया कि खेदू यादव और धरीक्षण यादव बेहद गरीब परिवार से हैं। परिवार के लिए घर में रखा सामान ही रोजमरा की जरूरतों का सहारा था। अचानक आग लगने से परिवार को काफी नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि अग्निकांड की घटना बेहद दुखद है और पीड़ित परिवार के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से पीड़ित परिवार के नुकसान का तत्काल आकलन कराकर आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है। साथ ही आवश्यक घरेलू सामग्री उपलब्ध कराने की भी मांग की गई है, ताकि अग्निकांड से प्रभावित परिवार को राहत मिल सके और वह दोबारा अपनी गृहस्थी व्यवस्थित कर सके।




# क्षेत्रीय संघर्ष समिति ने निकाला जुलूस, बुलंद की आवाज

फेफना (बलिया)। क्षेत्रीय संघर्ष समिति के तत्वावधान में बुधवार को दर्जनों लोगों ने फेफना जंक्शन रेलवे स्टेशन पर कोरोनाकाल से पूर्व रुकने वाली सारनाथ एक्सप्रेस के ठहराव और फेफना-गड़वार मार्ग पर उपरिगामी सेतु (आरओबी) निर्माण की मांग को लेकर जुलूस निकाला। जुलूस में शामिल लोगों ने फेफना बाजार का भ्रमण कर दोनों मांगों के समर्थन में जमकर नारेबाजी की। इस दौरान समिति के संयोजक जनार्दन सिंह ने कहा कि क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं को लेकर संघर्ष समिति लगातार आवाज उठा रही है। उन्होंने बताया कि विगत दिनों डीआरएम वाराणसी के साथ समिति की सार्थक बैठक हुई थी। बैठक में क्षेत्र की समस्याओं और मांगों को प्रमुखता से रखा गया। उन्होंने कहा कि धीरे-धीरे समिति की सभी मांगों को पूरा कराने की दिशा में प्रयास जारी है। समिति के सदस्यों ने कहा कि सारनाथ एक्सप्रेस का फेफना जंक्शन पर ठहराव बहाल होने से क्षेत्र के लोगों को आवागमन में काफी सुविधा मिलेगी। वहीं फेफना-गड़वार मार्ग पर उपरिगामी सेतु का निर्माण होने से रेलवे क्रॉसिंग पर लगने वाले जाम से लोगों को राहत मिलने की उम्मीद है। दोनों मांगें लंबे समय से क्षेत्रवासियों के लिए महत्वपूर्ण बनी हुई हैं। जुलूस में प्रभुनाथ पहलवान, परमहंस सिंह, समरबहादुर यादव, गंगेश्वर सिंह, मुन्ना गुप्ता, मथुरा प्रसाद गुप्ता, हसन जावेद, शिवाजी, शिवम मोदनवाल, रमेश गुप्ता, रामचंद्र गुप्ता, अवधेश सिंह, कैलाश राम, रंगबहादुर सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# बेटियों के जन्म को उत्सव बनायें, उन्हें हर हाल में पढ़ायें-जिलाधिकारी

## केक काटकर मनाया बेटियों का जन्मोत्सव, उपहार पाकर खिले माताओं के चेहरे



बलिया। जिला महिला चिकित्सालय के सभागार में बुधवार को भारत सरकार की 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' योजना के तहत महिला कल्याण विभाग द्वारा 30 नवजात कन्याओं का भव्य कन्या जन्मोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में नवजात बच्चियों और उनकी माताओं को उपहार सामग्री देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने कहा कि बेटियां अब परिवार और समाज के लिए बोझ नहीं हैं। बेटियों के जन्म को हर्ष और उत्सव के रूप में लेने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि परिवार की सशक्त बेटी ही समाज और राष्ट्र को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। इसलिए बेटियों के जन्म पर उत्सव मनाने के साथ ही उन्हें हर हाल में शिक्षित किया जाना चाहिए, ताकि देश के सर्वांगीण विकास में उनकी भागीदारी सुनिश्चित हो सके। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एएन राय ने कहा कि बेटियों के सशक्तिकरण के लिए सरकार निरंतर प्रयास कर रही है। संचालन कर रहे जिला प्रोवेशन अधिकारी डॉ. अमरेंद्र कुमार पौत्स्यायन ने कहा कि प्रदेश सरकार बेटियों के जन्म से लेकर उनकी शिक्षा तक उनके साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के तहत छह चरणों में जन्म से स्नातक स्तर तक की शिक्षा के लिए पात्र बेटियों को आर्थिक सहायता दी जा रही है। उन्होंने पात्र परिवारों से योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। जिला कार्यक्रम अधिकारी केएम पांडेय ने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की जानकारी देते हुए पात्र लाभार्थियों से ऑनलाइन आवेदन कर योजना का लाभ उठाने की अपील की। इस अवसर पर 30 नवजात कन्याओं को केक, मिठाई, डायपर, वस्त्र एवं अन्य उपहार सामग्री प्रदान की गई। कार्यक्रम में राजकीय महिला चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, उप जिलाधिकारी सदर गोपेश तिवारी, चिकित्सक एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे। महिला कल्याण विभाग की ओर से जिला मिशन कोऑर्डिनेटर अंजलि प्रिया, सुमेश, निकिता सहित अन्य कार्मिक तथा सिटी सीडीपीओ भी मौजूद रहे।

# बहन के साथ मारपीट, छेड़छाड़ का आरोप, मुकदमा दर्ज

भीमपुरा (बलिया)। भीमपुरा थाना क्षेत्र के रामपुर छावनी गांव निवासी कृष्ण कुमार पुत्र स्वर्गीय बिकाऊ प्रसाद ने अपनी बहन के साथ मारपीट, अभद्रता व छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए न्यायालय में प्रार्थना पत्र दिया। न्यायालय के आदेश के बाद भीमपुरा पुलिस ने मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। न्यायालय में दिए प्रार्थना पत्र के अनुसार शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि 28 जून 2026 की सुबह करीब सात बजे उसकी बहन शांति खेत में शौच के लिए गई थी। आरोप है कि गांव का रामनयन राजभर पुत्र रामकिशुन राजभर कथित रूप से उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा। शिकायतकर्ता का आरोप है कि घटना के संबंध में पूछताछ करने पर आरोपी पक्ष के लोगों ने गाली-गलौज की तथा विरोध करने पर मारपीट की। प्रार्थना पत्र में रामनयन राजभर, सुदामी देवी और ज्योति राजभर के नाम भी विपक्षी के रूप में दर्ज हैं। शिकायतकर्ता ने यह भी आरोप लगाया कि घटना के बाद चोट लगने के बावजूद तत्काल पुलिस कार्रवाई नहीं हुई और उपचार कराया गया। प्रार्थना पत्र में कहा गया कि स्थानीय स्तर पर शिकायत और रजिस्ट्री प्रार्थना पत्र देने के बावजूद कार्रवाई न होने पर न्यायालय में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया। न्यायालय के आदेश पर भीमपुरा थाने में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विवेचना का निर्देश दिया गया। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर प्रकरण की विवेचना शुरू कर दी है।

# ३२ करोड़ की सड़क में गुणवत्ता पर उठे सवाल, विधायक ने किया निरीक्षण




बेल्थरारोड (बलिया)। क्षेत्र में करीब 32 करोड़ रुपये की लागत से कराए जा रहे सड़क निर्माण कार्य में गुणवत्ता को लेकर सवाल उठने के बाद बेल्थरारोड विधायक हंसू राम मंगलवार को मौके पर पहुंच गए। सड़क किनारे बिछाई जा रही गिट्टी की गुणवत्ता का जायजा लेते हुए विधायक ने मानकों पर नाराजगी जताई और निर्माण कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मौके पर सड़क निर्माण में इस्तेमाल की जा रही गिट्टी को देखकर विधायक ने संबंधित लोगों से निर्माण सामग्री की गुणवत्ता और निर्धारित मानकों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सड़क निर्माण में किसी भी स्तर पर लापरवाही अथवा मानकों की अनदेखी स्वीकार नहीं की जाएगी। विधायक हंसू राम ने कहा कि यह सड़क जनता के पैसों से बन रही है। ऐसे में निर्माण कार्य में गुणवत्तापूर्ण सामग्री का इस्तेमाल होना जरूरी है। यदि जांच में निर्माण सामग्री अथवा कार्य की गुणवत्ता मानकों के अनुरूप नहीं पाई गई तो संबंधित जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि गड़बड़ी मिलने पर भुगतान रोकने के साथ ही कार्यदायी संस्था के विरुद्ध भी नियमानुसार कार्रवाई कराई जाएगी। विधायक ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच कराने पर भी जोर दिया।

# संचारी रोग नियंत्रण के लिए गांव-गांव चलेगा अभियान

बैरिया (बलिया)। संचारी रोगों पर प्रभावी नियंत्रण, मच्छरों के प्रकोप पर रोकथाम तथा लोगों को स्वच्छ पेयजल और स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग की ओर से 1 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक गांव-गांव विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जाएगा। अभियान में ग्राम पंचायतों के प्रशासक,रोजगार सेवक,पंचायत सहायक,स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी तथा संबंधित विकासखंडों के अधिकारी-कर्मचारी भाग लेंगे।अभियान के दौरान संचारी रोगों की रोकथाम के साथ दिमागी बुखार (जेई/एईएस) के उन्मूलन पर भी विशेष जोर दिया जाएगा। उथले हैंडपंपों पर लाल निशान लगाकर लोगों को उसका पानी नहीं पीने के लिए जागरूक किया जाएगा। साथ ही इंडिया मार्का हैंडपंपों की मरम्मत,उनके पक्के फाउंडेशन का निर्माण,मच्छरों के लार्वा को नष्ट करने के लिए आवश्यक स्थानों पर छिड़काव तथा झाड़ियों की साफ-सफाई कराई जाएगी।इसके अलावा घरों के आसपास जलभराव समाप्त करने, आवश्यक स्थानों पर कूड़ेदान स्थापित करने तथा गांवों की कच्ची सड़कों को खड़ंजा अथवा सीसी सड़क में तब्दील करने के लिए भी जरूरी कदम उठाए जाएंगे। सहायक विकास अधिकारी बैरिया अरविंद कुमार मौर्य ने बताया कि शासन के निर्देश के क्रम में अभियान के संबंध में ग्राम पंचायतों के प्रशासकों को सूचित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि 1 से 31 अक्टूबर तक चलने वाले इस अभियान में किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नहीं होगी।

# पाक्सो एक्ट के प्रावधानों से छात्राओं को कराया जागरूक



बलिया। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बलिया के तत्वावधान में बुधवार को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, बलिया में पॉक्सो अधिनियम-2012 के प्रावधानों एवं कानूनी परिणामों को लेकर विशेष विधिक जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनिल कुमार झा ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनपद न्यायाधीश अनिल कुमार झा ने छात्राओं को लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम- 2012 के महत्वपूर्ण प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कानून बच्चों को लैंगिक अपराधों से सुरक्षा प्रदान करता है। किसी भी प्रकार की अनुचित घटना होने पर बच्चों को बिना भय के तत्काल अपने अभिभावक, शिक्षक अथवा किसी विश्वसनीय व्यक्ति को इसकी जानकारी देनी चाहिए। उन्होंने छात्राओं से अपने अधिकारों और सुरक्षा के प्रति सजग रहने की अपील की। विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट/अपर जनपद न्यायाधीश प्रथम कान्त, जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह, पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह, सिविल जज (सीडी) गार्गी शर्मा तथा सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चन्द्र प्रकाश तिवारी ने भी छात्राओं को पॉक्सो अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट शैलेश पाण्डेय, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला प्रोबेशन अधिकारी डॉ. अमरेन्द्र कुमार पौत्स्यायन, विद्यालय की प्रधानाचार्य रंजनी श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# क्षेत्रीय प्रभारी से मिलीं विजया लक्ष्मी सिंह, जनहित के मुद्दों पर हुई चर्चा



बैरिया (बलिया)। भारतीय जनता पार्टी की जिला मंत्री एवं बैरिया विधानसभा क्षेत्र की नेत्री विजया लक्ष्मी सिंह ने लखनऊ में भाजपा उत्तर प्रदेश के प्रदेश महामंत्री एवं गोरखपुर क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रभारी अभिजात मिश्रा से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान बैरिया विधानसभा क्षेत्र में संगठन की गतिविधियों, जनहित से जुड़े मुद्दों तथा पार्टी के कार्यक्रमों को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। श्रीमती सिंह ने क्षेत्र में संगठन को और अधिक सक्रिय एवं मजबूत बनाने तथा जनसेवा से जुड़े कार्यों को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने को लेकर अपने विचार साझा किए। उन्होंने क्षेत्र में पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर समन्वय और संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने से संबंधित विभिन्न विषयों पर भी चर्चा की।इस दौरान अभिजात मिश्रा ने संगठन को मजबूत करने के लिए कार्यकर्ताओं के साथ निरंतर संवाद एवं समन्वय बनाए रखने पर जोर दिया। उन्होंने पार्टी की गतिविधियों को जमीनी स्तर तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन दिया।

## दो अक्तूबर को ग्राम पंचायतों में होगा रिफार्म उत्सव

बैरिया (बलिया)। गांधी जयंती के अवसर पर दो अक्टूबर को क्षेत्र की सभी ग्राम पंचायतों में रिफॉर्म उत्सव का आयोजन किया जाएगा। उत्सव के दौरान जनहित से जुड़ी विभिन्न सरकारी योजनाओं की समीक्षा करते हुए उनके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए कार्ययोजना तैयार की जाएगी। सहायक विकास अधिकारी पंचायत बैरिया अरविंद कुमार मौर्य ने बताया कि रिफॉर्म उत्सव के दौरान शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर प्रभावी ढंग से लागू करने को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया जाएगा। बैठक में लखपति दीदी,जल जीवन मिशन,स्वस्थ समाज,गांवों में कूड़ेदान की स्थापना,लैंड रिसोर्स,शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सहित कुल 13 प्रमुख बिंदुओं पर चर्चा कर आवश्यक कार्ययोजना तैयार की जाएगी।

# गरीबों के मसीहा, पूर्वांचल के गांधी थे रामगोविंद चौधरी

## हेरा गइल बगिया के माली ए भईया कहकर भावुक हुए लोग श्रद्धांजलि सभा में कई बार छलकीं आंखें



बेरुआरबारी (बलिया)। पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मंत्री रामगोविंद चौधरी के निधन से क्षेत्र में शोक की लहर है। उनके निधन के बाद आयोजित सर्वदलीय श्रद्धांजलि सभा में उन्हें याद करते हुए वक्ताओं ने उनके व्यक्तित्व, सादगी और गरीबों के प्रति उनके समर्पण को भावपूर्ण शब्दों में याद किया। वक्ताओं ने कहा कि रामगोविंद चौधरी केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि आमजन के दुख-दर्द में खड़े रहने वाले जननेता थे। गरीब, मजदूर, किसान और वंचित वर्ग के लोगों की आवाज को उन्होंने हमेशा प्रमुखता से उठाया। श्रद्धांजलि सभा में उनके निधन की पीड़ा को भोजपुरी की मार्मिक पंक्ति 'हेरिया गइल बगिया के माली ए भईया' के माध्यम से व्यक्त किया गया तो माहौल गमगीन हो उठा। लोगों ने कहा कि जिस बगिया को उन्होंने वर्षों तक अपने संघर्ष, विचार और सेवा से सींचा, आज उसका माली ही चला गया। इस मौके पर पंचायतीराज मंत्री ओमप्रकाश राजभर, ब्लाक प्रमुख चंद्रभूषण सिंह, सजपा प्रदेश अध्यक्ष पूर्व ब्लाक प्रमुख अनिल सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष विनोद शंकर दुबे, भासपा प्रदेश प्रवक्ता सुनील सिंह, नागेंद्र बहादुर सिंह झुन्नू, आशीष सिंह, हीरालाल वर्मा, जितेंद्र सिंह, संजय दुबे, पंडित चैतन्य महराज, राणा कुणाल सिंह, कांग्रेस जिलाध्यक्ष उमाशंकर पाठक, जनार्दन उपाध्याय आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता श्याम बहादुर सिंह व संचालन आशीष सिंह ने किया।

# एक नजर इधर भी

## आंगनबाड़ी केंद्रों पर पोषण जागरुकता कार्यक्रम

बैरिया (बलिया)। विकास खंड मुरली छपरा के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों पर बुधवार को सेवा संकल्प अभियान एवं राष्ट्रीय पोषण माह 2026 के तहत पोषण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने केंद्रों को आकर्षक रंगोलियों से सजाया। महिलाओं, बच्चों और ग्रामीणों को संतुलित एवं पौष्टिक आहार के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान हाथों में स्लोगन लिखी पट्टिकाएं लेकर पोषण के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। प्रभारी बाल विकास परियोजना अधिकारी मुरली छपरा रीमा सिंह ने बताया कि पूरे ब्लॉक क्षेत्र में राष्ट्रीय पोषण माह को जनांदोलन के रूप में मनाया जा रहा है।

## दिव्यांग बच्चों के लिए प्रशिक्षण का हुआ उद्घाटन

रेवती (बलिया)। स्थानीय बीआरसी कार्यालय के मीटिंग हाल में बुधवार के दिन विद्यालय प्रबन्ध समिति के अध्यक्षों का ब्लाक स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शुभारंभ मुख्य अतिथि बीडीओ शकील अहमद तथा खण्ड शिक्षा अधिकारी राकेश कुमार सिंह द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि ने विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्षों से कहा कि आप अध्यक्ष हैं, आपकी जिम्मेदारी है। आप बैठक कीजीए, प्रस्ताव बनाइये। कहा कि अपने हस्ताक्षर के प्रति सतर्क रहें। किसी के कहने से हस्ताक्षर न करें। नारायण यादव, सुनील सिंह, इन्द्रजीत यादव,रजनीश चौबे, अजीत सिंह, राजीव सिंह, मन्नू राम, राजेश सिंह,संजय कुमार वर्मा, अमरेश कुमार सिंह आदि रहे। संचालन राजीव कुमार राय ने किया।

## भाकपा ने मंहगाई, बेरोजगारी पर सरकार को घेरा

सुखपुरा (बलिया)। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के स्थानीय इकाई की एक बैठक बुधवार को संत यतीनाथ मंदिर के सभाकक्ष में हुई। बैठक में बढ़ती मंहगाई,बेरोजगारी पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए वक्ताओं ने वर्तमान सरकार को इसका जिम्मेदार बताया। कहा कि सरकार के तमाम दावों के बावजूद ग्रामीण क्षेत्र बुनियादी सुविधा से वंचित हैं। स्वास्थ्य, पेयजल, बिजली आपूर्ति जैसी मूलभूत सुविधाएं भी ग्रामीण क्षेत्र में नदारद है। सरकार के गड्ढा मुक्त सड़कों के दावे भी यहां आते आते खोखला हो गए हैं। कस्बे में आठ वर्ष पूर्व निर्मित सीएचसी का संचालन तो हो गया लेकिन अस्पताल परिसर में पेयजल, बिजली व साफ सफाई की कोई मुकम्मल व्यवस्था नहीं है जिसके कारण मरीजों और उनके तीमारदारों को अनेक कठिनाइयों से गुजरना पड़ता है। जगन्नाथ, गुलामन राजभर, गोविंद, सुरेश राजभर, विक्रमा आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता पारस सिंह व संचालन विप्लव सिंह ने किया।

## पुण्यतिथि पर याद किये गये सर्वशक्ति सिंह

पूर (बलिया)। विनम्र सरल स्वभाव के साथ साथ एक महान कर्मयोगी थे पूर्व विधान परिषद सदस्य सर्वशक्ति कुमार सिंह। उक्त उद्गार भोजपुरी सरधा मंच के राष्ट्रीय प्रवक्ता, युवा शिक्षाविद डॉ. शैलेश सिंह शौर्य ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, पूर्व विधान परिषद सदस्य सर्वशक्ति कुमार सिंह की पुण्यतिथि पर एक सर्वदलीय श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए ब्रजेन्द्र नगर पहराजपुर में कही। उन्होंने समाज के शैक्षिक, सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक रूप से वंचित लोगों को बराबरी का दर्जा दिलाने की लड़ाई अनवरत लड़ते रहे। डॉ सुभाष सिंह ने कहा कि स्व सर्वशक्ति कुमार सिंह के विचारों को आत्मसात करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। श्रद्धांजलि सभा को ऋषिदेव तिवारी, राधेश्याम तिवारी, प्रधान राजकुमार प्रसाद, विक्रमा यादव, सुग्रीव सिंह, सर्वोत्तम तिवारी, जोगिंदर सिंह, मैनुद्दीन अंसारी, कयामुद्दीन अंसारी ने संबोधित किया।

# नवनियुक्त जिला प्रभारी के प्रथम आगमन पर भव्य स्वागत

## जगह-जगह कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से किया अभिनंदन



बलिया। भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त जिला प्रभारी डॉ. प्रेमचन्द्र मिश्रा के जनपद में प्रथम आगमन पर जिला भाजपा कार्यालय में जोरदार स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। पार्टी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से उनका स्वागत करते हुए नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष संजय मिश्रा व संचालन जिला महामंत्री हिमांशु प्रताप सिंह ने किया। कार्यकर्ताओं के उत्साह से अभिभूत हुए डॉ. प्रेमचन्द्र मिश्रा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने उन्हें बलिया जैसे ऐतिहासिक जनपद की जिम्मेदारी सौंपी है, इसके लिए वह पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हैं। बलिया के कार्यकर्ताओं ने जिस आत्मीयता और उत्साह के साथ उनका स्वागत किया है, वह उनके लिए हमेशा स्मरणीय रहेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा की सबसे बड़ी ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं। संगठन केवल पदाधिकारियों से नहीं, बल्कि बूथ स्तर पर मेहनत करने वाले कार्यकर्ताओं के परिश्रम से मजबूत होता है। इस मौके पर सांसद नीरज शेखर, विधायक केतकी सिंह, उपेन्द्र तिवारी, आनन्द स्वरूप शुक्ला, संजय यादव, सुरेन्द्र सिंह, जयप्रकाश साहू, देवेन्द्र यादव, विनोद दुवे, शिवशंकर चौहान, बाल्मीकि त्रिपाठी, भगवान पाठक, नितेश सिंह, नारद राय, सुनीता श्रीवास्तव, राजधारी सिंह, छठूराम, मिलन राम, प्रदीप सिंह, कृष्णा पाण्डेय, योगेश सिंह,मनोज श्रीवास्तव, शशि चौरसिया, संतोष पांडेय, आलोक शुक्ला,संजीव कुमार, आलोक सिंह, भरत राय आदि मौजूद रहे। **सुखपुरा।** सुखपुरा में नवनियुक्त जिला प्रभारी डॉ. प्रेमचन्द्र मिश्रा का मंडल अध्यक्ष नितेश सिंह के नेतृत्व में जोरदार स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। स्वागत कार्यक्रम के दौरान डॉ. प्रेमचन्द्र मिश्रा शहीद स्मारक पहुंचे और शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए पुष्प चढ़ाए। **बेल्थरारोड।** जिला प्रभारी प्रेमचंद मिश्रा का तुर्तीपार और उभांव थाना मोड़ पर भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान पूर्व मंत्री छट्ठू राम, भाजपा जिलाध्यक्ष संजय मिश्रा, शशि चौरसिया, चेयरमैन प्रतिनिधि दिनेश कुमार गुप्ता, रीमा राव, अरुण तिवारी उर्फ लड्डू बाबा, मृत्युंजय गुप्ता, सतीश गुप्ता, सज्जन आर्य, विनोद कुमार, पूर्व विधायक गोरख पासवान, पूर्व विधायक धनंजय कनौजिया आदि मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय खेल दिवस पर जमुना राम स्कूल में पुरस्कार वितरण समारोह



बलिया। हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में जमुना राम मेमोरियल स्कूल, चितबड़ागांव में विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया था, जिसका पुरस्कार वितरण समारोह बुधवार को विद्यालय परिसर में हुआ। इस दौरान कबड्डी, हॉकी, हैंडबॉल और 100 मीटर दौड़ सहित कई प्रतियोगिताओं के विजेता छात्र-छात्राओं को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। समारोह का संचालन इरफान अंसारी ने किया। प्रबंध निदेशक इंजीनियर तुषारनंद ने सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि खेल अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास पैदा करता है। मेजर ध्यानचंद ने देश का नाम रोशन किया, आप सभी बच्चे भी उनके आदर्शों पर चलकर विद्यालय और देश का नाम रोशन करें। प्रधानाचार्य अजीत कुमार सिंह ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेल भी जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक है। इंचार्ज अरविन्द चौबे, चन्द्रकेश गुप्ता, हेमन्त गुप्ता, प्रिया पाण्डेय, साधना राय आदि शिक्षक गण उपस्थित थे।

## एक नजर इधर भी

### सिंधोरा में पिकअप में क्रूरतापूर्वक ले जा रहे पशु, तीन गिरफ्तार

सिंधोरा थाना क्षेत्र के मवइया में बुधवार तड़के पुलिस ने पशुओं से लदी एक पिकअप को पकड़ लिया। मौके से भागते समय तीन लोगों को धर दबोचा। वाहन में 10 पशु ठूंसकर रस्सियों से बांधे गये थे। थानाध्यक्ष पंकज पांडेय ने बताया कि पुलिस गश्त के दौरान मवैया क्षेत्र में संदिग्ध



वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान गड़खड़ा की ओर से एक सफेद-भूरे रंग की पिकअप दिखने पर पुलिस ने बैरियर लगाकर वाहन को रोकने का प्रयास किया। चालक ने पुलिस को देखकर पिकअप पीछे मोड़कर भागने की कोशिश की, लेकिन घेराबंदी कर पिकअप समेत तीन लोगों को पकड़ लिया गया। पूछताछ में चालक ने अपना नाम मुबारक खान (२२) निवासी संदहा, चौबेपुर , उसके साथ सोनू भारती (३६) निवासी मैनुद्दीनपुर, आजमगढ़ और छोटक निवासी बराई, केराकत, जौनपुर को पकड़ा गया। पिकअप की तलाशी में ९ पड़वा और एक पड़िया जीवित मिले। पुलिस के अनुसार सभी पशुओं को बेहद कम जगह में रस्सियों से बांधा गया था। वाहन के कागजात मांगने पर चालक उन्हें प्रस्तुत नहीं कर सका। पशुओं को उतारकर चारा-पानी की व्यवस्था करायी गयी और चिकित्सीय परीक्षण के लिए सूचना दी गयी।

### गेस्ट हाउस के कमरे को लेकर हुए विवाद में युवराज समेत अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज

भेलूपुर थाना क्षेत्र के अस्सी स्थित कुमार गेस्ट हाउस में कमरे का किराया मांगने को लेकर विवाद के बाद जमकर हंगामा के मामले में संचालक की तहरीर पर पुलिस ने युवराज समेत अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया ।गोयनका गली, अस्सी निवासी युवराज सिंह उर्फ ऋषिकेश ने मंगलवार को अपने रिश्तेदार के ठहरने के लिए गेस्ट हाउस में कमरा बुक कराया था। एक दिन पूरा होने के बाद कर्मचारियों ने कमरे का किराया मांगा तो आरोप है कि युवराज ने रुपये देने से इनकार कर दिया। इसे लेकर कहासुनी के बाद वह कर्मचारियों से मारपीट करने लगा और वहां से चला गया। आरोप है कि कुछ देर बाद युवराज १०-१५ साथियों के साथ दोबारा गेस्ट हाउस पहुंचा। इसके बाद सभी ने अंदर घुसकर मारपीट और तोड़फोड़ शुरू कर दी। घटना से गेस्ट हाउस में अफरा-तफरी मच गयी। संचालक लवकेश तिवारी की तहरीर पर भेलूपुर पुलिस ने युवराज सिंह उर्फ ऋषिकेश और उसके अज्ञात साथियों के खिलाफ मारपीट व तोड़फोड़ का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### डाफी से ४५ घंटे बाद ब्वायलर लदा ३०८ चक्के का ट्रक आगे बढ़ा

ओडिशा से लखीमपुर खीरी जाने के लिए २०० टन वजनी ब्वायलर लेकर निकला ३०८ चक्कों वाला ट्रेलर डाफी में ४५ घंटे रुकने के बाद बुधवार मध्याह्न १२ बजे आगे के लिए रवाना हुआ । डाफी टोल प्लाजा के उत्तर तरफ बनाये गये वैकल्पिक रास्ते पर मंगलवार को पूरे दिन ट्रक फंसा रह गया और रात तक निकल नहीं पाया। इसके बाद बुधवार को काफी कड़ी मशक्कत के बाद १२ बजे किसी तरह ट्रक हाइवे पर आया । बुधवार की सुबह एसीपी ट्रैफिक प्रवीण कुमार यातायात निरीक्षक और पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे। एसीपी प्रवीण कुमार ने ब्वायलर को लेकर लगने वाले जाम को लेकर शिपिंग कंपनी पर नाराजगी जतायी । उन्होंने कहा कि यहां तो रात में भी काम किया जा सकता था लेकिन सिर्फ दिन में काम कर रहे हैं जिससे सबको समस्या हो रही है। उन्होंने कहा कि अब कर्मचारियों को लगाकर शहर सीमा पार कराइये । रात में भी उसे कहीं रोकना नहीं है। वायरल होने के कारण लोग सड़कों पर इकट्ठा हो रहे हैं जिससे कोई भी घटना हो सकती है।




### मोहन सराय में फुट ओवरब्रिज उठाकर कराया गया पार

रोहनिया। २०० टन वजनी ओवर डायमेंशन कार्गो बॉयलर मशीन को लेकर ३०८ पहियों वाला विशाल ट्रेलर मोहन सराय चौराहे पर पहुंचा। हाईवे पर बने फुट ओवरब्रिज की ऊंचाई कम होने के कारण ट्रेलर को पार कराने के लिए ब्रिज को काटकर दो भारी क्रेनों की मदद से ऊपर उठाया गया, तब जाकर ट्रेलर को पार कराया जा सका। बताया जाता है कि बेल्जियम से समुद्र के रास्ते उड़ीसा से लखीमपुर खीरी जाने वाली इस मशीन को ट्रेलर पर लादकर सड़क मार्ग से ओडिशा से लाया जा रहा है। इस मशीन को यूपी के लखीमपुर खीरी जिले में बन रहे प्लांट में लगाया जाना है।


**अदालती नोटिस**

सम्मन वास्ते करारदार उमूर तनकीह तलब
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जूनियर डिवीजन)
कोर्ट- न.-12 गोरखपुर
वाद संख्या -74/ 2026

महन्त विचार दास बनाम अनिल दास वगैरह

1-अनिल दास, उम्र बालिग, तथाकथित चेला आचार्य महन्त गंगाशरण दास निवासी कबीर चौरा धाम कबीरघाट मदरवा छित्तूपुर खास तहसील- सदर जनपद-वाराणसी।

2-हरिहरदास उम्र बालिग, तथाकथित चेला आचार्य महन्त गंगा शरण दास निवासी कबीर चौरा धाम कबीरघाट मदरवा छित्तूपुर खास तहसील- सदर जनपद-वाराणसी।

हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बाबत के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 02 माह 10 सन् 2026 बवक्त 10.00 बजे दिन के अदालत में स्वयं या मारफत वकील के जो मुकदमे की हालत से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जो कुल उमूर अहम मुतालिक मुकदमे का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई शख्स हो जो कि जवाब सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाबदेही दावा की करे और हरगाह वही तारीख जो आपके इजहार के लिए मुकर्रर है कि वास्ते इनफिसाल कत्तई मुकदमा के तजवीज हुई है। आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप जवाबदेही हुई है। कत्तई दे ताईद इस्तेमाल करना चाहते हों पेश करें। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमूअ और फैसला होगा।

बदस्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख 30-09-2026 ई. को जारी किया गया।

ह. मुंसरिम
मोहर न्यायालय

**अदालती नोटिस**

हेतु संदर्शित करने की सूचना(साधारण प्रारुप)
न्यायालय-सिविल जज (जूनियर डिवीजन)
कोर्ट- न.-12 गोरखपुर
वाद संख्या -74/ 2026
महन्त विचार दास
बनाम अनिल दास वगैरह

1-अनिल दास, उम्र बालिग, तथाकथित चेला आचार्य महन्त गंगाशरण दास निवासी कबीर चौरा धाम कबीरघाट मदरवा छित्तूपुर खास तहसील- सदर जनपद-वाराणसी।

2-हरिहरदास उम्र बालिग, तथाकथित चेला आचार्य महन्त गंगा शरण दास निवासी कबीर चौरा धाम कबीरघाट मदरवा छित्तूपुर खास तहसील- सदर जनपद-वाराणसी।

चूंकि ऊपर नामांकित याची ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है। अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए 2026 के 10 के 02 दिवस को दस बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यक रुपेण अमुविष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो। और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एकपक्षीय रुप से सुना जायेगा। और अवतरित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक 30.09.2026 को जारी किया गया।

ह. मुंसरिम
मोहर न्यायालय


# खुद को उप निरीक्षक और प्रेस रिपोर्टर बताकर घूम रहा युवक गिरफ्तार

## उत्तर प्रदेश पुलिस का कूटरचित आईकार्ड, एक प्रेस आईकार्ड, पुलिस लिखी टोपी-वर्दी, राजनीतिक ध्वज लगी स्कॉर्पियो और चार मोबाइल फोन बरामद

लालपुर-पांडेयपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने खुद को उप निरीक्षक और प्रेस रिपोर्टर बताकर घूम रहे एक युवक को गिरफ्तार कर उसके पास से उत्तर प्रदेश पुलिस का कूटरचित आईकार्ड, एक प्रेस आईकार्ड, पुलिस लिखी टोपी-वर्दी, राजनीतिक ध्वज लगी स्कॉर्पियो और चार मोबाइल फोन बरामद हुए हैं। पुलिस के अनुसार आरोपी ने टोल शुल्क और पुलिस के चालान से बचने के लिए फर्जी पुलिस आईकार्ड बनाने की बात स्वीकार की है। उसके खिलाफ बीएनएस की धारा २०४, ३३६ और ३४०(२) में काररवाई की गयी है। पुलिस के अनुसार २९ सितंबर को उप निरीक्षक दिनेश सिंह क्षेत्र में गश्त, सुरागरसी और अपराध की रोकथाम के लिए निकले थे। पांडेयपुर चौराहे पर उप निरीक्षक प्रद्युम्न राय पुलिसकर्मियों के साथ यातायात व्यवस्था संभाल रहे थे। इसी दौरान बाटा शोरूम के पास मुख्य मार्ग पर स्कॉर्पियो संख्या-(यूपी ६७ एएल ३३१३) खड़ी मिली, जिससे आवागमन बाधित हो रहा था। पुलिसकर्मियों ने वाहन चालक से वाहन हटाने और चालान किये जाने की बात कही। इस पर चालक ने खुद को प्रेस रिपोर्टर बताते हुए हिंदी दैनिक के नाम से बना आईकार्ड दिखाया। पूछताछ में उसने अपना नाम अनुभव आनंद पांडेय पुत्र पवन कुमार पांडेय, निवासी पांडेयपुर मिल्की, डेढ़वलिया, थाना धानापुर, चंदौली बताया। पुलिस के मुताबिक वाहन पर पुलिस लिखे होने के संबंध में पूछताछ करने पर युवक ने खुद को उत्तर प्रदेश पुलिस का उप निरीक्षक बताया और पुलिस का आईकार्ड दिखाया। आईकार्ड पर अनुभव आनंद पांडेय, पद सब इंस्पेक्टर, जन्मतिथि २० अक्तूबर १९९२, वैधता ३१ दिसंबर २०४३ और पीएनओ नंबर अंकित था। पीएनओ नंबर के बारे में पूछने पर वह संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। कड़ाई से पूछताछ करने पर



उसने फर्जी आईकार्ड बनवाने की बात स्वीकार की। तलाशी में उसके पास से दो कूटरचित आईकार्ड, पुलिस की टोपी एवं वर्दी तथा चार मोबाइल फोन बरामद हुए। पुलिस के अनुसार दूसरे आईकार्ड पर उसे चंदौली का ब्यूरो चीफ दर्शाया गया था। बरामद मोबाइल में एप्पल, सैमसंग, वीवो और सोनी कंपनी के फोन शामिल हैं। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह एमबीए तक पढ़ा है और बेरोजगार है। पुलिस के मुताबिक उसने टोल शुल्क और पुलिस के चालान से बचने के लिए अपनी मर्जी से फर्जी पुलिस आईकार्ड तैयार किया था। बरामद स्कॉर्पियो उसने अपने चचेरे भाई पंकज प्रसून पांडेय की बतायी। पुलिस ने आरोपी को रात करीब १०.२० बजे हिरासत में लेकर गिरफ्तार किया। बरामद दोनों आईकार्ड को सील कर दिया गया, जबकि चारों मोबाइल फोन को अलग-अलग पैकेट में रखकर सीलबंद किया गया। स्कॉर्पियो को मोटर वाहन अधिनियम की धारा २०७ के तहत सीज करने की कारrवाई की गयी।

### पुलिस आयुक्त ने उप निरीक्षक को सेवानिवृत्त होने पर दी भावभीनी विदाई

सेवानिवृत्त हो रहे कर्मचारियों के सम्मान में एक गरिमामय एवं भावपूर्ण विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल ने उप निरीक्षक सना उल्लाह (थाना जंसा) एवं उर्दू अनुवादक रिफअत हुसेन (प्रधान लिपिक कार्यालय) को उनके दीर्घ, उत्कृष्ट एवं समर्पित सेवाकाल के लिए सम्मानित करते हुए भावभीनी विदाई प्रदान की। पुलिस आयुक्त ने अपने संबोधन में कहा कि उक्त सभी कर्मियों ने अपने सेवाकाल के दौरान कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी, अनुशासन एवं जनसेवा के प्रति अटूट समर्पण का परिचय देते हुए विभाग की गरिमा को सदैव ऊंचाइयों तक पहुँचाया है। इनका योगदान पुलिस विभाग के लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत रहेगा। इस अवसर पर उनको अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह एवं फोटो फ्रेम भेंट कर सम्मानित किया गया तथा उनके स्वस्थ, सुखमय एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की गयी।

### काशी विद्यापीठ: कुश्ती टीम का चयन छः अक्तूबर को

काशी विद्यापीठ क्रीड़ा परिषद में विश्वविद्यालय परिसर की कुश्ती (महिला/ पुरुष) टीम का चयन छः अक्तूबर को पूर्वाह्न ११ बजे से होगा। विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद की सचिव डाक्टर ऊर्जस्विता सिंह ने बताया कि टीम में विश्वविद्यालय परिसर, एन.टी.पी.सी., गंगापुर परिसर, भैरव तालाब परिसर के खिलाड़ियों का चयन किया जायेगा। डाक्टर ऊर्जस्विता सिंह ने बताया संस्थागत छात्र अन्तर महाविद्यालयीय प्रतियोगिता २०२६-२७ के लिए इलिजिबिलिटी प्रोफार्मा, हाईस्कूल अंक पत्र व प्रमाण पत्र, इण्टरमीडिएट अंक पत्र व प्रमाण पत्र एवं अन्य प्रमाण पत्र, फीस रसीद, आधार कार्ड, अपार आईडी की छाया प्रति, चार पासपोर्ट साइज फोटो के साथ कुश्ती (महिला/ पुरुष) टीम के चयन के लिए क्रीड़ा परिषद में डाक्टर राधेश्याम राय प्रभारी- कुश्ती से सम्पर्क कर सकते हैं।


**पूर्व मध्य रेल**

बिजली कचस्टा विभाग
**ई-निविदा सूचना**
सं०- टीआरएस-जी-टीएनडी-ओपीएन-01-2026-27,
दिनांक: 26.09.2026

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से सक्षम, स्थापित, ठेकेदारों/प्रतिष्ठानों से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-टेंडर (ओपेन) निविदा आमंत्रित की जाती है। **1. निविदा सं० एवं कार्य का विवरण स्थान सहित:** रिपेयरिंग एंड ओवरहोलिंग ऑफ ELGI मेक TRC 1000 MN एंड TRC 1000 MNUG मेन कंप्रेसरस ऑफ WAG-7 लाकोमोटिव्स एंड RR 20100 CGM टाइप कंप्रेसरस ऑफ 3-फेज लोकोमोटिव्स (WAG-9) फॉर द पीरियड ऑफ 24 मंथ्स। विधुत लोको शेड-पंडित दीन दयाल उपाध्याय एवं डीजल लोको शेड-पंडित दीन दयाल उपाध्याय।, **2. अनुमानित लागत :** रू० 50,13,178.56, **3. धरोहर राशि:** रू० 1,00,300.00, **4. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं निविदा खुलने की तिथि एवं समय:** दिनांक 21.10.2026 समय, 13:00 बजे तक, दिनांक 21.10.2026 समय, 15:00 बजे, **5. वेबसाइट एवं नोटिस बोर्ड का विवरण जहां से निविदा की विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है: वेबसाइट** **http://www.ireps.gov.in** पर निविदा उपलब्ध है। निविदा की विस्तृत जानकारी वरिष्ठ मंडल बिजली इंजी०/कचस्टा विद्युत लोको शेड पंडित दीन दयाल उपाध्याय के कार्यालय से ली जा सकती है।

मंडल रेल प्रबन्धक/कचस्टा
पूर्व मध्य रेल-पंडित दीन दयाल उपाध्याय
पीआर/1025/डीडीयू/डीआरएम/टीआरएस/टी/26-27/40

**सूचना**

उ.प्र. बार कौंसिल के आदेश पर हाईस्कूल से लगायत बी.ए. का मूल कापी व बार कौंसिल द्वारा निर्गत मूल कापी व आईडी कार्ड दिनांक 27-09-2026 को बलिया रेलवे स्टेशन से गुम हो गया है। जिस व्यक्ति को मिले, कृपया मुझसे मेरा मो.-9169508126 से संपर्क करें। सदैव आपका प्रार्थी आभारी रहेगा। **धनंजय कुमार सिंह** पुत्र वीरेन्द्र सिंह, सा.- सरदही, पोस्ट- खड़सरा, त.- सिकंदरपुर, जिला- बलिया, उ.प्र.

**चुनाव सूचना**

संकठा प्रसाद चेरिटेबुल ट्रस्ट के सभी सम्मानित सदस्यों को सूचित किया जाता है कि ट्रस्ट द्वारा संचालित महाविद्यालय **''श्री संकट मोचन उच्च शिक्षा एवं तकनीकी महाविद्यालय चौबेपुर वाराणसी''** के प्रबन्धकारिणी पदाधिकारियों का चुनाव दिनांक 15 अक्टूबर 2026 को दिन में 2 बजे होना सुनिश्चित है अत: सभी सम्मानित सदस्यों से अनुरोध है कि उक्त तिथि एवं समय पर महाविद्यालय के सभागार में पहुँच कर अपना सहयोग प्रदान करें

**प्रबन्धक**

**सूचना**

सुशील कुमार राय पुत्र श्री अशोक कुमार राय निवासी भवन संख्या एस० 1/77-बी, चुप्पेपुर, सेंट्रल जेल रोड, जिला वाराणसी, (आधार नं० 5738-9891-9081) सर्व साधारण को सूचित करता हूँ कि आराजी नं0 259 मौजा सगुनहाँ परगना कोलसला तहसील पिंडरा जिला वाराणसी का असल बैनामा दिनांकित 15/07/2015 जो उप निबंधक कार्यालय पिंडरा में बही नं0 1 जिल्द 2921 पृष्ठ 301 से 374 क्रमांक 3818 पर अंकित हैं, कहीं गुम हो गया है जिसके बाबत क्षेत्रीय थाना में रिपोर्ट दर्ज करा दी गयी है। उक्त संपत्ति को भारतीय स्टेट बैंक में बंधक रखकर ऋण प्राप्त किया जाना प्रस्तावित है। यदि किसी व्यक्ति को इस बाबत कोई आपत्ति हो तो मोबाइल नं० 9839057125 या 9044584344 पर पंद्रह दिन के अन्दर सूचित करें। उक्त दस्तावेज का अनिधिकृत प्रयोग शून्य व अवैध माना जायेगा । सुशील कुमार राय पुत्र श्री अशोक कुमार राय निवासी भ० सं० एस० 1/77-बी, चुप्पेपुर, सेंट्रल जेल रोड, जिला वाराणसी
मोबाइल नंबर 7081200005

**सूचना**

अनिल वाधवा , राकेश वाधवा , संजय वाधवा पुत्रगण श्री विषन दास वाधवा, निवासी डी 58/16-29 अशोक नगर सिगरा वाराणसी , सर्वसाधारण को सूचित करते हैं कि हम अ राज़ी संख्या 172 , रकबा 1811.84 sq.ft.निराला नगर कॉलोनी, मौजा- शिवपुरवा, परगना-देहात अमानत, वार्ड - दशाश्वमेध, शहर- वाराणसी पर स्थित मकान संख्या डी.59/235 घ 3 के स्वामी हैं । इस संपत्ति की एक चैन डीड खो गई है जो की बही सं-1 के जिल्द सं- 5670 के पृष्ठ संख्या 185 से 188 पर,विक्रय विलेख सं- 6725, दिनांक 09-03-1983 को उपनिबंधन वाराणसी प्रथम के कार्यालय में पंजीकृत है जिसका निष्पादन दिनांक: 24-11-1982 को विक्रेता - दी वाराणसी उप निवेशन आवास एवं निर्माण सहकारी समिति लिमिटेड ज़रिए सचिव रामअनुज उपाध्याय पुत्र श्री गंगादीन उपाध्याय एवं क्रेती-श्रीमती रीता अग्रवाल पत्नी श्री ज्योतिन्द्र अग्रवाल के मध्य हुआ था। जिसके संबंध में ऑनलाइन FIR दिनाक 26-09-26 को ज़रिए एल.ए.आर.नं- 20260000981522 दर्ज कर दी गई है । उक्त संपत्ति को विक्रय किया जाना प्रस्तावित है। यदि किसी व्यक्ति को इसके संबंध में कोई आपत्ति हो तो mob no- 7458082525 पर 7 दिन के अंदर सूचित करे । उक्त दस्तावेज का अनाधिकृत प्रयोग शून्य एवं अवैध माना जाएगा ।

**पूर्वान्चल विद्युत वितरण निगम लि.**
**अधीक्षण अभियन्ता विद्युत वितरण मण्डल बलिया**

ई-निविदा सूचना दिनांक-..........

निविदा स. एवं कार्य का संक्षिप्त वितरण

1. **40/EDC(B/2026-27,** विद्युत वितरण मण्डल बलिया के अन्तर्गत अतिरिक्त बिजनेस प्लान 2026-27 के तहत पावर परिवर्तकों पर स्थापित एल.ए. की पृथक अर्थिंग का कार्य, प्रपत्र शुल्क रू. 3540.00 धरोहर धनराशि रू. 17000.00
2. **41/EDC(B)/2026-27,** विद्युत वितरण मण्डल बलिया के अन्तर्गत अतिरिक्त बिजनेस प्लान 2026-27 के तहत विद्युत वितरण खण्ड रसड़ा/बलिया नगर/बॉसडीह/बैरिया अन्तर्गत 250 के.वी.ए. उससे अधिक भार के वितरण परिवर्तकों के फेसिंग का कार्य, प्रपत्र शुल्क रू. 5900.00 धरोहर धनराशि रू. 116000.00
3. **42/EDC(B)/2026-27,** विद्युत वितरण खण्ड रसड़ा बलिया अन्तर्गत आगामी जाम योजना अन्तर्गत प्राप्त होने वाले कार्यो के विद्युतीकरण का कार्य , प्रपत्र शुल्क रू. 3540.00 धरोहर धनराशि रू. 27000.00
4. **43/EDC(B)/2026-27,** विद्युत वितरण खण्ड बलिया नगर बलिया अन्तर्गत आगामी जमा योजना अन्तर्गत प्राप्त होने वाले कार्यो के विद्युतीकरण का कार्य , प्रपत्र शुल्क रू. 3540.00 धरोहर धनराशि रू. 30000.00
5. **44/EDC(B)/2026-27,** विद्युत वितरण खण्ड बॉसडीह बलिया अन्तर्गत आगामी जमा योजना अन्तर्गत प्राप्त होने वाले कार्यो के विद्युतीकरण का कार्य , प्रपत्र शुल्क रू. 3540.00 धरोहर धनराशि रू. 27000.00
6. **45/EDC(B)/2026-27,** विद्युत वितरण खण्ड बैरिया बलिया अन्तर्गत आगामी जमा योजना अन्तर्गत प्राप्त होने वाले कार्यो के विद्युतीकरण का कार्य , प्रपत्र शुल्क रू. 3540,00 धरोहर धनराशि रू. 27000.00

**ई-निविदा की अंतिम तिथि:** 22 अक्टूबर 2026 17.00 बजे

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अग्रेतर समस्त सूचनाएं वेबसाईट पर ही प्रदर्शित की जाएगी।''राष्ट्रहित में बिजली बचायें'' **अधीक्षण अभियन्ता**

**पत्रांक**-3338/वि.वि.मं.(ब)/दिनांक-30.09.2026

**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता,**
**44वॉ वि./यां. वृत्त, लो.नि.वि., वाराणसी**

**पत्रांक:**- 1721/निविदा सूचना (वाराणसी.)-44/2026-27 **दिनांक:**- 25.09.2026

**अति अल्पकालीन ई-निविदा सूचना (प्रत्याशा में)**

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तर प्रदेश की ओर से वि0/यॉ0 खण्ड, लो0नि0वि0, वाराणसी के कार्य क्षेत्र के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्यो हेतु दो बिड पद्वति पर प्रतिशत दर के आधार पर ऑनलाइन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित नियम/शर्ते तथा विवरण दिनांक 01.10.2026 से 07.10.2026 तक https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध होगें। निविदा दिनांक 07.10.2026 को 12:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है। कार्य की तकनीकी बिड दिनांक 07.10.2026 को अपरान्ह 12:30 बजे गठित समिति के सदस्यों द्वारा ऑनलाइन खोली जायेगी। कार्यालय बन्द होने अथवा छुट्टी होने की दशा में निविदा उसी क्रम एवं समयानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाख रु. में) | धरोहर धनराशि (लाख रु. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य व जी.एस.टी. सहित (रु.) | अधिशासी अभियन्ता का खण्ड | निविदा हेतु पात्रता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | Provision of Security Parameter Lighting & Runway Lighting At Andhau Airport, Ghazipur | 415.00 + GST Extra | 22.75 | 15 दिन | 2354.00 | वि./यॉ. खण्ड, लो.नि.वि., वाराणसी | लो.नि.वि., में विद्युत कार्य हेतु ''ए'' श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार। , जिनके पास समान एवं रनवे लाईट के कार्य का अनुभव हो। |

शासनादेश संख्या 1/2016/3070/78-2-2018/42 आई.टी./2017(22) दिनांक 03.1.2018 में निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोलने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने हैं। निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने की दशा में शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी।
निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी साफ्टवेयर के माध्यम से किया जाना है, जिसकी विस्तृत जानकारी बिड डॉक्यूमेन्ट के साथ संलग्न निविदा सूचना में उपलब्ध है।
निविदाओं से सम्बन्धित नियम/शर्ते तथा विवरण वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध हैं।

(शिवशंकर)
अधिशासी अभियन्ता
वि./यॉ. खण्ड, लो.नि.वि., वाराणसी।

(ए.के. गुप्ता)
अधीक्षण अभियन्ता
44वॉ वि./यां. वृत्त, लो.नि.वि., वाराणसी।

उ.प्र.:- 257255
दिनांक:- 29.09.2026 वेबसाइट:- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।


### किशोरी को बहला-फुसलाकर भगाने के आरोप में मुकदमा दर्ज

चौबेपुर। क्षेत्र के एक गांव से नाबालिग किशोरी के लापता होने पर परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने एक युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। परिजनों ने युवक पर किशोरी को बहला-फुसलाकर साथ ले जाने का आरोप लगाया है। पुलिस किशोरी की बरामदगी और आरोपी की तलाश में जुटी है। वही थाना प्रभारी अनिल कुमार शर्मा ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर पुलिस टीम को किशोरी की बरामदगी के लिए लगाया गया है। आरोपी की तलाश में संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है।


**वर्गीकृत विज्ञापन** आज

**सूचना**

**सूचना**-सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी इण्टरमीडिएट 11वीं(कृषि) की मार्कशीट अनुक्रमांक 2236773160वर्ष 2023यूपी बोर्ड वास्तव में खो गयी है। **प्रदुम सिंह यादव** पुत्र श्री प्रभुनाथ सिंह यादव,ग्राम-सिंगेरा,पोस्ट व थाना-मरदह,जनपद-गाजीपुर।

**सूचना**- सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र रूद्र जायसवाल सनबीम स्कूल भगवानपुर वाराणसी में कक्षा 10 E में अध्ययनरत है एवं प्रवेश के समय संलग्न जन्म प्रमाण पत्र में मेरा नाम अमित जायसवाल दर्ज हो गया है जबकि संशोधित जन्म प्रमाण पत्र व आधार कार्ड में मेरा सही नाम अमित कुमार दर्ज है, अत: विद्यालय के जन्म प्रमाण पत्र में मेरा सही नाम अमित कुमार दर्ज किया जाना आवश्यक व न्यायसंगत होगा। **अमित कुमार** पुत्र श्री नरेश प्रसाद निवासी- ए-22/55, जुगुल टोला मुकीमगंज रोड वाराणसी।

**सूचना**- सूचित किया जाता है कि सनबीम स्कूल लहरतारा में मेरी पुत्री काव्या श्रीमाली के पिता का नाम रोहित श्रीमाली लिखा गया जो गलत है सही नाम **रोहित कुमार श्रीमाली** है। अत: सभी अभिलेखों में सही नाम लिखा जाना न्याय संगत होगा। **पूर्णिमा श्रीमाली** निवासिनी म.नं. के. 24/63 रामघाट, वाराणसी।

**सूचना**

**सूचना**- सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं दीपक जैन मेरी पत्नी मंजरी जैन भाई संजय जैन जिनकी पत्नी रजनी जैन का मेरे भाई अभिषेक जैन एवम् उनकी पत्नी सुनैना जैन से किसी भी प्रकार का सम्बन्ध वास्ता सरोकार नही है ना भविष्य में रहेगा। Address A-27 Ashok Puram Colony dafi , Lanka, Varanasi

**सूचना**- सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल अंकपत्र व मूल प्रमाण पत्र वर्ष २०१८ अनुक्रमांक ३५१५८४९ एवं इंटरमीडिएट वर्ष २०२०अंकपत्र व मूल प्रमाण पत्र २१०७०८५ वास्तव में कहीं खो गया है। **जयप्रकाश** पिता- जंग बहादुर प्रजापति पता- महावलपुर पो० दुलहीपुर तहसील० नियामताबाद जिला चंदौली।

**सूचना**- सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सनबीम स्कूल लहरतारा में मेरे पुत्र प्रणय श्रीमाली के पिता का नाम त्रुटिवश वरूण श्रीमाली लिखा गया जो गलत है सही नाम **वरूण कुमार श्रीमाली** है। अत: सभी अभिलेखों में सही नाम लिखा जाना न्याय संगत होगा। **कोमल श्रीमाली** निवा. सिनी म.नं. के.24/63 रामघाट, वाराणसी।

**पाठकों से**

**'आज' में छपे किसी भी विज्ञापन के सम्बन्ध में पाठक स्वत: जांच करके कार्य करें। इसके सम्बन्ध में कोई भी दावा 'आज' प्रकाशन पर न होगा।**

**प्रबन्धक**

**कार्यालय यू0पी0 कोआपरेटिव फेडरेशन लि0, आजमगढ़**

ई- निविदा सूचना

जनपद आजमगढ़ में खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 एवं आगामी रबी विपणन वर्ष 2027-28 अर्न्तगत धान/गेहूँ के हैण्डलिंग कार्य हेतु पीसीएफ में पंजीकृत/अपंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 08.10.2026 को अपराह्न 01.00 बजे तक ई-निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा से सम्बन्धित जानकारी https://etender.up.nic.in वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। अधिक जानकारी के लिए जिला प्रबन्धक पीसीएफ आजमगढ़ के मो0न0 8765984671 पर सम्पर्क किया जा सकता हैं।

पत्रांक/पी0सी0एफ0/जि0का0/प्रा0स0/2026-2027/480 दिनांक-28.09.2026

**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग,**
**कार्यालय - कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग क्र. 2. रामानुजगंज,**
**Main Portal: http://cgeprocurement.gov.in WRD Portal: "wrd.cgeprocurement.gov.in**

**-: शुद्धि पत्र क्र. 1::-**

निम्नलिखित योजनाओं के निविदा में निम्नानुसार आंशिक संशोधन कर पढ़ा जावे। जिसका 'जी' नं. 262703021/8, दिनांक 01.09.2026 है।

| सं. क्र. | कार्य का नाम / एन.आई.टी. नं. / सिस्टम नं. | स्वीकृत निविदा राशि | |
|---|---|---|---|
| | | पूर्व निविदा राशि | संशोधित निविदा राशि |
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | गिरवानी नदी एनीकट योजना का निर्माण कार्य, निविदा सूचना क्र. 04/ व.ले.लि. / 2026-27, दिनांक 27.08.2026, सिस्टम नं. 198315 (प्रथम आमंत्रण) | 293.13 | 294,13 |

**नोट** :- निविदा की शेष शर्ते यथावत रहेंगी।

कार्यपालन अभियंता,
जल संसाधन संभाग क्र. 2 रामानुजगंज,
जिला - बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)
जी-262703092/1 कृते - मुख्य अभियंता, हसदेव गंगा कछार,
दिनांक-30.09.2026 जल संसाधन विभाग, अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिका परिषद गाजीपुर**

पत्रांक-585/23-ई-निविदा सूचना/न.पा.परि.गा./2026-27 दिनांक-30.09.2026

**अति अल्पकालिक ई-निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिलाधिकारी महोदय की स्वीकृति की प्रत्याशा में नगर पालिका परिषद गाजीपुर को 15वें वित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से झण्डातर से नवाब साहब का फाटक होते पोस्ता घाट मोड़ तक ढक्कनयुक्त नाली व सी.सी. सड़क का निर्माण कार्य हेतु आनलाईन ई-निविदा सूचना https://etender.up.nic.in के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र उ.प्र. ई-प्रिक्योरमेन्ट की वेबसाईट https://etender.up.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है। निविदा की अन्य शर्ते वेबसाईट/पोर्टल पर देखी जा सकती है। निविदा के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी कार्यालय में कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

**निविदा समय सारणी https://etender.up.nic.in पर**

| | |
|---|---|
| 1. ई-टेण्डरिंग पोर्टल पर निविदा प्रदर्शित होने की तिथि व समय | दिनांक-01.10.2026 को प्रातः 09.00 बजे से |
| 2. निविदा आनलाईन सबमिशन की अवधि | दिनांक-01.10.2026 को प्रातः 09.00 बजे से दिनांक-07.10.2026 को सायं 05.00 बजे तक |
| 3. मूल प्रतियों सहित बिड लिफाफा कार्यालय में प्रस्तुत करने की तिथि व समय | दिनांक-08.10.2026 को सायं 05.00 बजे तक |
| 4. तकनीकी बिड खोलने की तिथि व समय | दिनांक-09.10.2026 को अपरान्हः 12.00 बजे से |
| 5. वित्तीय बिड खोलने की तिथि व समय | तकनीकी बिड खोलने के पश्चात तत्काल तिथि व समय निश्चित करते हुए खोला जाएगा। |

**(डा.धीरेन्द्र कुमार राय)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद गाजीपुर**

**(सरिता अग्रवाल)**
**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद गाजीपुर**

# ट्रक की चपेट में आने से छात्र की मौत

## स्कूल से घर लौटते समय हादसा, परिजनों में मचा कोहराम

गोपीगंज। मिजार्पुर मार्ग पर बुधवार दोपहर बॉयलर ट्रक की चपेट में आने से कक्षा एक के छात्र की मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने पीछा कर ट्रक को कब्जे में लेने के साथ चालक को हिरासत में ले लिया। काली देवी मोहल्ला निवासी विजय मोदनवाल का आठ वर्षीय पुत्र विवेक मोदनवाल सर्वोदय शिशु मंदिर में कक्षा एक का छात्र था। बुधवार दोपहर स्कूल से घर लौटते समय वह सड़क की पटरी पर पैदल जा रहा था। इसी दौरान ट्रक (यूपी 70 क्यूटी 1981) की चपेट में आ गया। गंभीर हालत में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद चालक के ट्रक लेकर भागने पर लोगों ने पीछा कर उसे पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पिता की तहरीर पर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। कोतवाल सच्चिदानंद पांडेय ने बताया कि मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### रामलीला मंचन का शुभारंभ, रावण जन्म का प्रसंग रहा आकर्षण

भदोही। नगर के मर्यादपट्टी स्थित रामलीला मैदान में मंगलवार को पूजा-अर्चना और आरती के साथ श्रीरामलीला मंचन का शुभारंभ हुआ। पहले दिन नारद मोह, मनु-शतरूपा तप, रावण जन्म, आकाशवाणी और मेघनाथ दिग्विजय समेत रामायण के विभिन्न प्रसंगों का जीवंत मंचन किया गया। कलाकारों के प्रभावी संवाद और अभिनय ने दर्शकों को देर रात तक बांधे रखा। रामलीला में रावण जन्म का प्रसंग विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। मंचन देखने के लिए शाम से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु मैदान में पहुंचने लगे। कलाकारों के संवाद और दृश्यों के दौरान कई बार जय श्रीराम के जयकारे गूंजे, जिससे पूरा परिसर भक्तिमय हो उठा। आयोजन को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर श्रीरामलीला समिति के अध्यक्ष प्रकाश चंद जायसवाल, पूर्व विधायक रविंद्र नाथ त्रिपाठी सहित समिति के पदाधिकारियों ने अतिथियों का अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया। कार्यवाहक अध्यक्ष अशोक कुमार जायसवाल, नई बाजार पंचायत अध्यक्ष पति ललता सोनकर, नगर पंचायत अध्यक्ष घनश्याम दास गुप्ता, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सुरियावां नंदलाल गुप्ता, महामंत्री सतीश गांधी समेत समिति के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# रेलवे अंडरपास में जलभराव, कीचड़ से राहगीर परेशान

घोसिया। जयरामपुर बुआ जी के इनारा से गोरीडीह होते हुए टेढ़वा जाने वाले मुख्य मार्ग पर गोरी गांव के पास रेलवे अंडरपास में बारिश का पानी भरने से राहगीरों की परेशानी बढ़ गई है। कई दिनों से पानी और कीचड़ जमा होने के कारण अंडरपास से होकर गुजरना जोखिम भरा हो गया है। सबसे अधिक दिक्कत स्कूली बच्चों और दोपहिया वाहन चालकों को उठानी पड़ रही है।

**स्कूल बसों और सैकड़ों विद्यार्थियों का इसी रास्ते से आवागमन**

बारिश के बाद अंडरपास में पानी के साथ मिट्टी और कीचड़ जमा हो गया है। इससे पैदल राहगीरों के पैर फिसल रहे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, कई लोग कीचड़ में फिसलकर गिर चुके हैं। दोपहिया वाहन चालक भी पानी और कीचड़ के बीच से आवागमन करने को मजबूर हैं। इस मार्ग से प्रतिदिन स्कूल बसों के अलावा सैकड़ों छात्र-छात्राओं का आवागमन होता है। जलभराव के कारण बच्चों को अंडरपास पार करने में काफी परेशानी हो रही है। ग्रामीणों के अनुसार, पानी निकासी के लिए गांव के ही एक व्यक्ति को लगाया गया है, लेकिन इसके बावजूद अंडरपास से जलभराव की समस्या दूर नहीं हो सकी है। ग्रामीणों का कहना है कि अंडरपास में पर्याप्त जल निकासी की स्थायी व्यवस्था नहीं होने से हर बारिश में समस्या खड़ी हो जाती है। संबंधित जिम्मेदारों को इसकी जानकारी होने के बावजूद अब तक स्थायी समाधान नहीं हुआ।

# पराली जलाई तो लगेगा पांच से ३० हजार तक जुर्माना

ज्ञानपुर। फसल अवशेष जलाने से होने वाले प्रदूषण और मिट्टी की उर्वरा शक्ति को नुकसान से बचाने के लिए जिला प्रशासन ने अभियान तेज कर दिया है। बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में पराली प्रबंधन की अनुश्रवण समिति की बैठक हुई। इसके बाद जिलाधिकारी ने पराली प्रबंधन जन-जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उप कृषि निदेशक डॉ. राम प्रवेश ने बताया कि जिले में 60 हजार हेक्टेयर से अधिक क्षेत्रफल में धान की खेती होती है। कुछ किसान कंबाइन से कटाई के बाद पराली जला देते हैं। इसकी सैटेलाइट से निगरानी की जा रही है। खेत में आग लगने पर तापीय संकेत के आधार पर संबंधित स्थान फायर हॉटस्पॉट के रूप में चिह्नित हो जाता है। अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) शुभांगी शुक्ला ने बताया कि फसल अवशेष जलाना दंडनीय है। दो एकड़ से कम क्षेत्र में पराली जलाने पर पांच हजार, दो से पांच एकड़ पर 10 हजार और पांच एकड़ से अधिक क्षेत्र में 30 हजार रुपये प्रति घटना पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति देय है। अधिकारियों ने बताया कि पराली जलाने के बजाय उसे खेत में मिलाने और प्रति बीघा 15-20 किलो यूरिया का छिड़काव कर पलेवा करने से यह जैविक खाद में बदल जाती है। इससे मिट्टी की जलधारण क्षमता बढ़ती है और पोषक तत्व भी वापस मिलते हैं। मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविंद शुक्ला ने ग्राम प्रधानों और किसानों से पराली न जलाने की अपील की। डीएम ने समिति के सदस्यों को प्रत्येक ग्राम पंचायत में अभियान चलाकर किसानों को जागरूक करने के निर्देश दिए। साथ ही पराली जलाने की घटना मिलने पर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।

### व्यापारी के खिलाफ एफआईआर पर व्यापार मंडल ने उठाये सवाल

गोपीगंज। नगर के एक सर्राफव्यापारी के खिलाफदर्ज एफआईआर को लेकर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने निष्पक्ष जांच की मांग की है। नगर अध्यक्ष श्रीकांत जायसवाल ने कहा कि व्यापार मंडल को मिली जानकारी के अनुसार संबंधित महिला ने कई वर्ष पूर्व व्यापारी के यहां आभूषण गिरवी रखकर 16,600 रुपये लिए थे। लंबे समय बाद आभूषण वापस मांगने को लेकर विवाद हुआ। महिला ने व्यापारी पर धोखाधड़ी और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर अपमानित करने का आरोप लगाया है। व्यापार मंडल का कहना है कि मामले में दोनों पक्षों को सुना जाना चाहिए और गिरवी रखे आभूषण, लेन-देन तथा उपलब्ध दस्तावेजों की जांच के बाद ही निष्कर्ष निकाला जाना चाहिए। श्रीकांत जायसवाल ने कहा कि आरोप सही पाए जाने पर कानून के अनुसार कार्रवाई हो, लेकिन जांच पूरी होने से पहले किसी पक्ष के साथ अन्याय नहीं होना चाहिए।

# बनारस-प्रयागराज रामबाग मेमू के परिचालन को मिली स्वीकृति

ज्ञानपुर। क्षेत्रवासियों की लंबे समय से चली आ रही रेल सुविधा की मांग को लेकर रेलवे ने महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। भदोही सांसद डॉ. विनोद कुमार बिंद की पहल पर बनारस-प्रयागराज रामबाग मेमू ट्रेन के परिचालन को स्वीकृति प्रदान की गई है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने पत्र के माध्यम से सांसद को इसकी जानकारी दी है। रेल मंत्रालय की ओर से गाड़ी संख्या 65123 और 65124 बनारस-प्रयागराज रामबाग मेमू के माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड और हंडिया खास होकर परिचालन को मंजूरी दी गई है। सांसद डॉ. विनोद कुमार बिंद ने विगत दिनों रेल मंत्री के समक्ष क्षेत्र में विभिन्न ट्रेनों के ठहराव और नई रेल सेवाओं के संचालन की मांग रखी थी। इसी क्रम में मंत्रालय की ओर से यह निर्णय लिया गया। सांसद ने कहा कि नई मेमू सेवा से क्षेत्र के लोगों को बनारस और प्रयागराज के बीच आवागमन में सहूलियत मिलेगी। खासकर छात्र-छात्राओं, व्यापारियों, कामगारों, मरीजों और रोजाना यात्रा करने वाले यात्रियों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में बेहतर रेल संपर्क उपलब्ध कराने के लिए आगे भी अन्य समस्याओं और मांगों को रेल मंत्रालय के समक्ष लगातार उठाया जाएगा।

सांसद ने रेल सेवा को स्वीकृति मिलने पर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और रेल मंत्रालय के प्रति आभार जताया। स्थानीय लोगों में भी ट्रेन के परिचालन की स्वीकृति को लेकर उम्मीद जगी है कि इससे क्षेत्र की रेल कनेक्टिविटी और मजबूत होगी।

# भक्त प्रह्लाद के चरित्र से मिले भक्ति और संस्कार के संदेश

ज्ञानपुर। डीघ विकासखंड के कौलापुर गांव निवासी वरिष्ठ पत्रकार डॉ. लक्ष्मीधर चतुर्वेदी के यहां चल रही श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के तीसरे दिन कथा व्यास अनुराग जी महाराज ने भक्त प्रह्लाद प्रसंग सहित भगवान श्रीकृष्ण की पावन लीलाओं का वण्रन किया। कथा का शुभारंभ गुरु वंदना से हुआ। भक्त प्रह्लाद के प्रसंग का वण्रन करते हुए कथा व्यास ने कहा कि प्रह्लाद ने माता कयाधु के गर्भ में ही नारायण नाम का मंत्र सुना था। भगवान के नाम के प्रभाव से उनके अनेक कष्ट दूर हुए। उन्होंने कहा कि बच्चों को बचपन से ही धर्म, आध्यात्म और अच्छे संस्कारों का ज्ञान देना चाहिए। बाल्यावस्था में मिले संस्कार जीवनभर साथ रहते हैं। माता-पिता की सेवा, उनसे प्रेम और समाज के प्रति सद्भाव ही धर्म का मूल है। उन्होंने कहा कि मनुष्य से जाने-अनजाने प्रतिदिन गलतियां होती हैं। ईश्वर के समक्ष सच्चे मन से प्रायश्चित और अच्छे कर्म ही जीवन को सही दिशा देते हैं। सत्संग और शास्त्रों में बताए आदर्शो का अनुसरण करने से व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक बदलाव आता है। क्रोध, लोभ, मोह, हिंसा और अनावश्यक संग्रह का त्याग कर विवेकपूर्ण ढंग से श्रेष्ठ कर्म करने का संदेश दिया। कथा के दौरान मनु-शतरूपा से सृष्टि की उत्पत्ति, उनकी संतानों, देवहूति-ऋषि कर्दम प्रसंग और भगवान कपिल के अवतार की कथा सुनाई गई। नवधा भक्ति का महत्व बताते हुए उन्होंने कहा कि जीवन में भक्ति के नौ स्वरूप आने पर भगवान की कृपा प्राप्त होती है। भजनों पर श्रद्धालु भावविभोर होकर झूम उठे।



## खेत मजदूरों के सवालों को लेकर दो अक्टूबर को धरना

ज्ञानपुर। अखिल भारतीय खेत एवं ग्रामीण मजदूर सभा (खेग्रामस) और भाकपा (माले) के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर खेत एवं ग्रामीण मजदूरों की समस्याओं को लेकर दो अक्तूबर को कटेबना ग्राम पंचायत कार्यालय के सामने एकदिवसीय धरना-प्रदशर्न किया जाएगा। इस दौरान सभा आयोजित कर मजदूरों से जुड़े विभिन्न मुद्दों को उठाया जाएगा। खेग्रामस के जिला सचिव ज्वाला प्रसाद गौतम ने बताया कि धरना-प्रदर्शन के बाद मजदूरों की मांगों से संबंधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी औराई को सौंपा जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के माध्यम से खेत मजदूरों और ग्रामीण श्रमिकों के जीवन से जुड़े सवालों को प्रशासन के समक्ष प्रमुखता से रखा जाएगा। इस संबंध में संगठन की ओर से उपजिलाधिकारी औराई को पत्र भेजकर काय्रक्रम की जानकारी दी गई है। पत्र में धरना-प्रदर्शन और सभा के आयोजन के लिए आवश्यक कार्रवाई का अनुरोध किया गया है।

# बाल भिक्षावृत्ति और बाल श्रम रोकने को चलेगा अभियान

ज्ञानपुर। बाल भिक्षावृत्ति और बाल श्रम पर प्रभावी रोक लगाने के लिए पुलिस व संबंधित विभाग संयुक्त अभियान चलाएंगे। बुधवार को पुलिस लाइन ज्ञानपुर सभागार में अपर पुलिस अधीक्षक एवं एएचटी के नोडल अधिकारी शुभम अग्रवाल की अध्यक्षता में किशोर न्याय अधिनियम और बच्चों की देखभाल एवं संरक्षण को लेकर हुई गोष्ठी में अधिकारियों को इसके लिए दिशा-निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन में आयोजित बैठक में जिले में बेसहारा और असहाय बच्चों के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान 'ऑपरेशन नया जीवन' की भी समीक्षा की गई। वर्ष 2026 में पॉक्सो एक्ट और गुमशुदा बच्चों से संबंधित दर्ज अभियोगों की स्थिति की समीक्षा करते हुए मामलों में प्रभावी कार्रवाई और बच्चों के संरक्षण पर जोर दिया गया। अपर पुलिस अधीक्षक ने किशोर न्याय (बच्चों की देखभाल और संरक्षण) अधिनियम-2015 के प्रावधानों का प्रभावी पालन कराने के निर्देश दिए। सभी सरकारी विद्यालयों में मानव तस्करी और बाल श्रम के प्रति जागरूकता अभियान चलाने को कहा गया। इसके साथ ही होटल, ढाबे और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की जांच कर वहां बच्चों से श्रम न कराए जाने को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में किशोर न्याय बोर्ड, एएचटी थाना, थानों के बाल कल्याण पुलिस अधिकारी, श्रम विभाग, चाइल्ड हेल्पलाइन, जिला बाल संरक्षण इकाई, अभियोजन, प्रोबेशन और समाज कल्याण विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

# जिला कारागार में सुरक्षा से लेकर बंदियों की सुविधाओं तक परखी व्यवस्था

ज्ञानपुर। प्रभारी जिला जज डॉ. अमित वर्मा, जिलाधिकारी शैलेष कुमार और पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी ने बुधवार को जिला कारागार ज्ञानपुर का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने जेल की सुरक्षा व्यवस्था के साथ ही बंदियों को मिल रही मूलभूत सुविधाओं की स्थिति परखी। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने विभिन्न बैरकों और कारागार परिसर का भ्रमण कर साफ-सफाई, पेयजल, भोजन, स्वास्थ्य सुविधाओं और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने बंदियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं और आवश्यकताएं भी जानीं। अधिकारियों ने जेल प्रशासन को निर्देश दिया कि बंदियों को निर्धारित मानकों के अनुरूप भोजन, चिकित्सा सुविधा और अन्य जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। अधिकारियों ने कहा कि बंदियों से प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित निस्तारण किया जाए। कारागार परिसर में स्वच्छता व्यवस्था नियमित रूप से बनाए रखने के साथ पेयजल और स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरतने को कहा गया। अधिकारियों ने बंदियों के कल्याण के साथ शिक्षा और कौशल विकास से जुड़ी व्यवस्थाओं की भी नियमित निगरानी करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कारागार प्रशासन और संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### वृद्धाश्रम में ताला, खुले आसमान के नीचे बुजुर्ग

सीतामढ़ी। सीतामढ़ी स्थित वृद्धाश्रम में ताला लगने से वहां रहने वाले दर्जनों बुजुर्गों के सामने रहने और भोजन का संकट खड़ा हो गया है। वृद्धाश्रम बंद होने के बाद बुजुर्गों को खुले आसमान के नीचे रहने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था कराने की मांग की है। वात्सल्य समिति द्वारा संचालित वृद्धाश्रम में निराश्रित बुजुर्गों के रहने और भोजन की व्यवस्था की जाती है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि मकान का किराया, राशन दुकानदार और कर्मचारियों का भुगतान समय से नहीं होने के कारण आश्रम में आए दिन ताला लगने की स्थिति बनती है। इस संबंध में संचालक नागेंद्र तिवारी ने मकान मालिक का किराया बैंक से भुगतान किए जाने की बात कही। वहीं मकान मालिक कमलाशंकर मिश्रा का कहना है कि किराया वर्षों से बकाया है।

## बारिश में भरभराकर गिरा खपरैल मकान, मलबे में दबा गृहस्थी का सामान, पक्के आवास की गुहार

मोढ/कस्तूरीपुर। लगातार बारिश और खराब मौसम के बीच सुरियावां ब्लॉक के कोछिया गांव में एक कच्चा खपरैल मकान भरभराकर ढह गया। हादसे में घर में रखा गृहस्थी का सामान मलबे में दबकर क्षतिग्रस्त हो गया। मकान गिरने के बाद विकलांग सूरज कुमार गौड़ पुत्र स्व. विजय नाथ गौड़ का परिवार खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर है। पीडित ने प्रशासन से आर्थिक सहायता के साथ प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का मकान दिलाने की मांग की है। बताया गया कि लगातार बारिश के चलते कच्चे मकान की दीवारें कमजोर हो गई थीं। इसी बीच अचानक मकान धराशायी हो गया। गनीमत रही कि जिस समय घर गिरा, उस वक्त परिवार का कोई सदस्य अंदर मौजूद नहीं था। इससे बड़ा हादसा होने से बच गया। हालांकि मकान के साथ परिवार की गृहस्थी का सामान भी मलबे में दब गया, जिससे गरीब परिवार के सामने रहने और जरूरी सामान जुटाने का संकट खड़ा हो गया है। पीडित परिवार का कहना है कि मकान गिरने के बाद सिर छिपाने के लिए सुरक्षित ठिकाना नहीं बचा है। बारिश के मौसम में खुले में रहने से परिवार की मुश्किलें और बढ़ गई हैं। ग्रामीणों ने भी प्रशासन से पीडित परिवार की स्थिति का तत्काल जायजा लेकर राहत उपलब्ध कराने की मांग की है। पीड़ित ने प्रशासन से राजस्व टीम भेजकर मकान और गृहस्थी के नुकसान का आकलन कराने तथा नियमानुसार मुआवजा दिलाने की मांग की है। साथ ही विकलांग परिवार को प्राथमिकता के आधार पर प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ देकर पक्का मकान उपलब्ध कराने की गुहार लगाई है।

# अस्पताल में भर्ती नहीं किया, सड़क पर हुआ प्रसव

**गंभीर हालत में आई गर्भवती को दो बार किया गया रेफर, परिजन एंबुलेंस के लिए भटकते रहे, सीएमओ ने जांच के आदेश दिये**

ज्ञानपुर। महाराजा चेतसिंह जिला अस्पताल में इलाज के लिए पहुंची गर्भवती महिला को भर्ती न किए जाने के आरोप के बीच मंगलवार रात अस्पताल के सामने सड़क पर ही उसका प्रसव हो गया। महिला के सड़क किनारे प्रसव की सूचना मिलते ही अस्पताल परिसर में अफरातफरी मच गई। परिजनों ने अस्पताल कर्मियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। मामला बढ़ने पर सीएमओ डॉ. संतोष चक मौके पर पहुंचे और महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जोरई निवासी 20 वर्षीय रानी का हीमोग्लोबिन महज पांच ग्राम बताया गया है। सीएमओ के अनुसार महिला सोमवार को जिला अस्पताल आई थी। जांच के बाद उसकी हालत को देखते हुए उसे मिर्जापुर मंडलीय अस्पताल रेफर किया गया। वहां से लौटने के बाद मंगलवार को परिजन उसे फिर जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां से उसे बीएचयू रेफर कर दिया गया। परिजनों का आरोप है कि रेफर किए जाने के बाद उन्होंने महिला को ले जाने के लिए 102 एंबुलेंस से संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन संपर्क नहीं हो सका। इसी दौरान अस्पताल से बाहर निकलते ही रास्ते में महिला को प्रसव पीड़ा शुरू हो गई और अस्पताल के सामने सड़क किनारे ही प्रसव हो गया। घटना ने जिला अस्पताल की व्यवस्था और गंभीर मरीजों को तत्काल उपचार उपलब्ध कराने की व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। हालांकि, सीएमओ ने कहा कि महिला को अब अस्पताल में भर्ती कर उपचार दिया जा रहा है। मामले की जांच कराई जा रही है। उन्होंने 24 घंटे में जांच पूरी कर दोषी पाए जाने वाले के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### माता-पिता की सेवा सबसे बड़ा तीर्थ और धर्म : विनोद माधव

ऊंज। क्षेत्र के चितईपुर बेरासपुर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन बुधवार को आचाय्र विनोद माधव जी महाराज ने श्रद्धालुओं को भगवान के आगमन की कथा का रसपान कराया। उन्होंने कहा कि सच्चे मन से ईश्वर की भक्ति करने से मनुष्य के पाप नष्ट होते हैं। भागवत कथा जीवन के उद्देश्य और सही दिशा का मार्गदश्रन करती है। जहां भागवत कथा होती है, वहां सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और दुष्प्रवृत्तियों का नाश होता है। उन्होंने कहा कि कथा को केवल सुनना ही नहीं, बल्कि उसके संदेश को जीवन में धारण करना चाहिए, तभी इसका वास्तविक लाभ मिलेगा। माता-पिता की सेवा को सबसे बड़ा तीर्थ और धर्म बताते हुए उन्होंने श्रद्धालुओं से अपने माता-पिता का सम्मान और सेवा करने का आह्वान किया। कथा के दौरान मां गंगा के दर्शन और धार्मिक महत्व का भी वर्णन किया गया। अंत में श्रद्धालुओं ने जयकारे लगाए और कथा को विश्राम दिया। इस दौरान दिनेश पांडेय, प्रभु कुमार पांडेय, रंगनाथ दुबे, रोशन, गुलशन, अंकुर, आशुतोष तिवारी, आनंद तिवारी, अभिषेक पांडेय, ललित, मनोरमा, अजय दुबे आदि मौजूद रहे।

### गांवों में १०० दिन रोजगार का लक्ष्य पूरा करने के निर्देश

ऊंज। डीघ विकासखंड में बुधवार को विकसित भारत जी-राम-जी अधिनियम मिशन के तहत ग्रामीण विकास की समीक्षा बैठक हुई। खंड विकास अधिकारी आलोक पांडेय ने मनरेगा, आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री आवास और जल जीवन मिशन की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि अधिनियम का उद्देश्य गांवों में रोजगार की गारंटी के साथ बुनियादी सुविधाओं का विकास करना है। सभी ग्राम प्रधानों और रोजगार सेवकों को प्रत्येक ग्राम पंचायत में 100 दिन के रोजगार का लक्ष्य पूरा करने तथा जॉब कार्डधारकों को समय से भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिन गांवों में विकास कार्य अधूरे हैं, उन्हें 15 दिन में पूरा कराने को कहा गया। बीडीओ ने लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफकार्रवाई की चेतावनी दी। बैठक में एपीओ विनय श्रीवास्तव सहित ग्राम प्रधान और रोजगार सेवक मौजूद रहे।

### नीमकौरिया तालाब पर टिन शेड बनवाने की मांग

सुरियावां। नगर के नीमकौरिया तालाब पर मंदिर के सामने हैंडपंप के पास टिन शेड बनवाने और तालाब की सफाई कराने की मांग उठी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि गर्मी और बरसात के दिनों में पितृ कार्य व पूजा-पाठ के लिए आने वाले लोगों को खुले में ही इंतजार करना पड़ता है। ऐसे में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए शेड के साथ कपड़े बदलने के लिए घेरदार कमरे का निर्माण कराया जाना जरूरी है। लोगों ने आरोप लगाया कि तालाब में आसपास के घरों और दुकानों का गंदा पानी लगातार पहुंच रहा है। इससे तालाब में गंदगी बढ़ रही है और धार्मिक कार्यों के लिए आने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार, इस समस्या को लेकर कई बार संबंधित वार्ड सदस्य और नगर अध्यक्ष का ध्यान आकष्रित कराया जा चुका है, लेकिन अब तक प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई।

## बीडीओ पर सुविधा शुल्क मांगने का आरोप लगाने वाला ग्राम पंचायत अधिकारी निलंबित

ज्ञानपुर। औराई विकासखंड के बीडीओ पर सुविधा शुल्क मांगने और धमकी देने का आरोप लगाकर शिकायत करने वाले ग्राम पंचायत अधिकारी रविंद्रनाथ गौड़ पर ही कार्रवाई हो गई। जिला पंचायत राज अधिकारी संजय मिश्रा ने उन्हें आचरण नियमावली के विपरीत काय्र करने के आरोप में निलंबित कर दिया। हालांकि, बीडीओ पर लगाए गए सुविधा शुल्क और धमकी के आरोपों की विभागीय जांच अभी जारी है। ग्राम पंचायत अधिकारी ने जिलाधिकारी को दिए प्राथ्रना पत्र और आईजीआरएस के माध्यम से शिकायत की थी। इसमें आरोप लगाया था कि बीडीओ की ओर से उन पर अनुचित दबाव बनाते हुए सुविधा शुल्क की मांग की गई। शिकायतकर्ता ने 25 सितंबर की बातचीत की ऑडियो रिकॉर्डिंग होने का दावा करते हुए उच्चाधिकारियों से शिकायत करने पर गंभीर परिणाम भुगतने और सेवा समाप्त कराने की धमकी देने का भी आरोप लगाया था। मामला सामने आने के बाद बीडीओ ने आरोपों को निराधार बताया। उनका कहना था कि ग्राम पंचायत अधिकारी की कार्यशैली ठीक नहीं है और कार्य में सुधार के लिए हिदायत दिए जाने के बाद उनके द्वारा अनर्गल आरोप लगाए जा रहे हैं। इसी बीच जिला पंचायत राज अधिकारी ने ग्राम पंचायत अधिकारी के खिलाफआचरण नियमावली के विपरीत कार्य करने के मामले में निलंबन की काय्रवाई कर दी। कार्रवाई के बाद अब दोनों पक्षों के आरोप-प्रत्यारोप के बीच बीडीओ पर लगाए गए गंभीर आरोपों की जांच पर नजर है। विभागीय जांच पूरी होने के बाद ही यह स्पष्ट होगा कि सुविधा शुल्क मांगने और धमकी देने के आरोपों में कितनी सच्चाई है।

## साइक्लोसिनोन की बिक्री पर रोक, कृषि विभाग ने किसानों को किया सतर्क

### पंजीकृत दुकानों से ही कीटनाशक खरीदने की अपील, अमानक रसायन बेचने वालों पर होगी काररवाई

ज्ञानपुर। भारत सरकार के कृषि मंत्रालय से मिले निर्देश के बाद जिले में साइक्लोसिनोन हर्बिसाइड/कीटनाशक रसायन की बिक्री, प्रचार-प्रसार और प्रयोग पर रोक लगा दी गई है। कृषि विभाग ने किसानों को जागरूक करते हुए अपंजीकृत और अमानक कीटनाशकों से बचने की अपील की है। जिला कृषि रक्षा अधिकारी इरम ने बताया कि बाजार में उपलब्ध अपंजीकृत रसायनों में मौजूद खतरनाक तत्व भूमि की उव्ररा शक्ति को प्रभावित कर सकते हैं। इससे मिट्टी के जहरीली होने का खतरा रहता है। ऐसे रसायनों के छिड़काव के दौरान किसानों को त्वचा में जलन, आंखों में संक्रमण और सांस संबंधी गंभीर समस्याओं का खतरा भी हो सकता है। उप कृषि निदेशक डॉ. राम प्रवेश ने जागरूकता अभियान के दौरान किसानों से कहा कि कीटनाशक केवल पंजीकृत दुकानों से ही खरीदें। दवा खरीदते समय पैकेट पर दज्र लेबल, बैच नंबर और अन्य आवश्यक विवरण की जांच करें और दुकानदार से पक्का बिल जरूर लें। उन्होंने चेतावनी दी कि अमानक कीटनाशक रसायनों की बिक्री करने वाले दुकानदारों के खिलाफ कीटनाशी अधिनियम, 1968 के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। कृषि विभाग के क्षेत्रीय कर्मचारियों को भी निद्रेश दिया गया है कि वे समय-समय पर बाजारों का सर्वेक्षण कर कृषि रक्षा रसायनों की बिक्री पर निगरानी रखें।

### अधिवर्षता आयु पूरी कर उपनिरीक्षक विजय शंकर सिंह यादव सेवानिवृत्त

ज्ञानपुर। जनपद भदोही में तैनात उपनिरीक्षक विजय शंकर सिंह यादव अधिवर्षता आयु पूरी कर बुधवार को सेवानिवृत्त हो गए। पुलिस लाइन ज्ञानपुर में उनके सम्मान में विदाई समारोह आयोजित किया गया। समारोह में क्षेत्राधिकारी लाइन धीरेन्द्र सिंह ने सेवानिवृत्त उपनिरीक्षक को उपहार भेंट कर उनके स्वस्थ, सुखमय और समृद्ध जीवन की कामना की। अधिकारियों और पुलिसकम्रियों ने उनके सेवाकाल की सराहना करते हुए आगामी जीवन के लिए शुभकामनाएं दीं। पुलिस विभाग के अनुसार, विजय शंकर सिंह यादव ने अपने सेवाकाल में निष्ठा, ईमानदारी और कत्रव्यपरायणता के साथ जिम्मेदारियों का निर्वहन किया। विदाई समारोह में प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन समेत जनपद के अधिकारी और अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे। उपस्थित पुलिसकर्मियों ने उन्हें दीर्घायु और मंगलमय जीवन की शुभकामनाएं दीं।

### जनप्रतिनिधियों व संभ्रांत नागरिकों ने चित्र पर पुष्प अर्पित कर जताया शोक

ऊंज। क्षेत्र के सुघवै गांव निवासी समाजसेवी योगेश मिश्रा राहुल की दादी श्रीमती नरमादेवी के आकस्मिक निधन पर बुधवार को जनप्रतिनिधियों और क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों ने शोक जताया। लोगों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस दौरान ओमप्रकाश मिश्रा, डॉ. अजय शुक्ला, महेंद्र सिंह राजन, धर्मराज मिश्रा, अवधेश सिंह, विनोद मिश्रा, अरविंद सिंह सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# स्कूली वाहनों की जांच, सभी मिले फिट

**एआरटीओ ने बनकट के केपी मेमोरियल पब्लिक स्कूल में किया औचक निरीक्षण, चालकों को सुरक्षा नियमों के पालन की हिदायत**

ज्ञानपुर। स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बुधवार को एआरटीओ भदोही राम सिंह ने बनकट स्थित श्री केपी मेमोरियल पब्लिक स्कूल में छात्र परिवहन वाहनों का औचक निरीक्षण किया। अचानक हुई जांच से वाहन चालकों और विद्यालय प्रबंधन में हलचल रही। एआरटीओ ने एक-एक कर स्कूल वाहनों की फिटनेस, परमिट, बीमा और प्रदूषण संबंधी दस्तावेजों की जांच की। सभी वाहन निर्धारित सुरक्षा मानकों पर खरे मिले। दस्तावेज भी दुरुस्त पाए जाने पर उन्होंने संतोष जताया। एआरटीओ ने चालकों और परिचालकों को स्पष्ट निर्देश दिया कि बच्चों को लेकर वाहन चलाते समय गति सीमा का कड़ाई से पालन करें। तीखे मोड़, भीड़भाड़ और आबादी वाले क्षेत्रों में विशेष सावधानी बरतें। वाहनों में फर्स्ट-एड बॉक्स और अग्निशामक यंत्र हर समय कार्यशील स्थिति में रखने के निर्देश दिए। उन्होंने चेताया कि ड्यूटी के दौरान नशे का सेवन किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। राम सिंह ने कहा कि स्कूली बच्चों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। अनफिट, बिना परमिट या सुरक्षा मानकों की अनदेखी करने वाले वाहनों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। बच्चों की जान जोखिम में डालने की अनुमति किसी को नहीं दी जाएगी। विद्यालय प्रबंधक अतुल कुमार उपाध्याय ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाता। प्रधानाचार्य वर्षा उपाध्याय ने बताया कि चालकों का समय-समय पर चरित्र सत्यापन और मेडिकल परीक्षण कराया जाता है। निरीक्षण के दौरान शिक्षक, प्रशासनिक कर्मचारी और वाहन चालक मौजूद रहे।



## दो माह में आठ नए किडनी मरीज मिले, डायलिसिस यूनिट में १०५ का उपचार

ज्ञानपुर। जिले में किडनी संबंधी बीमारी के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। पिछले दो माह में आठ नए मरीज सामने आए हैं। स्वास्थ्य विभाग ने इनका उपचार शुरू करा दिया है। जिला मुख्यालय के पास स्थित सौ शैय्या संयुक्त अस्पताल परिसर में संचालित डायलिसिस यूनिट में वर्तमान में 105 मरीजों का उपचार चल रहा है। इनमें 90 मरीज भदोही और 15 प्रयागराज व जौनपुर के हैं। डायलिसिस यूनिट के वरिष्ठ टेक्नीशियन विनय कुमार ने बताया कि मरीजों को उपचार के साथ किडनी संक्रमण के लक्षण और बचाव की जानकारी भी दी जा रही है। उन्होंने बताया कि बार-बार पेशाब लगना, पेशाब में खून या मवाद आना, बुखार के साथ पीठ, बाजू या कमर में दर्द होना, कंपकंपी या ठंड लगना तथा पेशाब के दौरान दर्द व जलन किडनी संक्रमण के शुरुआती लक्षण हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि किडनी संक्रमण किसी भी उम्र में हो सकता है। ऐसे लक्षण दिखाई देने पर लापरवाही न बरतते हुए तत्काल जांच करानी चाहिए।

# सराफा पर धोखाधड़ी और जातिसूचक शब्दों के आरोप में मुकदमा

**गिरवी रखे जेवर न लौटाने का आरोप, अदालत के आदेश पर दर्ज हुआ केस**

गोपीगंज। सुरियावां थाना क्षेत्र के खरगसेन पट्टी निवासी महिला की शिकायत पर गोपीगंज के एक सर्राफा के खिलाफ धोखाधड़ी और जातिसूचक शब्दों के प्रयोग का मुकदमा दर्ज किया गया है। महिला कुसुम देवी का आरोप है कि मार्च 2023 में उपचार के लिए उन्होंने दो चांदी की करधनी, पैजनी और सोने के आभूषण सर्राफा की दुकान पर गिरवी रखकर 16,600 रुपये लिए थे। महिला के अनुसार 26 जून 2026 को पिता और फूफा के साथ जेवर छुड़ाने पहुंचीं तो अगले दिन आने को कहा गया। 27 जून को पहुंचने पर सर्राफा ने कथित तौर पर जेवर 'डूब जाने' की बात कहते हुए वापस करने से इनकार कर दिया। आरोप है कि जेवर मांगने पर गाली-गलौज और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया गया। महिला ने पुलिस से शिकायत की, लेकिन कार्रवाई न होने पर अदालत की शरण ली। अदालत के निर्देश के बाद बीएनएस की संबंधित धाराओं और एससी-एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# हत्या के मामले में दोषी को आजीवन कारावास, अर्थदंड

## तरवां क्षेत्र के शाहपुर कानूनगो गांव में सात साल पहले मिट्टी डालने के दौरान हुई थी घटना

आजमगढ़। हत्या के मुकदमे में सुनवाई पूरी करने के बाद अदालत ने एक आरोपी को आजीवन कारावास

**कोर्ट से**

**दो आरोपियों को साधारण मारपीट का दोषी पाते हुए छह महीने की सजा**

तथा पैंतालीस हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। इसी मुकदमे के दो आरोपियों को साधारण मारपीट का दोषी पाते हुए उन्हें छह महीने के कारावास तथा प्रत्येक को एक हजार रुपए अर्थदंड भी लगाया। जबकि पर्याप्त सुबूत के अभाव में दो आरोपियों को दोषमुक्त कर दिया। जुर्माने की आधी राशि मृतक के वैध वारिस को दी जाएगी।




यह फैसला विशेष सत्र न्यायाधीश ओमप्रकाश मिश्रा ने बुधवार को सुनाया। अभियोजन पक्ष के अनुसार वादी मुन्ना पांडेय निवासी शाहपुर कानूनगो थाना तरवां अपने पुत्रों इन्द्रसेन व चंद्रमणि के साथ 29 नवंबर 2019 को सुबह 9 बजे दीवाल की सुरक्षा के लिए मिट्टी डाल रहे थे। तभी पड़ोसी संजय, मृत्युंजय, पंकज पांडेय, सरोज पांडेय तथा उपेंद्र पांडेय वहां आ गए और गाली गलौज देने लगे। वादी के एतराज करने पर संजय ने चंद्रमणि पांडेय को गोली मार दी। जिससे अस्पताल जाते जाते चंद्रमणि की मृत्यु हो गई। पुलिस से जांच पूरी करने के बाद मुकदमे में चार्ज शीट दाखिल किया। अभियोजन पक्ष की तरफ से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता ओम प्रकाश सिंह, निर्मल शर्मा तथा सुधन प्रसाद एडवोकेट ने कुल दस गवाहों को न्यायालय में परीक्षित कराया। दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद अदालत ने आरोपी संजय को हत्या तथा अवैध असलहा रखने का दोषी पाते हुए आजीवन कारावास तथा पैतालीस हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। जबकि आरोपी मृत्युञ्जय तथा पंकज को साधारण मारपीट का दोषी पाते हुए उन्हें छह महीने के कारावास तथा प्रत्येक को एक हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई।

### कूटरचित नियुक्ति पत्र देने वाले की जमानत अर्जी खारिज

आजमगढ़। सेना में अग्निवीर की भर्ती करने के नाम पर रुपए लेने तथा कूटरचित नियुक्ति पत्र दिए जाने के मामले में सुनवाई पूरी करने के बाद गैंगस्टर कोर्ट के जज अमर सिंह ने बुधवार को एक आरोपी की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज कर दी। अभियोजन पक्ष के अनुसार अग्निवीर में भर्ती कराने के नाम पर आरोपी पिंटू यादव उर्फ कृष्णा निवासी ध्यानीपुर थाना अतरौलिया की गैंग ने आशीष यादव से ढाई लाख रूपये लेकर फर्जी जॉइनिंग लेटर दिया। इस मामले में सितंबर 2026 में गैंगस्टर एक्ट के तहत भी मुकदमा दर्ज किया गया। इस मामले में दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद अदालत ने आरोपी पिंटू यादव उर्फ कृष्णा की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज कर दिया।

# अंजली प्रथम, अपर्णा यादव द्वितीय और सुमित को तीसरा स्थान

बूढ़नपुर, आजमगढ़। बेसिक शिक्षा परिषद के अंतर्गत बीआरसी कोयलसा में ब्लॉक स्तरीय सामाजिक विज्ञान बहुविकल्पीय प्रतिभा खोज परीक्षा का

**बीआरसी कोयलसा पर सामाजिक विज्ञान प्रतिभा खोज परीक्षा, मेधावी छात्र सम्मानित**

आयोजन किया गया। परीक्षा में कोयलसा ब्लॉक के 39 उच्च प्राथमिक एवं कंपोजिट विद्यालयों से चयनित 115 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। परीक्षा को निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों को कक्ष निरीक्षक नियुक्त किया गया। प्रतियोगिता में बड़ागांव की अंजली मौर्य ने 87 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं कंपोजिट विद्यालय भैरोपुर की अपर्णा यादव ने 75 अंक प्राप्त कर द्वितीय तथा भैरोपुर के सुमित चौरसिया ने 74 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। तीनों मेधावी



विद्यार्थियों को कलाई घड़ी, एक-एक हजार रुपये की नकद धनराशि, स्कूल बैग, सामान्य ज्ञान की पुस्तक और थर्मस देकर सम्मानित किया गया।

मेधावी विद्यार्थियों की सफलता पर विद्यालय के शिक्षकों और अभिभावकों ने खुशी जताई। आयोजन को शिक्षक समुदाय, अभिभावकों और क्षेत्रीय लोगों ने सराहनीय पहल बताते हुए बच्चों के लिए ऐसे आयोजनों को जारी रखने की बात कही। खंड शिक्षा अधिकारी पंकज कुमार मौर्य के मार्गदर्शन तथा सामाजिक विज्ञान एआरपी शैलेश सिंह के नेतृत्व में परीक्षा संपन्न हुई। आयोजन में एआरपी गणित निखिल कुमार सिंह, एआरपी हिंदी पवन चौबे और एआरपी विज्ञान अंजनी दुबे का भी सहयोग रहा। इस अवसर पर डायट के सामाजिक विज्ञान प्रवक्ता विनय शंकर ने बतौर विशिष्ट अतिथि प्रतिभागी बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

### शिब्ली कालेज के राजनीति विभागाध्यक्ष की मां का निधन

आजमगढ़। शिबली नेशनल कॉलेज के राजनीति विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. शफीउज्जमा की माता का इंतकाल हो गया। वह काफी समय से अस्वस्थ चल रही थीं। उनके निधन से परिवार एवं शुभचिंतकों में शोक व्याप्त है। उनके बड़े पुत्र डॉ. शफीउज्जमा शिबली नेशनल कॉलेज में रानीनीति विभागाध्यक्ष तो छोटे पुत्र अतीउज्जमा दीवानी न्यायालय में अधिवक्ता हैं। नमाज-ए-जनाजा बुधवार को मगरिब की नमाज के बाद उनके पैतृक आवास ग्राम चितारा-महमूदपुर, मार्टीनगंज अदा की गई।

### अतरौलिया में एसडीओ का स्थानांतरण, राजभर का धरना स्थगित

अतरौलिया, आजमगढ़। अतरौलिया विद्युत उपखंड अधिकारी प्रवीन कुमार वर्मा का तत्काल प्रभाव से स्थानांतरण कर दिया गया। स्थानांतरण आदेश जारी होने के बाद पंचायतीराज एवं अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने बुधवार को प्रस्तावित धरना स्थगित कर दिया। सुभासपा की ओर स्थानांतरण की मांग को लेकर अतरौलिया उपकेंद्र पर धरना प्रस्तावित था, जिसमें मंत्री ओमप्रकाश राजभर के शामिल होने की भी घोषणा की गई थी। देर रात स्थानांतरण आदेश जारी होने के बाद पार्टी ने धरना स्थगित करते हुए लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। इसकी जानकारी पार्टी के प्रदेश प्रमुख महासचिव युवा मंच दीपक सिंह ने दी।

### नाबालिग को अगवा करने का आरोपी पकड़ा गया

आजमगढ़। जहानागंज थाने के एसआई शिवम त्यागी की टीम ने बुधवार को दिन के लगभग पौने ग्यारह बजे मुखबिर खास की सूचना पर नाबालिग को अगवा करने के आरोपी मानव कुमार उर्फ अर्जुन पुत्र किशुन लाल निवासी भीटी पल्हना, थाना देवगांव को लंगड़ा बाबा स्थान, सेमा के पास से पकड़ लिया। इस मामले में 9 अगस्त को थाना जहानागंज पर महिला ने सूचना दी थी कि उसकी नाबालिग पुत्री स्कूल जाने की बात कहकर घर से निकली थी, जिसे मानव कुमार उर्फ अर्जुन बहला-फुसलाकर भगा ले गया। विवेचना के दौरान साक्ष्यों के आधार पर मुकदमे में धाराओं की बढ़ोत्तरी की गई।

# सड़क हादसों में घायल दो युवकों की उपचार के दौरान मौत

बलरामपुर, आजमगढ़। अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में घायल दो युवकों की मंगलवार रात

**मुबारकपुर के पुसड़ा आइमा और फूलपुर के भोरमऊ में हुए थे हादसे**

उपचार के दौरान मौत हो गई। दोनों का अलग-अलग अस्पतालों में उपचार चल रहा था। मऊ जनपद के चिरैयाकोट थाना क्षेत्र के जमीन सरौदा गांव निवासी 24 वर्षीय आकाश टाइल्स लगाने का काम करता था। सोमवार को वह अपने बड़े भाई रणवीर की ससुराल मुबारकपुर थाना क्षेत्र के चकतगे गांव गया था। शाम को बाइक से घर लौटते समय पुसड़ा आइमा के पास पीछे से आए अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल आकाश को सठियांव पीएचसी ले जाया गया, जहां से हालत गंभीर देख मंडलीय अस्पताल रेफर कर दिया गया। मंगलवार रात उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। आकाश तीन भाइयों और चार बहनों में सबसे छोटा था। वहीं, फूलपुर कोतवाली क्षेत्र के भटिनपारा गांव निवासी 48 वर्षीय रामअवध 18 सितंबर को साइकिल से सिकरौर बाजार से घर लौट रहा था। भोरमऊ के पास पीछे से आए मैजिक वाहन ने साइकिल में टक्कर मार दी। गंभीर हालत में उसे मंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से रेफर किए जाने पर शहर के निजी अस्पताल में उपचार चल रहा था। मंगलवार रात उसकी मौत हो गई। रामअवध के एक बेटा और दो बेटियां हैं।

### सहायक अध्यापक की नौकरी दिलाने के नाम पर २.३० लाख की ठगी

आजमगढ़। मेहनाजपुर थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार सिंह के नेतृत्व में एसआई प्रशान्त पाण्डेय की टीम ने मुखबिर की सूचना पर बुधवार को दिन के लगभग सवा दो बजे मानिकपुर मोड़ से सहायक अध्यक्षपक की नौकरी के नाम पर 2.30 लाख की ठगी और फर्जी नियुक्ति पत्र देने के आरोपी हरिश्चन्द्र उर्फ हरिचरन राम पुत्र रामफेर राम निवासी ग्राम बेला कलीचपुर को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से पुलिस ने 1 फर्जी परिचय पत्र कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, एक फर्जी मुहर, 1 आधार कार्ड, 1 मोबाइल फोन एवं 10 हजार नकद बरामद किया गया। इस मामले में लक्ष्मन विश्वकर्मा पुत्र फेकन विश्वकर्मा निवासी हिलालपुर ने तहरीर दी थी कि हरिश्चन्द्र पुत्र रामफेर स्वयं को बीएसए कार्यालय का कर्मचारी बताते हुए फर्जी परिचय पत्र दिखाकर सहायक अध्यापक की नौकरी दिलाने के नाम पर उससे 2.30 लाख ले लिए तथा कुछ दिन बाद फर्जी नियुक्ति पत्र दे दिया।

# स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा के अनादर पर भड़का विद्यार्थी परिषद

आजमगढ़। सिविल लाइंस स्थित ऐतिहासिक स्वामी विवेकानंद पार्क में अतिक्रमण और स्वामी विवेकानंद जैसे

**नगर पालिका के मुख्य द्वार पर कार्यकर्ताओं ने किया धरना-प्रदर्शन**

महापुरुष की प्रतिमा के अनादर के विरोध में बुधवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने कलेक्ट्रेट परिसर में ज्ञापन देने के बाद नगर पालिका गेट से लेकर परिसर तक जोरदार प्रदर्शन किया। विभाग संयोजक गौरव प्रताप शर्मा के नेतृत्व में पहुंचे कार्यकर्ताओं ने जिला प्रशासन और नगर पालिका के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। अधिशासी अधिकारी और चेयरमैन की अनुपस्थिति से नाराज कार्यकर्ताओं ने नगर पालिका गेट पर धरना दे दिया। स्थिति को देखते हुए मौके पर पहुंचे कर निर्धारण



अधिकारी धर्मेंद्र सोनी और बाद में कलेक्ट्रेट में अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन सौंपा। विद्यार्थी परिषद के विभाग संयोजक गौरव प्रताप शर्मा ने कहा कि सिविल लाइंस स्थित स्वामी विवेकानंद पार्क युवाओं और छात्रों की राष्ट्रभक्ति का केंद्र है। एक निजी इजूसा डायमंड ज्वेलर्स प्रतिष्ठान ने अपने व्यावसायिक लाभ के लिए पार्क के भीतर नियमों को दरकिनार कर एक विशाल लोगो लगा दिया है। इस अवैध ढांचे के कारण स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा पीछे छिप गई है, जो उनका अनादर है। आरोप लगाया कि नगर पालिका द्वारा जनता के पैसों से निर्मित फव्वारे को संबंधित कंपनी ने मिट्टी से पाटकर नष्ट कर दिया है, जो सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और भ्रष्टाचार का प्रत्यक्ष मामला है।

### फूलपुर के नवागत सीओ ने संभाला कार्यभार

फूलपुर, आजमगढ़। नवागत क्षेत्राधिकारी भूपेश कुमार पाण्डेय ने फूलपुर कार्यालय पहुंचकर कार्यभार ग्रहण किया। कार्यभार संभालने के बाद उन्होंने क्षेत्र की कानून-व्यवस्था और आगामी त्योहारों को लेकर प्राथमिकताओं की जानकारी दी। मीडिया से बातचीत में सीओ ने कहा कि आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण और सुरक्षित माहौल में संपन्न कराना उनकी प्राथमिकता है। त्योहारों के दौरान बाजारों में बढ़ने वाली भीड़ को देखते हुए यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे, ताकि लोगों को जाम की समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि अपराध और अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण के साथ ही क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखना उनकी प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल है। अपराध की रोकथाम के लिए पुलिस की सक्रियता बढ़ाने और आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने पर जोर दिया जाएगा।

# सितंबर में जन्मे बच्चों का मना सामूहिक जन्मदिन समारोह




रानी की सराय, आजमगढ़। कंपोजिट विद्यालय सरायमीर में सितंबर माह में जन्मे सभी विद्यार्थियों का सामूहिक जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बच्चों ने केक काटकर अपनी खुशियां साझा कीं। विद्यालय परिवार की ओर से जन्मदिन मनाने वाले सभी बच्चों को उपहार भेंट किए गए। सामूहिक जन्मोत्सव के आयोजन से विद्यालय में खुशी और उत्साह का माहौल रहा। मुख्य अतिथि जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) के प्रवक्ता आशुतोष श्रीवास्तव तथा विशिष्ट अतिथि सतीश चंद्र यादव रहे। विद्यालय पहुंचने पर बच्चों की कलर पार्टी ने पुष्पगुच्छ भेंटकर अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया। इसके बाद विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं की ओर से दोनों अतिथियों को अंगवस्त्रम प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर माह में सर्वाधिक उपस्थिति दर्ज कराने वाले विद्यार्थियों को भी पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। मुख्य अतिथि आशुतोष श्रीवास्तव ने कहा कि विद्यालय में इस प्रकार के आयोजन आत्मीयता बढ़ाते हैं। विशिष्ट अतिथि सतीश चंद्र यादव ने विद्यालय की शैक्षिक गतिविधियों और व्यवस्था की सराहना करते हुए कहा कि यहां की उत्कृष्ट शिक्षा व्यवस्था एक अनुकरणीय मॉडल है। राज्य शिक्षक पुरस्कार प्राप्त सहायक अध्यापक अभिमन्यु यादव ने कहा कि विद्यालय बच्चों के लिए केवल पढ़ाई का स्थान नहीं, बल्कि उनकी खुशियों, सपनों और व्यक्तित्व को संवारने का भी स्थान है। अध्यक्षता महमूदूल हसन और संचालन सहायक अध्यापिका रश्मि मौर्य ने किया।

# साइबर ठगी के शिकार दो के खाते में २० हजार कराया वापस

आजमगढ़। रौनापार और बरदह थाने की पुलिस ने साइबर ठगी के शिकार दो लोगों के खाते में 20 हजार रुपये वापस कराकर बड़ी राहत दी है। रौनापार थाना क्षेत्र के ग्राम अराजी अजगरा मशर्की निवासी संजय यादव पुत्र उदयभान यादव द्वारा विदेश भेजने के नाम पर एक एजेंट को धनराशि दी गयी थी। एजेंट द्वारा न तो आवेदक को विदेश भेजा गया और न ही धनराशि वापस की गयी। आवेदक से 15 अगस्त को 41,200/- की साइबर ठगी के संबंध में शिकायत की गई। साइबर टीम ने संबंधित बैंकों से तत्काल समन्वय एवं पत्राचार करते हुए धनराशि में से 33,636 रुपये बैंक खातों में होल्ड कराया गया। होल्ड धनराशि में से 12,616 रुपये 28 सितंबर को पोर्टल के माध्यम से खाते में वापस कराए गए। शेष होल्ड धनराशि को भी आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरान्त वापस कराये जाने की कार्यवाही

# तीन दिन से लापता युवक के रूप में हुई तमसा में मिले शव की पहचान

बलरामपुर, आजमगढ़। सिधारी थाना क्षेत्र के दौलतपुर गांव के पास मंगलवार को तमसा नदी में मिले

**रविवार शाम घर से बिना बताये निकला था विवेक, दर्ज करायी गयी थी गुमशुदगी**

युवक के शव की बुधवार को पहचान हो गई। मृतक की पहचान राउतमऊ गांव निवासी 18 वर्षीय विवेक दूबे उर्फ चंदन पुत्र टप्पू दूबे के रूप में हुई। वह तीन दिन से घर से लापता था। परिजन उसकी तलाश में जुटे थे और सोमवार को सिधारी थाने में गुमशुदगी की तहरीर दी थी। राउतमऊ गांव निवासी विवेक दूबे दो बहनों में इकलौता भाई था। वह फरीदाबाद में रहकर काम करता था और करीब एक सप्ताह पूर्व ही घर आया था। परिजनों के अनुसार, रविवार शाम वह बिना बताए घर से निकल गया। देर रात तक वापस नहीं लौटा तो परिवार के लोगों ने उसकी तलाश शुरू की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। इसके बाद सोमवार को परिजनों ने सिधारी थाने पहुंचकर गुमशुदगी दर्ज कराने के लिए तहरीर दी। मंगलवार को दौलतपुर गांव के पास तमसा नदी में युवक का शव मिलने की सूचना पर पुलिस ने उसकी पहचान कराने का प्रयास किया। सूचना मिलने पर पहुंचे परिजनों ने शव की पहचान विवेक के रूप में की। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# पितरों के प्रति श्रद्धा का अर्पण संग करें भ्रांतियों का तर्पण

आजमगढ़। रोज के दिनों में हम तमाम देवों की पूजा करते हैं, लेकिन पितृ देव के लिए भी सनातन धर्म में

**इस पक्ष में मुहूर्त आधारित काम पर ही रोक, बाकी पर नहीं है कोई पाबंदी**

एक विशेष पखवाड़ा निर्धारित किया गया है, जिसे हम पितृपक्ष कहते हैं। इस पक्ष में हम अपने पितरों के प्रति श्रद्धा अर्पित करते हैं, लेकिन लोकाचार में कुछ भ्रांतियां हैं, जिन्हें दूर करने की भी जरूरत है। ऐसे में हम पितरों के प्रति श्रद्धा अर्पण के साथ भ्रांतियां का भी तर्पण करें तो शायद हमारे पितृ देव और भी प्रसन्न हो सकते हैं। आमतौर पर लोगों में भ्रांति है कि पितृ पक्ष में कोई खरीदारी नहीं करनी चाहिए। कुछ लोग तो रोज की पूजा से भी परहेज करते हैं, लेकिन यह सही नहीं है। पितृ पक्ष में भूमि, वाहन, वस्त्र आदि की खरीद बेहिचक करनी चाहिए। केवल मुहूर्त आधारित कार्य नहीं करने चाहिए, बाकी काम पर कोई पाबंदी नहीं है। यह कहना है वरिष्ठ कर्मकांडी, ज्योतिषाचार्य सत्यम त्रिपाठी उर्फ सत्यम गुरु का। उन्होंने कहा कि हम अपने पूर्वजों द्वारा निर्मित मकान में निवास करते हैं, उनके द्वारा छोड़ी गई कृषि भूमि का अनाज खाते हैं और यहां तक कि उन्हीं की देन है कि हम धरती पर मानव जीवन में निवास कर रहे हैं तो फिर पितृ पक्ष में जीवन से जुड़े किसी तरह के सामान्य काम से परहेज उचित नहीं है। इसी के साथ स्पष्ट किया कि कुछ कार्य इस पक्ष में नहीं कर सकते, जैसे शादी, उपनयन संस्कार, गृह प्रवेश, भूमि पूजन अथवा मकान, दुकान का निर्माण आदि। ऐसा इसलिए कि यह कार्य मुहूर्त आधारित होते हैं और पितृ पक्ष में इसके लिए मुहूर्त नहीं होता। उन्होंने कहा कि हम अगर पितृ पक्ष में जमीन खरीदते हैं तो हमारे पूर्वजों की आत्मा इसलिए खुश होगी कि हमने उनके द्वारा छोड़ी गई धरोहर में कुछ जोड़ा। हमारी जरूरत वाहन की है और हम जेब में पैसा होते हुए भी पैदल सफर कर रहे हैं, तो उनकी आत्मा हमारे कष्ट को देखकर दुखी होगी। यानी हमारी खुशी को देखकर ही पूर्वजों की आत्मा को खुशी मिलेगी। इसलिए मन में किसी प्रकार की गलतफहमी नहीं रखनी चाहिए। अगर पूर्वजों को याद करने का पर्व पितृ पक्ष अशुभ है और इस पक्ष में कुछ भी शुभ करना गलत है, तो हम शादी के मंडप में अपने पितरों को क्यों आमंत्रित करते हैं। यह तो पूर्वजों को याद करने और उनका आशीर्वाद प्राप्त करने का पर्व है और शास्त्रों में इसे निर्धारित किया गया है।

# अतरौलिया-अहरौला मार्ग पर शव रखकर रास्ता जाम की कोशिश

## खजुरी गांव के पास युवक का मिला शव, हत्या की आशंका

अतरौलिया, आजमगढ़। अहरौला थाना क्षेत्र के खजुरी गांव स्थित नहर के माइनर में मंगलवार सुबह अतरौलिया थाना क्षेत्र के अगया गांव निवासी 23 वर्षीय कुंदन कुमार का शव मिलने के बाद परिवार के लोगों ने सिर पर चोट के निशान देख हत्या की आशंका जताते हुए पोस्टमार्टम के लिए अंतिम संस्कार करने से इन्कार कर दिया वहीं अहरौला-अतरौलिया मार्ग पर शव रखकर बुधवार को जाम लगाने का प्रयास किया। कुंदन सोमवार शाम से लापता था। परिजनों ने कुछ लोगों पर बहला-फुसलाकर ले जाने और हत्या कर शव नहर में फेंकने का आरोप लगाया है। पोस्टमार्टम के बाद मंगलवार शाम परिजन शव लेकर गांव पहुंचे और देर रात तक



कार्रवाई की मांग को लेकर हंगामा करते रहे।

सूचना पर उपजिलाधिकारी बूढ़नपुर, क्षेत्राधिकारी बूढ़नपुर विजय सिंह गौड़, अतरौलिया थानाध्यक्ष अश्वनी कुमार दुबे समेत बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंचा। अधिकारियों ने परिजनों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वे आरोपियों के खिलाफ ठोस कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे। बुधवार सुबह करीब आठ बजे परिजनों ने शव को घर से उठाकर अगया बाजार में अतरौलिया-अहरौला मार्ग पर जाम लगाने का प्रयास किया। मौके पर पहले से मौजूद पुलिस ने लोगों को समझाकर जाम लगाने से रोक दिया। इस दौरान मौके पर महिलाओं की संख्या अधिक रही। परिजनों का कहना था कि जब तक मामले में ठोस कार्रवाई नहीं होगी, तब तक वे शव का अंतिम संस्कार नहीं करेंगे। परिजनों की नाराजगी को देखते हुए क्षेत्राधिकारी बूढ़नपुर, कप्तानगंज थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार, अतरौलिया थानाध्यक्ष अश्वनी कुमार दुबे और अहरौला थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। काफी समझाने-बुझाने के बाद परिजन अंतिम संस्कार के लिए तैयार हुए।

### पहले भी मारपीट और धमकी देने का आरोप

अतरौलिया। मृतक कुंदन की मां बादामा और भाभी संध्या ने आरोप लगाया कि कुछ दिन पहले चौबे का पूरा गांव के कुछ लोगों ने कुंदन के साथ मारपीट की थी और उसे जान से मारने की धमकी भी दी थी। परिजनों ने आशंका जताई कि उन्हीं लोगों ने कुंदन को बुलाकर उसकी हत्या की और शव नहर में फेंक दिया। इस मामले में क्षेत्राधिकारी बूढ़नपुर विजय सिंह गौड़ ने बताया कि पीड़ित पक्ष की ओर से आरोप लगाया गया है कि कुछ व्यक्ति कुंदन को बुलाकर अपने साथ ले गए थे और उसकी हत्या कर दी गई। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मामले की जांच की जाएगी और तथ्यों के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

**सोने की नीलामी की सूचना**

बजाज फाइनेंस लिमिटेड ("BFL");
पंजीकृत कार्यालय: चौथी मंजिल, बजाज फिनसर्व हाउस, ऑफ पुणे-अहमदनगर रोड, विमान नगर, पुणे - 411014

BAJAJ FINANCE

ऋणियों एवं सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नीचे उल्लिखित ऋणियों ने बार-बार सूचना दिए जाने के बावजूद लोन का भुगतान या आवश्यक मार्जिन जमा नहीं किया है। इस कारण, ऋणियों द्वारा लोन के विरुद्ध सुरक्षा के रूप में गिरवी रखे गए सोने की नीलामी "जैसा है, जहाँ है" के आधार पर निम्नलिखित शर्तों के अनुसार की जाएगी: 1. क्यूआर कोड स्कैन कर सार्वजनिक सूचना (सोने का विवरण एवं सकल वजन) की सम्पूर्ण जानकारी देखें, 2. बोलीदाताओं के लिए सभी नियम एवं शर्तें निम्न लिंक पर उपलब्ध हैं: All about our Terms and Conditions - Bajaj Finance Limited 3. सभी बोलीदाताओं को नीलामी से पूर्व ₹25,000/- की अग्रिम जमा राशि (EMD) ऑनलाइन ट्रांसफर के माध्यम से जमा करना अनिवार्य हैं; 4. नीलामी स्थल पर प्रातः 10 बजे वैध पहचान एवं पते के प्रमाण के साथ व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होना अनिवार्य है। नीलामी की तिथि में किसी भी प्रकार का परिवर्तन नीलामी केंद्र पर प्रदर्शित किया जाएगा। बोली प्रस्तुत करना उपरोक्त नियमों एवं शर्तों की स्वीकृति माना जाएगा। अधिक जानकारी के लिए wecare@bajajfinserv.in पर संपर्क करें।

(11-11-26) आगरा - बाइपास रोड: PMV6GOL31251516, 92931566, 42482095, 45082084. अलीगढ़ - मैरिस रोड: POW5GOL92641337, 92661711. अंबेडकर नगर - शहजादपुर रोड: PRG2GOL90821857, 94618458, 95080861, 95165402, 96008070, 96513633, 96503227, 97173059, 97200341, 97620161. अमरोहा - जय ओम नगर: PRE7GOL92706115, 95527834, 96553180, 97170082. औरैया - सुभाष चौराहा: PRE9GOL91276272, 91268126, 93842824, 94346165, 94277580, 94388159, 94653682, 95165982, 96012995, 96526897, 96960704, 97553743. बहराइच - गोंडा रोड: POU5GOL30810126, 34115436, 91322266, 91711748, 93911205, 44130847, 96522284, 96771701, 97048622, 97568743, 97592375. बाराबंकी - फैजाबाद बाइपास रोड: POU2GOL90830738, 40770886, 41027469, 92644592, 92910129, 42241686, 42358733, 95970463, 97000633, 96964198. गाज़ियाबाद - लाल कुआँ: PSG2GOL96057219, 96029668, 96495946, 96722520. गाज़ियाबाद - संजय नगर: PSF9GOL92909846, 93222405, 93911707, 94369321, 94415005, 94307256, 94663546, 94824739, 94834357, 95310338, 96068537, 96302768, 96505562, 96529017, 97176870, 97180959, 97574664, 97554117. गोरखपुर - असुरन चौक: PUI4GOL93846738, 96232588, 96702264, 97712051. कानपुर - गोविंद नगर: POW8GOL90877490, 92209438, 92951632, 93561668, 94600768, 95624873, 95963347, 97020881, 45054336. लखनऊ - आलमबाग कानपुर रोड: POV7GOL21836185, 90858506, 90883309, 90877060, 90907927, 40730668, 40741506, 91312877, 91314251, 91267246, 91261976, 91398902, 91389472, 91388686, 91793855, 91784872, 91755751, 91793783, 91927302, 92124842, 92735762, 92631490, 92700048, 92605111, 92733825, 92743785, 92619286, 92748931, 93669415, 93750144, 93679229, 93703806, 93718445, 93673919, 93704335, 42656854, 94448589, 94309928, 94359547, 94688966, 94630216, 43115399, 94902444, 94908493, 95365461, 95327057, 95334326, 43637435, 95562002, 95581987, 95588959, 96239284, 96259548, 96538625, 96511640, 96802731, 96965224, 96986004, 97230671, 97216794, 97552607, 97571997, 97585252, 97560867, 45371334. (12-11-26) आगरा - फतेहाबाद रोड: PMO9GOL90871437, 90822705, 90866761, 90927578, 90878376, 40791948, 95551046, 96268082. बड़ौत - दिल्ली सहारनपुर रोड: PRQ7GOL90908326, 90845150, 93202635, 93711021, 93665934, 94852637, 94859833, 94823937, 95349925, 95335068. बरेली - चौपला रोड: PQM4GOL91132269, 43245411, 95614564, 97256549, 97245761. बरेली - पीलीभीत रोड: PMR2GOL33608006, 91106359, 91842424, 91820418, 41640511, 92751734, 93159853, 93221974, 93227922, 93202763, 94343190, 94674033, 95355561, 95967007, 44665159, 44669539, 97239844, 97626959, 97592672. बस्ती - कचहरी रोड: PRF8GOL93407608, 95376949, 96031337, 96266863, 96449709, 96785946. बिजनौर - सिविल लाइंस: PMO7GOL29518327, 92182943, 92667914, 93470288, 94887422, 95347666, 96738427, 96714654, 96989072. बुलंदशहर - साठा रोड: PMQ1GOL21481107, 91444856, 91445704, 91918518, 41606126, 41883639, 41875062, 94327398, 94411134, 94307326, 96016965, 97688522. दादरी - रेलवे रोड: PSG4GOL94825082. देवरिया - गोरखपुर रोड: PRG1GOL90820091, 90932474, [illegible]

बजाज फाइनेंस लिमिटेड

# पेड़ से लटका मिला अधेड़ का शव

## परिजनों में कोहराम, जांच में जुटी पुलिस

**ओबरा( सोनभद्र )।** जुगैल थाना क्षेत्र के खेवधा में बुधवार की सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में एक अधेड़ का पेड़ से लटकते हुए शव पाये जाने से इलाके में सनसनी फैल गई। अधेड़ ने किन कारणों से फांसी लगाई इसकी जानकारी नहीं हो सकी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया और मामले की जांच में जुट गई है। खेवधा गांव निवासी 65 वर्षीय अमरनाथ चेरो पुत्र प्रताप का बुधवार की सुबह घर के कुछ दूर अपने ही खेत में पेड़ से लटकता शव ग्रामीणों ने देखा। शव देखकर गांव में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही परिजन भी रोते बिलखते मौके पर पहुंच गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अधेड़ ने किन कारणों से फांसी लगाई इसकी जानकारी नहीं हो सकी है। जुगैल पुलिस का कहना है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

## मासूम ने खेल-खेल में पकड़ा करैत सांप

**दुद्धी( सोनभद्र )।** कोतवाली क्षेत्र के गुलालझरिया गांव से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। जहां मंगलवार की देर शाम घर के आंगन में खेल रही चार वर्षीय मासूम बच्ची ने एक जहरीले करैत सांप को पकड़ लिया। परिजनों के मुताबिक, राजेश कुमार की 4 वर्षीय पुत्री नीतू कुमारी मंगलवार की देर शाम अपने घर के आंगन में खेल रही थी। इसी दौरान बच्ची ने वहां मौजूद करैत सांप को हाथ से पकड़ लिया। बच्ची के अचानक रोने की आवाज सुनकर जब उसकी मां बदहवास हालत में दौड़ी, तो देखा कि बच्ची के हाथ में सांप था। मां को आता देख बच्ची ने सांप को झटक कर दूर फेंक दिया, लेकिन वह लगातार रोती रही। सांप के काटे जाने की आशंका से घबराए परिजनों ने तत्काल 108 एम्बुलेंस को कॉल किया।लेकिन एम्बुलेंस न मिलने पर परिजनों ने बिना समय गंवाए निजी साधन से बच्ची को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुद्धी पहुंचाया। सीएचसी दुद्धी में जांच के बाद चिकित्सक डॉ. सुनील कुमार की देखरेख में बच्ची का इलाज शुरू कर दिया गया है।

## दुर्गा पूजा पंडालों के निर्माण में विद्युत सुरक्षा का रखें विशेष ध्यान

बभनी(सोनभद्र)। आगामी दुर्गा पूजा को लेकर विद्युत विभाग ने आम जनमानस एवं दुर्गा पूजा समितियों से विद्युत सुरक्षा के प्रति सतर्क रहने की अपील की है। विद्युत उपकेंद्र बभनी के अवर अभियंता महेश कुमार ने सभी दुर्गा पूजा समितियों को निर्देशित किया है कि पूजा पंडालों का निर्माण विद्युत लाइनों, बिजली के खंभों एवं ट्रांसफार्मर से सुरक्षित दूरी पर ही कराएं। उन्होंने कहा कि पूजा पंडालों में कार्यक्रम आयोजित करने से पूर्व विद्युत सुरक्षा निदेशालय से आवश्यक अनुमति प्राप्त करना अनिवार्य है। विद्युत सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए ही पंडालों का निर्माण एवं आयोजन सुनिश्चित किया जाए, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय विद्युत दुर्घटना से बचा जा सके।अवर अभियंता महेश कुमार ने चेतावनी दी कि यदि विद्युत सुरक्षा मानकों की अनदेखी के कारण कोई दुर्घटना होती है, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित दुर्गा पूजा समिति की होगी।

# आकांक्षी जिला कार्यक्रम की समीक्षा में कम प्रगति वाले सूचकों पर सीडीओ का फोकस

## शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और कौशल विकास की प्रगति में सुधार के लिए विभागवार कार्ययोजना के निर्देश

**सोनभद्र।** मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी की अध्यक्षता में आकांक्षी जिला कार्यक्रम (एडीपी) एवं आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम एबीपी) की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा, कृषि एवं जल संसाधन, वित्तीय समावेशन एवं कौशल विकास तथा आधारभूत संरचना से संबंधित 49 संकेतकों एवं 81 डाटा पॉइंट की विभागवार समीक्षा की गई। इस दौरान जनपद की प्रगति की तुलना राष्ट्रीय एवं राज्य औसत से करते हुए कम प्रगति वाले सूचकों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। शिक्षा क्षेत्र की समीक्षा में सितंबर 2026 तक कक्षा 5 से 6 की संक्रमण दर 83.02 प्रतिशत तथा कक्षा 8 से 9 की संक्रमण दर 60.11 प्रतिशत रही। ब्लॉकवार कक्षा 5 से 6 की संक्रमण दर नागवा में 57.83, बभनी में 76.25 एवं दुद्धी में 77.62 प्रतिशत तथा कक्षा 8 से 9 की संक्रमण दर नागवा में 37.63, दुद्धी में 45.24 एवं घोरावल में 49.91 प्रतिशत दर्ज की गई। सभी विद्यालयों में कार्यशील पेयजल एवं विद्युत सुविधा तथा समय से पाठ्यपुस्तक वितरण की स्थिति 100 प्रतिशत रही। वहीं आरटीई मानक के अनुसार छात्र-शिक्षक अनुपात वाले विद्यालयों का प्रतिशत 62.60 प्रतिशत रहा। स्वास्थ्य एवं पोषण के अंतर्गत टीकाकरण, संस्थागत प्रसव, नवजात शिशुओं को जन्म के एक घंटे के भीतर स्तनपान तथा सेम और मेम सहित विभिन्न संकेतकों की समीक्षा की गई। सितंबर में सेम का प्रतिशत 0.12 एवं मेम का 0.93 प्रतिशत रहा। कृषि एवं पशुपालन में पशुओं के टीकाकरण की प्रगति 74.12 प्रतिशत तथा कृत्रिम गर्भाधान की कवरेज 56.44 प्रतिशत दर्ज की गई। कौशल विकास में प्रशिक्षित युवाओं में रोजगार की दर 44.23 प्रतिशत तथा पोर्टल पर पंजीकृत प्रशिक्षुओं में पूर्ण अप्रेंटिसशिप की दर 66.67 प्रतिशत रही। आधारभूत सुविधाओं के कई संकेतकों में 100 प्रतिशत उपलब्धि दर्ज की गई, जबकि ग्राम पंचायतों में इंटरनेट कनेक्टिविटी का संकेतक 7.89 प्रतिशत रहा। सीडीओ जागृति अवस्थी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि राष्ट्रीय एवं राज्य औसत से पीछे चल रहे सभी सूचकों को प्राथमिकता के आधार पर चिन्हित करते हुए विभागवार कार्ययोजना तैयार की जाए। उन्होंने कम प्रगति वाले सूचकों की नियमित समीक्षा, आपसी समन्वय एवं समयबद्ध कार्रवाई के माध्यम से सुधार सुनिश्चित करने तथा शासन की योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने के निर्देश दिए।

# स्वस्थ जीवन का महत्वपूर्ण आधार है स्वच्छता

## स्वच्छता पखवाड़ा के तहत भलुआ टोला प्राथमिक विद्यालय में चलाया गया जागरुकता अभियान

डाला(सोनभद्र)। अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड, डाला सीमेंट वर्क्स के सीएसआर एवं खान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत ग्राम भलुआ टोला स्थित प्राथमिक विद्यालय में स्वच्छता एवं स्वास्थ्य जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में स्वच्छता के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा उन्हें स्वस्थ एवं स्वच्छ जीवन-शैली अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम का आयोजन इकाई प्रमुख संदीप हिवरेकर के दिशा-निर्देशन तथा मानव संसाधन प्रमुख डा. शशिकांत एवं खान प्रमुख सुनील शर्मा के मार्गदर्शन में किया गया।




अल्ट्राटेक प्रबंधन द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत शिक्षा, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता जैसे महत्वपूर्ण विषयों को प्राथमिकता देते हुए समुदाय के बीच निरंतर जागरूकता एवं सहयोगात्मक गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इसी क्रम में आयोजित यह कार्यक्रम विद्यार्थियों में स्वच्छता के प्रति व्यवहारिक जागरूकता विकसित करने की दिशा में एक सार्थक पहल रही। कार्यक्रम में इंडियन ब्यूरो ऑफ माइंस के डिप्टी कंट्रोलर ऑफ माइंस श्री दाताराम ने विद्यार्थियों को व्यक्तिगत स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं साफ-सफाई के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने स्वच्छता को स्वस्थ जीवन का महत्वपूर्ण आधार बताते हुए बच्चों को अपने घर, विद्यालय एवं आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के बीच विभिन्न क्लीनिंग आइटम का वितरण भी किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्य दीपिका यादव ने अल्ट्राटेक प्रबंधन का आभार जताते हुए विद्यालय परिसर में पूर्व में किए गए सहयोगात्मक कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता एवं जिम्मेदारी की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। खान प्रमुख सुनील शर्मा ने विद्यालय प्रबंधन के साथ विद्यालय परिसर की स्वच्छता एवं समुचित रखरखाव को लेकर चर्चा की। उन्होंने स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान विद्यालय की सहभागिता की सराहना करते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही। कार्यक्रम में डिपार्टमेंट हेड खान डी.के. पांडेय, सीएसआर प्रमुख निशा तिर्की, रोहित श्रीवास्तव, शैलेंद्र गौतम, पुष्पेंद्र मिश्रा, दीपक सुवासिया मौजूद रहे।



**जिलाधिकारी सोनभद्र से एक शिष्टाचार मुलाकात के दौरान स्मृतिचिन्ह देते 'आज' हिन्दी दैनिक के विज्ञापन प्रभारी संजय कुमार यादव साथ में सोनभद्र के जिला प्रभारी लल्लू प्रसाद ।**

## नक्सल समन्वय गोष्ठी में नियमित कांबिंग पर दिया गया जोर

**सोनभद्र।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) ऋषभ रुणवाल के मार्गदर्शन में सुधीर कुमार सिंह पुलिस उपाधीक्षक (सदर) की अध्यक्षता में पुलिस लाइन चुर्क में नक्सल समन्वय गोष्ठी का आयोजन किया गया।

# दो अक्तूबर को समारोह पूर्वक मनायी जायेगी गांधी, शास्त्री जयंती

**सोनभद्र।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर 02 अक्टूबर को जनपद में 157वां गांधी जयंती समारोह गरिमामय पूर्ण ढंग से मनाया जाएगा। इसके साथ ही देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व लाल बहादुर शास्त्री की भी जयंती मनाई जायेगी समारोह की तैयारियों एवं निर्धारित कार्यक्रमों को लेकर बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी न्यायिक रमेश चंद्र की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की उपस्थिति में कार्यक्रमों की रूपरेखा निर्धारित करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में निर्णय लिया गया कि गांधी जयंती के अवसर पर सभी राजकीय भवनों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा। प्रात: 07 बजे से नगर निकायों एवं ग्राम पंचायतों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत प्लास्टिक कचरे का संग्रहण एवं निस्तारण कराया जाएगा तथा आवश्यकतानुसार सैनिटाइजेशन की कार्रवाई भी की जाएगी। प्रात: 07:30 बजे विद्यालयों में प्रभात फेरी निकाली जाएगी। इस दौरान विद्यार्थियों द्वारा स्वच्छता एवं गांधी जी के विचारों से संबंधित नारों का उद्घोष किया जाएगा। प्रात: 08:30 बजे तिरंगा स्टेडियम में खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी तथा प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा। प्रात: 09 बजे कार्यालयों, विद्यालयों एवं अन्य संस्थानों में महात्मा गांधी जी के जीवन, संघर्ष, देशसेवा एवं जीवन मूल्यों पर प्रकाश डाला जाएगा। विशेष रूप से निर्बलों के कल्याण, अन्त्योदय, मानसिक एकता, राष्ट्रीय एकता एवं राष्ट्र की एकता-अखंडता से संबंधित उनके विचारों से लोगों को परिचित कराया जाएगा। विभिन्न विभागों में व्याख्यानमाला तथा विद्यालयों में वाद-विवाद एवं निबंध लेखन प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी। इसके साथ ही दिवंगत स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की पत्नियों को सम्मानित किया जाएगा। तहसील रॉबर्ट्सगंज एवं घोरावल में संबंधित अधिकारियों द्वारा सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। गांधी जयंती के अवसर पर प्रात: 09:40 बजे कलेक्ट्रेट कार्यालय में 10 क्षय रोगियों को पोषण पोटली वितरित की जाएगी। इसकी व्यवस्था मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में विद्यालयों एवं ग्राम पंचायतों में स्वच्छता अभियान, बाल उद्यान एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के शिला-पट्ट की साफ-सफाई तथा माल्यार्पण सहित विभिन्न कार्यक्रमों को निर्धारित समय पर सम्पन्न कराने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लालबहादुर शास्त्री जी के जीवन एवं योगदान पर भी प्रकाश डालने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि गांधी जयंती के सभी कार्यक्रमों को आपसी समन्वय के साथ गरिमापूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराया जाए।

# नाबालिग किशोरी से दुष्कर्म के मामले में दोषी को २० वर्ष की कैद

**सोनभद्र।** विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) ओमकार शुक्ला ने बुधवार को थाना दुद्धी से संबंधित वर्ष 2019 के मामले में अभियुक्त छोटेलाल पुत्र प्रह्लाद निवासी हथवानी साउडीह, थाना हाथीनाला सोनभद्र को नाबालिग पीड़िता को बहला-फुसलाकर ले जाने तथा दुष्कर्म के अपराध में दोषसिद्ध करते हुए 20 वर्ष कैद की सजा सुनाई। इसके साथ ही 40 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड न देने पर 6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बितायी अवधि सजा में समाहित होगी।वहीं अर्थदंड की समूची धनराशि 40 हजार रुपये पीड़िता को मिलेगी। अभियुक्त की उम्र लगभग 35 वर्ष है, जबकि घटना के समय पीड़िता लगभग 13 वर्ष 2 माह की थी। अभियोजन पक्ष के अनुसार, अभियुक्त 22 जून 2019 को पीड़िता को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया था। मामले की विवेचना के दौरान पीड़िता के बयान, चिकित्सकीय परीक्षण, जन्मतिथि प्रमाण-पत्र सहित अन्य साक्ष्य संकलित किए गए।

सोने की नीलामी की सूचना

बजाज फाइनेंस लिमिटेड ("BFL");
पंजीकृत कार्यालय: चौथी मंजिल, बजाज फिनसर्व हाउस,
ऑफ पुणे-अहमदनगर रोड, विमान नगर, पुणे - 411014

BAJAJ FINANCE

ऋणियों एवं सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नीचे उल्लिखित ऋणियों ने बार-बार सूचना दिए जाने के बावजूद लोन का भुगतान या आवश्यक मार्जिन जमा नहीं किया है। इस कारण, ऋणियों द्वारा लोन के विरुद्ध सुरक्षा के रूप में गिरवी रखे गए सोने की नीलामी "जैसा है, जहां है" के आधार पर निम्नलिखित शर्तों के अनुसार की जाएगी: 1. क्यूआर कोड स्कैन कर सार्वजनिक सूचना (सोने का विवरण एवं सकल वजन) की सम्पूर्ण जानकारी देखें, 2. बोलीदाताओं के लिए सभी नियम एवं शर्तें निम्न लिंक पर उपलब्ध हैं: All about our Terms and Conditions - Bajaj Finance Limited 3. सभी बोलीदाताओं को नीलामी से पूर्व ₹25,000/- की अग्रिम जमा राशि (EMD) ऑनलाइन ट्रांसफर के माध्यम से जमा करना अनिवार्य है; 4. नीलामी स्थल पर प्रातः 10 बजे वैध पहचान एवं पते के प्रमाण के साथ व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होना अनिवार्य है। नीलामी की तिथि में किसी भी प्रकार का परिवर्तन नीलामी केंद्र पर प्रदर्शित किया जाएगा। बोली प्रस्तुत करना उपरोक्त नियमों एवं शर्तों की स्वीकृति माना जाएगा। अधिक जानकारी के लिए wecare@bajajfinserv.in पर संपर्क करें।

(11-11-26) आगरा - बाइपास रोड: PMV6GOL31251516, 92931566, 42482095, 45082084. अलीगढ़ - मैरिस रोड: POW5GOL92641337, 92661711. अंबेडकर नगर - शहजादपुर रोड: PRG2GOL90821857, 94618458, 95080861, 95165402, 96008070, 96513633, 96503227, 97173059, 97200341, 97620161. अमरोहा - जय ओम नगर: PRE7GOL92706115, 95527834, 96553180, 97170082. औरैया - सुभाष चौराहा: PRE9GOL91276272, 91268126, 93842824, 94346165, 94277580, 94388159, 94653682, 95165982, 96012995, 96526897, 96960704, 97553743. बहराइच - गोंडा रोड: POU5GOL30810126, 34115436, 91322266, 91711748, 93911205, 44130847, 96522284, 96771701, 97048622, 97568743, 97592375. बाराबंकी - फैजाबाद बाइपास रोड: POU2GOL90830738, 40770886, 41027469, 92644592, 92910129, 42241686, 42358733, 95970463, 97000633, 96964198. गाजियाबाद - लाल कुआँ: PSG2GOL96057219, 96029668, 96495946, 96722520. गाजियाबाद - संजय नगर: PSF9GOL92909846, 93222405, 93911707, 94369321, 94415005, 94307256, 94663546, 94824739, 94834357, 95310338, 96068537, 96302768, 96505562, 96529017, 97176870, 97180959, 97574664, 97554117. गोरखपुर - असुरन चौक: PUI4GOL93848738, 96232588, 96702264, 97712051. कानपुर - गोविंद नगर: POW8GOL90877490, [illegible]

बजाज फाईनान्स लिमिटेड

# पूर्व चेयरमैन की पुण्यतिथि पर उमड़ा जनसैलाब

**रेणुकूट( सोनभद्र )।** पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष शिव प्रकाश सिंह उर्फ बबलू सिंह की पुण्यतिथि पर मंगलवार को नगर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया। देर शाम तक श्रद्धांजलि देने वालों का सिलसिला जारी रहा। लोगों ने नम आंखों से बबलू सिंह को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान बबलू सिंह अमर रहें और हत्यारों को फांसी दो के नारे भी गूंजते रहे। कार्यक्रम में नगर के व्यापारी, सामाजिक कार्यकर्ता, छात्र, विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि और आम नागरिकों के साथ ही राजनीतिक दलों से जुड़े लोग शामिल हुए। लोगों ने कहा कि बबलू सिंह हमेशा आम लोगों की समस्याओं को लेकर सक्रिय रहते थे। उनके निधन से नगर ने एक जनप्रतिनिधि और जनहितैषी व्यक्ति को खो दिया। श्रद्धांजलि कार्यक्रम के बाद उनके आवास से कैंडल मार्च निकाला गया। मोमबत्तियां लेकर निकले लोगों का जुलूस नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए पुलिस चौकी चौराहे पर पहुंचा। वहां लोगों ने बबलू सिंह को श्रद्धांजलि देते हुए हत्याकांड के दोषियों को जल्द कठोर सजा देने की मांग की। इस मौके पर पूर्व चेयरमैन की पत्नी निशा सिंह, विजय प्रताप सिंह, अभय प्रताप सिंह, अजय राय, अखिलेश यादव, नईम गाजीपुरी, संतोष सिंह समेत कई लोग मौजूद रहे।




## डीहवार बाबा धाम पर महिलाओं ने की पूजन-अर्चन

**विंढमगंज( सोनभद्र )।** ग्राम छतरपुर स्थित डीहवार बाबा स्थान पर बुधवार की सुबह ग्रामीण महिलाओं ने पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ पूजा-अर्चना कर गांव में अमन-चैन, सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। कार्यक्रम में भारी संख्या में आदिवासी एवं पिछड़े समाज की महिलाएं शामिल हुईं। डीहवार बाबा के संचालक रामप्यारे चेरो के नेतृत्व में महिलाओं ने झारखंड बॉर्डर पर स्थित अपने क्षेत्र में सामूहिक रूप से झाड़ू-बहारन की पारंपरिक रस्म निभाई। इसके बाद सभी महिलाएं डिहवार बाबा के स्थान पर पहुंचीं, जहां रंग-बिरंगे पारंपरिक गीत गाकर बाबा की पूजा-अर्चना की गई। इस मौके पर रामप्यारे चेरो, दीनदयाल विश्वकर्मा, रमाकांत विश्वकर्मा, शिवकुमार यादव, राजेश कुमार यादव, इंकुवारी देवी, सुधानी देवी मौजूद रहीं।

# सरकार की उपलब्धियों का किया प्रचार-प्रसार

**ओबरा( सोनभद्र )।** भारतीय जनता पार्टी ओबरा मण्डल के मण्डल अध्यक्ष शिवनाथ जायसवाल की अध्यक्षता में कार्यकर्ताओं द्वारा चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत् ओबरा मण्डल के गजराज नगर शक्ति केन्द्र के अंतर्गत स्थित काशी राम आवास और ओबरा बाजार शक्ति केन्द्र के अंतर्गत जगह-जगह नुक्कड नाटक के माध्यम से सरकार की उपलब्धियों का प्रचार-प्रसार किया। अम्बेडकर चौराहे पर कार्यकर्ताओं द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से पार्टी के सरकार की विभिन्न योजना, विकास कार्यों, विभिन्न घटनाओं और सरकार की उपलब्धियां के बारे में प्रस्तुतीकरण किया गया। जिसमें विशेषत: पुलवामा हमले के बारे में हुई कार्रवाई एवं अयोध्या में राम मंदिर निर्माण जैसे विषयों का प्रस्तुतीकरण किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतथि समाज कल्याण मंत्री संजीव गौड़ ने भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा प्रस्तुत किए गए नुक्कड़ नाटक की सराहना की, और कार्यकर्ताओं का उत्साह वर्धन करते हुए उन्होंने कहा कि आगे भी इस तरह के कार्यक्रम किए जाते रहेंगे ताकि लोगों को सरकार की उपलब्धियां और विकास कार्यों के बारे में जानकारी हो सकेंगी। जिससे सभी नागरिकों अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने का मार्ग प्रशस्त होगा। संचालन महामंत्री अनुज त्रिपाठी, सरिता सिंह ने किया। यह कार्यक्रम जय प्रकाश पासवान और प्रदीप गुप्ता दोनों शक्ति केन्द्र की संयोजकों के निर्देशन में हुआ।

## फर्जी विद्युतकर्मियों से सावधान रहें, अवैध वसूली की दें तत्काल सूचना

**कोन( सोनभद्र )।** विद्युत उपकेंद्र कचनरवा की ओर से क्षेत्र के उपभोक्ताओं को फर्जी विद्युतकर्मियों और अवैध वसूली करने वाले लोगों से सावधान रहने की अपील की गई है। विभाग ने उपभोक्ताओं से कहा है कि यदि कोई व्यक्ति स्वयं को विद्युत विभाग का कर्मचारी बताकर अथवा अवर अभियंता के नाम का हवाला देकर जांच, कनेक्शन, मीटर या विद्युत कार्रवाई का भय दिखाकर पैसे की मांग करता है तो बिना पुष्टि किए किसी भी प्रकार की धनराशि न दें। विद्युत विभाग के अनुसार, किसी व्यक्ति के विभागीय कर्मचारी होने का दावा मात्र कर देने से उस पर विश्वास न करें। संदिग्ध व्यक्ति द्वारा पैसे की मांग किए जाने पर पहले संबंधित विभागीय अधिकारी से इसकी पुष्टि करें। साथ ही संदिग्ध व्यक्ति का नाम, पहचान, घटना का स्थान और समय आदि की जानकारी सुरक्षित रखें।

# मां काली सेवा समिति दुद्धी की नयी कार्यकारिणी का गठन

दुद्धी(सोनभद्र)। कस्बा स्थित शक्तिपीठ माँ काली मंदिर परिसर में माँ काली सेवा समिति की बैठक मंगलवार को हुई। बैठक में आगामी दुर्गा पूजन कार्यक्रम को लेकर सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। बैठक की अध्यक्षता समिति के मुख्य संरक्षक डॉ. मिथिलेश कुमार ने की। सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद पर प्रखर व्याहुत को पुन: जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके अलावा वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर रमेश जायसवाल, कोषाध्यक्ष पद पर प्रदीप शर्मा और महामंत्री पद पर विवेक अग्रहरि का मनोनयन किया गया। उपाध्यक्ष पद पर पंकज व्याहुत और सृजन अग्रहरि, संगठन मंत्री पद पर पीयूष कुमार अग्रहरी को कमान दी गई। कानूनी सलाहकार के रूप में आदर्श जायसवाल, अंशुमान राय और राकेश अग्रहरी को चुना गया। सह कोषाध्यक्ष पद पर आशीष जायसवाल, आय व्यय निरीक्षक ऑडिटर पर सुजीत अग्रहरि (एड0), प्रधान पूजा प्रभारी पद पर आलोक अग्रहरि और पूजा प्रभारी व पंडाल प्रभारी पद पर विशाल जायसवाल और राहुल अग्रहरि का चयन हुआ। सजावट प्रभारी पद पर महेश अग्रहरि, सूचना मंत्री पद पर अंश केशरी और कार्तिक कुमार चंद्रवंशी को जिम्मेदारी मिली।

**सुभाषित** *जैसे पके हुए फलोंको गिरनेके सिवा कोई भय नहीं होता, वैसे ही मनुष्यको मृत्युके सिवा कोई भय नहीं होना चाहिए।* ❐ **महर्षि वाल्मीकि**



## यह भी नरसंहार

सर्वोच्च न्यायालयने निजी अस्पतालोंकी कार्यशैलीको कटघरेमें खड़ा करते हुए मंगलवारको जो सख्त टिप्पणी की है, वह गम्भीर विचारणीय विषय है। न्यायमूर्ति विक्रमनाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहताकी पीठका यह कहना भी महत्वपूर्ण है कि देशभरमें निजी अस्पताल मरीजोंकी सेवा करनेके बजाय मुनाफा कमाने वाले उद्योगकी भांति काम करते हैं। शीर्ष न्यायालयने कैंसर सहित अन्य जीवनरक्षक दवाओंपर खुदरा विक्रेता मूल्य (पीटीआर) और अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) में भारी अन्तरपर भी सवाल खड़ा किया है। अस्पतालोंकी ओरसे कैंसरकी दवाओंपर दस गुना कीमत लेनेपर चिन्ता जतायी गयी है और कहा गया है कि यह 'नरसंहार' जैसा बर्बर कार्य है और इसपर लगाम लगानेकी आवश्यकता है। कैंसरकी एक दवाकी आपूर्ति मूल्य २७०० रुपये है जिसे अस्पतालकी फार्मेसीसे २७ हजार रुपयेमें बेचा जाता है। न्यायमूर्ति मेहताने यहांतक कहा कि कारपोरेट अस्पताल किसीको भी नहीं छोड़ते हैं। वह मरीजके शवको तबतक बाहर ले जानेकी अनुमति नहीं देते जबतक उसका पूरा भुगतान नहीं हो जाता है। पीठने यह भी सुझाव दिया कि दवाके खुदरा विक्रेता मूल्यसे अधिकतम खुदरा मूल्य १६ प्रतिशतसे अधिक नहीं रखनेका एक सामान्य नियम क्यों नहीं बनाया जाना चाहिए? सर्वोच्च न्यायालयकी टिप्पणीने देशकी निजी स्वास्थ्य व्यवस्थाके उस पक्षको फिर बहसके केन्द्रमें ला दिया है, जिसे मरीज और उनके परिजन लम्बे समयसे महसूस कर रहे हैं। यह बीमारीकी मजबूरीका आर्थिक लाभमें बदल जानेकी घातक प्रवृत्ति है। मरीजोंको अस्पतालकी अपनी फार्मेसीसे दवा खरीदनेके लिए बाध्य किया जाता है, जो चिन्ताकी बात है। जहांतक कैंसरके उपचारकी बात है, वह सामान्य चिकित्सासे अलग है। लम्बे समयतक उपचार होता है और महंगी दवाएं, जांच और कीमोथैरेपीका क्रम भी चलता है। पीड़ित परिवारोंपर काफी आर्थिक बोझ पड़ता है। एक सवाल यह भी है कि सभी निजी अस्पतालोंको एक नजरसे देखना उचित नहीं है। निजी अस्पतालोंकी अपनी लागतें भी होती हैं। इसलिए मूल्य नियमन बनाते समय लागत और उचित परिचालन मार्जिनका भी ध्यान रखना होगा। सर्वोच्च न्यायालयकी टिप्पणीका सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह है कि उसने स्वास्थ्य सेवाको केवल बाजारकी वस्तु मानकर छोड़ देनेके बजाय उसे मानवीय गरिमा और सार्वजनिक हितसे जोड़कर देखनेका मजबूत संकेत दिया है। केन्द्र सरकारको भी इस दिशामें व्यावहारिक और ठोस हस्तक्षेप करनेकी जरूरत है।

## कुंठित मानसिकता

जम्मू-कश्मीरके कठुआमें सीआईएसएफ जवानकी अपने ही चार साथी जवानोंकी गोली मारकर की गयी हत्याकी हतप्रभ करने वाली घटना अत्यन्त दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण है। अधिकारियोंके अनुसार एक हेड-कांस्टेबलने मंगलवार शामको आपसी कहासुनीमें अपने ही साथियोंपर अंधाधुन्ध गोलियां चला दी, जिसमें एक सहायक कमण्डेट और सब-इंस्पेक्टर समेत चार जवानोंकी मौत हो गयी। घटनाके पीछे क्या कारण रहा इसकी तत्काल जानकारी नहीं हो सकी लेकिन माना जा रहा है कि हमलावर हेड-कांस्टेबलकी पत्नी भी सीआईएसएफमें कांस्टेबल है, जो अक्सर बच्चेके साथ क्वाटर गार्ड आ जाती थी, जबकि यूनिट प्रशासनसे इसकी अनुमति नहीं थी। शायद इसी बातपर विवाद बढ़ा और यह अप्रत्याशित घटना हुई। सचाई चाहे जो भी हो यह तो जांचके बाद सामने आयगा वैसे सीआईएसएफ मुख्यालयने घटनाकी जांचके लिए कोर्ट आफ इंक्वायरीका आदेश दिया है। घटनाको अंजाम देने वाले जवानको गिरफ्तार कर लिया गया है लेकिन इस तरहकी घटनाएं नहीं होनी चाहिए। ड्यूटीपर तैनात जवानोंमें सद्भाव और आपसी सौहार्दकी भावना होती है, जो एक-दूसरेकी रक्षामें अपनी जानतक गंवा देते हैं। ऐसेमें इस तरहकी हृदयविदारक घटना कई अनुत्तरित सवाल खड़े करता है। जवानोंके मन:स्थितिकी विज्ञानको समझना होगा कि जवानोंकी मानसिकता कैसी है। ऐसी घटनाके मनोवैज्ञानिक कारण हो सकते हैं। इसकी भी जांच होनी चाहिए। सैन्य अस्पतालोंमें एक मनोचिकित्सककी भी नियुक्ति होनी चाहिए और समय-समयपर जवानोंकी मन:स्थितिकी जांच भी होनी चाहिए, ताकि जवानोंकी मानसिक स्थितिका सही आकलन किया जा सके और परिस्थितिजन्य उपचार उपलब्ध कराया जा सके। सरकारको इस घटनासे सबक लेते हुए इसपर गम्भीरतासे विचार करना होगा, ताकि इस तरहकी घटनाकी पुनरावृत्ति न हो।

## लोक संवाद

### पैरोंके दर्दको न करें नजरअंदाज

महोदय,-सुबह उठकर जमीनपर पैर रखते ही एड़ी या पैरके जोड़में तेज चुभन महसूस होना काफी परेशान करने वाला हो सकता है। कई बार यह दर्द कुछ देर बाद कम हो जाता है, लेकिन यदि बार-बार ऐसा हो रहा है तो इसे नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। खासकर जब इसके साथ जोड़में सूजन, लालिमा या तेज दर्द भी हो। शरीरमें यूरिक एसिडका स्तर बढ़ना और उससे होने वाला गाउट इसका एक कारण हो सकता है। हालांकि सुबह एड़ीमें दर्द होनेकी वजह सिर्फ यूरिक एसिड ही नहीं होती, इसलिए सही कारण जाननेके लिए डाक्टरसे जांच जरूरी है। हार्वर्ड हेल्थ पब्लिशिंगके मुताबिक गाउट गठियाका एक प्रकार है, जो शरीरमें यूरिक एसिड बढ़नेपर हो सकता है। यूरिक एसिडकी मात्रा ज्यादा होनेपर इसके क्रिस्टल जोड़ोंके आसपास जमा हो सकते हैं। शरीर इन क्रिस्टलके खिलाफ प्रतिक्रिया करता है, जिसके कारण जोड़में अचानक तेज दर्द, सूजन, लालिमा और गर्माहट महसूस हो सकती है। गाउटका दर्द अक्सर पैरके अंगूठेके जोड़में देखा जाता है, लेकिन यह पैरों, टखने और दूसरे जोड़ोंको भी प्रभावित कर सकता है। अतः ऐसी समस्या होनेपर तुरन्त अपने चिकित्सकसे परामर्श करें। **-मोनिका शर्मा, वाया ईमेल।**

# वैश्विक समस्या बनती मुफ्तखोरी

**भारतमें मुफ्तखोरी योजनाएं, पिछले लम्बे समयसे आम बात हो चुकी हैं। मुफ्त बिजली, मुफ्त पानी, मुफ्त यात्रासे आगे बढ़ते हुए अब बात साइकिल, स्कूटी, मंगलसूत्र, लैपटॉप और टेबतक पहुंच चुकी है। राजनीतिक दल, जो पहले सैद्धांतिक रूपसे फ्रीबीजका विरोध करते थे, वे भी ऐसी योजनाओंकी घोषणाएं कर रहे हैं।**

❐ **प्रोफेसर अश्विनी महाजन**

भारतमें मुफ्तखोरी योजनाएं, जिन्हें फ्रीबीज भी कहा जाता है, को जन कल्याणके नामपर अनेक प्रकारसे औचित्यपूर्ण भी ठहराया जाता है। इसी प्रकारकी फ्रीबीजकी घोषणाएं कुछ अन्य देशोंमें भी देखने और सुननेको मिलने लगी हैं। कुछ दिन पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा सभी व्यस्क लोगोंको पांच हजार डालर देनेकी पेशकश की गयी है, जिसमें शर्त यह है कि राष्ट्रपति ट्रम्पकी रिपब्लिकन पार्टीको अमेरिकी संसद यानी हाउस और सेनेटमें जीत हासिल हो। यानी अमेरिकामें मध्यावधि चुनावोंके मद्देनजर अमेरिकी मतदाताओंको सीधे तौरपर यह पेशकश है कि आप ट्रम्पकी पार्टीको वोट दीजिए और आपको पांच हजार डालर दिये जायंगे। दिलचस्प बात यह है कि अमेरिकासे प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूपसे जुड़ी विभिन्न एजेंसियां भारतके प्रजातंत्रके बारेमें टिप्पणियां तो करती ही हैं, भारतीय प्रजातंत्रमें शांतिपूर्ण चुनाव एवं सत्ता हस्तांतरण, प्रेस, मीडिया और बोलनेकी स्वतंत्रता, स्वायत्त न्याय पालिका एवं अन्य संस्थाओंके बावजूद भारतीय प्रजातंत्रको अत्यंत निचले स्तरपर रेटिंग की जाती है। हालांकि पिछले कुछ समयसे ये एजेंसियां अमेरिकी प्रजातंत्रकी भी रेटिंग गिरा रही है। लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा सीधे तौरपर वोटके बदले नोट देनेकी पेशकश, दुनियामें एक नयी बहसको जन्म दे रही है कि क्या अब विकास, स्वच्छ प्रशासन, संवैधानिक अधिकारोंकी सुरक्षा, इंफ्रास्ट्रक्चर विकास, आमजनके लिए सुविधाओंकी बजाय फ्रीबीजके आधारपर प्रजातंत्रमें मतदाता वोट डाला करेंगे। ऐसेमें यदि सत्ता पानेके लिए राजनीतिक दल वोटरोंको राशि देनेकी पेशकश करनेमें प्रतिस्पर्धा करने लगे तो उसका खामियाजा किसे भुगतना पड़ेगा।

यानी यदि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्पकी घोषणाके बाद डेमोक्रेट पार्टी इस राशिसे ज्यादाकी पेशकश कर दे तो क्या होगा। यह राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता यहां रुकने वाली नहीं है, यह नीचे राज्योंतक जायगी और वहां गवर्नरकी रेसमें लगे दल भी इसी प्रकारकी पेशकश करने लगे तो उसका असर जन-सेवाओंपर कितना पड़ सकता है, इसका अंदाजा भारतमें इस प्रतिस्पर्धासे लगाया जा सकता है। भारतमें मुफ्तखोरी योजनाओंकी शुरुआत कहांसे हुई, उसके बारेमें चर्चा करते हुए यदि हम उसके प्रकार और फैलावके बारेमें देखते हैं तो ध्यानमें आता है कि सरकारी खजानेपर इसका सर्वाधिक असर पंजाब, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, तेलंगाना, राजस्थान, केरल, मध्य प्रदेश, तमिलनाडु आदि राज्योंमें ज्यादा दिखाई देता है। भारतके महालेखाकार और अकेक्षक (कैग) के अनुसार २०२४-२५ में पंजाब, कर्नाटक, मध्य प्रदेश और तमिलनाडुमें कुल सरकारी खर्चके १३.५ प्रतिशतसे ज्यादा इस प्रकारकी योजनाओंमें खर्च हो रहा था। हालांकि तमिलनाडु और दिल्ली इन मुफ्तखोरी योजनाओंके खासे चर्चित उदाहरण रहे हैं, लेकिन इन राज्योंमें सरकारी कर्ज सरकारी खातोंमें दिखाई नहीं देता, लेकिन यह इसलिए है कि दिल्लीमें प्रति व्यक्ति सरकारी राजस्व, राष्ट्रीय औसतके दुगनेसे भी अधिक है। इसका अप्रत्यक्ष कारण यह है कि दिल्लीकी प्रति व्यक्ति आय भी राष्ट्रीय औसतके मुकाबले दुगनीसे भी अधिक है। कमोबेश यही स्थिति तमिलनाडुकी भी है। भारतीय जनता पार्टी इन मुफ्तखोरी योजनाओंका सैद्धांतिक रूपसे विरोध करती रही है। लेकिन अन्य राजनीतिक दलोंकी मुफ्तखोरी योजनाओंके मद्देनजर अब यह पार्टी भी सत्ताके समीकरण अपने पक्षमें करने हेतु खुलकर इन मुफ्तखोरी योजनाओंकी केवल घोषणा ही नहीं कर रही, बल्कि उनके फायदे भी गिना रही है। उदाहरणके लिए मध्य प्रदेशमें लाडली बहन योजना, दिल्लीमें मुख्य मंत्री महिला सम्मान योजना और कई अन्य राज्योंमें इस प्रकारकी योजनाएं चल रही हैं। हालांकि दिल्लीकी महिलाओंके लिए दी जाने वाली राशि केवल इसके लिए पात्र (गरीब) महिलाओंको ही मिलेगी। दिल्लीमें भारतीय जनता पार्टीने आम आदमी पार्टी द्वारा दी जा रही मुफ्त बिजली, पानी आदिकी सुविधाको बरकरार भी रखा है।

इन सभी मुफ्तखोरी योजनाओंका असर देशपर बढ़ते कर्जके रूपमें भी दिखाई देता है। गौरतलब है कि २०१०-११ में देशपर सम्मिलित कर्ज केन्द्र और राज्य जीडीपीका ६५.६ प्रतिशत था, जिसमें केन्द्र सरकारका कर्ज जीडीपीका ४८.५८ प्रतिशत और राज्योंका कर्ज जीडीपीका २३.५ प्रतिशत था। गौरतलब है कि देशपर सम्मिलित कर्ज आकलित करनेके लिए केन्द्र और राज्योंके आपसी लेन-देनको समायोजित किया गया है। २०२४-२५ में यह कर्ज बढ़कर जीडीपीके ८१.९ प्रतिशततक पहुंच गया। जहां केन्द्र सरकारका कर्ज ४८.८ प्रतिशतसे बढ़कर ५७.५ प्रतिशततक पहुंचा, राज्य सरकारोंपर कर्ज २३.५ प्रतिशतसे बढ़ता हुआ २८.५ प्रतिशततक पहुंच गया। जिन राज्यों द्वारा मुफ्त खोरीकी योजनाओंको ज्यादा अपनाया गया है उन राज्योंका कर्ज राष्ट्रीय औसतसे कहीं अधिक है। २०२४-२५ में कई राज्योंपर उनके जीएसडीपी (राज्य की जीडीपी) के मुकाबले काफी ज्यादा कर्ज था, पंजाबमें यह ४७.३ प्रतिशत, हिमाचल प्रदेशमें ४४.० प्रतिशत, पश्चिम बंगालमें ३८.० प्रतिशत, केरलमें ३७.० प्रतिशत, राजस्थानमें ३६.० प्रतिशत और आंध्र प्रदेशमें ३४.७ प्रतिशत। कर्जका इतना ज्यादा बोझ राजकोषीय गुंजाइशको सीमित करता है, ब्याजका बोझ बढ़ाता है और उत्पादक सार्वजनिक निवेशको रोक सकता है। आमदनीसे ज्यादा खर्च और तदनुसार घाटेके बजटोंने देशपर कर्ज बढ़ाया ही है, लेकिन हालमें मुफ्तखोरीकी योजनाओंके चलते यह गति और तेजीसे बढ़ी है।

गौरतलब है कि २०१०-११ और २०१८-१९ के बीच देशपर कुल कर्ज ६३.६ प्रतिशतसे मामूली-सा बढ़कर ६६.५ प्रतिशततक ही हुआ था। लेकिन पिछले मात्र छह वर्षोंमें यह २०२४-२५ तक बढ़कर जीडीपीके ८१.९ प्रतिशततक पहुंच जाना वास्तवमें चिन्ताका विषय है। यह भी सही है कि केन्द्र सरकारकी देनदारीमें बड़ी वृद्धि कोरोना कालमें हुई थी, जब २०१९-२० और २०२०-२१ के दौरान केन्द्र सरकारकी देनदारियां जीडीपीके ६२.९ प्रतिशत और राज्य सरकारोंकी देनदारियां ३१.१ प्रतिशततक पहुंच गयी और दोनोंकी सम्मिलित देनदारियां ८८.७ प्रतिशततक पहुंच गयी। हालांकि उसके बाद सम्मिलित लेनदारिया ८१.९ प्रतिशत तक घट गयी है, जिनमें केन्द्रकी देनदारियां ५७.१ प्रतिशत हैं और राज्योंपर अब भी ये २८.५ प्रतिशत बनी हुई हैं। ध्यातव्य है कि लेकिन अब भी यह २०१०-११ के ६५.६ प्रतिशतसे कहीं अधिक हैं। समझा जा सकता है कि कहीं न कहीं मुफ्तखोरीकी स्कीमोंके कारण राज्योंपर कर्जका बोझ बढ़ रहा है, जिसके चलते देशपर कुल कर्जका बोझ बढ़ा है।

कुछ लोगोंका कहना है कि मुफ्तखोरीकी यह स्कीम, जिसमें राष्ट्रपति ट्रम्पने सभी वोटरोंको वायदा किया है यदि वे उन्हें सीनेट और हाउसमें विजय दिला दें तो वे हर मतदाताको ५००० अमेरिकी डालर देंगे। भारतका उदाहरण हमारे सामने है कि कैसे भारतके राज्योंमें मुफ्तखोरीकी स्कीमोंके कारण वे कर्जके बोझ तले दब रहे हैं और उसकी वजहसे वे अपने नागरिकोंके लिए कल्याणकारी योजनाएं बनानेमें असमर्थ हैं। गौरतलब है कि अमेरिकामें पहलेसे ही कर्जका बोझ बढ़ता ही जा रहा है अमेरिकामें २०१०-११ में कर्जका बोझ उनकी जीडीपीका ९५.७ प्रतिशत था, जो २०२५ में बढ़ता हुआ, १२३.९ प्रतिशततक हो चुका है। आईएमएफका कहना है कि अमेरिकापर सरकारी कर्जका बोझ २०३० तक उसकी जीडीपीके १४१.५ प्रतिशततक पहुंच जायगा।




**भारतमें मुफ्तखोरीकी स्कीमोंके कारण राज्य कर्जके बोझ तले दब रहे हैं और उससे वे अपने नागरिकोंके लिए कल्याणकारी योजनाएं बनानेमें असमर्थ हैं। अब अमेरिका भी इसकी चपेटमें आ गया है। गौरतलब है कि अमेरिकामें पहलेसे ही कर्जका बोझ बढ़ता ही जा रहा है अमेरिकामें २०१०-११ में कर्जका बोझ उनकी जीडीपीका ९५.७ प्रतिशत था, जो २०२५ में बढ़ता हुआ, १२३.९ प्रतिशततक हो चुका है। चूंकि अमेरिकाका जीडीपी सर्वाधिक है इसलिए उसकी सेहतपर इसका असर शीघ्र देखनेको नहीं मिलेगा। हालांकि आईएमएफका कहना है कि अमेरिकापर सरकारी कर्जका बोझ २०३० तक उसकी जीडीपीके १४१.५ प्रतिशततक पहुंच जायेगा।**

# पृथ्वीकी रक्षाके लिए शाकाहार जरूरी

**एक अक्तूबरको शाकाहार दिवसके रूपमें मनाया जाता है। यह सीधे हमारे आहारसे जुड़ा है। जो हमें हर जीवके प्रति संवेदना रखनेके लिए प्रेरित करती है। जो धरतीकी सुरक्षा, अहिंसा, प्रेम और पवित्रताको सुनिश्चित करती है।**

❐ **शकुन्तला देवी**

संस्कृतिका ताल्लुक आहारसे और आहारका ताल्लुक संस्कृतिसे है। जिन संस्कृतियोंमें हिंसा, अन्याय, शोषण और मनमाना बर्ताव होता है वहां रोजमर्राकी जिन्दगीमें हत्या और क्रूरतासे हासिल आहार यानी मांसाहारको खूब पसन्द किया जाता है। देखा जाय तो यह संवेदनाका सवाल है। हम अपनी पीड़ा और दुखको ही यदि पीड़ा और दुख समझते हैं तो किसीके साथ हमारा व्यवहार यथायोग्य हो नहीं सकता। लेकिन दुनियामें लाखोंकी तादादमें ऐसे लोग भी हैं जो हत्या, क्रूरता और मनमाने बर्तावको गैर-इंसानी बर्ताव मानते हैं। धरतीके हर जीवकी पीड़ा, दुख और परेशानीको अपनी जैसी पीड़ा, दुख और परेशानी मानने वाले ऐसे भी लाखों इंसान हैं जो किसी भी जीवकी हत्या करना हत्यामें शामिल होना या हत्याके लिए प्रोत्साहित करनेको गैर-इंसानी कवायद मानते हैं। इसी दुनियामें एक ऐसी भी दुनिया है जो जीवोंके प्रति क्रूरता, हिंसा और मनमाने बर्तावके खिलाफ रही है। ऐसे मानव मूल्योंके धनी लोगोंने १८४७ में इग्लैंडमें पहली बार शाकाहारी सोसायटीकी स्थापना की। स्थापनाके बाद संस्था दुनियाको शाकाहारके हैरान करने वाले फायदों और दुनियाको बेहतर कलके निर्माणके मद्देनजर आगे बढ़ना शुरू किया। इस मानवीय कार्यमें जर्मनी, नीदरलैंड और पश्चिमी दुनियाके दूसरे देशोंमें रहने वाले शाकाहारके समर्थकोंने इसका अनुशरण किया और इसे आगे बढ़ानेके लिए पूरी ताकत झोंक दीं। इसका असर यह हुआ हुआ कि राष्ट्रीय सोसायटियोंका एक संघ एक अन्तरराष्ट्रीय शाकाहारी संघमें स्थापित किया गया, जो आगे चलकर अंतरराष्ट्रीय शाकाहार महासंघके जरिये १ अक्तूबर १९७८ को समाजमें करुणा, खुशहाली, प्रसन्नता, न्याय और शाकाहार जीवनकी संभावनाओंको बढ़ावा देनेके लिए दुनियाभरमें विश्व शाकाहार दिवस मनानेकी घोषणा की गयी। तबसे दुनियाभरमें १ अक्तूबरको विश्व शाकाहार दिवस मनाया जाता है। यह पश्चिमी दुनियामें शायद पहली बार था जहां शत-प्रतिशत मांसाहारकी जीवनशैली थी, की जगह पवित्र और हिंसारहित शाकाहारी शैलीको जिन्दगीका हिस्सा बनानेके लिए इतने बड़े पैमानेपर कार्य करना शुरू किया गया। आज दुनियाके सभी विकसित देशोंमें शाकाहारियोंकी एक अच्छी खासी तादाद है।

शाकाहार दिवस मनानेका एक बेहद खास मकसद है। वैज्ञानिकोंके जरिये प्रमाणित शाकाहारके फायदों, शाकाहारकी खूबियों, मांस, मछलीकी अपेक्षा सहज उपलब्धता, हिंसामुक्त समाज बनाने, जीव-जन्तुओंको विलुप्त होनेसे बचाने, पर्यावरणके लिए पूरी तरह अनुकूलताएं शांति, सुख, जीवोंके प्रति सदभावना पैदा करने, मानवीय क्रूरताओंसे निजात पाने, वातावरणमें हिंसक या नकारात्मक तरंगोंको रोकने, मांसाहारसे बढ़ रही बीमारियोंके फैलावको रोकने और जगत्में आहारके नामपर तरह-तरहकी क्रूरताओं और हिंसक कवायदोंसे छुटकारा पानेके लिए लोगोंको जागरूक करने जैसे तमाम वजहोंसे विश्व शाकाहार दिवस मनाया जाता है। एक सवाल अक्सर पूछा जाता है शाकाहार ही क्यों। मांसाहार क्यों नहीं, हर व्यक्तिका मौलिक अधिकार है कि जो चाहे, जब चाहे, वह खाये और पिये। सामान्य तौरपर यह बात वाजिब लगती है, लेकिन हम विचार करें तो इन दोनों सवालोंमें उसका जवाब भी है। शाकाहार शब्द संस्कृतका है। इसमें पहला शब्द 'शाक' है जिसका मायने शांति होता है 'का' मायने क्रान्ति है। हा, मतलब 'हार्द' यानी स्नेह, प्रेम और सुकुमारता। और 'र' का मायने है रक्षा। शाकाहार शब्दके सभी अक्षरोंके मायने समझ लेनेपर शाकाहारकी बेहतर समझ हो जाती है। शाकाहारको शांति, क्रांति, हार्द और रक्षा या रसाके संदर्भमें देखनेकी जरूरत है। मांसाहार शब्द बता रहा है कि हत्या करके हासिल हुआ। जो चीज हत्याके बाद हासिल की जाती है? वह शांति, क्रांति, रक्षा और स्नेहको बढ़ाने वाला हो ही नहीं सकता।

आज दुनियामें शाकाहार एक फैशन और स्नेहका आन्दोलन बन गया है। क्योंकि यह रोगप्रतिरोधक क्षमताको बढ़ाने वाला, बीमारियोंसे छुटकारा दिलाने वाला, पर्यावरणको संरक्षित करने वाला, एक पूर्ण संतुलित आहार जिसका कोई साइड इफेक्ट नहीं है यानी कोई बीमारी इसके संतुलित सेवनसे पैदा नहीं होती है। विटामिंस, वसा, ऊर्जा, काबोहाइट्रेड, प्रोटीन, खनिज, कैल्सियम, फॉसफोरस, लोहा शाकाहारी पदार्थोंमें जितना होता है उतना मांस, मछली एवं अंडेमें नहीं मिलता, यह वैज्ञानिक तथ्यसे भी साबित हो चुका है। जितना सुपाच्य शाकाहारी आहार होता है उतना मांसाहारी नहीं। बिना किसीके हत्या किए शाकाहार, फलाहार, अन्नाहार और रसाहारको आसानीसे हासिल किया जा सकता है। लेकिन मांसाहार बिना हिंसा या हत्याके हासिल ही नहीं हो सकता। पर्यावरणके लिए बूचड़खाने बेहद खतरनाक हैं। इस हकीकतको भी समझने की जरूरत है। अब तो विदेशी वैज्ञानिक, चिकित्सक और परीक्षक मानने लगे हैं कि शारीरिक एवं मानसिक सेहतके लिए जितना मुफीद शाकाहार है? उसकी तुलनामें मांसाहार नहीं है। पश्चिमके जाने-माने डाक्टर टामसन डिटनका मानना है कि फलों और सब्जियोंमें ऐसी तमाम चीजें पायी जाती हैं, जो मांस या मछलीमें नहीं होती। मिसालके तौरपर सब्जियोंमें टार्टिक एसिड, आक्जैलिक सिट्रक, ऐसटिक और मैलिक एसिड प्रमुखसे पाये जाते हैं? ये मांसमें नहीं मिलते। पश्चिमके जाने-माने प्रोफेसर बोडले नार्ड कहते हैं। हमारे भोजनमें सब्जियोंका एक बहुत बड़ा हिस्सा होना चाहिए। मांस वाले भोजनको छोड़कर हम बेहतर सेहतके साथ रह सकते हैं। पाचनके नजरियेसे भी शाकाहार बहुत मुफीद है। शाकाहारी हर पदार्थ ज्यादासे ज्यादा तीन घंटेमें पच जाता है जब कि मांस, चर्बी पचानेमें आंतको चार और पांच घंटे लगते हैं। इसी तरह सस्ता और हर जगह उपलब्धताके नजरियेसे भी शाकाहार मांसाहारकी अपेक्षा ज्यादा मुफीद है। इसी तरह नैतिक, धार्मिक, सांस्कृतिक, सामाजिक और पर्यावरणीय नजरियेसे शाकाहारका सेवन ही सबसे बेहतर माना गया है।

प्रकृतिसे हम यदि जुड़े रहें हैं तो हमें जितना हमारा बच्चा प्रिय लगता है उतना ही खरगोश और हिरणका बच्चा भी प्रिय लगेगा। जाहिर तौरपर जो प्रिय लगता है उसकी हत्या हम करनेसे हिचकिचाते हैं। मांस खाने वालोंका तर्क होता है कि वे तो मांस खाते हैं? जानवरकी हत्या थोड़े करते है। यह तर्क देते हुए यह भूल जाते हैं कि हत्या जिसके लिए की गयी? किन कारणोंसे की गयी? इसमें जिसका भी सहयोग होता है, वे सभी जिम्मेदार हैं। प्रकृतिकी भाषामें कहें तो अपराधी हैं। यह सवाल भी अक्सर किया जाता है कि यदि जीव-जन्तुओंको इंसान न खाये तो इस धरतीपर इतने जीव-जन्तु बढ़ जायंगे कि इंसानका रहना मुश्किल हो जायगा। सामान्य रूपसे देखा जाय तो बात ठीक लगती है। लेकिन यदि ठंडे दिमागसे सोचना शुरू करें तो यह हकीकतसे बहुत दूर है। तालाबमें असंख्य मेढ़कके अंडे होते हैं? लेकिन तालाब कभी मेढ़कोंसे नहीं भरता। कौएका मांस नहीं खाया जाता, फिर भी कौए लुप्त होनेके कगारपर हैं। ये सब मिसाल इसलिए देना पड़ा कि मांसाहारको औचित्यपूर्ण ठहरानेके लिए किस-किस तरहके कुतर्क गढ़े जाते हैं। यदि कुतर्ककी जगह महज इतना सोच लें कि जिस जीवकी हत्या की गयी मांसके लिए, उस जीवका भी इस धरतीपर रहनेका उतना ही हक है जितनाकी मनुष्यका तो मांसकी तरफ देखना भी ठीक नहीं लगेगा। शाकाहार दिवस मनानेका मकसद हम सभी यदि समझ पाये तो धरतीसे आहारके नामपर होने वाली हत्याएं ही बंद नहीं होंगी, बल्कि धरतीपर शांति, स्नेह और करुणाकी धाराएं बहती हुई नजर आयंगी।




## फलदायी धन

❐ **सुधांशु जी महाराज**

ऋग्वेदका यह मंत्र अग्निना रयिमश्नवत पोषमेव दिवेदिवे। यशसं वीरवत्तमम्। हमें संदेश देता है कि हम ईश्वरके बनाये नियमोंसे ही धन कमायें। अनुचित रीतिसे कमाया धन हमसे दूर रहे अर्थात् धर्मसे कमायें और धर्म एवं दानमें खर्च करें। धोखा देकर, चोरी, घूसखोरी, करचोरी, भ्रष्टाचार आदिसे धन कमाना भी लोभ है। दहेज प्रथा भी लोभका ही एक रूप है। धन कमानेके ये सारे तरीके बेइमानी वाले हैं और हमारी आत्माको पतित करते हैं। हमारे वेद मनुष्यको लोभसे परे रहनेका उपदेश देते हैं। इस लोभके अनेक रूप हैं। अपने स्वास्थ्यका नाश करके धनप्राप्तिके लिए प्रयत्न करते रहना भी लोभ है। परिवार एवं बच्चोंकी उपेक्षा करते हुए धन कमानेमें लगे रहना भी लोभ है। मनुष्य इन्हींके लोभ-लालचमें पड़कर सर्वत्र निन्दनीय बनता है। यह सच है कि इस संसारमें सर्वत्र अर्थकी प्रधानता है। जीवनमें प्रत्येक कार्यके लिए धन आवश्यक है। छोटा काम हो या बड़ाए धर्म हो या राजनीति, साधना हो या अनुष्ठान सभीके लिए धनकी आवश्यकता होती है। अतएव हमारे वेदोंसे लेकर ऋषियोंतकने धन संग्रहको भी एक आवश्यक कर्तव्य बताया है, परन्तु सद्पुरुषार्थसे ही अधिकाधिक धन कमानेकी सराहना है। इससे ऐश्वर्य और श्रीवृद्धि का वरदान मिलता है। श्रीवृद्धि और सौभाग्यके लिए ज्ञान और दक्षता आवश्यक गुण हैं। दक्षता किसी विशिष्ट कार्यमें अनुभवजन्य कुशलताको कहते हैं। यह कुशलता ही समृद्धिका मार्ग प्रशस्त करती है। मनुष्य जीवनमें ईश्वरके बाद चरित्र और फिर धनका महत्वपूर्ण स्थान है। मनुष्यकी धनसे कभी तृप्ति नहीं होती। यह एक बहुत बड़ा विकार है। लोभ मनुष्यकी बुद्धिको अज्ञानरूपी अंधकारसे ढांप देता है। उसकी बुद्धि अज्ञानसे ढक जाती है तो वह अमानवीय कर्म करनेमें भी किसी प्रकारकी लज्जा अनुभव नहीं करता। निर्लज्ज बनकर वह अपने धर्मकी हानि कर लेता है। इस प्रकार वह धन, धर्म और सुख तीनोंको नष्ट कर देता है। अनीतिपूर्वक कमाया हुआ धन मनको अशांत और बेचैन रखता है, ऐसे घर और परिवार बुरे कार्योंमें फंसकर बरबाद हो जाते हैं तथा मनुष्यताका नैतिक पतन होता ही है। इसीलिए हमारे वेद निर्देशित करते हैं कि मनुष्यको धर्मानुसार आचरण करते हुए ही पुरुषार्थ करके अधिकसे अधिक धन कमानेका प्रयास करना चाहिए। जो धन पवित्र होता है, वह सुखए शांति एवं संतोष प्रदान करता है। मनुष्य ऐसे धनको स्वयं अपनी आवश्यक आवश्यकता पूर्तिके पश्चात् शेषको समाजके उत्थानमें व्यय करके आनंदित होता है। जन-सामान्यका उस धनसे उत्कर्ष होते देखकर वह मन ही मन प्रफुल्लित भी होता है। यही पवित्र धन लोगोंमें सात्विकताका विकास करता है तथा सबको सत्याचरणमें प्रेरित करता है।

# मोबाइलके प्रति बढ़ती दीवानगीने बढ़ाया अपराध

❐ **योगेंद्र**

युवा किसी भी देशका भविष्य होते हैं। देशका भविष्य बनने वाले युवा भविष्यकी चिन्ता किये बिना सिर्फ एक झूठी होड़का शिकार हों तो देशका भला कैसे होगा। मौजूदा दौरमें मोबाइलको लेकर जो मारामारी मची हुई है, उसे देखकर लगता है कि जैसे देशके युवाओंके सामने कोई चुनौती नहीं बची है। युवाओंके स्वास्थ्य और भविष्यपर मोबाइलके नयेसे नये ब्रांडोंका आकर्षण उन्हें दलदलकी तरफ धकेल रहा है। महंगे मोबाइल ब्रांडोंके जुनूनसे तो यही लगता है कि इस देशमें बेरोजगारी और युवाओंसे जुड़ी कोई समस्या बची ही नहीं है। नयेसे नये मोबाइल ब्रांडको पानेके लिए देशके युवा मारामारी करते रहे हैं। ऐसा लगता है कि जैसे वे इतने जरूरी काममें जुटे हुए हैं कि यदि यह नहीं हुआ तो उनका भविष्य खराब हो जायगा। एक अमेरिकी कम्पनीके नये ब्रांडको लेकर युवा रातभर लाइनमें खड़े रहे और अपने नंबरका इंतजार करते रहे। दिल्लीसे मुंबईतक देशके कई शहरोंमें इस कम्पनीके स्टोरके बाहर सैकड़ों लोग सुबह स्टोर खुलनेकी इंतजारमें रातभर कतारमें लगे रहे। वह भी एक ऐसे मोबाइलके लिए जिसकी कीमत भी डेढ़से सवा तीन लाख रुपयेतक की है। इनमें चंद ही ऐसे युवा होंगे जो इतने महंगे फोनसे कुछ कमाई करेंगे, बाकी सभी तो सिर्फ जुनूनके शिकार हैं। सवाल सिर्फ इतना नहीं है कि लोग महंगा फोन खरीदनेके लिए इतनी मेहनत क्यों कर रहे हैं।

बड़ा सवाल यह है कि कुछ लोगोंको नया फोन, नयी कार, नया गैजेट या कोई भी लेटेस्ट प्रोडक्ट सबसे पहले खरीदनेकी इतनी जल्दी क्यों होती है। साइकोलॉजीमें इसे नयापन अर्थात् अनोखा या अलग अनुभव करनेकी इच्छा कहते हैं। इसे आकर्षणसे जोड़कर देखा जाता है। इनसानको नयी और अलग चीजें स्वाभाविक तौरपर दिलचस्प लगती हैं। नये प्रोडक्टके साथ नयी तकनीक, नया डिजाइन और नयी पहचान जुड़ी होती है। नवीनतम फोन खरीदनेकी इस होड़के पीछे फोमो यानी दूसरोंसे पीछे छूट जानेका डर भी हो सकता है। लोगोंको लगने लगता है कि बाकी सभी लोग आगे बढ़ रहे हैं और यदि उन्होंने यह फोन नहीं लिया तो वे पीछे रह जायंगे। यही कारण है कि कुछ लोग नया फोन आनेका महीनों इंतजार करते हैं और लांच होते ही उसे खरीदनेके लिए घंटों लाइनमें लग जाते हैं। कुछ लोग हर चीज सबसे पहले क्यों लेना चाहते हैं।

हर व्यक्ति नयी चीजके पीछे एक ही वजहसे नहीं भागता। किसीको नयी तकनीक पसंद होती है, किसीको नयी चीज इस्तेमाल करनेका अनुभव अच्छा लगता है, जबकि कुछ लोगोंके लिए सबसे पहले नया प्रोडक्ट खरीदना उनकी पहचान और सोशल स्टेटससे जुड़ जाता है। इसके अलावा सोशल मीडियापर नया फोन दिखाकर रील बनाने और उसे प्रदर्शित करनेकी चाहत भी इसके आकर्षणको बढ़ा सकती है। कई युवा लेटेस्ट फोन खरीदनेके लिए ईएमआईका सहारा लेते हैं। उन्हें लगता है कि अभी फोन ले लेते हैं और पैसे धीरे-धीरे चुका देंगे। सोशल मीडियाने इस सामाजिक दबावको और बढ़ाया है। इसका असर सिर्फ युवाओंतक सीमित नहीं है, बल्कि महिलाओंमें भी लेटेस्ट प्रोडक्टको लेकर ऐसा क्रेज देखनेको मिलता है। कई मामलोंमें माता-पिता बच्चोंकी इस जिदसे परेशान होकर काउंसिलिंगके लिए पहुंचते हैं। मोबाइल फोनकी चाहतको लेकर देशमें लगातार अपराध बढ़ रहे हैं।

महाराष्ट्रके छत्रपति संभाजीनगरमें एक युवक ईएमआईपर खरीदे गये एप्पल आईफोनकी मासिक किस्तके पैसोंको लेकर हुए झगड़ेके बाद तिसगांवकी एक पहाड़ीपर चढ़कर कूदनेकी धमकी दे रहा था। वह नीचे गिर पड़ा। उसे बचाने और नीचे उतारनेकी कोशिशमें उसके पिता भी संतुलन बिगड़नेसे उसके साथ २५० फुट गहरी खाईमें गिर गये और आंखोंके सामने पूरे परिवारको उजड़ता देख सदमेमें आयी मांने भी चट्टानसे छलांग लगा दी। मोबाइलने तीनोंकी जान ले ली। इसी तरह उत्तर प्रदेशके गाजियाबादमें ४ फरवरी २०२६ को तीन सगी नाबालिग बहनोंने नौवीं मंजिलसे कूदकर आत्महत्या कर ली। माता-पिता द्वारा ऑनलाइन गेमिंग और अत्यधिक मोबाइल इस्तेमालपर रोक लगाने एवं फोन छीन लिये जानेके बाद उन्होंने यह खौफनाक कदम उठाया। अगस्त २०२६ को यूपीके फर्रूखाबादमें २५ वर्षीय युवतीने पिता द्वारा उसका मोबाइल फोन छीननेपर आत्महत्या कर ली। हिमाचल प्रदेशमें मार्च २०२५ में मंडीमें एक बेटीने पढ़ाई या परीक्षाके दौरान पिता द्वारा मोबाइल फोन छीन लिये जानेसे आहत होकर आधी रातको विक्टोरिया पुलसे ब्यास नदीमें छलांग लगाकर अपनी जान दे दी थी। आगरामें एक पिताके मोबाइल तोड़नेपर १७ वर्षीय बेटीने फांसी लगा ली थी। दिसंबर २०२३ में नागपुरमें एक १६ वर्षीय किशोरीने फोनका इस्तेमाल रोकनेपर आत्महत्या कर ली। दरअसल ऐसी घटनाओंके पीछे उपभोक्तावाद, दिखावेकी संस्कृति, साथियोंके दबाव, डिजिटल दुनियामें निर्मित कृत्रिम जीवनशैली और तत्काल अपनी इच्छा पूरी कर लेनेकी बढ़ती प्रवृत्ति जैसे कई पहलू हो सकते हैं। व्यापक संदर्भमें देखें तो ऐसे मामलोंमें दोष केवल युवाओंका भी नहीं है। कुछ बच्चे माता-पितापर दबाव बनाते हैं कि यदि उन्हें लेटेस्ट फोन नहीं मिला तो वे पढ़ाई नहीं करेंगे। बच्चे महंगा स्मार्टफोन यह कहकर मांगते हैं कि इससे पढ़ाई, प्रोजेक्ट और नयी तकनीक सीखनेमें मदद मिलेगी। खासकर कम पढ़े-लिखे माता-पिताको बच्चे कई बार इन वजहोंका हवाला देकर समझानेकी कोशिश करते हैं।

हालांकि कई मामलोंमें असली वजह दोस्तोंके बीच फोनको प्रदर्शित करना और खुदको उनसे पीछे न दिखाना होती है। भारतमें मार्केट रिसर्च फर्म काउंटरपॉइंट रिसर्चकी रिपोर्टके मुताबिक इस साल बिकने वाले कमसे कम ४२ प्रतिशत आईफोन ईएमआई (किस्तों) पर खरीदे जायंगे। देशके ज्यादातर परिवारोंकी मासिक आय बहुत सीमित है। ऐसेमें ७५००० रुपये या उससे महंगे फोनकी किस्तें चुकाना कई परिवारोंको कर्ज के दलदलमें धकेल रहा है। भारतमें पांच करोड़से भी कम ऐसे परिवार हैं जिनकी मासिक आय ७५००० रुपये है। वहीं, एक आईफोनकी औसत कीमत भी लगभग ७५००० रुपये है। मतलब एक फोनकी कीमत पूरे परिवारकी महीनेभरकी कमाईसे भी ज्यादा है। अभिभावकों और समाजको भी यह समझना होगा कि बच्चोंको महंगी वस्तुएं उपलब्ध कराना और उन्हें जीवनके मूल्य समझाना दो अलग-अलग बातें हैं। बच्चोंकी हर मांग पूरी करके उन्हें खुश रखना आसान है, लेकिन उन्हें नहीं सुननेकी क्षमता देना निश्चित ही कहीं अधिक जरूरी है।

# अमेरिकी विनिर्माताओं को भारत में निवेश के लिए आमंत्रण

## व्यापार से जुड़े कई मुद्दों पर होगी चर्चा

वॉशिंगटन। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने अमेरिकी विनिर्माताओं से भारत में अपनी मौजूदगी बढ़ाने और मजबूत आपूर्ति श्रृंखला बनाने के लिए उन्नत विनिर्माण क्षेत्र में सह-निवेश के अवसर तलाशने का आग्रह किया। गोयल ने विस्कॉन्सिन के मिल्वॉकी में जी20 व्यापार मंत्रिस्तरीय बैठक से इतर नेशनल एसोसिएशन ऑफ मैन्युफैक्चरर्स (एनएएम) द्वारा आयोजित एक कारोबारी गोलमेज बैठक को संबोधित किया। गोयल मंगलवार को अमेरिका के शिकागो पहुंचे थे। मिल्वॉकी, अमेरिका का एक प्रमुख औद्योगिक और विनिर्माण केंद्र है। यहां खाद्य एवं पेय, मशीनरी विनिर्माण, ऊर्जा तथा जल प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों की कई बड़ी कंपनियों के मुख्यालय हैं। गोयल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि एनएएम की बैठक में उन्होंने भारत-अमेरिका आर्थिक संबंधों में मजबूत गति के साथ भारत के बढ़ते औद्योगिक आधार और कुशल कार्यबल को रेखांकित किया।

मंत्री ने कहा, अमेरिकी विनिर्माताओं को भारत में अपनी मौजूदगी बढ़ाने, भारतीय एम.एस.एम.ई. के साथ साझेदारी करने और मजबूत आपूर्ति श्रृंखला बनाने के लिए उन्नत विनिर्माण में सह-निवेश के अवसर तलाशने के



लिए आमंत्रित किया। इससे दोनों अर्थव्यवस्थाओं के लिए मूल्यवर्धन होगा। अमेरिका के व्यापार प्रतिनिधि जैमीसन ग्रीर ने कारोबारी गोलमेज बैठक और एनएएम द्वारा आयोजित स्वागत समारोह में जी20 व्यापार मंत्रियों के साथ हिस्सा लिया। जी20 मंत्रिस्तरीय बैठक में व्यापार से जुड़े कई मुद्दों पर चर्चा होगी।

इनमें वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में बंधुआ मजदूरी को खत्म करने से लेकर संरचनात्मक अतिरिक्त क्षमता और अतिरिक्त उत्पादन से निपटना शामिल है। अमेरिका के उच्चतम न्यायालय द्वारा आईईईपीए के तहत लगाए गए शुल्कों को रद्द किए जाने के बाद अमेरिका इन दो शुल्क संबंधी उपायों का इस्तेमाल कर रहा है। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय (यूएसटीआर) के पिछले सप्ताह जारी बयान के अनुसार, ग्रीर जी20 की चर्चाओं का नेतृत्व करेंगे।

इनमें वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में बंधुआ मजदूरी को खत्म करना, सर्वाधिक तरजीही राष्ट्र (एमएफएन) सिद्धांत को अद्यतन करना, खाद्य पदार्थों के व्यापार को हथियार बनाने की निंदा करना तथा संरचनात्मक अतिरिक्त क्षमता और उत्पादन से निपटना शामिल है। जी20 यानी 20 देशों का समूह एक अंतरराष्ट्रीय मंच है, जिसमें दुनिया की प्रमुख विकसित एवं उभरती अर्थव्यवस्थाएं आर्थिक नीतियों पर चर्चा और समन्वय के लिए शामिल होती हैं। अमेरिका के पास 2026 में जी20 की अध्यक्षता है। इसके सदस्यों में ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चीन, फ्रांस, जर्मनी, इंडोनेशिया, इटली, जापान, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, दक्षिण कोरिया, ब्रिटेन और यूरोपीय संघ शामिल हैं।


### उ०प्र० राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड
ओबरा – सोनभद्र

**ई–निविदा सूचना**

1. **Bid No. GEM/2026/B/8067355,** ओबरा तापीय परियोजना, 'अ/ब' ताप विद्युत गृह के कोल हैण्डलिंग प्लांट में स्थापित कोल क्रशर्स के ब्रेकडाउन मेंटिनेन्स का कार्य, प्रपत्र शुल्क–0.00, धरोहर राशि– रू0 72,000.00 धनराशि– रू 36,06,419.00, ई–निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि दि0 03.10.2026
2. **Bid No. GEM/2026/B/8058839,** Third Party Audit of ongoing work of Fire Detection & Protection System BTPS, Obra, प्रपत्र शुल्क– 0.00, धरोहर राशि– रू0 30,000.00 धनराशि– रू 15,00,000.00, ई–निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि दि0 09.10.2026

निविदा के परिशिष्ट/शुद्धिपत्र/निरस्तीकरण आदि की सूचना हेतु नियमित रूप से **https://etender.up.nic.in** देखें।

पत्रांक: 100/ज0स0का0/निविदा दिनांक : 30/09/2026

"राष्ट्रहित में बिजली बचायें"


# दैनिक मंडी समीक्षा

नयी दिल्ली। ग्राहकी निकलने तथा हाजिर में माल की कमी के कारण काबली चना 500 रुपये प्रति क्विंटल तेज हो गया। दाल मिलों की मांग से दलहनों में चना-मूंग-उड़द-अरहर की कीमतों में 50/100 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही। मांग बढ़ने तथा आपूर्ति कमजोर होने से सरसों व इसके तेल के भाव 50/100 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गए। जबकि अखाद्य तेलों में मांग कमजोर होने से राइसफैटी की कीमतों में 100 रुपये की गिरावट रही। आवक कमजोर होने से गुड़-शक्कर की कीमतों में स्थिरता रही। जबकि मांग कमजोर होने से चीनी में कारोबार ढीला रहा। किराना जिंसों में मांग बढ़ने से बड़ी इलायची के भाव 20 रुपये तथा छोटी इलायची के भाव 50 रुपये प्रति किलो तेज हो गए। बिकवाली कमजोर होने से जीरे में भी 200 रुपये की सुर्खी रही। आयातकों की बिकवाली घटने तथा त्योहारी मांग निकलने से पिस्ते के भाव 50/100 रुपये तथा बादाम गिरी के भाव 20/25 रुपये प्रति किलो तेज हो गए।

### अनाज-दाल

निर्यात व घरेलू मांग बढ़ने तथा राइस मिलों की बिकवाली कमजोर होने से बासमती चावल के भाव 100 रुपये बढ़कर 1509 चावल सेला 8400/8500 तथा स्टीम 8600/8700 रुपये व बासमती 1718 सेला 9400/9500 तथा 1401 स्टीम के भाव 10000/10100 रुपये प्रति क्विंटल हो गया। ग्राहकी निकलने तथा स्टाकिस्टों की बिकवाली कमजोर होने से जौ 110 रुपये बढ़कर 2840/2860 रुपये प्रति क्विंटल हो गया। दाल मिलों की



मांग बढ़ने तथा आयातकों की बिकवाली कमजोर होने से उड़द 100/200 रुपये बढ़कर देसी 8200/9200 रुपये तथा रंगून एफएक्यू 9525/9550 रुपये प्रति क्विंटल हो गया। बिकवाली कमजोर होने से मूंग भी 100 रुपये तेज होकर राजस्थान 8400/8700 रुपये प्रति क्विंटल हो गई। आयातकों की बिकवाली सुस्त पड़ने से अरहर लेमन 50 रुपये बढ़कर 9150/9175 रुपये तथा देसी के भाव 9550/9600 रुपये व राजस्थानी चना 7000/7025 रुपये प्रति क्विंटल हो गया। दलहनों में तेजी का रुख होने के कारण मिलों की बिकवाली कमजोर होने से अरहर दाल 100 रुपये बढ़कर 12100/13000 रुपये तथा चना दाल 8000/8500 रुपये प्रति क्विंटल हो गई। महाराष्ट्र की मंडियों के तेज समाचार आने तथा स्टाकिस्टों की बिकवाली घटने से काबली चना 500 रुपये बढ़कर मीडियम 8000/8200 रुपये प्रति क्विंटल के उच्च स्तर पर पहुंच गया। राजमा भी पूछपरख बढ़ने से 200 रुपये बढ़कर ब्राजील इंडियन 11700/11900 रुपये प्रति क्विंटल हो गया।

### तेल-तिलहन

तेल मिलों की मांग बढ़ने तथा स्टाकिस्टों की बिकवाली कमजोर होने से सरसों 50 रुपये बढ़कर 8350/8400 रुपये प्रति क्विंटल हो गई। सरसों में तेजी का रुख होने के कारण मिलों की बिकवाली सुस्त पड़ने से सरसों तेल भी 100 रुपये तेज होकर 17050 रुपये प्रति क्विंटल हो गया। जबकि ऊंचे भाव पर मांग कमजोर होने से सोया तेल के भाव 15000 रुपये तथा बिनौला तेल के भाव 14800 रुपये प्रति क्विंटल पर सुस्त रहे। अखाद्य तेलों में साबुन निर्माताओं की मांग कमजोर होने से राइसफैटी 100 रुपये घटकर 11800/11850 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। उठाव न होने से सोया एसिड ऑयल भी 100/200 रुपये घटकर 10000/10100 रुपये प्रति क्विंटल पर आ गया।

### गुड़-चीनी

सरकार द्वारा अक्तूबर माह के पहले पखवाड़े के लिए 14 लाख टन का कोटा आबंटित किया गया है जो सितंबर की तुलना में अधिक है। कोटा छोड़े जाने व महीने के अंतिम तारीख होने के कारण लिफ्टिंग का दबाव बढ़ने के कारण मिल डिलीवरी चीनी के भाव 4500/4600 रुपये पर सुस्त रहे। महाराष्ट्र में भी मांग कमजोर होने से चीनी के भाव 20 रुपये प्रति क्विंटल घट गए। जबकि पश्चिम उत्तर प्रदेश की मंडियों से आवक न बढ़ने के कारण गुड़ पेड़ी के भाव 5900/6000 रुपये तथा ढैया के भाव 6100/6200 रुपये प्रति क्विंटल पर मजबूत रहे।

### किराना-मेवे

ग्राहकी निकलने तथा स्टाकिस्टों की बिकवाली कमजोर होने से छोटी इलायची 50 रुपये बढ़कर 2800/3600 रुपये प्रति किलो हो गई। बड़ी इलायची भी पूछपरख बढ़ने से 20 रुपये तेज होकर 1450/1490 रुपये प्रति किलो हो गई। जीरा भी स्टाकिस्टों की बिकवाली कमजोर होने से 200 रुपये बढ़कर 23400/23600 रुपये प्रति क्विंटल हो गया। दूसरी ओर मांग कमजोर होने से धनिया बादामी 100 रुपये मुलायम होकर 16200/16400 रुपये तथा हल्दी ईरोड गट्ठा 18900/19000 रुपये पर 200 रुपये प्रति क्विंटल नीचे आ गया। मेवों में आयातकों की बिकवाली कमजोर होने से पिस्ता 100 रुपये तेज होकर ईरानी 2950/3100 रुपये, पेशावरी 3900/4000 तथा पिस्ता डोडी रोस्टिड 1650/1700 रुपये प्रति किलो के उच्च स्तर पर पहुंच गया। बिकवाली कमजोर होने से बादाम गिरी कैलीफोर्निया 20/25 रुपये बढ़कर 1000/1070 रुपये प्रति किलो हो गई। जबकि मांग कमजोर होने से अंजीर 500/1000 रुपये घटकर 21800/53000 रुपये प्रति 40 किलो रह गया।

### सर्राफा

विदेशों के तेज समाचार आने से सोने के भाव 1700 रुपये प्रति 10 ग्राम उछल गए। चांदी की कीमतों में भी स्थिरता रही। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में निवेशकों की लिवाली बढ़ने से सोना 4142 से बढ़कर 4195 डॉलर प्रति ओंस हो जाने के कारण बिवकाली घटने से सोना 1700 रुपये बढ़कर किलोबार 152800 तथा स्टैंडर्ड 153600 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। बिकवाली घटने से 8 ग्राम वाली गिन्नी 1000 रुपये बढ़कर 113000 रुपये हो गई। विदेशों में चांदी के भाव 45 सेंट बढ़कर 6135 सेंट प्रति ओंस हो जाने तथा औद्योगिक मांग निकलने से चांदी हाजिर के भाव 231000 रुपये प्रति किलो पर मजबूत रही। हालांकि स्टोरिया लिवाली से चांदी वायदा दिसंबर 226000 से बढ़कर 227000 रुपये प्रति किलो हो गया।


### कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
### शारदा सहायक खण्ड–36, जौनपुर

ई–टेण्डरिंग के माध्यम से कराये जाने वाले कार्यों की निविदा सूचना सं0–03/अ0अ0/2026–27

महामहिम राज्यपाल महोदया, उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु आनलाइन प्री–क्वालिफिकेशन/टेक्निकल एवं फाइनेंसियल बिड सिंचाई विभाग, उ0प्र0 में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती हैं, जिसकी प्री–क्वालिफिकेशन टेक्निकल बिड दिनांक–14.10.2026 को बाद दोपहर: 02.00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में गठित समिति के समक्ष आनलाइन खोली जायेगी एवं टेक्निकल बिड में सफल निविदा दाताओं की फाइनेन्शियल बिड अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में निर्धारित समिति के समक्ष आनलाइन खोली जायेगी। निविदा सम्बन्धी समस्त प्रपत्र दिनांक–06.10.2026 को बाद दोपहर 11.00 बजे से दिनांक 14.10.2026 को बाद दोपहर 01:00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड किया जा सकता है। कार्यालय बन्द होने, राजकीय अवकाश होने की दशा में अथवा सर्वर में परेशानी होने की दशा में यह बिड अगले कार्य दिवस में उसी समय खोली जायेगी। आनलाइन निविदा के साथ सिंचाई विभाग की निर्धारित श्रेणी में वैध पंजीकरण प्रमाण पत्र, जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्गत वैध चरित्र प्रमाण–पत्र(IDT-1), हैसियत प्रमाण–पत्र(IDT-2)एवं स्वघोषणा पत्र(IDT-3), श्रम विभाग द्वारा जारी पंजीकरण प्रमाण पत्र, आयकर विभाग द्वारा निर्गत पैन नम्बर, जी0एस0टी0 पंजीकरण प्रमाण पत्र, व पैन कार्ड की प्रति आदि की स्पष्ट स्कैण्ड कापी अपलोड करना अनिवार्य होगा, अन्यथा की दशा में निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। इस निविदा को पूर्ण या आंशिक रूप से बिना कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी का होगा।

| लाट सं0 | कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत (लाख रू0 में) | मात्रा | धरोहर धनराशि (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य + जी0एस0टी + स्टेशनरी का मूल्य (रू0 में) | पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1. | पेसारा राजवाहा के बायीं पटरी के किमी0 20.300 से किमी0 21.800 तक सेवा मार्ग के नवीनीकरण का कार्य। | 18.70 | बिल ऑफ क्वाटिंटी के अनुसार | 37400.00 | 30 दिन | 2354.00 | "सी" अथवा उच्च |
| 2. | पेसारा राजवाहा के बायीं पटरी के किमी0 21.810 से किमी0 23.610 तक सेवा मार्ग के नवीनीकरण का कार्य। | 22.44 | बिल ऑफ क्वाटिंटी के अनुसार | 44880.00 | 30 दिन | 2354.00 | "बी" अथवा उच्च |

नोट–यह निविदा/बिड सूचना उ0प्र0सरकार की वेबसाइट http://up.gov.inसूचना विभाग की बेवसाइट http://information.up.nic.in एवं सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग की वेबसाइट http://idup.gov.in पर भी उपलब्ध है। इन वेबसाइट से निविदा प्रपत्र डाउनलोड किये जा सकते है।

उ.प्र.:–257249
दिनांक–29.09.2026

अधिशासी अभियन्ता
शारदा सहायक खण्ड–36
जौनपुर।

वेबसाईट:– www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।



### उत्तर मध्य रेलवे

No. EL-C-PRYJ-04-24-25/Public Notification Dated 29.09.2026

**पब्लिक नोटिफिकेशन**

उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मंडल के खैराही से लूसा के आस पास नीचे दिए गये सेक्शन में 25 के.वी.ए.सी. 50 हर्टज्स ओवर हैड ट्रैक्शन वायर इस तारीख को / तक चार्ज कर दिया जायेगा। इस तारीख को/से ओवर हेड लाइन को हर समय चार्ज लाइन की तरह ट्रीट किया जायेगा और कोई भी अनअथोराइज आदमी इस लाइन तक पहुँचने की कोशिश नहीं करेगा और न ही कार्य करने की कोशिश करेगा।

**चार्ज करने की तिथि : 18.10.2026 या बाद**

| क्रमांक | सैक्शन | किलोमीटर/लोकेशन/चैनेज | |
|---|---|---|---|
| | | से | तक |
| 1. | प्रयागराज मंडल, उत्तर मध्य रेलवे के खैराही - लूसा खंड में कि.मी. 185/334.40 से कि.मी. 203/170.40 तक दोहरीकरण कार्य हेतु 25 केवी, 50 हर्ट्ज ए.सी. ओ.एच.ई. का विद्युतीकरण। | खैराही (KHRY) लोकेशन-185/12 चैनेज-185/ 334.40 | लूसा (LUSA) लोकेशन-203/7-8 चैनेज-203/ 170.40 |

2234/26 (PH)

उप मुख्य विद्युत अभियंता/निर्माण
उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in



### बनारस रेल इंजन कारखाना, वाराणसी-221004

बिड संख्या. E-26/2026-2027 **ई-निविदायें** दिनांक: 29.09.2026

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित वस्तुओं के आपूर्ति हेतु ई-निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। केवल ई-प्रस्ताव ही स्वीकार्य है, जिसके लिए वेंडर का क्लास III का डिजिटल सिग्नेचर एवं IREPS पर पंजीकरण आवश्यक है। **निविदाओं का विवरण निम्न क्रम से हैं:- क्र.सं., निविदा संख्या, (खुलने की तिथि), पीएल नं, विवरण और मात्रा। 01.** 08265002, विज्ञापित निविदा, (16/10/2026), रनिंग कॉन्ट्रैक्ट/प्राइस एग्रीमेंट फॉर सप्लाई, इंस्टॉलेशन एंड कमिशनिंग ऑफ ऑन बोर्ड रिमोट मॉनिटरिंग सिस्टम (ORMS) एज पर पार्ट 0 एंड पार्ट-1 ऑफ CLW स्पेसिफिकेशन नंबर CLW/C-D&D/ES/3/0554 इश्यूड इन अप्रैल 2024. इन एडिशन टू द अबव डिस्क्रिप्शन, द आइटम शुड आल्सो कम्प्लाई विद रिक्वायरमेंट मेंशंड इन शेड्यूल ऑफ रिक्वायरमेंट (SOR). कॉपी अटैच्ड विद टेंडर डॉक्यूमेंट्स., 2179 सेट. **02.** 09261087, 26/10/2026, ऑयल कूलिंग यूनिट फॉर ट्रांसफॉर्मर / कन्वर्टर विथ इम्पेलर और केसिंग अलॉंग विथ 30 KW मोटर स्पेकन: RDSO/2016/EL /स्पेक/0123 REV-0 और ड्राइंग नंबर RDSO/2016/SK-6/EL/स्पेक/0123 और RDSO स्पेक RDSO/E-10/3/09 (मोटर)-विथ संशोधन संख्या 01 से 06 या लेटेस्ट टू पार्ट संख्या-29470043, 496 सेट्स **03.** 10261641, 14/10/2026, पिस्टन रिंग सेट, पार्ट सं. 16030618, 3000 सैट. । उक्त निविदाओं का विस्तृत विवरण **https://www.blw.indianrailways.gov.in** और **https:// www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। **संशोधन सूचना:- 04. बिड सं. E-24 2026-27 निविदा सं.:** निविदा सं. 10261019, स्टील-क्रैंकशाफ्ट **रिविजन:** 01 **सुधार का विवरण: (1)** यह निविदा **दिनांक-28/09/2026 के स्थान पर दिनांक-01/10/2026 को खुलेगी। 05. बिड सं.** E-24 2026-27 **निविदा सं.:** निविदा सं. 10251258, मशीन पिस्टन **रिविजन:** 01 **सुधार का विवरण: (1)** यह निविदा **दिनांक**-25/09/2026 **के स्थान पर दिनांक**-12/10/2026 **को खुलेगी। (2)** मात्रा 8000 अदद के जगह 6000 अदद पढ़ा जाये. **नोट: उपरोक्त सभी निविदाओं की अन्य शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी।**

ज.स.अ./बरेका/एस–28 **प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक**

/blwvaranasi "वेबसाइट :- www.blw.indianrailways.gov.in"


## जिंदल स्टेनलेस ने श्री कृपालु धाम में छह दशक पुराने साधना भवन को मजबूत बनाने के लिए स्टेनलेस स्टील की आपूर्ति की

भारत की अग्रणी स्टेनलेस स्टील निर्माता कंपनी जिंदल स्टेनलेस ने उत्तर प्रदेश के मंगरह में स्थित श्री कृपालु धाम में साधना भवन को मजबूत बनाने में योगदान दिया है। नई स्टेनलेस स्टील संरचना इस तरह बनाई गई है कि वह मूल ढांचे को सहारा दे, लेकिन इमारत के वास्तुशिल्प स्वरूप और श्रद्धालुओं के अनुभव में कोई बदलाव न हो। 1965 में जगद्गुरु श्री कृपालु जी महाराज द्वारा स्थापित श्री कृपालु धाम आज एक ऐसा आध्यात्मिक केंद्र बन चुका है, जहां भारत और दुनिया भर से श्रद्धालु आते हैं। परिसर में संगमरमर से बना भक्ति मंदिर और एक धर्मार्थ अस्पताल है, जहां हर दिन सैकड़ों मरीजों का मुफ्त इलाज किया जाता है। साधना भवन परिसर का ध्यान और सभा स्थल है। यहां वर्षों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के साथ आध्यात्मिक संभाएँ और कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहे हैं। मजबूती देने के इस तरीके के तहत पूरी संरचना को दोबारा बनाने के बजाय, उसे अंदर से मजबूत करने पर ध्यान दिया गया। नई संरचना इस तरह तैयार की गई है कि वह मूल संरचना के साथ मिलकर भार को संभाले और उसे अतिरिक्त मजबूती दे। जिंदल स्टेनलेस ने अपनी सहायक कंपनी जिंदल स्टेनलेस स्टीलवे लिमिटेड के माध्यम से भार उठाने वाले कॉलम, बीम और क्रॉस गर्डर जैसे विशेष रूप से तैयार किए और 160 टन से अधिक भवन निर्माण घटकों की आपूर्ति की।

## नई खबर...

### घड़ी डिटर्जेंट का नया कैंपेन विश्वास की परीक्षा लॉन्च

आरएसपीएल ग्रुप ने घड़ी डिटर्जेंट का नया कैंपेन विश्वास की परीक्षा लॉन्च किया है। इस कैंपेन में बॉलीवुड अभिनेत्री माधुरी दीक्षित घड़ी डिटर्जेंट की ब्रांड एंबेसडर हैं। इस नए कैंपेन का संदेश है विश्वास की खास बात यही है कि उस पर हमेशा खरा उतरना पड़ता है। कैंपेन में बताया गया है कि घड़ी डिटर्जेंट अपने ग्राहकों का भरोसा बनाए रखने के लिए अपने डिटर्जेंट प्रोडक्ट्स और उसके इस्तेमाल के अनुभव को लगातार बेहतर बनाया है। इस लॉन्च के मौके पर आरएसपीएल ग्रुप के जॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर राहुल ज्ञानचंदानी ने बताया कि घड़ी में हमारा हमेशा से ये मानना है कि नए बदलाव का फायदा लोगों को रोजमर्रा के इस्तेमाल में साफ दिखना चाहिए। 'विश्वास की परीक्षा' इसी सोच को दिखाता है। इस कैंपेन के जरिए हम घड़ी डिटर्जेंट का अब तक का सबसे बेहतर फॉर्मूला लेकर आए हैं। यह भारत में बना ब्रांड है, जिसे लाखों ग्राहकों के भरोसे ने कई सालों में मजबूत बनाया है। नए डिटर्जेंट फॉर्मूले के साथ घड़ी की सफाई और परफॉर्मेंस को और भी बेहतर किया गया है। साथ ही वह क्वालिटी भी बरकरार रखी गई है, जिसकी ग्राहक घड़ी से उम्मीद करते हैं। इसकी कीमत भी ऐसी रखी गई है, जो ग्राहकों की पहुंच में रहे। हमारा मानना है कि ग्राहकों के भरोसे पर खरा उतरने के लिए लगातार अपने प्रोडक्ट को बेहतर बनाते रहना जरूरी है। यह कैंपेन घड़ी डिटर्जेंट के तैयार किए गए नए फॉर्मूलेशन पर आधारित है। इसे लोगों के कपड़े धोने के बदलते तरीके को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। कैंपेन फिल्म में विश्वास की परीक्षा के जरिए नए घड़ी डिटर्जेंट की सफाई और गुणवत्ता को दिखाया गया है। फिल्म में माधुरी दीक्षित घड़ी डिटर्जेंट के नए पैक के साथ नजर आ रही हैं।


### कार्यालय सहायक निदेशक मत्स्य, वाराणसी

पत्रांक:- 296/नदी नीलामी-गोमती नदी/2026-27 दिनांक:- 25 सितम्बर, 2026

**नदियों में मत्स्य आखेट हेतु पट्टा/ठेका/नीलामी संबंधी सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शासनादेश सं0–1/2019/33/एक–2–2019–19 (रिट) 2018 दिनांक 10 जनवरी 2019 में दी गई व्यवस्थानुसार जनपद में प्रवाहित गोमती नदी में मत्स्य आखेट हेतु पट्टा/ठेका/नीलामी की कार्यवाही उप जिलाधिकारी, सदर वाराणसी की अध्यक्षता में निम्न विवरणानुसार निर्धारित दिनांक 26.10.2026 के अपरान्ह 02:00 बजे से तहसील सभागार, वाराणसी सदर में की जाएगी। नीलाम किए जाने हेतु मत्स्याखेट स्थल निम्नवत है–

तहसील सदर हेतु मत्स्य आखेट स्थलों की सूची

| क0 सं0 | नदी का नाम | मत्स्याखेट स्थल का नाम/ग्राम | स्थल की लंबाई (कि0मी0) | न्यूनतम आरक्षित मूल्य (रु0 में) | नीलामी दिनांक, समय एवं स्थान |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | गोमती नदी | भदवा से कैथोर | 5.00 किमी0 | 62500/- | दिनांक: 26.10.2026 समय: अपरान्ह 02:00 बजे स्थान: तहसील सभागार, वाराणसी सदर |
| 2 | गोमती नदी | कैथोर से बाबतपुर | 4.30 किमी0 | 53750/- | |
| 3 | गोमती नदी | बाबतपुर से उधौरामपुर | 5.00 किमी0 | 62500/- | |
| 4 | गोमती नदी | उधौरामपुर से भगवानपुर | 5.90 किमी0 | 73750/- | |
| 5 | गोमती नदी | भगवानपुर से लक्ष्मीसेनपुर | 4.50 किमी0 | 56250/- | |
| 6 | गोमती नदी | लक्ष्मीसेनपुर से राजवारी | 4.60 किमी0 | 57500/- | |

पट्टा/ठेका/नीलामी की शर्तें–

1. पट्टा/ठेका/नीलामी मत्स्य जीवी सहकारी समितियों के मध्य करायी जाएगी जिसमें पात्रता का वरीयता कम निम्नवत है–
   क. सम्बन्धित ग्राम में निवास करने वाले मछुआ समुदाय के व्यक्तियों की सहकारी समितियां जो उ0प्र0 सहकारी समिति अधि0–1965 के अन्तर्गत पंजीकृत हो और मत्स्य पालन विभाग उ0प्र0 द्वारा मान्यता प्राप्त हो।
   ख. सम्बन्धित न्याय पंचायत में निवास करने वाले मछुआ समुदाय के व्यक्तियों की सहकारी समितियां जो ऊपर की भांति पंजीकृत हो और मान्यता प्राप्त हो।
   ग. सम्बन्धित विकास खण्ड में निवास करने वाले मछुआ समुदाय के व्यक्तियों की सहकारी समितियां जो ऊपर की भांति पंजीकृत हो और मान्यता प्राप्त हो।
   घ. सम्बन्धित जनपद में निवास करने वाले मछुआ समुदाय के व्यक्तियों की सहकारी समितियां जो ऊपर की भांति पंजीकृत हो और मान्यता प्राप्त हो।
   ड. उ0प्र0 राज्य में निवास करने वाले मछुआ समुदाय के व्यक्तियों की सहकारी समितियां जो ऊपर की भांति पंजीकृत हो और मान्यता प्राप्त हो।
   च. अनु0 जाति अथवा अनु0 जनजाति के व्यक्तियों की सहकारी समितियां जो ऊपर की भांति पंजीकृत हो और मान्यता प्राप्त हो।
   छ. अन्य सहकारी समितियां जो ऊपर की भांति पंजीकृत हो और मान्यता प्राप्त हो।
2. चिन्हित मत्स्य आखेट क्षेत्र जिस ग्राम/ग्रामों में पड़ता है उस ग्राम पंचायत/पंचायतों में पड़ने वाली मत्स्य जीवी सहकारी समितियां पात्र मानी जाएगी।
3. यदि चिन्हित मत्स्य आखेट में केवल एक मत्स्य जीवी सहकारी समिति पात्र है तो न्यूनतम आरक्षित मूल्य पर पट्टा किया जाएगा। यदि पात्रता सूची में एक से अधिक मत्स्य जीवी सहकारी समितियां होंगी तो मौके पर नीलामी करायी जाएगी। जिसमें केवल पात्रता सूची में उल्लिखित समितियों के अधिकृत प्रतिनिधि ही प्रतिभाग कर सकेंगे। जिन्हें मत्स्य विभाग से प्राप्त सक्रियता प्रमाण पत्र, समिति का निबंधन प्रमाण पत्र, बैठक कार्यवाही, ऑडिट रिपोर्ट एवं सचिव का आधार कार्ड तथा पैन कार्ड आवेदन के साथ प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
4. समिति द्वारा मत्स्य आखेट हेतु नीलामी में प्रतिभाग करने हेतु प्रथम तल, विकास भवन, वाराणसी में स्थित मत्स्य विभाग कार्यालय में नीलामी तिथि के पूर्व किसी भी कार्य दिवस में अथवा नीलामी तिथि को नीलामी स्थल पर दोपहर 12:00 बजे तक आवेदन किया जा सकता है।
5. उच्चतम बोली बोलने वाली मत्स्य जीवी सहकारी समिति से उच्चतम बोली की 25% धनराशि तत्काल जमा करायी जाएगी। अवशेष 75% धनराशि समिति को एक सप्ताह में जमा कराना अनिवार्य होगा।
6. नीलामी प्राप्तकर्ता को मत्स्य विभाग के अधिकारियों की देख–रेख में भारतीय मेजर कार्प प्रजाति की 2000 मत्स्य अंगुलिका प्रति कि0मी0 के दर से रिवर रैंचिंग कराया जाना अनिवार्य होगा।
7. पट्टे की अवधि नीलामी की तिथि से 30 जून 2027 तक होगी किन्तु 1 जून से 31 अगस्त तक नदियों में मत्स्य आखेट प्रतिबंधित रहेगा।
8. पट्टा धारक समिति/नीलामी प्राप्तकर्ता के द्वारा बहती हुई नदी/जलधारा को रोकने का प्रयास नहीं किया जाएगा और न ही नदी/जलधारा में बाड़े लगाए जाएंगे।
9. पट्टा धारक/नीलामी प्राप्तकर्ता नदी में कोई ऐसा विषैला अथवा विस्फोटक पदार्थ उपयोग में नहीं लाएगा जिससे जल प्रदूषण एवं जलीय जीव जन्तुओं की मृत्यु होने की सम्भावना हो।
10. पट्टा धारक समिति/नीलामी प्राप्तकर्ता को नदी में कछुआ, घड़ियाल, गंगैटिक डोल्फिन, मगर एवं अन्य प्रतिबंधित प्रजातियों को पकड़ने का अधिकार नहीं होगा।
11. मत्स्य आखेट हेतु प्रतिबंधित श्रेणी का जाल प्रयोग में नहीं लाया जाएगा।

अन्य विस्तृत जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस में मत्स्य विभाग के कार्यालय सहायक निदेशक मत्स्य/मत्स्य पालक विकास अभिकरण, प्रथम तल, विकास भवन, वाराणसी में संपर्क किया जा सकता है।

उ.प्र.:– 257264 (सुरेश कुमार)
दिनांक:– 29.09.2026 सहायक निदेशक मत्स्य, वाराणसी

वेबसाईट:– www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।



### उत्तर रेलवे

ई–ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन आमंत्रित किया जाता है।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | Lucknow-NR-Division-Commercial/ Northern Railway |
| नीलमी सूची सं. | MPSBSP26 |
| कार्य का विवरण | Allotment of Multi-Purpose Stall at Varanasi Cantt. Station of Lucknow Division for a period of five (05) years. |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.09.2026 |
| नीलामी प्रारंभ तिथि (समस्त लॉट) | 07.10.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बंद करने की तिथि व समय | 07.10.2026 at 11:30 hrs. |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलिदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

| S. N. | Station | Lot No. | Stall ID | Close Date/Time | Quota | Sub Quota |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Varanasi Cantt. (BSB) | MPS-LKO-BSB-MPS-9-23-1 | BSB/4/5/10/MPS | 07.10.2026 at 11:30 hrs. | SMU | FF/WW/WRE/LD |

3394/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## महंगे सोने के बीच बिना बिल खरीदारी का बढ़ा चलन

नयी दिल्ली। सोने की कीमतों में हालिया गिरावट के बावजूद पीली धातु अब भी ऊंचे स्तर पर कारोबार कर रही है। करीब एक साल पहले की तुलना में सोना लगभग 28त्न महंगा हुआ है। ऐसे में ज्वेलरी खरीदने वाले कुछ ग्राहकों के बीच सस्ता सोना पाने के लिए कैश में बिना बिल खरीदारी का चलन बढ़ने की खबर है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, बड़ी मात्रा में सोना खरीदने पर अनौपचारिक कैश डील में बाजार भाव से करीब 6त्न तक कम कीमत मिलने की बात सामने आई है। यह डिस्काउंट प्रति 10 ग्राम सोने पर 10,000 रुपए तक हो सकती है।

कैश पेमेंट पर क्यों मिल रहा डिस्काउंट?


### कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
### कनहर निर्माण खण्ड-द्वितीय, पिपरी-सोनभद्र

अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या:-04/अ.अ./2026-27

महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु मुहरबंद निविदा सिंचाई विभाग उ0प्र0 में कार्यों के समक्ष अधोलिखित श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 12.10.2026 समय 3:00 बजे अपराह्न तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में आंमत्रित की जाती है, जो दिनांक 13.10.2026 अपरान्ह 3:00 बजे निविदा उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, कनहर निर्माण खण्ड–द्वितीय पिपरी–सोनभद्र में खोली जायेगी।

निविदा प्रपत्र दिनांक 05.10.2026 से 12.10.2026 तक सांय 5:00 बजे तक कार्यालय अवधि में कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, कनहर निर्माण खण्ड–द्वितीय पिपरी–सोनभद्र को निर्धारित शुल्क एवं वांछित अभिलेखों की मूल प्रतियॉं व सत्यापित छायाप्रति प्रस्तुत करने पर प्राप्त किये जा सकेगें। निविदा प्राप्त करने से पूर्व पंजीकरण, जिलाधिकारी द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण–पत्र (IDT-I), हैसियत प्रमाण–पत्र (IDT–2) तथा जी0एस0टी0 प्रमाण पत्र की मूल प्रतियॉं प्रस्तुत की जायेगी तथा उनकी सत्यापित छायाप्रतियॉं भी ठेकेदार या उसके अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा जमा की जायेगी। अधिकृत प्रतिनिधियों द्वारा जो कि ठेकेदार द्वारा प्रदत्त अधिकार पत्र जिसमें प्रतिनिधि का हस्ताक्षर प्रमाणित किया हुआ हो, भी निर्धारित शुल्क/उक्त अभिलेख प्रस्तुत कर निविदा प्रपत्र प्राप्त किये जा सकेगें।

धरोहर धनराशि किसी राष्ट्रीयकृत बैंक की एफ0डी0आर0 के रूप में जो कि अधिशासी अभियन्ता, कनहर निर्माण खण्ड–द्वितीय पिपरी–सोनभद्र के पक्ष में बन्धक होगी जमा करना अनिवार्य होगा। साथ ही साथ यह भी सुनिश्चित करें कि लाट के अनुसार धरोहर धनराशि की एफ0डी0आर0 संलग्न करें अन्यथा निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। निविदा निरस्त करने का समस्त अधिकार अधोहस्ताक्षरी का होगा।

| क्र0 सं0 | कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत (लाख रू0 में) | धरोहर धनराशि 02 प्रतिशत (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य स्टेशनरी चार्ज एवं 18 प्रतिशत जी0एस0टी0 | पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | Supply of Angle iron, MS- Pipe | 7.93 | 16000.00 | 15 दिवस | 225+500 18%GST= Rs.766.00 | सिविल "सी" श्रेणी या उच्च |

नोट:– यह निविदा सूचना, सूचना विभाग की वेबसाइट (WWW.information.up.nic.in ) तथा सिंचाई विभाग की वेबसाइट http://idup.gov.in/ पर भी उपलब्ध है।

1. नियम शर्त अधिशासी अभियन्ता के कार्यालय में बिक्री के लिये उपलब्ध निविदा प्रपत्र के साथ प्राप्त किया जा सकता है।
2. उपरोक्त अंकित किसी भी तिथि को अवकाश घोषित होने की स्थिति में अगले कार्य दिवस को निविदा प्राप्त/खोली जायेगी।
3. निविदादाता जो राज्य सरकार द्वारा काली सूची में दर्ज हो निविदा प्रक्रिया में भाग नहीं ले सकेगा।

उ.प्र.:– 257257 (दिलीप कुमार)
दिनांक:– 29.09.2026 अधिशासी अभियन्ता
कनहर निर्माण खण्ड–द्वितीय

वेबसाईट:– www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।



### सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank | शाखा कार्यालय:–आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, बीपी-4,टेक्नोपोलिस बिल्डिंग, चौथी मंजिल,सेक्टर 5,सॉल्ट लेक सिटी, कोलकाता,पश्चिम बंगाल-700091
CINनंबर: L65190GJ1994PLC021012.www.icicibank.com

नीचे दिए गए उधारकर्ताओं ने आईसीआईसीआई बैंक से ली गई लोन सुविधा के तहत मूलधन और ब्याज का भुगतान करने में चूक की है। इन लोन को नॉन-परफॉर्मिंग एसेट (एनपीए) के तौर पर वर्गीकृत किया गया है। उन्हें सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ फाइनेंशियल एसेट्स एंड एनफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 की धारा 13(2) के तहत उनके आखिरी ज्ञात पते पर एक नोटिस भेजा गया था। हालांकि, यह नोटिस उन तक नहीं पहुँच पाया, इसलिए उन्हें इस सार्वजनिक सूचना के ज़रिए सूचित किया जा रहा है।

| क्र.सं. | कर्जदारों/सह-कर्जदारों/गारंटीदाता का नाम/(ऋण खाता संख्या) एवं पता | सिक्योर्ड सम्पत्ति/प्रवर्तित की जाने वाली सम्पत्ति का विवरण | प्रेस नोटिस की तिथि/नोटिस की तिथि को बकाया धनराशि | एनपीए दिनांक |
|---|---|---|---|---|
| 1. | जय शंकर पांडे/मार्कंडेय दुबे/सुमन पांडे/सुरेश, गिरजा देवी गारंटर/ग्राम हांसु मार्केट, जीटी रोड, सासाराम, साईं मंदिर के पास, बिहार, सासाराम-821115/ एलबीजीएवाई00005181612 | वारजी नंबर 1060, मौजा- मीर गोवर्धनपुर मारुतिनगर कॉलोनी, वाराणसी, देहात अमानत जिला, तहसील-वाराणसी, जिला-वाराणसी, उत्तर प्रदेश के स्वामित्व वाले वायमार्कंडेय दुबे का क्षेत्रफल 2720 वर्ग फुट है। | 31/08/2026 रु. 20,40,701/- | 28/07/2026 |

नोटिस की सब्स्टिट्यूटेड सर्विस (वैकल्पिक तामील) के लिए ये कदम उठाए जा रहे हैं। ऊपर बताए गए उधारकर्ता/गारंटर (जैसा भी मामला हो) को सलाह दी जाती है कि वे इस नोटिस के पब्लिश होने की तारीख से 60 दिनों के भीतर बकाया पेमेंट कर दें। ऐसा न करने पर, सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ फाइनेंशियल एसेट्स एंड एनफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 के प्रावधानों के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

दिनांक : 01 अक्टूबर 2026
स्थान :-वाराणसी

भवदीय, अधिकृत अधिकारी,
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के लिए।

# जापान के बुजुर्गों को निशाना बनाकर साइबर ठगी, काल सेंटर का पर्दाफाश

मुगलसराय। कैलाशपुरी स्थित एक बिल्डिंग की तीसरी मंजिल पर संचालित कथित साइबर कॉल सेंटर का पुलिस ने पर्दाफाश किया है। स्वाट, सर्विलांस, साइबर टीम और कोतवाली पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि तीन अन्य को नामजद किया गया है। पुलिस के अनुसार, गिरोह जापान के नागरिकों को तकनीकी सहायता के नाम पर झांसा देकर उनके कंप्यूटर का रिमोट एक्सेस हासिल करता था और फिर बैंकिंग संबंधी जानकारी के जरिए रकम ठगी जाती थी। पुलिस को सूचना मिली थी कि इलेक्ट्रॉनिक शोरूम के बगल स्थित बिल्डिंग की तीसरी मंजिल पर संदिग्ध साइबर कॉल सेंटर चल रहा है। टीम ने वीडियोग्राफी करते हुए मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की। जांच के दौरान कंप्यूटर स्क्रीन पर विदेशी भाषा में लाइव कॉल चलती मिली। इसके बाद पुलिस ने मौके से पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार आरोपियों में रौनक सिंह निवासी नालंदा, रोशन कुमार व अमन कुमार निवासी गया, अंकित कुमार निवासी नवादा और विकास वैभव निवासी गया शामिल हैं। रौनक को कॉल सेंटर का मैनेजर बताया गया है। एक अन्य आरोपी के दो बैंक खातों में करीब नौ लाख रुपये फ्रीज कराए गए हैं। पुलिस मुख्य संचालक और अन्य साथियों की तलाश कर रही है।

# राजस्व वसूली,आईजीआरएस की समीक्षा बैठक में सख्त दिखे डीएम

**चंदौली।** कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कर-करेत्तर, राजस्व वसूली व आइजीआरएस की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी चंद्र मोहन गर्ग की अध्यक्षता में संपन्न हुई। समीक्षा के दौरान राजस्व वसूली व अंश संशोधन, नाम संशोधन में खराब प्रदर्शन और लापरवाही पाए जाने पर अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई गई। साथ ही, बैठक में शिथिलता बरतने पर समस्त एसडीएम को एक सप्ताह का समय देते हुए कहा कि तय समय सीमा मे लक्ष्य पूर्ण करने के निर्देश दिये। बैठक में जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि शासन की मंशा के अनुरूप राजस्व वसूली का शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करना अनिवार्य है। जिलाधिकारी ने व्यापार कर, स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन,आबकारी, खनन और विद्युत विभाग के अधिकारियों को

## टीम भावना से लक्ष्य पूरा करने के दिये निर्देश

निर्देश दिया कि वे चालू वित्तीय वर्ष के निर्धारित लक्ष्य को समय से पूरा करें । जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारियों और तहसीलदारों को निर्देशित किया कि तहसीलों में लंबित राजस्व मुकदमों के मामलों का त्वरित एवं पारदर्शी तरीके से निस्तारण सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक माह विभागों के लिए राजस्व वसूली का लक्ष्य तय किया जाता है। सभी अधिकारी आपसी समन्वय और टीम भावना के साथ काम करें ताकि वसूली में तेजी लाई जा सके। कलेक्ट्रेट और तहसील स्तर पर नियमित अनुश्रवण कर वसूली की गति बढ़ाने के निर्देश दिए गए ताकि जिले की रैंकिंग उच्च श्रेणी में रहे। जिलाधिकारी ने आइजीआरएस की समीक्षा के दौरान संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुवे कहा कि सुबह दस बजे से दोपहर बारह बजे तक अपने कार्यकाल में उपस्थित रह कर जनसुनवाई कर गुणवत्तापूर्ण तरीके से लोगो की शिकायतों का निराकरण करें, अगर किसी कारण वश कार्यालय से अनुपस्थित है तो किसी सक्षम को लोगो की शिकायतों के निस्तारण हेतु नामित करे साथ ही किसी का फोन आए तो फीडबैक लेकर उनकी समस्याओं को सुनकर समुचित निस्तारण के लिए आवश्यक कार्यवाही करें। बैठक में अपर जिलाधिकारी राजेश कुमार (वि0रा0), अपर जिलाधिकारी रतन वर्मा (न्यायिक) सहित संबंधित अधिकारीगण,उप जिलाधिकारीगण उपस्थित रहे।


समीक्षा बैठक करते जिलाधिकारी । छाया: आज

# गांधी जयंती पर नि:शुल्क कानूनी सहायता शिविर

**चंदौली।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के दिशा-निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चंदौली द्वारा गांधी जयंती के उपलक्ष्य में पॉक्सो अधिनियम-2012 महिला एवं बाल अधिकारों तथा नि:शुल्क कानूनी सहायता को लेकर विशेष विधिक जागरूकता अभियान शुरू किया गया है। अभियान का पहला चरण 25 सितंबर से 01 अक्टूबर तक चलेगा। जबकि द्वितीय चरण 02 अक्टूबर को प्रस्तावित है। इसी क्रम मे 30 सितम्बर को जिला पंचायत बालिका इंटर कालेज चंदौली में पूर्णकालिक सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चन्दौली श्री निकिता गौड की अध्यक्षता में एक विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सिविल जज (जू०डि०)/एफ०टी०सी०प्रथम सुश्री शिवानी, विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिका तथा छात्राएं व विद्यालय के समस्त स्टासफ और पीएलवी उपस्थित रहे। शिविर में पॉक्सो अधिनियम-2012 के प्रावधानों महिला एवं बाल अधिकारों और नि:शुल्क कानूनी सहायता के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। महिला कल्याण विभाग की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं तथा आपातकालीन हेल्पलाइन जैसे - नालसा हेल्पलाइन न० 15100,1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 1090 व 181 महिला हेल्पलाइन, की जानकारी भी दी गई, ताकि विषम परिस्थितियों में बेटियां अपने अधिकारों और सुरक्षा के लिए जागरूक होकर उचित कदम उठा सकें। इसी क्रम में पीएम केन्द्रीय विद्यालय मुगलसराय में भी उपरोक्त विषयक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया जिसमें सिविल जज (सी०डी०) चन्दौली श्रीमती इशरत परवीन फारूकी तथा सिविल जज (जू०डि०)/एफ०टी०सी० द्वितिय सुश्री ईशा राय उपस्थित रहे।



## आज से शुरू होगा नेशनल गर्ल्स हैंडबाल प्रतियोगिता

**मुगलसराय।** जे एस पब्लिक स्कूल के प्रांगण में चलने वाले पांच दिवसीय नेशनल गर्ल्स हैंडबॉल टूर्नामेंट 2026 1 अक्टूबर से 5 अक्टूबर तक चलने वाला है। यह टूर्नामेंट अपने विद्यालय को सीबीएसई द्वारा विश्वसनीयता के आधार पर पांचवीं बार कराने का अवसर प्राप्त हुआ है। इस टूर्नामेंट के उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि हंसराज विश्वकर्मा, राज्य मंत्री,उत्तर प्रदेश सरकार एवं विशिष्ट अतिथि कप्तान आकाश पटेल होंगे। बताते चले कि विद्यालय में पठन पाठन के साथ बच्चों के शारीरिक संवर्धन हेतु सीबीएसई प्रति वर्ष खेल कूद प्रतियोगिता भी कराती है। इसी कड़ी में इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें देश विदेश से कुल 29 टीमों का आगमन होना है। जिसमें 20 टीमें अपने भारतवर्ष से तथा विदेश से 9 टीमें कतर,ओमान,यूएई आदि देशों से आने वाली है। जिनके रहने व खान-पान आदि की सारी व्यवस्था विद्यालय द्वारा की जायेगी। उक्त आशय कि जानकारी जे एस विद्यालय परिवार ने दी।

# गांधी जयंती की तैयारी को लेकर डीएम ने ली समीक्षा बैठक

**चंदौली।** महात्मा गांधी जयंती 02 अक्तूबर के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले जनपदस्तरीय कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी चन्द्र मोहन गर्ग की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई इस बैठक में कार्यक्रमों के सफल आयोजन, कानून व्यवस्था और स्वच्छता व्यवस्था को लेकर बिंदुवार समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती जनपद में गरिमामय एवं भव्य रूप से मनाई जाएगी। उन्होंने निर्देश दिया कि जयंती से पूर्व ही जनपद के सभी सार्वजनिक स्थलों, प्रमुख मार्गों, सरकारी कार्यालयों, अस्पतालों और शिक्षण संस्थानों में विशेष सफाई अभियान चलाया जाए। जिलाधिकारी ने साफ-सफाई पर विशेष बल देते हुए कहा कि केवल औपचारिकता न निभाई जाए, बल्कि धरातल पर स्वच्छता दिखाई देनी चाहिए। डीएम चन्द्र मोहन गर्ग ने स्पष्ट निर्देश दिया कि 02 अक्तूबर की सुबह ठीक 09:00 बजे जनपद के सभी सरकारी,अर्ध-सरकारी कार्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों में ध्वजारोहण किया जाएगा। उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों को अपने-अपने कार्यालय परिसर को स्वच्छ, सुसज्जित और अनुशासित रखने के निर्देश दिए। डीएम ने सभी उप जिलाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में व्यवस्थाओं की निगरानी करने के सख्त निर्देश दिए हैं।

## संक्षिप्त

### ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर निकलेगा प्रतिवाद मार्च

**चकिया।** मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर वामपंथी दलों के राष्ट्रव्यापी आह्वान के तहत भाकपा (माले) तहसील इकाई की ओर से बुधवार को प्रतिवाद मार्च निकाला जाएगा। मार्च के दौरान विभिन्न नारों के साथ विरोध जताते हुए राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा जाएगा। भाकपा (माले) के जिला सचिव कामरेड अनिल पासवान ने प्रेस नोट जारी कर बताया कि एक अक्टूबर को दोपहर एक बजे पार्टी के लालपुर स्थित कार्यालय से प्रतिवाद मार्च शुरू होगा। कार्यकर्ता नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए उपजिलाधिकारी कार्यालय पहुंचेंगे। इस दौरान मुख्य निर्वाचन आयुक्त के इस्तीफे की मांग को लेकर प्रदर्शन किया जाएगा। अनिल पासवान ने कहा कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त के इस्तीफे की मांग को लेकर देशभर में वामपंथी दलों का संयुक्त आंदोलन चल रहा है। इसी क्रम में चकिया में भी प्रतिवाद मार्च निकालकर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा जाएगा।

### आज १० से दो बजे तक बिजलीं की सप्लाई रहेगी बन्द

**चहनियां।** चहनियां क्षेत्र में बिजली उपकेंद्र से जुड़ी कस्बा और गांवो में बिजली की सप्लाई गुरुवार को बन्द रहेगी । एसडीओ के निर्देश पर धानापुर से आयी तैतीस हजार की मेन सप्लाई पर पेड़ो के डहन की कटिंग होगी । बरसात के कारण पेड़ों की डहन 33 हजार के तारों से छू रहा है । हवा चलने पर बिजली ट्रिप हो रही है । जो पेड़ो की डहन की छटाई होगी । इसके अलावा तारो को दुरुस्त किया जायेगा । सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक बिजली की सप्लाई ठप्प रहेगी । यह जानकारी विभाग के जे ई ने दी है ।

### एलबीएस के छात्रा के सफलता पर हर्ष

**मुगलसराय।** लाल बहादुर शास्त्री स्नातकोत्तर महाविद्यालय के पं पारसनाथ नवीन परिसर में बी एड प्रथम सेमेस्टर की छात्रा विद्योत्तमा यादव ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग,नई दिल्ली द्वारा आयोजित परीक्षा में हिंदी विषय में जूनियर रिसर्च फेलो के रूप में सफलता प्राप्त की है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो उदयन ने कहा कि अध्ययनरत छात्र जब सफलता प्राप्त करते हैं तो हम सभी शिक्षकों को आत्मिक संतोष मिलता है व पं पारसनाथ तिवारी का सपना सच होता प्रतीत होता है । छात्र / छात्रा के सफल होने पर हम सभी लोगों के लिए गौरव की अनुभूति होती है। इस अवसर पर महाविद्यालय की हिन्दी विभाग की विभाग प्रभारी प्रो इशरत, प्रो.भावना, डा. साधना ने अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया । इस अवसर पर प्रो संजय पाण्डेय, प्रो. अरुण, डा कामेश,विनोद कुमार आदि उपस्थित रहे।

### नहर पर बैरिकेटिंग लगाने से लग रहा है जाम

**कमालपुर।** स्थानीय कस्बा से होकर गुजरने वाली नहर की पटरी पर बैरिकेटिंग लगा देने से कस्बा में अक्सर जाम लग रहा है। भूपाली कैनाल से निकलकर आने वाली नहर आवाजापुर खड़ान, जनौली गांव होते हुए आगे चली जाती है। जनौली शिवशक्ति लान के समीप तिमुहानी के पास लगभग 9 फुट ऊंचा नहर मार्ग पर बैरिकेटिंग लगाकर गाड़ियों के आवागमन पर रोक लगा दी गई है। क्षेत्र व दूर दराज जाने वाली बड़ी गाड़ियां कस्बा कमालपुर में न आकर एक किमी नहर की पक्की पटरी से जाकर रमरजाई रोड पकड़कर गंतव्य स्थानों तक पहुंच जाती थी। विगत दिनों कमालपुर कस्बा से जमुर्खा गांव तक आर सी सी रोड का काम चल रहा।धीना अथवा सकलडीहा की तरफ से आने वाली बड़ी गाड़ियां बैरिकेटिंग लग जाने से कमालपुर कस्बा तिमुहानी से रमरजाई रोड में प्रवेश करने से एक तरफ जहां आवागमन की बिकट समस्या उत्पन्न हो रही है वहीं दूसरी तरफ आर सी सी रोड कार्य में बहुत बड़ी बाधा पैदा हो रही है। जाम लगने से सबसे ज्यादा स्कूल के छोटे छोटे बच्चे, बच्चियां, महिलाएं तथा बुजुर्ग परेशान हो रहे हैं।

### प्रमुख संपर्क मार्गों में सड़क-नाला सुधार के कार्य तेज

**मुगलसराय।** रेलवे कॉलोनियों एवं मंडल मुख्यालय क्षेत्र के प्रमुख संपर्क मार्गों पर बेहतर आवागमन तथा सुचारु जलनिकासी व्यवस्था के उद्देश्य से पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल द्वारा सड़क एवं नाला सुधार के विभिन्न कार्य चरणबद्ध रूप से आगे बढ़ाए जा रहे हैं। मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना के दिशा निर्देश पर मंडल के इंजीनियरिंग विभाग द्वारा जहां आवश्यक स्थानों पर तत्काल मरम्मत कार्य किए जा रहे हैं, वहीं प्रमुख मार्गों के स्थायी सुधार के लिए भी योजनाओं पर कार्य किया जा रहा है।

### महालक्ष्मी पूजा में उमड़ रही है भक्तों की भीड़

**मुगलसराय।** स्थानीय जाटिया धर्मशाला स्थित याज्ञेश्वर महादेव मंदिर के प्रथम तल पर आयोजित सोलह दिवसीय मां महालक्ष्मी एवं श्रीयंत्र पूजा के ग्यारहवें दिन भी सायंकाल की पूजन आरती में शहर के विभिन्न स्थानों से आयी हुई महिलाओं ने अपने भजनों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया उन्होंने एक से एक भजन मातारानी के श्रीचरणों में अर्पित किया। इस पूजा के संदर्भ में मुख्य आचार्य प. अमित पुरोहित ने बताया कि पिछले कई वर्षों से निरंतर इसका आयोजन किया जा रहा है, जिसमें माता महालक्ष्मी के साथ अनेक श्रीयंत्रों की स्थापना की गई है। माता के इस सोलह दिनों के व्रत कर पूजा करने वालों पर माता महालक्ष्मी की विशेष कृपा रहती है, उनके घर हमेशा अन्न धन से भरे हुए रहते हैं और वे हमेशा स्वस्थ एवं प्रसन्न रहते हैं। इस पूजा में उनके सहयोगी शास्त्री कृष्ण कांत नायक, राहुल तिवारी, शुभम पाण्डेय, राहुल मिश्रा, विवेक रस्तोगी आदि लोग शामिल रहे। आयोजन के मुख्य व्यवस्थापक जयप्रकाश शर्मा(मुन्ना गुरु)के साथ शिवकुमार जायसवाल पप्पू, अजय रॉय, विष्णु चौरसिया, सूरज मोदनवाल, चंदन विश्वकर्मा,संस्कार, इत्यादि लोगो का विशेष सहयोग है।

## सरौली में गंगा में मिला युवक का शव

**चहनियां।** बलुआ थाना क्षेत्र के सरौली गांव के सामने मंगलवार की शाम को गंगा नदी में 40 वर्षीय युवक तुषार मित्तल का शव मिलने से सनसनी फैल गई । पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम को भेज दिया। प्रयागराज के रहने वाले तुषार मित्तल पुत्र राकेश मित्तल 25 सितंबर से घर से गायब थे । जो घर नहीं लौटे । परिजनों द्वारा लगातार तलाश किया जा रहा था । पुलिस के अनुसार उनकी बाइक यमुना नदी के पुल पर खड़ा मिला । तब से उनका तलाश किया जा रहा था । मंगलवार की शाम को सरौली गंगा घाट के पास शव मिलने पर ग्रामीणों ने इसकी जानकारी बलुआ पुलिस को दिया । मौके पर पहुंचकर पुलिस ने शव को गंगा से निकालकर पीएम को भेज दिया । इस संदर्भ में बलुआ थाना प्रभारी संतोष सिंह ने बताया कि मृतक के पास से मिले ड्राइवरी लाइसेंस से उनकी पहचान की गई है । परिजनों को सूचना दे दी गई है ।

# दो अक्तूबर को निकाली जायेगी प्रभातफेरी

कमालपुर। स्थानीय कस्बा में 02अक्टूबर महात्मा गांधी जयंती तथा लाल बहादुर शास्त्री जयंती पर प्रभातफेरी का आयोजन किया गया है। पुरानी परम्पराओं को जीवित रखते हुए कस्बा के साहू समाज के लोग काफी दिनों से प्रात रूकाल प्रभातफेरी का आयोजन करते चले आ रहे हैं। 02अक्टूबर को साहू समाज के बूढ़े, नौजवान तथा बच्चे नंदलाल साहू के आवास पर प्रात:काल इकट्ठा होकर हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लिए गगन भेदी नारे, महात्मा गांधी अमर रहे, अमर रहे। लाल बहादुर शास्त्री अमर रहे अमर रहे। के नारे लगाते हैं। बीच बीच में महात्मा गांधी जी द्वारा गाए भजन रघुपति राघव राजाराम,पतित पावन सीताराम। गाते हुए भ्रमण करते हैं। प्रभातफेरी अंदर मार्केट से होकर राष्ट्रीय इंटर कालेज तक जाकर मुख्य सड़क मार्ग से वापस लौट कर नंदलाल साहू के मकान तक समाप्त करते हैं। कस्बा कमालपुर में 02 अक्टूबर महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जयंती पर प्रभातफेरी के प्रथम पुरुष के रूप शिवदयाल साहू ने आयोजन को जीवित किया जो आज उन्हीं के कुशल नेतृत्व में चल रहा है।इस साल भी पूर्व की तरह प्रात:काल प्रभात फेरी निकाली जाएगी।उक्त आशय की जानकारी नगर साहू समाज अध्यक्ष श्रीकांत साहू उर्फ गोपाल ने दी है।

# सत्य,असत्य का विवेचन करने वाला ही पंडित-संतदास

**चहनियां।** जगत जब अपना होगा तो जगदीश्वर सपना हो जायेंगे। भगवान को पाने के लिए ढ़ाई अक्षर के प्रेम रूपी भक्ति शक्ति मुक्ति बृष्टि सृष्टि का ध्यान करते हुए भगवान के सत्संग में लगना होगा। इसीलिए असत्य और सत्य में विवेचना करने वाला ही पंडित है। वर्तमान समय में इसकी कमी होती जा रही है। उक्त बातें लक्ष्मनगढ़ में आयोजित सप्त दिवसीय श्रीमद भागवत कथा के तीसरे दिन बुधवार को कथा श्रवण कराते हुए अयोध्या से पधारे श्री संतदास महराज ने कहा। उन्होंने कहा कि माता देवहुति द्वारा भगवान से केवल एक ही आग्रह किया गया कि हे परम पिता परमेश्वर आप मुझे एक बार माँ कह दीजिये। जिसपर भगवान विष्णु ने समझते हुए कहा कि इस रूप में मैं आप को माँ नहीं कह सकता। बल्कि इसके लिए हमें मनुष्य रूप में अवतार लेना पड़ेगा। इसीलिए भगवान को कृष्ण अवतार लेना पड़ेगा। कथा सुनाते हुए उन्होंने कहा कि यज्ञ शब्द के बाद नौ अक्षर आता है और मनुष्य के शरीर में नौ छिद्र है। यदि हम मनुष्य अपने इन नौ छिद्र रूपी दरवाजे को संयमित करते हुए भगवान के चरणों में इनकी आहुति दे दे तो नारायण का मिलना मुश्किल नहीं होगा। उन्होंने कहा कि श्रीमद भागवत में वेद व्यास ने कहा है कि जो नारायण में रमेगा उसी को मनुष्य के रूप में ईश्वर धरती पर भेजते है। भारत का मनुष्य आसक्ति में रहता है जिसे ईश्वरासक्ति में बदलना ही श्रीमद भागवत कथा का लक्ष्य है। कथा आयोजक राजेंद्र पाण्डेय ने कथा वाचक को माल्यार्पण कर और श्रीमद भागवत पुराण की आरती करके कथा शुरू करायी। कथा श्रवण करने वालों में मुख्य रूप से डॉ के एन पाण्डेय, जयश्याम त्रिपाठी, प्रधान दुर्गा पाण्डेय, डॉ संजय त्रिपाठी, दुर्गेश पाण्डेय, आलोक पाण्डेय,आत्मप्रकाश पाण्डेय, प्रिंस त्रिपाठी,बिनीत पाण्डेय सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।



# साइबर अपराध को बलुआ पुलिस ने किया जागरूक

**चहनियां।** डिजिटल माध्यम से आनलाइन खरीदारी या बिक्री की बात हो या फिर अलग-अलग लिंक, क्यू आर कोड, बारकोड और विभिन्न ऐप से धनराशि स्थानांतरण करने के तरीके। इन सभी में साइबर अपराधी लगातार सेंध लगा रहे हैं। जिन से निजात पाने के लिए जागरूकता अभियान चलाते हुए बलुआ पुलिस लगातार अभियान चला रही है । बुधवार को रामगढ़ स्थित लोकनाथ महाविद्यालय में बलुआ थाने द्वारा छात्र छात्राओं को जागरूक किया गया । इस दौरान वरिष्ठ उपनिरीक्षक अन्नत भार्गव ने बताया कि संभ्रांत लोगों, ग्राम प्रधानों और चौकीदारों की मदद से जागरूकता अभियान स्कूल कालेजों के माध्यम के साथ-साथ इंटरनेट मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म से किया जा रहा है। जिसमें साइबर सेल के द्वारा जारी की गई एडवाइजरी के जरिए सावधानी बरतने की सलाह दी जा रही है । कहा कि पुलिस इंटरनेट मीडिया पर होने वाली साइबर ठगी और उससे होने वाले नुकसान के अलावा उनके प्रयोग को लेकर जगह जगह, कालेजो आदि जगहों जानकारी दे रही है। जिससे कि लोग ऑनलाइन भुगतान करते समय या फिर खरीदारी करते समय लोग साइबर ठगी से बच सकें। बलुआ पुलिस के द्वारा नगरीय और ग्रामीण इलाकों में गोष्ठियों के माध्यम से लोगो को जागरूक किया जा रहा है । आप लोग सबसे बड़े मध्यम है। आप भी लोगो को जागरूक कर नेक कार्य कर सकते है।

# सनबीम स्कूल मुगलसराय में 'इकोज ऑफ हेरिटेज' का आयोजन

**दुलहीपुर।** सनबीम स्कूल मुगलसराय में 29 सितंबर, को कक्षा 3 से 5 तक के विद्यार्थियों द्वारा वार्षिकोत्सव के अंतर्गत 'इकोज ऑफ हेरिटेज-पहिए से भारत के भविष्य तक विषय पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों ने भारत की समृद्ध सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक विरासत को अपनी प्रतिभा और रचनात्मकता के साथ जीवंत किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा तैयार की गई विशेष प्रदर्शनी में भारत के प्रमुख त्योहारों, संस्कृति, वेशभूषा, हस्तशिल्प, परिवहन एवं संचार से संबंधित मॉडल और कलाकृतियां प्रदर्शित की गईं। आवश्यकता, लालच, गति, स्थिरता और मोक्ष जैसे विषयों पर आधारित जीवंत मॉडल एवं झांकियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथि डॉ. खिलेश्वरी पटेल, सहायक प्रोफेसर, प्रदर्शन कला संकाय, बीएचयू माँ खंडवारी विद्यालय एवं महाविद्यालय समूह के सचिव डॉ.राजेंद्र प्रताप सिंह, एवं उनके पुत्र एवं संस्था के प्रबंध निदेशक डॉ.आशुतोष सिंह, प्रख्यात लेखिका श्रीमती दीपाली राजकृष्णय,अनिल यादव, सामाजिक कार्यकर्ता एवं प्रबंध निदेशक, साई पब्लिक स्कूल, मुगलसराय तथा मृत्युंजय सिंह, प्रबंध निदेशक, स्कॉलर्स स्कूल एंड हॉस्टल ने तुलसी वेदी पर दीप प्रज्वलन करके किया। तत्पश्चात विद्यालय के सेक्रेटरी यदुराज कनूडिया व डायरेक्टर श्रीमती श्वेता कनूडिया,एडिशनल डायरेक्टर श्रीमती श्रुति अग्रवल्ला, प्रधानाचार्या श्रीमती सौमिता चटर्जी, डीन यू. बी. रॉय, उप.प्रधानाचार्य राम प्रताप सिंह ने संयुक्त रूप से अतिथियों का स्वागत पुस्तक और अंगवस्त्र भेंट कर किया।



## सकलडीहा सीएचसी में मौसमी बीमारियों के बढ़े मरीज

**सकलडीहा।** मौसम में बदलाव के साथ सकलडीहा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में मौसमी बीमारियों से पीड़ित मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। कुछ समय पहले तक जहां प्रतिदिन करीब 100 से 150 मरीज अस्पताल पहुंच रहे थे, वहीं अब यह संख्या बढ़कर 250 से 350 तक पहुंच गई है। मेडिकल सुपरीटेंडेंट डॉ. बीके प्रसाद ने बताया कि इन दिनों खांसी, सर्दी, जुकाम, बुखार और वायरल फीवर से पीड़ित मरीजों की संख्या अधिक है। डॉ.प्रसाद ने लोगों को सावधानी बरतने की सलाह देते हुए कहा कि सोते समय मच्छरदानी का इस्तेमाल करें, पानी उबालकर अथवा स्वच्छ पानी ही पिएं और ताजा भोजन करें। घरों के आसपास पानी जमा न होने दें तथा मच्छरों से बचाव के लिए आवश्यक उपाय करें। उन्होंने लोगों से अपील की कि बीमारी के लक्षण दिखाई देने पर लापरवाही न बरतें और तत्काल सीएचसी पहुंचकर चिकित्सकीय परामर्श लें।

# सेवा शिविर में किसानों को वितरित की नि:शुल्क मिनी किट

**चकिया।** विकासखंड चकिया सभागार में बुधवार को सेवा संकल्प अभियान के तहत बहुउद्देशीय सेवा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में राजकीय कृषि बीज भंडार चकिया की ओर से किसानों को नि:शुल्क मिनी किट का वितरण किया गया। कार्यक्रम में विधायक कैलाश आचार्य मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। विधायक कैलाश आचार्य ने किसानों को सरकारी कृषि योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आधुनिक कृषि तकनीक और उन्नत पद्धतियों को अपनाकर किसान फसल उत्पादन बढ़ाने के साथ अपनी आय में भी वृद्धि कर सकते हैं। उन्होंने कृषि विभाग की योजनाओं की जानकारी लेकर पात्र किसानों से उनका लाभ उठाने की अपील की। ब्लॉक प्रमुख शंभूनाथ यादव ने कहा कि किसानों की सुविधा और कृषि उत्पादन बढ़ाने के लिए शासन की ओर से संचालित योजनाओं का लाभ गांव-गांव तक पहुंचाना जरूरी है। शिविर के दौरान किसानों को कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं, उन्नत बीज और उपलब्ध संसाधनों के बारे में जानकारी दी गई। इस मौके पर बीडीओ अनिल राय,जिला कृषि अधिकारी विनोद कुमार यादव, एडीओ पंचायत नारायण दत्त तिवारी, दक्षिणी मंडल महामंत्री विजयानंद द्विवेदी, भारतीय किसान संघ के जिला सह मंत्री शेषनाथ पांडेय सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।



# बच्चों को पाक्सो अधिनियम,बाल सुरक्षा की दी गयी जानकारी

**सकलडीहा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,चंदौली के निर्देशानुसार पूर्व माध्यमिक विद्यालय नई बाजार, सकलडीहा में पॉक्सो अधिनियम,2012 के प्रावधानों एवं बच्चों की सुरक्षा से संबंधित कानूनी प्रावधानों के प्रति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। छात्र-छात्राओं को बच्चों के अधिकार, बाल संरक्षण, सुरक्षित एवं असुरक्षित व्यवहार, सहमति के महत्व तथा किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर सहायता प्राप्त करने के बारे में जानकारी दी, बच्चों को चाइल्डलाइन 1098, पुलिस हेल्पलाइन 112 तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से उपलब्ध नि:शुल्क कानूनी सहायता के बारे में भी बताया गया। प्रशिक्षक प्रमोद कुमार ने बच्चों को पॉक्सो अधिनियम के प्रमुख प्रावधानों की जानकारी देते हुए कहा कि बच्चों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहना चाहिए तथा किसी भी असहज स्थिति में विश्वासपात्र अभिभावक, शिक्षक या संबंधित सहायता तंत्र को तत्काल जानकारी देनी चाहिए। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। प्रधानाध्यापक अरुण रत्नाकर ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा और उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता विद्यालय की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी बच्चों से कानून की जानकारी प्राप्त कर स्वयं सुरक्षित रहने तथा दूसरों को भी जागरूक करने का आह्वान किया। इस अवसर पर ज्योति भारद्वाज, सतीश कुमार, सुरेश कुमार, बनारसी आदि मौजूद रहे।

# अम्बानी,अडानी के दबाव में नीतियां बना रही भाजपा सरकार- राजेश

**चंदौली।** क्षेत्र के प्रीतमपुर में बुधवार को पीडीए जन पंचायत कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि सपा के राष्ट्रीय सचिव राजेश कुशवाहा ने सूबे की भाजपा सरकार को भ्रष्ट व तानाशाह सरकार करार दिया। कहा कि यह सरकार अम्बानी व अडानी के दबाव में आकर नीतियां बना रही है, जिसका खामियाजा जनता को भुगतना पड़ रहा है। इस दौरान पूर्व विधायक मनोज सिंह डब्लू ने कहा कि सपा सरकार में हुई सेना भर्ती अपने आप में ऐतिहासिक रहा और सरकार बदलने ही इस इतिहास को पुन: दोहराया जाएगा। कहा कि डबल इंजन की सरकार केवल पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने के लिए काम कर रही है। बीते नौ सालों में जनता के हित में कोई भी काम नहीं हुआ है। सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सड़क जैसे मुद्दों पर पूरी तरह से विफल साबित हुई है। कहा कि जनता को जागरूक होने की जरूरत है, ताकि वे उन जनप्रतिनिधियों की जवाबदेही तय कर सके जिस उसने वोट देकर जीताया है। कहा कि सरकार गैरकानूनी व असंवैधानिक कार्यों के जरिए आम जनता का दमन कर रही है। लोगों से उनके मताधिकार का अधिकार छिना जा रहा है। आपराधिक घटनाएं बढ़ रही है। दलित व पिछड़ों के साथ अत्याचार बढ़ता जा रहा है। जिलाध्यक्ष सत्य नरायन राजभर ने कहा कि सैयदराजा विधानसभा क्षेत्र की जनता अपने विधायक को बदलने के लिए आतुर है। अबकी बार जनता जाति, धर्म के नाम पर नहीं, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य व सड़क जैसी बुनियादी सुविधाओं को ध्यान में रखकर मतदान करेगी। कहा कि सपा सरकार में आने के बाद स्कूलों को बेहतर बनाएगी। साथ ही पीजी तक की पढ़ाई को नि:शुल्क करके उसे गरीबों को शिक्षित बनाने का काम होगा। कहा कि अबकी बार सभी वर्ग के लोग सूबे में सत्ता परिवर्तन का मन बना चुके हैं। पीडीए पंचायत के जरिए हम सभी आमजनता के विचारों को सुनने का काम कर रहे हैं, ताकि सत्ता परिवर्तन में जनता के साथ समाजवादी पार्टी पूरी मजबूती के साथ आगे बढ़े और इसे मुकाम तक ले जाए।



# विद्यार्थी नई तकनीकी सीखने की प्रवृत्ति रखें - प्रो. आरके सिंह

## सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग पर छात्रों का वाइसचांसलर के समक्ष प्रभावी प्रस्तुतीकरण

सराय ख्वाजा। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के कंप्यूटर



अनुप्रयोग विभाग में कुलपति प्रो. आर. के. सिंह द्वारा पूर्व में किए गए विभागीय अवलोकन के क्रम में छात्रों के आग्रह पर सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग विषय पर विशेष शैक्षणिक प्रस्तुतीकरण आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को विषय की व्यावहारिक समझ प्रदान करने के साथ-साथ उनके तकनीकी ज्ञान, तार्किक चिंतन, रचनात्मकता एवं प्रस्तुतीकरण कौशल को विकसित करना रहा।

प्रस्तुतीकरण के दौरान विद्यार्थियों ने सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं को व्यावहारिक उदाहरणों एवं आधुनिक तकनीकी परिप्रेक्ष्य के साथ प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि गुणवत्तापूर्ण सॉफ्टवेयर के विकास में योजनाबद्ध प्रक्रिया, तकनीकी दक्षता, उपयोगकर्ता की आवश्यकताओं की समझ तथा विकास के विभिन्न चरणों का महत्वपूर्ण योगदान होता है। इसी क्रम में बीसीए तृतीय वर्ष की छात्रा हर्षिता गुप्ता ने 'फ्लो ऑफ वेब डेवलपमेंट' विषय पर प्रस्तुतीकरण दिया। उन्होंने वेब डेवलपमेंट की संपूर्ण प्रक्रिया को विभिन्न चरणों के माध्यम से स्पष्ट करते हुए बताया कि किसी वेबसाइट की परिकल्पना से लेकर उसके विकास एवं उपयोगकर्ता तक पहुंचने की प्रक्रिया किस प्रकार आगे बढ़ती है। वहीं बीसीए के छात्र विशाल कुमार यादव ने 'फुल स्टैक डेवलपमेंट' विषय पर प्रभावी प्रस्तुतीकरण प्रस्तुत किया। उन्होंने फ्रंटएंड, बैकएंड, डेटाबेस एवं सर्वर-साइड तकनीकों के बीच समन्वय को उदाहरणों के माध्यम से समझाया। कुलपति प्रो. आर. के. सिंह ने दोनों प्रस्तुतियों का अवलोकन करते हुए विद्यार्थियों के प्रयास एवं प्रस्तुतीकरण कौशल की सराहना की। उन्होंने छात्रों को नवीनतम तकनीकों के प्रति निरंतर सीखने की प्रवृत्ति विकसित करने, तकनीकी कौशल को मजबूत करने तथा अर्जित ज्ञान को व्यावहारिक परियोजनाओं में प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां विद्यार्थियों को कक्षा-कक्ष की शिक्षा को वास्तविक तकनीकी दुनिया से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इस अवसर पर संकायाध्यक्ष प्रो. सौरभ पाल ने विद्यार्थियों के उत्साह, परिश्रम एवं प्रस्तुतीकरण कौशल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी शैक्षणिक गतिविधियां विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, तकनीकी दक्षता एवं नवाचार की भावना विकसित करने में सहायक हैं। कार्यक्रम में बीसीए कोर्स कोऑर्डिनेटर डॉ. मिथिलेश कुमार पाण्डेय तथा पाठ्यक्रम के सहायक आचार्य प्रियंका जायसवाल, आदित्य कुमार एवं अवधेश कुमार यादव उपस्थित रहे।

## हत्यारोपी युवक को आजीवन कारावास, २५ हजार लगा अर्थदंड

जौनपुर। अपर सत्र न्यायाधीश सुरेंद्र प्रताप यादव की अदालत ने 5 वर्ष पूर्व फावड़ा से मारकर हत्या करने वाले युवक को आजीवन कारावास व 25000 अर्थदंड से दंडित किया। अभियोजन कथानक के अनुसार वादी मुकदमा धनीराम पटेल निवासी बीरबलपुर थाना पवारा ने अभियोग पंजीकृत करवाया कि दिनांक 22 सितंबर 2021 को शाम 6:15 बजे उसके पिता विजय बहादुर पटेल शौच के लिए बाहर जा रहे थे, तभी अचानक पीछे से धर्मेंद्र पटेल फावड़ा व पत्थर से प्रहार कर दिया। घायल अवस्था में सहहरिया ले जाते समय रास्ते में उनकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने विवेचना करके आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। शासकीय अधिवक्ता प्रदीप कुमार के द्वारा परीक्षित कराए गए गवाहों के बयान एवं पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों के परिशीलन के पश्चात अदालत ने हत्यारोपी धर्मेंद्र पटेल को आजीवन कारावास व 25000 रूपए अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड न देने पर 6 माह की अतिरिक्त कैद होगी।

# वरिष्ठ भाजपा नेता ज्ञान प्रकाश सिंह की अनूठी धार्मिक पहल

**पत्रकारों ने देखी बाबा नीब करौरी के जीवन पर आधारित फिल्म 'हनुमान अंश'**

**सेवा संकल्प अभियान के तहत डीडी फ्लेक्स सिनेमा हॉल में विशेष निःशुल्क प्रदर्शन**

**पूजन और सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ से हुआ कार्यक्रम का शुभारंभ**

जौनपुर। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं समाजसेवी ज्ञान प्रकाश सिंह ने जनपदवासियों को आध्यात्मिक चेतना, भक्ति और सेवा के भाव से जोड़ने की दिशा में एक अनूठी पहल की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर शुरू किए गए 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत बुधवार को जौनपुर के डीडी फ्लेक्स सिनेमा हॉल में पूज्य संत बाबा नीब करौरी महाराज के जीवन एवं उनके आध्यात्मिक विचारों पर आधारित फिल्म "हनुमान अंश" की विशेष निःशुल्क स्क्रीनिंग का आयोजन किया गया। ज्ञान प्रकाश सिंह के सौजन्य से आयोजित इस विशेष प्रदर्शन में जनपद के वरिष्ठ पत्रकारों, डिजिटल मीडिया प्रतिनिधियों एवं डिजिटल क्रिएटर्स ने फिल्म देखी। फिल्म की शुरुआत से पहले सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। इस अवसर पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता ज्ञान प्रकाश सिंह ने कहा कि बजरंग बली की प्रेरणा से मेरे मन में यह सुविचार आया कि यह फिल्म अधिक से अधिक युवाओं, छात्रों को दिखाने का अवसर प्रदान करूं। उन्होंने कहा कि भारत की युवा पीढ़ी को देश की धार्मिक संस्कृति से जोड़े रखना जरूरी है। श्री सिंह ने कहा कि एक सप्ताह तक डीडी फ्लेक्स सिनेमा हॉल दो शो में लोगों को फिल्म दिखानी की व्यवस्था



मेरे द्वारा की गई है। उन्होंने कहा कि इस विशेष स्क्रीनिंग का उद्देश्य केवल फिल्म प्रदर्शन तक सीमित नहीं है, बल्कि पूज्य बाबा नीब करौरी जी महाराज के जीवन से जुड़े भक्ति, सेवा, करुणा और मानवता के संदेश को समाज के व्यापक वर्ग तक पहुंचाना भी है। 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत देशभर में विभिन्न सेवा एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जौनपुर में आयोजित यह फिल्म स्क्रीनिंग भी इसी क्रम में लोगों को सेवा और सामाजिक सहभागिता के भाव से जोड़ने की पहल के रूप में सामने आई है।

# चार दशक पुराने मामले का निस्तारण

जौनपुर। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जौनपुर में चल रहे, राष्ट्र के लिए मध्यस्थता अभियान-3.0 के तहत लगभग चार दशक पुराने मामले का सुलह-समझौते के माध्यम से निस्तारण किया गया। अपर सिविल जज (जू.डि.) सक्षम, जौनपुर की पीठासीन अधिकारी दिव्या भारती के समक्ष विचाराधीन मूलवाद संख्या ओ-एस-851/1986 शोभा आदि बनाम किशोर आदि तथा मूल वाद संख्या 572/1990 किशोर बनाम शोभा आदि का 30 सितंबर को सौहार्दपूर्ण समाधान हुआ। स्थायी निषेधाज्ञा से संबंधित इन मामलों को विवाद के शांतिपूर्ण समाधान की संभावना को देखते हुए सुलह-समझौता केंद्र, जौनपुर भेजा गया था। मध्यस्थ सै. जरगाम अहसन ने पक्षकारों के बीच संवाद स्थापित कर विवाद के मूल कारणों को समझने का प्रयास किया। मध्यस्थता केंद्र और मध्यस्थ के प्रयासों से दोनों पक्ष आपसी मतभेद भुलाकर समझौते के लिए सहमत हुए। इसके बाद न्यायालय ने दोनों मामलों का निस्तारण कर दिया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अनुसार, मध्यस्थता के माध्यम से विवादों का समाधान होने से न केवल पुराने मामलों का निस्तारण होता है, बल्कि पक्षकारों के आपसी संबंध भी सौहार्दपूर्ण बने रहते हैं। यह मामला भी बातचीत और आपसी सहमति से विवादों के समाधान का उदाहरण बना।

# दहेज में बाइक और एक लाख रुपये की मांग, विवाहिता को घर से निकाला

बरसठी। थाना क्षेत्र के शाहबपुर परियत गांव निवासी विवाहिता ने ससुराल पक्ष पर दहेज में एक लाख रुपये और बाइक की मांग को लेकर मारपीट व प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। पीड़िता की तहरीर पर बरसठी पुलिस ने पति समेत पांच लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न, मारपीट और धमकी देने की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

शाहबपुर परियत निवासी गुड़िया देवी की शादी 30 मई 2024 को भदोही जनपद के रघुनाथपुर निवासी संदीप यादव के साथ हुई थी। गुड़िया देवी के अनुसार शादी में उनके पिता मोहन यादव ने दो लाख रुपये नकद और अन्य सामान उपहार स्वरूप दिया था। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग दहेज में एक लाख रुपये और बाइक की मांग करने लगे। मांग पूरी न होने पर उसके साथ मारपीट और प्रताड़ना की जाने लगी। पीड़िता का आरोप है कि 20 मई को ससुराल वालों ने दहेज की मांग को लेकर उसे घर से निकाल दिया और वाहन से उसके मायके शाहबपुर परियत पहुंचा दिया। इसके बाद भी फोन पर धमकी देने का आरोप लगाया है। बरसठी पुलिस ने मंगलवार को पति संदीप यादव, ससुर लालमनी यादव, सास निर्मला देवी, जेठ सोनू और जेठानी ऊषा देवी निवासी रघुनाथपुर, भदोही के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## जिलाधिकारी ने कोषागार का किया भौतिक सत्यापन

जौनपुर। वित्तीय हस्तपुस्तिका खंड-5 भाग-2 के अपेंडिक्स-20 में निर्धारित प्रावधान के तहत जिलाधिकारी सैमुअल पाल एन ने वित्तीय वर्ष की छमाही के अवसर पर बुधवार को कोषागार का भौतिक सत्यापन किया। जिलाधिकारी ने कोषागार के डबल लॉक में सुरक्षित जनरल स्टांप, अधिवक्ता कल्याणकारी स्टांप, कोर्ट फीस, नोटेरियल स्टांप एवं बहुमूल्य सामग्री का भौतिक सत्यापन किया। उन्होंने कोषागार की व्यवस्थाओं की भी जायजा लिया। इस दौरान जिलाधिकारी ने कोषागार के पेंशन कक्ष और पेंशन से संबंधित पत्रावलियों का निरीक्षण किया। उन्होंने कोषागार कर्मचारियों के साथ मौजूद पेंशनरों से बातचीत कर उनकी समस्याओं और सुविधाओं की जानकारी भी ली। इस अवसर पर वरिष्ठ कोषाधिकारी उमाशंकर यादव, सुरेश सिंह यादव, पवन, रमेश सरोज सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अंतर महाविद्यालय कबड्डी में मड़ियाहूं पीजी कालेज को मिला प्रथम स्थान

मड़ियाहूं। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर द्वारा आयोजित अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिता मड़ियाहू पीजी कॉलेज परिसर में संपन्न हुई। प्रतियोगिता में कुल आठ टीमों ने प्रतिभाग किया। जिसमें चार टीमें गाजीपुर जिले से और चार टीम जौनपुर जनपद से थी। सभी टीमों के साथ उनके कोच और प्रभारी उपस्थित रहे।

कांटे के मैच में प्रथम स्थान मड़ियाहू पीजी कॉलेज को मिला जबकि द्वितीय स्थान अमित सिंह पीजी कॉलेज गाज़ीपुर ने हासिल किया। तृतीय स्थान मोहम्मद हसन पीजी कॉलेज जौनपुर को प्राप्त हुआ निश्चित रूप से छात्राओं द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया। प्रत्येक टीम उच्च स्तर की थी कार्यक्रम का प्रारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो सुरेश कुमार पाठक ने दीप प्रज्वलन के साथ किया कार्यक्रम के समापन अवसर पर मड़ियाहूं विधानसभा की पूर्व विधायक डॉक्टर लीना तिवारी एवं महाविद्यालय के प्रबंधक अपूर्व तिवारी द्वारा छात्राओं को पुरस्कार वितरण किया गया। पूरे कार्यक्रम का संयोजन महाविद्यालय के चीफ प्रॉक्टर प्रोफेसर अजय कुमार तथा संरक्षण प्रोफेसर अंजनेय पांडेय उपाचार्य का रहा। क्रीड़ा



प्रभारी डॉक्टर उमेश राव तथा सह प्रभारी डॉक्टर अरुण कुमार ने पूरे तन्मयता से प्रतियोगिता को संपन्न कराया। प्रतियोगिता के समाप्ति के उपरांत महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर एस के पाठक ने सभी उपस्थित आगंतुकों को धन्यवाद ज्ञापित किया तथा उत्कृष्ट खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर डॉक्टर प्रणव कुमार डॉ. दया सिंधु डॉक्टर अमिताभ कुमार डॉ. जितेंद्र पाल डॉ. मनोज यादव डॉक्टर देवेंद्र उपाध्याय डॉ. प्रशांत कुमार पांडेय आदि उपस्थित रहे।

# पास्को अधिनियम को लेकर छात्र-छात्राओं को किया जागरूक



जौनपुर। स्थानीय राजा श्रीकृष्ण दत्त इंटर कॉलेज के रानी नीता कुँवर सभागार में बुधवार को पास्को अधिनियम-2012 को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्राचार्य राज पीजी कॉलेज प्रो. (डॉ.) अखिलेश्वर शुक्ला ने की। मुख्य अतिथि अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश षष्ठम सुरेन्द्र प्रताप यादव तथा विशिष्ट अतिथि डिप्टी चीफ डिफेन्स काउंसिल डॉ. दिलीप कुमार सिंह रहे। मुख्य अतिथि ने छात्र-छात्राओं को पास्को अधिनियम के कानूनी प्रावधानों, गुड टच-बैड टच तथा किसी भी अनुचित व्यवहार की जानकारी अभिभावक, शिक्षक या पुलिस को निडर होकर देने के लिए जागरूक किया। डॉ. दिलीप कुमार सिंह ने कहा कि कानून की जानकारी पीड़ित को न्याय दिलाने में महत्वपूर्ण है। प्रधानाचार्य डॉ. संजय चौबे ने किशोरावस्था में होने वाले शारीरिक एवं मानसिक परिवर्तनों के बीच विद्यार्थियों को अपनी ऊर्जा सकारात्मक दिशा में लगाने का आह्वान किया। अध्यक्षीय संबोधन में प्रो. अखिलेश्वर शुक्ला ने मोबाइल व इंटरनेट के दुरुपयोग से बचने की सलाह देते हुए हेल्पलाइन 1098 और नालसा हेल्पलाइन 15100 की जानकारी दी। संचालन लेफ्टिनेंट बृजभूषण यादव ने किया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी मौजूद रहे।

# दो जिलों की पुलिस की घेराबंदी तोड़ धरना स्थल पर पहुंचे किसान नेता

**वाराणसी आजमगढ़ राजमार्ग पर पड़ने वाले ढेरही टोल प्लाजा पर किसान नेता अजीत सिंह गिरफ्तार**

**अपने शरीर पर पेट्रोल छिड़ककर आत्मदाह करने का किया प्रयास**

**अजगरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक त्रिभुवन राम ने बताया मुख्यमंत्री के हस्तक्षेप से अगले आदेश तक वसूली रोकी गयी**

डोभी। वाराणसी आजमगढ़ राजमार्ग पर पड़ने वाले ढेरही टोल प्लाजा बलरामपुर गंज में किसानों के प्रस्तावित धरना-प्रदर्शन को लेकर बुधवार को माहौल गरमा गया। पुलिस ने किसान नेता अजीत सिंह को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के दौरान बड़ी संख्या में किसान मौके पर पहुंच गए और प्रशासन के खिलाफ हल्ला बोलते हुए प्रदर्शन किया।

बताया जा रहा है कि इसी दौरान किसान नेता अजीत सिंह अपने शरीर पर पेट्रोल छिड़ककर आत्मदाह करने का प्रयास किया, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने तत्काल हस्तक्षेप कर स्थिति को संभाला और अजीत सिंह को अपने कब्जे में ले लिया। घटना के बाद बड़ी संख्या में किसान मौके पर जुटे रहे और अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी करते हुए विरोध जताया। टोल प्लाजा क्षेत्र में तनाव को देखते हुए भारी पुलिस बल तैनात किया गया था, प्रशासन की ओर से स्थिति पर नजर रखी जा रही है। वहीं प्रदर्शन कर रहे, युवक का प्रदर्शन के दौरान सर में भारी चोट लग गया, तत्काल प्रभाव से प्रशासन के द्वारा एम्बुलेंस के सहारे उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चोलापुर भेजा। करीब तीन से चार हजार की संख्या मे किसानों का संख्या होने से प्रशासन के हाथपांव फूल गए प्रशासन के मौजूदगी में इतनी बढी संख्या किसानों का पहुंना अलग ही एकता जताई जा रही है। वहीं मौके पर पहुंचे वाराणसी के अजगरा विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक त्रिभुवन राम के मोबाइल फोन से प्रदेश के मुख्यमंत्री से वार्तालाप किया गया, तो मुख्यमंत्री ने बताया कि अगले आदेश तक ढेरही टोलप्लाजा बलरामगंज की वसुली स्थगित कर दिया गया है।

## डिलीवरी बॉय पर मोबाइल गबन करने का आरोप

**डिब्बों में मिले साबुन, मुकदमा दर्ज**

बरसठी। थाना क्षेत्र के बारीगांव हनुमान नगर स्थित ई-कॉमर्स की एजेंसी में डिलीवरी बॉय पर तीन मोबाइल फोन गायब करने का आरोप लगा है। एजेंसी संचालक राजकमल पांडेय तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। राजकमल के मुताबिक, गोपालपुर निवासी आशीष दुबे 29 अगस्त को तीन मोबाइल लेकर डिलीवरी के लिए निकला था। इनमें ओप्पो फोन रमेश सिंह निवासी कारो बनकट और मोटोरोला फोन अंकित मौर्य निवासी गोपालपुर, मीरगंज को देना था। एक वीवो फोन वापस रख दिया। ग्राहक के सामने डिब्बे खोले गए तो मोबाइल की जगह कपड़े धोने का साबुन मिला। पूछताछ में आशीष पर फोन निकालने की बात स्वीकार करने का आरोप है। सात सितंबर को उसने एक वनप्लस फोन लौटा दिया, जबकि ओप्पो और मोटोरोला फोन अब तक नहीं मिले हैं। उसका मोबाइल भी बंद बताया गया है। संचालक ने ऑर्डर दस्तावेज और वीडियो पेनड्राइव पुलिस को सौंपने की बात कही है। थाना प्रभारी जयप्रकाश यादव ने बताया की मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## निजी शीतगृहों में रखे आलू पर मिलेगा अनुदान

### १५ अक्टूबर तक करें आवेदन

जौनपुर। निजी शीतगृहों में आलू भंडारित करने वाले किसानों को उत्तर प्रदेश सरकार की योजना के तहत भंडारण प्रभार पर अनुदान दिया जाएगा। जिला उद्यान अधिकारी डॉ. सीमा सिंह राणा ने बताया कि पात्र किसान 15 अक्टूबर 2026 तक आवेदन कर योजना का लाभ उठा सकते हैं। योजना के तहत प्रति किसान अधिकतम 02 हेक्टेयर क्षेत्रफल एवं 200 कुंतल आलू के भंडारण पर 100 रुपये प्रति कुंतल की दर से अनुदान दिया जाएगा। योजना का लाभ पहुप्रथम किसानों को भी मिलेगा। भंडारित आलू की निकासी के बाद ही अनुदान राशि देय होगी। पात्रता का निर्धारण परिवार रजिस्टर एवं भू-अभिलेखों के आधार पर किया जाएगा। स्वीकृत अनुदान की राशि लाभार्थी के आधार से जुड़े बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से भेजी जाएगी। परिवार के सदस्यों को भू-अभिलेख में दर्ज रकबे के अनुसार अलग-अलग लाभ दिया जाएगा। आवेदन के लिए आधार कार्ड अथवा कृषक आईडी से ई-केवाईसी, बैंक पासबुक या चेकबुक की छायाप्रति, अद्यतन खसरा-खतौनी, शीतगृह की आमद रसीद, भंडारण रसीद, भंडारण प्रभार भुगतान रसीद, निकासी रसीद और गेट पास सहित अन्य आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत करने होंगे। जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि किसान संबंधित कोल्ड स्टोरेज पर जाकर अथवा potato.uphorticulture.in पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। किसानों से अपील की गई है कि निर्धारित समय सीमा के भीतर आवेदन पूर्ण करें और सभी दस्तावेज सही एवं स्पष्ट रूप से उपलब्ध कराएं। उन्होंने किसानों से बैंक खाते को आधार से लिंक होना सुनिश्चित करने तथा आधार, बैंक खाते और भूमि संबंधी अभिलेखों में दर्ज विवरण की जांच करने की सलाह दी, ताकि अनुदान राशि के हस्तांतरण में किसी प्रकार की परेशानी न हो।

## उधार के ७५ हजार रुपये को लेकर युवती और मां को धमकी देने का आरोप

जंघई। मीरगंज थाना क्षेत्र के सेमरी के पुरवा पंडित का पूरा गांव में शादी के दौरान लिए गए 75 हजार रुपये समय से वापस न कर पाने को लेकर युवती और उसकी मां को गाली-गलौज तथा जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर मीरगंज पुलिस ने सरायममरेज थाना क्षेत्र के जंघई निवासी एक युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एफआईआर के अनुसार जंघई पंडित का पूरा निवासी साक्षी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके पिता रमेश ने अपने चाचा अंजुल की शादी में पैसों की कमी के कारण जंघई निवासी सुभाष चंद्र सरोज से 75 हजार रुपये लिए थे। आरोप है कि समय से पूरी रकम वापस न कर पाने पर सुभाष चंद्र सरोज पीड़िता और उसकी मां को लगातार गाली-गलौज करने के साथ जान से मारने की धमकी दे रहा था।

# साइबर अपराध से बचाव के लिए विद्यार्थियों को किया जागरूक

जौनपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में साइबर अपराधों की रोकथाम एवं आमजन को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से साइबर



क्राइम सेल/साइबर थाना की टीम ने डॉ. रिजवी लर्नर एकेडमी में साइबर अपराध जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में महिलाओं एवं बच्चों को सोशल मीडिया के माध्यम से होने वाले अपराधों तथा उनसे बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। साइबर टीम ने एपीके फ्रॉड, इन्वेस्टमेंट फ्रॉड, डिजिटल अरेस्ट, फिशिंग, स्मिशिंग, फेक लोन एप स्कैम, क्यूआर कोड स्कैम, फेक वेबसाइट, हनीट्रैप तथा डेबिट-क्रेडिट कार्ड फ्रॉड के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए सावधानियां बताईं। टीम ने बताया कि किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें, मोबाइल पर आए संदिग्ध एप डाउनलोड न करें और बैंकिंग अथवा व्यक्तिगत जानकारी किसी अनजान व्यक्ति से साझा न करें। मोबाइल फोन गुम होने की स्थिति में थाने में गुमशुदगी दर्ज कराने के साथ CEIR पोर्टल पर भी शिकायत करने की सलाह दी गई। साइबर अपराध का शिकार होने पर तत्काल साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करने तथा www.cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज कराने की जानकारी दी गई। इसके अलावा साइबर थाना अथवा संबंधित थाने की साइबर सेल से तत्काल संपर्क करने के लिए जागरूक किया गया। कार्यक्रम में साइबर जागरूकता टीम के उपनिरीक्षक आलोक सिंह, हेड कांस्टेबल प्रभात द्विवेदी, कांस्टेबल प्रफुल्ल यादव, कांस्टेबल संग्राम सिंह यादव, हेड कांस्टेबल संजय यादव एवं हेड कांस्टेबल शमीम सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे। पुलिस टीम ने कहा कि साइबर अपराध के प्रति जागरूकता और सतर्कता ही इससे बचाव का सबसे प्रभावी माध्यम है।

## एक नज़र इधर भी

### बाइक से गिरी महिला की हुई मौत

बक्शा। थाना क्षेत्र के शंभूगंज बाजार के समीप आदर्श इंटर कालेज के पास हाइवे पर दवा लेकर भाई के साथ बाइक से घर जा रही महिला की गिरने से घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। सूचना पर पहुँचे परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बगैर शव को घर लेकर चले गए। बदलापुर थाना क्षेत्र के बदलापुर खुर्द अपने मायके से पड़ोसी चचेरे भाई के साथ 28 वर्षीय संजू प्रजापति पत्नी कमलेश दवा के लिए बीते मंगलवार को जौनपुर गयी थी। शाम को वापस घर जाते समय घटना स्थल के पास संजू बाइक से सड़क पर गिर गयी। बाइक चला रहा युवक बाइक घुमाकर वापस पहुँच उसे सड़क किनारे कर एम्बुलेंस की मदद से नौपेड़वा सीएचसी अस्पताल पहुँचा, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर अस्पताल पहुँचे परिजन शव को घर लेकर चले गए।

### अराजकतत्वों ने रास्ता खोदकर किया अवरुद्ध

**ग्रामीणों ने की कार्रवाई की मांग**

मछलीशहर। तहसील क्षेत्र के बिलोई गांव में आवागमन के रास्ते को रात में अराजकतत्वों द्वारा खोदकर अवरुद्ध करने का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने ज्वाइंट मजिस्ट्रेट शुभांशु कटियार को पत्र देकर रास्ता बनवाने और आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों के अनुसार घरों तक जाने वाले रास्ते को लेकर काफी समय से विवाद था। 29 सितंबर को राजस्व टीम और पुलिस की मौजूदगी में रास्ते को समतल कर आवागमन योग्य बनाया गया था। आरोप है कि रात में कुछ लोगों ने 5-6 फीट गहरी खुदाई कर फिर से अवरुद्ध कर दिया और राजस्व टीम द्वारा लगाए गए पिलर भी उखाड़कर फेंक दिए। इससे महिलाओं, बच्चों समेत ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने जांच कर अधिकारियों की मौजूदगी में रास्ता दोबारा बनवाने की मांग की। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट के आश्वासन पर ग्रामीण वापस लौटे। इस दौरान रमेश चंद्र, राहुल पटेल, संजय कुमार पटेल, राजेंद्र प्रसाद समेत ग्रामीण मौजूद रहे।

### लॉ इंस्टीट्यूट में संवैधानिक कानून पर हुई क्वीज प्रतियोगिता, ३५ टीमों ने लिया भाग

सरायख्वाजा। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय स्थित दत्तोपंत ठेंगड़ी लॉ इंस्टीट्यूट में बुधवार को भारतीय संविधान विषय पर एक भव्य क्विज़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन विश्वविद्यालय परिसर के विधि संस्थान में स्थित एसपी गुप्ता मेमोरियल लॉ लाइब्रेरी में संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में कुल 35 टीमों ने भाग लिया, जिसमें प्रत्येक टीम में 4-4 सदस्य शामिल थे। प्राथमिक चरण के बाद द्वितीय एवं फाइनल राउंड के लिए कुल 10 उत्कृष्ट टीमों ने क्वालीफाई किया। कार्यक्रम का सफल आयोजन संस्थान के निदेशक एवं विभागाध्यक्ष प्रो. विनोद कुमार की अध्यक्षता में हुआ। प्रतियोगिता के कार्यक्रम समन्वयक सहायक प्राध्यापक श्री रविकेश कुमार मौर्या रहे। वहीं सह-समन्वयक की भूमिका योगेश उत्तम, डॉ. आश्रया दुबे, डॉ. शुभम सिंह एवं डॉ. विपिन कुमार सिंह ने निभाई। इस अवसर पर दत्तोपंत ठेंगड़ी लॉ इंस्टीट्यूट के सभी सम्मानित प्राध्यापक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### ९० टीबी मरीजों को वितरित किया पोषाहार




बदलापुर। ठाकुरबाड़ी महिला विकास कल्याण समिति की ओर से गौरीशंकर मंदिर, सिंगरामऊ स्थित संस्था के मुख्यालय परिसर में गोद लिए गए 90 टीबी मरीजों को पोषाहार वितरित किया गया। इस दौरान सह-जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित हुआ। कार्यक्रम में डॉ. अभिषेक वर्मा ने मरीजों को जागरूक करते हुए कहा कि नियमित रूप से दवा का सेवन और पौष्टिक आहार लेना टीबी से स्वस्थ होने में महत्वपूर्ण है। उन्होंने मरीजों से उपचार के दौरान दवा न छोड़ने की अपील की। संस्था प्रमुख डॉ. अंजू सिंह ने कहा कि टीबी अब लाइलाज बीमारी नहीं है। दो सप्ताह से अधिक समय तक खांसी, बुखार या वजन कम होने जैसे लक्षण दिखाई देने पर नजदीकी सरकारी अस्पताल में जांच कराकर समय से उपचार शुरू कराना चाहिए। उन्होंने बताया कि संस्था द्वारा गोद लिए गए टीबी मरीजों को दवा चलने तक लगातार छह माह तक पोषाहार उपलब्ध कराया जाता है। साथ ही मरीजों का नियमित फॉलोअप भी किया जाता है। कार्यक्रम के दौरान मरीजों के वजन की जांच की गई और उन्हें टीबी मुक्त भारत ऐप के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में संस्था के सभी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### रैडिएंट एस्थेटिक्स क्लीनिक का शुभारंभ

बदलापुर। प्रयागराज रोड स्थित क्रिटी केयर हॉस्पिटल में गत दिवस रैडिएंट एस्थेटिक्स क्लीनिक का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन संत निरंकारी मिशन, जौनपुर के जोनल इंचार्ज अमरनाथ विश्वकर्मा एवं उनके बड़े भाई ओमप्रकाश



विश्वकर्मा ने फीता काटकर किया। क्लिनिक में गंजापन, बाल झड़ने और त्वचा संबंधी समस्याओं के उपचार के साथ विशेषज्ञ परामर्श की सुविधा उपलब्ध होगी। मरीजों को डॉ. माधुरी यादव परामर्श देंगी। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार आधुनिक उपकरणों के साथ हेयर ट्रांसप्लांट की सुविधा भी यहां उपलब्ध रहेगी। डॉक्टर सोमवार से शुक्रवार तक सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक मरीजों के लिए उपलब्ध रहेंगी। उद्घाटन अवसर पर डॉ. सौरभ वर्मा, डॉ. प्रतीक यादव, अजीत यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### सेवा संकल्प अभियान के तहत उमरपुर में हुआ पौधरोपण

सुजानगंज। सेवा संकल्प अभियान के तहत बुधवार को ग्राम पंचायत उमरपुर में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन खंड विकास अधिकारी हरिओम गुप्ता के मार्गदर्शन तथा जिला युवा कल्याण अधिकारी शैलेश उपाध्याय के निर्देश पर कराया गया। इस दौरान ग्राम पंचायत परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में पौधे रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी धीरज कुमार गुप्ता सहित विपिन, अजय, प्रभु दयाल, प्रदीप कुमार आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने का संकल्प लिया। अधिकारियों ने कहा कि वृक्षारोपण पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण तैयार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

### मां के साथ बाजार आई बेटी लापता

**कोतवाली पुलिस ने गुमशुदगी का केस दर्ज किया**

मछलीशहर। मां के साथ बाजार आई बेटी के लापता होने पर कोतवाली पुलिस ने गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। नगर के एक मोहल्ला निवासी महिला के अनुसार मंगलवार सुबह करीब दस बजे वह बेटी के साथ निकामुद्दीनपुर स्थित ग्रामीण न्यायालय में मुकदमे की पैरवी के लिए गई थी। मुंगराबादशाहपुर चौराहे पर दुकान से सामान लेने के दौरान 18 वर्षीय बेटी लापता हो गई। नगर और घर पर काफी तलाश के बाद भी पता नहीं चला। प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर खोजबीन की जा रही है।

### नौकरी छुड़वाने के लिए विवाहिता से मारपीट, दूसरी शादी की धमकी

**पति, जेठ और ननद पर मुकदमा दर्ज**

मछलीशहर। नगर की एक विवाहिता ने नौकरी छुड़वाने को लेकर पति और जेठ, ननद पर मारपीट का आरोप लगाया है। पुलिस ने तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। जानकारी अनुसार नगर के काजी का पूरा मोहल्ला निवासी गुलप्सा ने तहरीर में बताया कि उसका निकाह मोहल्ले के ही मोहम्मद इरफान से हुआ था। वह तहसील में पीएलवी के पद पर कार्यरत है। आरोप है कि सोमवार सुबह सात बजे पति इरफान, जेठ नौशाद और ननद महपारा ने गाली देते हुए मारपीट की और नौकरी पर जाने से रोका। पीड़िता के अनुसार आरोपी नौकरी छुड़वाना चाहते हैं, चरित्र पर आरोप लगाते हैं। पति ने लात-घूंसों से मारा, जेठ ने डंडा लेकर ऊपर किया। शोर पर लोगों ने बीच-बचाव किया। आरोप है कि पति ने घर से निकालने हुए शिकायत करने पर जान से मारने और दूसरी शादी करने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

### मंदिर से पीतल का घंटा और सजावट का सामान चोरी

तेजीबाजार। क्षेत्र के कपूरपुर गांव में मंदिर से पीतल का घंटा और हजारों रुपये के सजावट का सामान चोरी होने का मामला सामने आया है। उक्त गांव निवासी मनीष सिंह पुत्र महेंद्र प्रताप सिंह ने थाने पर लिखित तहरीर देते हुए बताया कि बीते 26 सितम्बर की रात अज्ञात चोरों ने गांव के मां काली जी के मंदिर से तीन पीतल का घंटा, पंद्रह हजार रुपये कीमत का सजावट का आर्टिफिशियल सामान चोरी करके फरार हो गये है, काफी खोजबीन करने के बाद भी कुछ अता पता नहीं चल रहा है उन्होंने थानाध्यक्ष से मंदिर का पता लगाने तथा चोरों का खुलासा करने की गुहार लगाई है। इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष सतेंद्र भाई पटेल ने बताया कि मनीष सिंह की तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर खोजबीन की जा रही है।

# एक्सप्रेस-वे से प्रभावित किसानों की डीएम ने सुनी समस्याएं

चुनार। प्रस्तावित विंध्य पूर्वांचल स्पर्श एक्सप्रेस-वे के निर्माण से प्रभावित होने वाले किसानों की भूमि अधिग्रहण और मुआवजे से जुड़ी विसंगतियों की जानकारी लेने जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार बुधवार को चुनार तहसील पहुंचे। तहसील सभागार में आयोजित बैठक में उन्होंने किसान संगठनों और प्रभावित किसानों से सीधे उनकी समस्याएं सुनीं। बैठक में किसानों ने बताया कि प्रस्तावित एक्सप्रेस-वे के निर्माण से तहसील क्षेत्र के पिडखिर, मदरा, लठिया, चंदौली, खिरौड़ी, लमवा, हमीदपुर, आशरफाबाद, शाहपुर, भलवा, रामपुर, देवलासी, ममोलापुर, फत्तेपुर, रूपौधा, सिरसी, भुड़कुड़ा, रानीपुर और रेहिया समेत दर्जनों गांव प्रभावित हो रहे हैं। किसानों के मुताबिक किसी की लगभग पूरी भूमि, तो किसी की आधी और कुछ किसानों की आंशिक भूमि परियोजना के लिए अधिग्रहित की जा रही है। किसानों ने मुआवजे की दर को लेकर अपनी आपत्ति जिलाधिकारी के सामने रखी। उनका कहना था कि एक्सप्रेस-वे के निर्माण में आने वाली लागत पूरे क्षेत्र के लिए लगभग समान है तो भूमि अधिग्रहण का मुआवजा भी एक समान दर से निर्धारित किया जाना चाहिए। अलग-अलग गांवों के अलग-अलग सर्किल रेट के आधार पर मुआवजा निर्धारित किए जाने से किसानों को नुकसान होने की आशंका है। जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने किसानों को आश्वस्त किया कि अधिग्रहित भूमि का मुआवजा सर्किल रेट का चार गुना दिया जाएगा। उन्होंने किसानों की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। बैठक में सिटी मजिस्ट्रेट अविनाश कुमार, उपजिलाधिकारी अनेग सिंह, उपजिलाधिकारी न्यायिक रविशंकर यादव, तहसीलदार इवेन्द्र कुमार, उप निबंधक दीपक जायसवाल समेत बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## अनियंत्रित हुई बाइक, युवक घायल

ड्रमंडगंज। थाना क्षेत्र के ऊंटी गांव के पास बुधवार दोपहर अज्ञात बाइक सवार युवक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर पड़ा, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पीआरवी पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक आलोक सिंह यादव ने मंडलीय चिकित्सालय रेफर कर दिया। पुलिस के अनुसार बाइक में नंबर प्लेट नहीं लगी होने व घायल युवक के अचेत होने से उसकी पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस युवक की पहचान करने का प्रयास कर रही है।

## बाइक से गिर कर सिपाही घायल

सीखड़। चुनार थाना अंतर्गत अदलपुरा पुलिस चौकी पर तैनात सिपाही पीकेट ड्यूटी कर चौकी लौट रहा था कि बाइक असंतुलित होकर फिसल गई और सिपाही गिर गया, जिससे उसे सर में गंभीर चोट आई। जानकारी के अनुसार अदलपुरा पुलिस चौकी पर तैनात हेड कांस्टेबल रामश्रय बुधवार को मेड़िया पीकेट ड्यूटी से वापस चौकी लौट रहे थे। अचानक बाइक का संतुलन बिगड़ गया, जिससे वह गिर पड़े। बाइक से गिरने पर हेड कांस्टेबल के हाथ और सर में गंभीर चोट आई। घटना की जानकारी होने पर चौकी प्रभारी कुमार संतोष मौके पर पहुंच कर घायल सिपाही को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चुनार लें गए, जहां डाक्टरों द्वारा घायल सिपाही को इलाज के लिए ट्रामा सेन्टर वाराणसी रेफर कर दिया गया।



प्रमाणपत्र देती विधायक । छाया : आज

# विवाहिता की संदिग्ध मौत, मचा कोहराम

मड़िहान। थाना क्षेत्र के मटिहानी गांव में बुधवार को 20 वर्षीय विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से परिवार में कोहराम मच गया। मृतका की पहचान प्रमिला पत्नी विक्रम उर्फ भोला नाथ के रूप में हुई है। उसका शव घर के बड़ेर में साड़ी के फंदे से लटका मिला। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मृतका के पति विक्रम उर्फ भोला नाथ को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। बताया गया कि प्रमिला की शादी इसी वर्ष 8 मई को सोनभद्र जनपद के खजुरौल में मटिहानी गांव निवासी विक्रम उर्फ भोला नाथ के साथ हुई थी। शादी को अभी महज चार माह ही बीते थे कि विवाहिता की मौत की खबर से मायके और ससुराल पक्ष में मातम छा गया। फिलहाल विवाहिता की मौत के कारणों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस घटना के विभिन्न पहलुओं की जांच कर रही है। थाना प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र भूषण मौर्य ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस जांच के बाद ही मौत की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

# सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित हुआ कार्यक्रम

छानबे। विकास खंड छानबे के मुख्यालय विजयपुर सभागार में बुधवार को सेवा संकल्प अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि नगर विधायक रत्नाकर मिश्र ने बाल विकास परियोजना के द्वारा आयोजित अन्नप्राशन और गोद भराई कार्यक्रम में सहभागिता करते हुए चयनित छात्रों व शिक्षकों को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। विधायक रत्नाकर मिश्रा ने केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी देते हुए कहा कि सेवा संकल्प अभियान 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक संचालित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सेवा और संकल्प के तहत वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य रखा गया है। अभियान के माध्यम से गांव-गांव विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने और जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। कार्यक्रम में शिक्षा, स्वास्थ्य और बाल विकास परियोजना विभाग की ओर से स्टाल लगाए गए। लोगों ने स्टालों पर पहुंचकर विभिन्न स्वास्थ्य जांच व परीक्षण कराए और विभागीय योजनाओं की जानकारी ली। विधायक ने स्वस्थ बच्चों तथा प्रतियोगिताओं में सफल छात्रों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। वहीं, गर्भवती महिलाओं की गोद भराई और बच्चों का अन्नप्राशन कराया गया। उन्होंने महिलाओं से स्वास्थ्य के प्रति विशेष रूप से जागरूक रहने तथा नियमित स्वास्थ्य जांच कराने की अपील की। अच्छे कार्य के लिए शिक्षक अमरेश शुक्ला, राजेंद्र मिश्र, कंचन मौर्या, सत्येंद्र कुमार, राम जनक व गति उपाध्याय को सम्मानित किया। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोष पाठक, खंड विकास अधिकारी रामपाल, खंड शिक्षा अधिकारी राजेश श्रीवास्तव, सहायक विकास अधिकारी प्रेमचंद पटेल, शशिकांत यादव, अभिषेक पाराशर सहित अमरेश शुक्ला, प्रेम शंकर मिश्रा सहित शिक्षा, आंगनबाड़ी और स्वास्थ्य विभाग व ब्लाक कर्मचारी के मौजूद रहे।

## जुआ खेलते छह गिरफ्तार

अदलहाट। स्थानीय पुलिस ने नारायणपुर-वाराणसी राज्य मार्ग किनारे आलू मिल के पास एक नव निर्मित मकान में जुआ खेलते छह लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 13 जुआ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की है। पुलिस के मुताबिक उपनिरीक्षक आशीष कुमार सिंह को मुखबिर से सूचना मिली थी कि मकान में कुछ लोग हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर छापेमारी की। वहां छह लोग ताश के पत्तों के साथ जुआ खेलते मिले। मौके से जुए की फड़ से 1,835 रुपये, आरोपियों की जामा तलाशी से 210 रुपये, एक सफेद गमछा और 52 ताश के पत्ते बरामद किए गए। गिरफ्तार आरोपियों में विजय कुमार यादव, पंकज कुमार चौरसिया, मनोज यादव, मोनू साहनी, सुनील प्रजापति और रमेश शामिल हैं।

# चित्रकला में बच्चों ने दिखाई विकसित भारत की तस्वीर

पड़री। सेवा संकल्प अभियान के तहत बुधवार को विकास खंड पहाड़ी के ब्लॉक संसाधन केंद्र पड़री में खंड शिक्षा अधिकारी फराह रईस की अध्यक्षता में 25 करोड़ बच्चों के सपनों का भारत कार्यक्रम के अंतर्गत विकास खंड स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। मुख्य अतिथि मझवां विधायक सूचीस्मिता मौर्य ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता में विकास खंड के प्राथमिक, उच्च प्राथमिक और कंपोजिट विद्यालयों के 45 विद्यालयों के बच्चों ने प्रतिभाग किया। विद्यार्थियों ने अपनी कल्पनाशक्ति और कला के माध्यम से विकसित भारत की तस्वीर कागज पर उकेरी। बच्चों ने रोबोट, हर घर नल-जल योजना, बुलेट ट्रेन समेत आधुनिक भारत की उपलब्धियों और भविष्य की परिकल्पनाओं को चित्रों के जरिए प्रदर्शित किया। मुख्य अतिथि विधायक सूचीस्मिता मौर्य ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि बच्चों की कल्पनाशक्ति और प्रतिभा देश के उज्ज्वल भविष्य की नींव है। पढ़ाई के साथ विद्यार्थियों को अपनी रचनात्मक प्रतिभा को भी आगे बढ़ाना चाहिए। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में आज के बच्चे महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

## हनुमान अंश होगी प्रसारित

चुनार। श्री राघवेन्द्र रामलीला नाट्य समिति के तत्वाधान में तीन अक्टूबर से नगर में शुरू होने वाली अति प्राचीन रामलीला के मंचन से पूर्व दो अक्टूबर को रामलीला मैदान में हनुमान अंश फिल्म को रात आठ बजे से बड़े पर्दे पर दिखाया जाएगा। समिति के अध्यक्ष लक्ष्मीकांत पांडेय ने बताया कि तीन अक्टूबर से शुरू होने वाली 21 दिवसीय रामलीला मंचन की तैयारी जोरों पर चल रही है। रामलीला भवन की रंगाई पुताई एवं वस्त्र, शस्त्र की साफ सफाई के साथ ही मंचन से संबंधित अन्य व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने का कार्य चल रहा है। उन्होंने बताया कि लीला प्रेमियों के सहयोग से नगर में चलने वाले इक्कीस दिवसीय रामलीला का मंचन इस वर्ष और अच्छे ढंग से कराने का प्रयास रहेगा। रामलीला का शुभारंभ तीन अक्टूबर को जीवितपुत्रिका के दिन मुकुट पूजन से होगा।

# डा. सरला सर्राफ पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों को किया जागरूक

मीरजापुर। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में चलाए जा रहे साक्षर बचपन, सुरक्षित बचपन विशेष जागरूकता अभियान के अंतर्गत बुधवार को नगर के विजयपुरा स्थित डॉ. सरला सर्राफ पब्लिक स्कूल में पॉक्सो अधिनियम-2012 के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक करने के उद्देश्य से विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद न्यायाधीश, मोटर एक्सीडेंट क्लेम ट्रिब्यूनल सत्य प्रकाश ने विद्यार्थियों को सुरक्षित एवं असुरक्षित स्पर्श, बाल अधिकारों तथा पॉक्सो अधिनियम के महत्वपूर्ण प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बच्चे को अपने शरीर और अधिकारों के प्रति जागरूक होना चाहिए। यदि कोई व्यक्ति ऐसा व्यवहार करता है जिससे बच्चा असहज या असुरक्षित महसूस करे, तो उसे चुप नहीं रहना चाहिए, बल्कि तत्काल अपने माता-पिता, शिक्षक अथवा किसी विश्वसनीय व्यक्ति को इसकी जानकारी देनी चाहिए। उन्होंने बच्चों को किसी भी प्रकार के भय या संकोच से ऊपर उठकर अपनी बात रखने के लिए प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव न्यायाधीश आनंद कुमार ने कहा कि पॉक्सो अधिनियम बच्चों को यौन अपराधों से सुरक्षा प्रदान करने वाला महत्वपूर्ण कानून है। उन्होंने विद्यार्थियों से सोशल मीडिया एवं इंटरनेट के उपयोग में भी सतर्क रहने तथा किसी संदिग्ध परिस्थिति में तत्काल सहायता लेने का आह्वान किया। विद्यालय के चेयरमैन दिनेश चंद्र सर्राफ ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा केवल विद्यालय या परिवार की नहीं, बल्कि पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। बच्चों को अपनी हर बात अपने माता पिता से अवश्य साझा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जागरूकता ही बच्चों को सुरक्षित वातावरण प्रदान करने की दिशा में सबसे महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के डायरेक्टर आयुष कुमार सर्राफ ने किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने भी जागरूकता संबंधी जानकारी प्राप्त की तथा अपनी जिज्ञासाओं का समाधान किया। इस अवसर पर आकांक्षा गुप्ता, शुभा शर्मा, रिया सिंह, प्रियंका, आकर्षित गुप्ता, प्रीति पांडेय, चंद्रेश त्रिपाठी, प्रवीण सिंह, रीना श्रीवास्तव, उपेंद्र, विक्रम सिंह, कीर्ति जायसवाल आदि लोग सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## शाकाहार और नशामुक्ति का दिया संदेश

राजगढ़। जयगुरुदेव धर्म प्रचारक संस्था, मथुरा के संस्थाध्यक्ष संत पंकज जी महाराज अपनी 108 दिवसीय शाकाहार-सदाचार और मद्यनिषेध वैचारिक जनजागरण यात्रा के 41वें पड़ाव पर ददरा पहुंचे। खेल मैदान में आयोजित सत्संग में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उनका स्वागत किया। संत पंकज जी महाराज ने कहा कि संत-महात्मा किसी जाति, धर्म या संप्रदाय की सीमा में बंधे नहीं होते। वे सभी के कल्याण और आत्मिक जागृति का संदेश देते हैं। उन्होंने कहा कि प्रभु बाहर किसी जड़ पदार्थ में नहीं, बल्कि मनुष्य के भीतर मौजूद हैं। महात्मा ही जीवात्मा को जागृत करने का मार्ग दिखाते हैं। उन्होंने सत्संग को अमोलक धन बताते हुए कहा कि इससे जीवात्मा पर जन्मों से चढ़ी गंदगी दूर होती है। महाराज ने सुरत-शब्द योग, सुमिरन, ध्यान और भजन की विधि समझाई।

# मां विंध्यवासिनी के दान पेटिकाओं में मिले धनराशि की हुई गिनती

विंध्याचल। मां विंध्यवासिनी मंदिर में बुधवार को दो दान पात्र खोलकर नोटों की गिरती कराई गई। सुबह 11 बजे नायब तहसीलदार सदर गरिमा यादव की देखरेख में शाम तक नोटों की गिनती चली। दो दान पेटिकाओं से 20 लाख रुपये से ज्यादा धन मिले। इसके बाद विंध्य विकास परिषद के पदेन अध्यक्ष के बैंक खाते में जमा रुपये जमा करा दिए गए। मां विंध्यवासिनी देवी मंदिर में लगे 27 दान पेटिका में से बुधवार को दो मुख्य दान पेटिका गणना के लिए खोले गए मंदिर के छत पर पंडा समाज के कार्यालय में सीसीटीवी कैमरे पुलिस सुरक्षा के बीच राजस्व विभाग के कर्मचारी द्वारा निकाले हुए रुपए की गणना की गई जिसमें 20 लाख 37 हजार 259 प्राप्त हुए निकले हुए धनराशि विंध्य विकास परिषद के पदेन अध्यक्ष जिला अधिकारी के भारतीय स्टेट बैंक शाखा विंध्याचल के खाते में निकले हुए रुपए जमा किए गए इस दौरान। विंध्य विकास परिषद लिपिक ईश्वर त्रिपाठी, सूरज सोनकर, शिवकुमार चौरसिया, देवेंद्र शुक्ला ,प्रदीप कुमार दुबे ,विजय शंकर दुबे ,चंद्रशेखर यादव, चंद्रपाल सिंह ,लक्ष्मीकांत, कैलाश नाथ यादव,



कुमार सोनकर, मुकेश कुमार बिंद, सुनील कुमार मधुकर,विजय शंकर,अनिल कुमार सोनकर ,महेश चंद्रमणि तिवारी सहित राजस्व विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।




विद्यालय का शुरु हुआ काम । छाया : आज

# स्वास्थ्य केंद्रों पर दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश

मीरजापुर। जिलाधिकारी पवन कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक हुई। इसमें स्वास्थ्य सेवाओं की प्रगति के साथ एक अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक चलने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान और 12 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक प्रस्तावित दस्तक अभियान की तैयारियों की समीक्षा की गई। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि शासन की सभी स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से पहुंचाया जाए। अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों पर चिकित्सकों व पैरामेडिकल स्टाफ की उपस्थिति सुनिश्चित करने के साथ आवश्यक दवाओं, जांच और अन्य सुविधाओं की उपलब्धता बनाए रखने को कहा।मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा करते हुए गर्भवती महिलाओं की समय से जांच, संस्थागत प्रसव, टीकाकरण और नवजात शिशुओं की देखभाल पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। जननी सुरक्षा योजना और आयुष्मान कार्ड की प्रगति खराब मिलने पर जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी के प्रति नाराजगी जताई और प्रभारी चिकित्साधिकारियों की नियमित मॉनिटरिंग कर सुधार के निर्देश दिए। गसंचारी रोग नियंत्रण अभियान के दौरान साफ-सफाई, जलभराव रोकने, मच्छर नियंत्रण और शुद्ध पेयजल की व्यवस्था पर जोर दिया गया। दस्तक अभियान में आशा व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घर-घर जाकर जागरूकता फैलाएंगी और संभावित मरीजों की पहचान करेंगी।

# पोषण माह एवं आंगन मिलन कार्यक्रम आयोजित

चुनार। सेवा संकल्प अभियान के तहत नौवां पोषण माह एवं आंगन मिलन कार्यक्रम का आयोजन जिला परियोजना अधिकारी, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग दुर्गेश कुमार के निर्देशन तथा क्षेत्रीय परियोजना अधिकारी, नरायनपुर ब्लॉक रेनू पाण्डेय के कुशल पर्यवेक्षण में मंगलवार को नगर के गंगेश्वरनाथ मुहल्ले मे स्थित प्राथमिक विद्यालय में आयोजित किया गया, जिसमें नगर क्षेत्र की आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों द्वारा स्वास्थ्य, स्वच्छता, पोषण संबंधी जागरूकता तथा रेसिपी, मेंहदी व रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी कार्यकर्त्रियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में बच्चों को कुपोषण से मुक्त करने का संकल्प लिया। उपस्थित माताओं से अपील की गई कि बच्चों को शुद्ध एवं पौष्टिक आहार दें, ताकि बच्चे स्वस्थ रहें और कुपोषण का शिकार न हो। कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष रानी सेठ द्वारा दो महिलाओं की गोदभराई कर उन्हे पोषाहार, फल से भरी टोकरी भेंट कर स्वस्थ्य रहने की कामना की। इस दौरान मुख्य सेविका संतोषी, कुमुद विश्वकर्मा, नगर की सर्वश्रेष्ठ कार्यकर्त्री पूर्णिमा, मनोरमा देवी, अर्चना श्रीवास्तव, सुमन देवी, सीमा कुमारी, शिप्रा कुशवाहा, सुनीताचक्रवाल, आशारानी, सुचिता, गीता सहित नगर क्षेत्र की समस्त कार्यकत्रिया उपस्थित रही।

## बारिश थमते ही खेती किसानी के काम ने पकड़ी रफ्तार

हलिया। बारिश का दौर थमते ही क्षेत्र में खेती किसानी के काम ने रफ्तार पकड़ ली है। मौसम साफ होते ही किसान सुबह से ही खेतों में पहुंचकर फसलों की देखभाल और जरूरी कृषि कार्यों में जुटे हुए हैं। कहीं किसान निराई गुड़ाई करते नजर आ रहे हैं तो कहीं फसलों में खाद डालने का काम चल रहा है। क्षेत्र के किसान परेश कुमार ने बताया कि बारिश रुकने के बाद खेती किसानी का काम शुरू हो गया है। खेतों में निराई गुड़ाई का काम कर रहे है। किसान राकेश कुमार ने बताया कि खेतों में पर्याप्त नमी बनी हुई है। फसलों की जरूरत के अनुसार खाद डालने का काम किया जा रहा है। किसान खेतों में उग आए खरपतवार को निकालने के साथ फसलों की निराई गुड़ाई कर रहे हैं। दिन चढ़ने के साथ तेज धूप होने से खेतों में काम करने वाले किसानों को कुछ परेशानी जरूर हो रही है। किसान सुबह और शाम के समय कृषि कार्यों को निपटा रहे हैं। रिंकू सिंह ने बताया कि सुबह से खेत में काम कर रहे हैं। दिन में तेज धूप होने से थोड़ी परेशानी होती है, इसलिए सुबह और शाम काम करना बेहतर रहता है। क्षेत्र में धान की खेती अच्छी होती है। क्षेत्र में अदवा बांध स्थित है बांध में पर्याप्त पानी मौजूद हैं सिंचाई के लिए नहरों के माध्यम से खेतों तक पानी पहुंचता है।

## मोटरसाइकिल चोरी का मुकदमा दर्ज

अदलहाट। स्थानीय पुलिस ने पांच माह पूर्व हुई मोटरसाइकिल चोरी का मुकदमा गत 29 सितंबर को सायंकाल दर्ज कर लिया है। चंद्रदीप सिंह पुत्र स्वर्गीय रामधनी सिंह निवासी ग्राम मैनुद्दीनपुर थाना जहानगंज जिला आजमगढ़ ने तहरीर देकर बताया कि विगत 17 मार्च की रात साईं सिगरा हॉस्पिटल के बगल में स्थित मोटरसाइकिल गैरेज में अपनी मोटरसाइकिल लाक कर खड़ी किया था तथा अंदर सो गया था। उसी रात चोरों द्वारा लॉक तोड़कर बाइक चोरी कर ली गई। उसी समय स्थानीय थाने में चोरी की तहरीर दी गई थी, जो जन सूचना रजिस्टर में दर्ज है। तहरीर में प्राथमिकी दर्ज किए जाने की मांग की गई है।

## थाना संतनगर में डीजे संचालकों की बैठक

पटेहरा। थाना संतनगर परिसर में थानाध्यक्ष रमेश प्रसाद की अध्यक्षता में दुर्गा पूजा, रामलीला मंचन, विजया दशमी त्योहार को देखते हुए डीजे संचालकों की बैठक संपन्न की गई। बैठक में थानाध्यक्ष द्वारा सभी डीजे संचालकों को वगैर अनुमति के डीजे नही बजाने, ध्वनि प्रदूषण के नियमों का पालन करने, धीमी आवाज में डीजे बजाने के साथ पंडाल में सार्ट सर्किट से बचने की हिदायत दी गई।

# हादसे को दावत दे रहा टूटा हुआ विद्युत पोल

चील्ह। विकास खंड के ग्राम पंचायत कोल्हुआ शाह में प्राथमिक विद्यालय को बिजली सप्लाई देने वाला पोल तीन महीने से टूटा पड़ा है, जो कभी भी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकता है। इस लापरवाही को लेकर ग्रामीणों और विद्यालय परिवार में काफी रोष व्याप्त है। विदित हो कि ग्राम पंचायत कोल्हुआ शाह में प्राथमिक विद्यालय कोल्हुआ शाह को बिजली सप्लाई देने हेतु लगा बिजली का पोल तीन महीने पूर्व आई आंधी में टूट कर विद्यालय के गेट पर ही गिर पड़ा था। तब से लेकर आज तक वह टूटा हुआ पोल वहीं पड़ा हुआ है। टूटे पोल और लटकते तारों के कारण बच्चों और विद्यालय के अध्यापकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विद्यालय की प्रधानाध्यापक पूनम गुप्ता ने बताया कि जब पोल टूटा था, तब इसकी लिखित सूचना तत्काल चील्ह पावर हाउस पुरजागीर को दे दी गई थी। इसके बावजूद आज तक नया पोल नहीं लगाया गया। हैरानी की बात यह है कि जो तार पोल को बिजली सप्लाई से जोड़ती थी, उसे विभाग द्वारा आम के पेड़ में बांध दिया गया है, जो अत्यंत खतरनाक है। विद्यालय प्रशासन ने बच्चों की समस्या को देखते हुए अपने निजी खर्च से किसी तरह दूसरे पोल से अस्थायी विद्युत सप्लाई ले ली है, लेकिन वोल्टेज की समस्या और सुरक्षा को लेकर अब भी कठिनाई बनी हुई है। विद्यालय के गेट पर पड़ा पोल और पेड़ में बंधी बिजली की लाइन कभी भी बच्चों के लिए बड़े हादसे का सबब बन सकती है।

# दिव्या मित्तल के वीडियो जारी करने के बाद उच्च प्राथमिक विद्यालय का निर्माण शुरू

ड्रमंडगंज। मंगलवार को पूर्व जिलाधिकारी दिव्या मित्तल द्वारा वीडियो जारी कर लहुरियादह में गांव तीन वर्ष बाद भी स्वीकृत उच्च प्राथमिक विद्यालय का निर्माण कार्य नही शुरू कराया जाने का जिम्मेदारों पर आरोप लगाया। दिव्या मित्तल द्वारा लहुरियादह बुधवार दोपहर बारह बजे के करीब बीईओ हलिया प्रकाश चंद्र यादव ग्राम प्रशासक कौशलेंद्र कुमार गुप्ता विद्यालय निर्माण हेतु टीम के साथ चयनित किए गए स्थल पर पहुंचे। बीईओ की उपस्थिति में विद्यालय के लिए आवंटित की गई भूमि की मापी व चिन्हांकन करवाया गया। विद्यालय का निर्माण प्राथमिक विद्यालय लहुरियादह के प्रधानाध्यापक गंगा शंकर ओझा की देखरेख में किया जाएगा। बीईओ हलिया प्रकाश चंद्र यादव ने बताया कि लहुरियादह गांव में स्वीकृत उच्च प्राथमिक विद्यालय के लिए शासन से धन राशि आवंटित हो गई है। 25 लाख रुपए की लागत से उच्च प्राथमिक विद्यालय का निर्माण करवाया जाएगा। लहुरियादह में बहुप्रतीक्षित उच्च प्राथमिक विद्यालय के निर्माण कार्य शुरू होने पर ग्रामीणों में खुशी व्याप्त है। वर्ष 2023 में लहुरियादह गांव में निरीक्षण के दौरान ग्रामीण देवकली ने बच्चों की शिक्षा के लिए गांव में उच्च प्राथमिक विद्यालय खोले जाने की पूर्व जिलाधिकारी दिव्या मित्तल से मांग की थी। दिव्या मित्तल के प्रयासों से लहुरियादह गांव में वर्ष 2024 में उच्च प्राथमिक विद्यालय स्वीकृत हो गया था। वहीं, विद्यालय निर्माण हेतु अगस्त 2025 में शासन से धनराशि भी जारी कर दी गई थी लेकिन जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते विद्यालय निर्माण कार्य शुरू नही हो सका। उच्च प्राथमिक विद्यालय का निर्माण कार्य शुरू होने पर लहुरियादह गांव के ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी है।

## जनपद न्यायाधीश व जिलाधिकारी ने राजकीय सम्प्रेक्षण गृह का किया निरीक्षण

मीरजापुर। जनपद न्यायाधीश अनुपम कुमार, जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार द्वारा संयुक्त रूप से राजकीय सम्प्रेक्षण गृह किशोर, मीरजापुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय प्रभारी सहायक अधीक्षक, राजकीय सम्प्रेक्षण गृह किशोर व शिफ्टवार कार्मिक उपस्थित रहे। निरीक्षण के समय राजकीय सम्प्रेक्षण गृह किशोर में कुल 87 संवासी किशोर आवासित पाए गए, जिसमें जनपद मीरजापुर के 46, सोनभद्र के 21 व भदोही के 19, अन्य जनपद के एक किशोर आवासित हैं। संस्था में साफ-सफाई की व्यवस्था अच्छी पाई गई। संस्था में आवासित किशोरों को कक्षा-5 से 8 व 9 से 12 तक बेसिक शिक्षा विभाग व माध्यमिक शिक्षा विभाग से संबद्ध शिक्षक द्वारा पढ़ाया जा रहा था। किशोरों के भोजन के संबंध में पूछे जाने पर प्रभारी सहायक अधीक्षक द्वारा बताया गया कि किशोरों को निर्धारित मेनू के अनुसार नाश्ता, भोजन दिया जाता है।

## बिहार समाचार

### रोहतास में दस किलो पैंगोलिन शल्क बरामद, तीन तस्कर गिरफ्तार

डेहरी ऑन सोन (आससे.)। रोहतास जिले के वन विभाग के ने वन्यजीवों के अंगों की अवैध तस्करी और बिक्री के खिलाफ बड़ी काररवाई की है। कैमूर पहाड़ी के जंगलों के प्रतिबंधित वन्यजीव पैंगोलिन के शक्ल की 10 किलो तस्करी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए वन विभाग की टीम ने तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। यह काररवाई वन प्रमंडल और वन अपराध नियंत्रण ब्यूरो कोलकाता के संयुक्त टीम ने की है। इस मामले में तीन तस्कर सुनील सिंह गोसाईपुर नोखा ,संजय कुमार रामपुर बक्सर जिला ,विमल पासवान बेलाव कैमूर जिला को गिरफ्तार किया गया है। वन जीव अंगों की तस्करी करने वाले इस बड़े नेटवर्क और स्त्रोतों का पता लगाया जा रहा है।वन विभाग के अनुसार 29 सितंबर को गुप्त सूचना पर छापेमारी की गई। बरामद शल्क जब्त कर कानूनी काररवाई शुरू कर दी गई है। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ की जा रही है कि शल्क कहां से लाए गए और नेटवर्क में कौन-कौन शामिल है।डीएफओ स्टालिन कुमार फिडल ने कहा कि संरक्षित वन्यजीवों की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।

### साइबर ठगी में एक लाख तीस हजार वापस, पीड़ित को मिली राहत

डेहरी ऑन सोन (आससे.)। साइबर थाना कांड संख्या 11/25 में ठगी के शिकार युवक को पुलिस की कारवाई से बड़ी राहत मिली है। पुलिस मुख्यालय के अनुसार पीड़ित मोहम्मद नाजिम आलम, पिता मोहम्मद इबरार अली, उम्र 39 वर्ष, ग्राम भरंदुआ, थाना चेनारी, जिला रोहतास के साथ 6 फरवरी 2025 को कुल 1 लाख 80 हजार रुपये की साइबर ठगी हुई थी।पुलिस ने मामले में त्वरित कारवाई करते हुए ठगी गई राशि को वापस कराने का प्रयास शुरू किया। पूर्व में 95 हजार रुपये की राशि वापस कराई गई थी, जबकि वर्तमान में 35 हजार रुपये और रिकवर कर पीड़ित को लौटाए गए।इस प्रकार कुल एक लाख 30 हजार रुपये की राशि पीड़ित को वापस दिलाई गई है। शेष राशि की बरामदगी के लिए पुलिस प्रयास कर रही है।साइबर थाना की इस कारवाई से लोगों में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ा है। पुलिस ने लोगों से साइबर ठगी से सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध लेन-देन की तुरंत सूचना देने की अपील की है।

### रोहतास में गैस सिलेंडर लीक होने से चार महिला झुलस गयी

डेहरी ऑन सोन (आससे.)। जिले के रोहतास थाना क्षेत्र के बकनौरा पंचायत के वार्ड नंबर 10 में देर रात गैस सिलेंडर लीक होने से केशनाथ राम के घर में आग लग गयी।आग की चपेट में आने से चार महिलाएं झुलस गईं। हादसे में घर में रखा सामान, जेवरात समेत अन्य वस्तुएं भी जल गईं। आग की खबर मिलते ही मौके पर जुटे ग्रामीण घर में आग लगने की खबर फैलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया. आग बुझाने के दौरान इलाके में अफरातफरी का माहौल बना रहा।मुखिया प्रतिनिधि रवि पासवान के अनुसार, आग की चपेट में चंद्रमुखी (22), किरण देवी (28), सरिता देवी (32) और अनीता देवी (35) आ गईं. चंद्रमुखी और किरण देवी के पिता केशनाथ राम बताए गए हैं, जबकि सरिता देवी सुनील राम की पत्नी और अनीता देवी अनिल राम की पत्नी हैं।

## खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में यूपी ने बढ़ाया निवेश और रोजगार का दायरा-केशव

लखनऊ (आससे.)। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने उत्तर प्रदेश खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति 2023 के अंतर्गत राज्य स्तरीय इम्पावर्ड समिति की 22वीं बैठक में लिए गए निर्णयों और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में हो रही निरंतर प्रगति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विभागीय अधिकारियों, कार्मिकों, उद्यमियों तथा लाभार्थियों को बधाई दी है। प्रदेश सरकार कृषि आधारित अर्थव्यवस्था को मजबूत करने, किसानों की उपज का मूल्य संवर्धन करने तथा युवाओं और महिलाओं के लिए रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसर सृजित करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।कृषि उत्पादन आयुक्त एवं अध्यक्ष राज्य स्तरीय इम्पावर्ड समिति की अध्यक्षता में बैठक में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2023 के अंतर्गत योजनाओं की प्रगति, नवीन निवेश प्रस्तावों, वित्तीय प्रोत्साहनों तथा उद्यमियों से संबंधित विभिन्न प्रकरणों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया 15 सितम्बर तक नीति के अंतर्गत 1,975 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें 580 प्रस्ताव स्वीकृत किए जा चुके हैं तथा परियोजनाओं के लिए लेटर ऑफ कम्फर्ट जारी किए गए हैं। वित्तीय



वर्ष 2026-27 में 29 सितम्बर तक 291 नवीन आवेदन प्राप्त हुए हैं। स्वीकृत प्रस्तावों के सापेक्ष प्रथम एवं द्वितीय किश्त के रूप में 132.61 करोड़ की धनराशि का भुगतान किया जा चुका है।बैठक में नीति-2023 के अंतर्गत 51 नवीन प्रस्तावों पर विचार किया गया। इनमें फ्रोजन फल एवं सब्जी प्रसंस्करण, कैटल फीड, डिहाइड्रेटेड फल एवं सब्जियां, मिठाई-नमकीन-बेकरी एवं आइसक्रीम, फ्रोजन रेडी-टू-ईट उत्पाद, पोटैटो फ्लेक्स, सोया उत्पाद, डेयरी एवं दुग्ध उत्पाद, दाल एवं आटा प्रसंस्करण, खाद्य तेल, सौर ऊर्जा आधारित खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों सहित विभिन्न मूल्यवर्धित खाद्य उत्पादों से जुड़ी परियोजनाएं शामिल हैं।नवीन प्रस्तावों में महिला उद्यमी समूहों सहित विभिन्न इकाइयों द्वारा सौर ऊर्जा आधारित खाद्य प्रसंस्करण संयंत्रों की स्थापना के प्रस्ताव शामिल हैं। रेडी-टू-कुक खाद्य उत्पाद, आटा, मसाले, दाल मिल, चावल मिल, सोया उत्पाद, ब्रेडक्रम्ब्स, फ्रूट जूस, डिब्बाबंद फल एवं सब्जियां तथा गुड़ आधारित इकाइयां शामिल हैं।

### वाटिका ग्रुप का अध्यक्ष गिरफ्तार

गुरुग्राम (एजेंसी)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने वाटिका लिमिटेड (वैटिका समूह) के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक अनिल भल्ला और प्रमोटर गौतम भल्ला को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी सोमवार 28 सितंबर को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के तहत की गई। उन पर आवासीय भूखंडों की धोखाधड़ी और गैर-वितरण का आरोप है। ईडी ने यह कार्रवाई आर्थिक अपराध शाखा, दिल्ली पुलिस द्वारा दर्ज कई प्राथमिकियों के आधार पर की है। गिरफ्तारी के बाद आरोपियों को मंगलवार 29 सितंबर को गुरुग्राम की विशेष पीएमएलए अदालत में पेश किया गया। अदालत ने उन्हें 3 अक्तूबर तक ईडी की हिरासत में भेज दिया है।

## शेष

### अब मतदाता...

घोषणा अभी दिखाई दे रही है। ईसीआईनेट पोर्टल पर यह बदलाव मंगलवार देर रात किया गया। आयोग ने 26 सितंबर को अतिरिक्त घोषणा की जरूरत नहीं होने की जानकारी दी थी। फॉर्म-6 में अतिरिक्त हिस्सा जोड़े जाने को लेकर चुनाव आयोग के भीतर मतभेद की खबर सामने आई थी। एक अंग्रेजी दैनिक की हालिया रिपोर्ट के मुताबिक, चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी ने इस पर आपत्ति जताई थी। उनका कहना था कि नियमों में बदलाव किए बिना वैधानिक फॉर्म-6 में नया हिस्सा जोड़ा गया। संधू ने ऑनलाइन फॉर्म-6 में जोड़े गए हिस्से को कथित तौर पर 'अनधिकृत और अवैध' बताते हुए इसे हटाने की बात कही थी। फॉर्म-6 का इस्तेमाल मतदाता सूची में नया नाम दर्ज कराने के लिए किया जाता है।

### विपक्षी दल...

चुनाव आयोग तक मार्च करेंगे। उन्होंने कहा कि अक्टूबर के दूसरे सप्ताह में राष्ट्रपति से मिलने का समय भी मांगा जाएगा। खड़गे ने आरोप लगाया कि 'दो-तीन लोग सिर्फ मोहरे हैं' और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह उन्हें 'कठपुतली की तरह' चला रहे हैं। ये विपक्ष के राजनीतिक आरोप हैं। चुनाव आयोग ने एसआईआर और मतदाता सूची में बदलाव की अपनी प्रक्रिया को कानूनी प्रावधानों के अनुरूप बताया है तथा सॉफ्टवेयर और मतदाता सूची में हुए बदलावों की समीक्षा के लिए कदम उठाए हैं। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि विपक्षी दलों का संकल्प है कि लोकतंत्र को नुकसान पहुंचाने वालों के खिलाफ लड़ाई जारी रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि कोई व्यक्ति कितना भी वरिष्ठ क्यों न हो, 'भारतीय लोकतंत्र इस देश के हर व्यक्ति से बड़ा है।' राहुल ने विपक्षी नेताओं को संविधान का सामूहिक रक्षक बताते हुए साथ मिलकर काम करने की बात कही। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने एसआईआर को लेकर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर निशाना साधते हुए उन्हें 'गायब कुमार' कहा। उन्होंने आरोप लगाया कि एसआईआर का इस्तेमाल पश्चिम बंगाल में भाजपा को लाभ पहुंचाने के लिए किया गया। ममता ने चुनाव आयोग की सॉफ्टवेयर टीम पर भी लोगों के साथ धोखा और विश्वासघात करने का आरोप लगाया। ये विपक्ष के राजनीतिक आरोप हैं, जबकि चुनाव आयोग अपनी प्रक्रिया को कानूनी प्रावधानों के अनुरूप बता चुका है।

### यूपी पुलिस...

अदालत ने यूपी पुलिस के जवाबी हलफनामे को भी 'पूरी तरह निराशाजनक' बताया और संबंधित पुलिस अधिकारी को अगली सुनवाई पर व्यक्तिगत रूप से बेहतर हलफनामे के साथ पेश होने का निर्देश दिया। सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी के बाद सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी प्रदेश सरकार पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि भाजपा सरकार का रवैया शुरू से भेदभावपूर्ण रहा है। उन्होंने दावा किया कि पुलिस-प्रशासन का इस्तेमाल कर पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक समाज को निशाना बनाया जा रहा है।

### तीरंदाजी...

यह प्रदर्शन एशियन रेकार्ड भी बना। नीरू के लिए यह एशियन गेम्स का दूसरा स्वर्ण पदक है। इससे पहले उन्होंने महिला ट्रैप की व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण जीतकर इतिहास रचा था। भारतीय पुरुष और महिला स्क्वैश टीमों ने अपने-अपने क्वार्टर फाइनल मुकाबले जीतकर सेमीफाइनल में जगह बनायी और पदक पक्के किये। गत चैम्पियन पुरुष टीम ने कुवैत को २-० से हराया।

### २५ रुपये...

6,613 रुपये प्रति क्विंटल तय किया गया है, जो लागत पर 96 प्रतिशत का मार्जिन प्रदान करता है। मसूर- मसूर दाल की उत्पादन लागत 3,854 रुपये प्रति क्विंटल के मुकाबले अनुशंसित एमएसपी 7,390 रुपये प्रति क्विंटल रखा गया है, जिससे किसानों को 92 प्रतिशत का मुनाफा मिलेगा। चना- चने की अनुमानित उत्पादन लागत 3,751 रुपये प्रति क्विंटल आंकी गई है, जिसके लिए अनुशंसित एमएसपी 5,958 रुपये प्रति क्विंटल है। यह लागत पर 59 प्रतिशत का मार्जिन सुनिश्चित करता है। जौ- जौ की उत्पादन लागत 1,447 रुपये प्रति क्विंटल है और इसका अनुशंसित एमएसपी 2,286 रुपये प्रति क्विंटल तय किया गया है, जो 58 प्रतिशत का मुनाफा मार्जिन देता है। कुसुम- कुसुम की अनुमानित उत्पादन लागत 4,810 रुपये प्रति क्विंटल के मुकाबले एमएसपी 7,215 रुपये प्रति क्विंटल अनुशंसित किया गया है, जो 50 प्रतिशत का मुनाफा मार्जिन प्रदान करता है।एक अन्य महत्वपूर्ण निर्णय पीएम धारा योजना से संबंधित है। पीएम धारा (डेवलपिंग हार्मोनाइज्ड एंड एक्सलरेटेड रिन्यूएबल एनर्जी एक्सेस) के लिए 1,86,405 करोड़ रुपये स्वीकृत हुए हैं। यह योजना नवीकरणीय ऊर्जा तक पहुंच बढ़ाने में सहायक होगी। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आईटीएमएस) के लिए भी मंजूरी मिली है। इस सिस्टम के लिए 1,790 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की गई है।सरकार ने रबी विपणन सीजन 2027-28 के लिए गेहूं के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि की है। गेहूं का एमएसपी अब 2,610 रुपये प्रति क्विंटल हो गया है। यह वृद्धि किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य दिलाने में मदद करेगी। इससे कृषि क्षेत्र में स्थिरता और किसानों की आय में सुधार की उम्मीद है। रबी फसलों की मूल्य नीति के लिए 90,962 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। कैबिनेट ने पीएम धारा योजना के लिए 1,86,405 करोड़ रुपये की बड़ी राशि स्वीकृत की है। यह योजना नवीकरणीय ऊर्जा की पहुंच को सुसंगत और त्वरित करने पर केंद्रित है। कैबिनेट ने बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणालियों के साथ इंटर स्टेट ट्रांसमिशन प्रणाली के विकास के लिए ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर चरण-ढ्ढढ्ढढ्ढ योजना को मंजूरी दी है। यह योजना 2035 तक 900 गीगावाट गैर-जीवाश्म ईंधन क्षमता स्थापित करने के लक्ष्य को प्राप्त करने में सहायक होगी।

### दिव्यांगजनों...

रूप में 25 वर्ष पूर्ण करने के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में 12 वर्षों में देश में बिना भेदभाव शासन की योजनाओं का समाज के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्तियों तक पहुंचा है। डबल इंजन सरकार ने किसी भी योजना में व्यक्ति, मत, मजहब, क्षेत्र, भाषा आदि का कभी भेदभाव नहीं किया। सिर्फ एक लक्ष्य रहा- सबका साथ और सबका विकास। सबका विश्वास और सबका प्रयास। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय संस्कृति में कहा गया है, 'अयोग्यो पुरुषो नास्ति'। यानी, हमारी संस्कृति में किसी भी व्यक्ति को अधूरा नहीं माना गया है। भारतीय मनीषा कहती है कि कोई भी व्यक्ति अयोग्य नहीं होता। अगर कोई किसी को अयोग्य कहता है तो इसका मतलब यह है कि कोई योजक नहीं है। जब देश में प्रधानमंत्री मोदी जैसा योजक है तो कोई अयोग्य कैसे रह सकता है। उनके नेतृत्व में जरूरतमंदों को आवास, शौचालय, रसोई गैस कनेक्शन, पेंशन, युवाओं को रोजगार-नौकरी उपलब्ध कराई गई। केंद्र व प्रदेश की डबल इंजन सरकार का लक्ष्य हर व्यक्ति का स्वावलंबन और सबके जीवन में खुशी लाना है। सीएम योगी ने दिव्यांगजन कल्याण के लिए किए गए कार्यों का विस्तार से उल्लेख करते हुए कहा कि जल्द ही उनकी पेंशन धनराशि में एक बार फिर वृद्धि की जाएगी। पहले दिव्यांगजन को 300 रुपये पेंशन मिलती थी। सरकार ने इसे पहले 500 और फिर 1000 रुपये किया। अब कुछ दिनों में इसमें फिर बढ़ोतरी की जाएगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश के सभी 18 मंडलों में जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र स्थापित करने के निर्देश दिए गए हैं। गोरखपुर में सीतापुर आई हॉस्पिटल परिसर में यह केंद्र शुरू हो चुका है। उन्होंने गोरखपुर में स्पर्श राजकीय दृष्टिबाधित बालक एवं बालिका इंटर कॉलेज, संकेत राजकीय मूकबधिर विद्यालय, बीआरडी मेडिकल कॉलेज के मनोविकास केंद्र और राजकीय कौशल विकास केंद्र का उल्लेख किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि शारीरिक चुनौती प्रतिभा की राह में बाधा नहीं बन सकती। प्रतिभा को दया नहीं, अवसर उपलब्ध कराने की आवश्यकता है। सही साधन और प्रशिक्षण मिले तो प्रतिभा अपनी क्षमता की ऊंचाई तक पहुंच सकती है। उन्होंने महान ऋषि अष्टावक्र, महाकवि सूरदास, संगीतकार रवींद्र जैन और पर्वतारोही अरुणिमा सिन्हा के साथ पैरालंपिक खिलाड़ियों दीपा मलिक, सुहास एलवाई, सुमित अंतिल, देवेंद्र, भाविना पटेल, वैभव गौतम, प्रवीण कुमार, प्रीति पाल आदि का उदाहरण देते हुए कहा कि पदक केवल मजबूत भुजाओं से नहीं, बल्कि मजबूत हौसले से जीते जाते हैं। इन खिलाड़ियों ने साबित किया कि प्रतिभा को दया नहीं, अवसर चाहिए।

### गोलीकांडमें मनोहर यादव को उम्रकैद, ५० हजार रुपये जुर्माना

गाजीपुर (ह.स.)। बरियाबाद थाना क्षेत्र के बहुचर्चित गोलीकांड में प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश शक्ति सिंह की अदालत ने अभियुक्त मनोहर यादव को हत्या का दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने उस पर 50 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। वहीं, आर्म्स एक्ट की धारा 3/25 के तहत दो वर्ष के कारावास और पांच हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई गई। अभियोजन के अनुसार घटना 24 मार्च 2021 की है। शासकीय अधिवक्ता अखिलेश सिंह ने बताया कि सर्वेश यादव और उसका मित्र दीपक यादव बीयर की दुकान पर सेल्समैन के रूप में काम करते थे। दोनों सादात से अपने गांव लौट रहे थे। गांव के पास सड़क पर पहुंचने पर आरोप है कि मनोहर यादव ने सर्वेश यादव के पेट में गोली मार दी। इस दौरान दीपक यादव के हाथ में भी गोली लगी। घटना की जानकारी मिलने पर सर्वेश की मां शीला देवी मौके पर पहुंचीं। अभियोजन के मुताबिक गंभीर रूप से घायल सर्वेश ने अपनी मां को बताया कि मनोहर यादव ने उसे गोली मारी है। मुकदमे की सुनवाई के दौरान अभियोजन की ओर से कुल 14 गवाह पेश किए गए। हालांकि घायल गवाह दीपक यादव ने अदालत में हमलावर की पहचान करने से इनकार करते हुए कहा कि मौके पर मौजूद लोगों के चेहरे ढके हुए थे। अदालत ने मामले में उपलब्ध साक्ष्यों और गवाहों के बयानों के आधार पर मनोहर यादव को हत्या का दोषी माना और धारा 302 के तहत आजीवन कारावास की सजा सुनाई। अर्थदंड की 50 हजार रुपये की राशि में से आधी रकम मुकदमा वादी शीला देवी को दिए जाने का आदेश दिया गया है। करीब साढ़े पांच साल पुराने इस मामले में अदालत के फैसले से अभियोजन पक्ष को महत्वपूर्ण सफलता मिली है।

### श्रीकृष्ण जन्मभूमि विवाद में हिंदू पक्षों में मतभेद

नयी दिल्ली (आससे)। मथुरा के श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मस्जिद विवाद में हिंदू याचिकाकर्ताओं के बीच 'श्रीकृष्ण विराजमान' की ओर से प्रतिनिधित्व को लेकर सहमति नहीं बन सकी। जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस संजीव सचदेवा की पीठ ने इस पर नाराजगी जताते हुए कहा कि पिछली सुनवाई में सह-वादियों को आपसी सहमति बनाने का पर्याप्त समय दिया गया था, लेकिन वे साझा रुख के साथ नहीं आए। वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम दीवान ने कहा कि सभी पक्ष मूल रूप से एक ही पक्ष में हैं, लेकिन मौजूदा स्थिति में मामला आगे नहीं बढ़ सकता। इस पर पीठ ने कहा कि यदि पक्षकार आपस में तय नहीं कर पाते तो अदालत सभी की दलीलें विस्तार से सुनेगी। पीठ ने टिप्पणी की कि मामला बार-बार अटक रहा है और इसमें 'तारीख पर तारीख' पड़ रही है। मामले की अगली सुनवाई 6 नवंबर को होगी।


## कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
## सिंचाई कार्य मण्डल, मीरजापुर

ई-टेण्डरिंग के माध्यम से कराये जाने वाले कार्यों की
अल्पकालीन निविदा सूचना संख्याः-05/अधी.अभि./2026-27

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्यो हेतु आनलाईन निविदा http://etender.up.nic.in के माध्यम से सिंचाई विभाग में वर्गीकृत श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से तालिका सं0-02 के अनुसार आमंत्रित की जाती है, एवं इनमे निहित कार्यक्रमानुसार विभाग द्वारा गठित समिति के समक्ष ऑनलाइन खोली जायेगी।

तालिका सं0-01

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित मात्रा | धरोहर राशि (लाख रु0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा चार्जेज अन्य कर सहित | बंधक राशि हेतु अधिकृत खण्ड का नाम | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 01 | सिरसी बसीहा फीडर के किमी0 1.200 से 1.900 एवं किमी0 5.250 से 8.000 तक सर्विस रोड के नवीनीकरण का कार्य। | बिल आफ क्वान्टिटी के अनुसार | 1.04 | 45 दिन | रू. 2354.00 | अधिशासी अभियन्ता सिरसी बाँध प्रखण्ड, मीरजापुर | सिविल श्रेणी डी एवं उच्च |
| 02 | जमुआ राजवाहा के किमी0 0.000 से 1.900 एवं किमी0 5.700 से 8.100 तक सर्विस रोड के नवीनीकरण का कार्य। | बिल आफ क्वान्टिटी के अनुसार | 1.22 | 45 दिन | रू. 2354.00 | अधिशासी अभियन्ता सिरसी बाँध प्रखण्ड, मीरजापुर | सिविल श्रेणी डी एवं उच्च |
| 03 | महुवट राजवाहा के किमी0 4.300 से 6.000 तक सर्विस रोड के नवीनीकरण का कार्य। | बिल आफ क्वान्टिटी के अनुसार | 0.71 | 45 दिन | रू. 2354.00 | अधिशासी अभियन्ता सिरसी बाँध प्रखण्ड, मीरजापुर | सिविल श्रेणी डी एवं उच्च |
| 04 | महुवट माइनर के किमी0 1.800 से 2.200 तक सर्विस रोड के नवीनीकरण का कार्य। | बिल आफ क्वान्टिटी के अनुसार | 0.92 | 45 दिन | रू. 2354.00 | अधिशासी अभियन्ता सिरसी बाँध प्रखण्ड, मीरजापुर | सिविल श्रेणी डी एवं उच्च |
| 05 | मुण्डेल माइनर के किमी0 1.800 से 4.340 तक सर्विस रोड के नवीनीकरण का कार्य। | बिल आफ क्वान्टिटी के अनुसार | 0.82 | 45 दिन | रू. 2354.00 | अधिशासी अभियन्ता सिरसी बाँध प्रखण्ड, मीरजापुर | सिविल श्रेणी डी एवं उच्च |
| 06 | तनीवारी राजवाहा के किमी0 0.000 से 4.900 एवं किमी0 12.580 से 12.850 तक सर्विस रोड के नवीनीकरण का कार्य। | बिल आफ क्वान्टिटी के अनुसार | 1.55 | 45 दिन | रू. 2354.00 | अधिशासी अभियन्ता सिरसी बाँध प्रखण्ड, मीरजापुर | सिविल श्रेणी डी एवं उच्च |
| 07 | मेजा बाँध सर्विस रोड किमी0 0.000 से 2.205 एवं निरीक्षण भवन सर्विस रोड किमी0 0.000 से 0.610 तक सर्विस रोड के नवीनीकरण का कार्य। | बिल आफ क्वान्टिटी के अनुसार | 0.84 | 45 दिन | रू. 2354.00 | अधिशासी अभियन्ता सिरसी बाँध प्रखण्ड, मीरजापुर | सिविल श्रेणी डी एवं उच्च |
| 08 | अदवा राजवाहा के किमी0 2.100 से किमी0 5.200 तक सर्विस रोड के नवीनीकरण का कार्य। | बिल आफ क्वान्टिटी के अनुसार | 0.93 | 45 दिन | रू. 2354.00 | अधिशासी अभियन्ता सिरसी बाँध प्रखण्ड, मीरजापुर | सिविल श्रेणी डी एवं उच्च |
| 09 | [illegible] बंधी माइनर के किमी0 0.000 से 3.800 तक सर्विस रोड के नवीनीकरण का कार्य। | बिल आफ क्वान्टिटी के अनुसार | 1.05 | 45 दिन | रू. 2354.00 | अधिशासी अभियन्ता सिरसी बाँध प्रखण्ड, मीरजापुर | सिविल श्रेणी डी एवं उच्च |
| 10 | गढ़िहान बाव के किमी0 33.00 से किमी0 34.700 तक नहर के सर्विस रोड की दायीं पटरी तथा किमी0 47.900 से किमी0 48.000 तक एवं किमी0 50.000 से किमी0 51.000 तक नहर के सर्विस रोड की बायीं पटरी के नवीनीकरण का कार्य। | बिल आफ क्वान्टिटी के अनुसार | 1.12 | 45 दिन | रू. 2354.00 | अधिशासी अभियन्ता मीरजापुर नहर प्रखण्ड, मीरजापुर | सिविल श्रेणी डी एवं उच्च |
| 11 | दायीं लोअर खजुरी नहर के किमी0 7.600 से किमी0 9.000 तक एवं किमी0 12.100 से किमी0 13.500 तक नहर के सर्विस रोड के नवीनीकरण का कार्य। | बिल आफ क्वान्टिटी के अनुसार | 0.84 | 45 दिन | रू. 2354.00 | अधिशासी अभियन्ता मीरजापुर नहर प्रखण्ड, मीरजापुर | सिविल श्रेणी डी एवं उच्च |
| 12 | बायीं लोअर खजुरी नहर के किमी0 0.680 से किमी0 1.960 तक एवं किमी0 7.000 से किमी0 9.025 तक नहर के सर्विस रोड के नवीनीकरण का कार्य | बिल आफ क्वान्टिटी के अनुसार | 0.99 | 45 दिन | रू. 2354.00 | अधिशासी अभियन्ता मीरजापुर नहर प्रखण्ड, मीरजापुर | सिविल श्रेणी डी एवं उच्च |
| 13 | जनपद मीरजापुर में गोपालपुर राजवाहा के किमी0 5.000 से किमी0 5.480 तथा किमी0 8.500 से किमी0 10.500 के मध्य सेवा मार्ग के नवीनीकरण का कार्य | बिल आफ क्वान्टिटी के अनुसार | 1.35 | 45 दिन | रू. 2354.00 | अधिशासी अभियन्ता मीरजापुर नहर प्रखण्ड, मीरजापुर | सिविल श्रेणी डी एवं उच्च |
| 14 | जनपद सोनभद्र में धोबा पम्प कैनाल के दायीं पटरी के किमी0 5.100 से किमी0 8.500 तथा बायीं पटरी के किमी0 11.500 से किमी0 14.100 के मध्य सेवा मार्ग के नवीनीकरण का कार्य। | बिल आफ क्वान्टिटी के अनुसार | 1.22 | 45 दिन | रू. 2354.00 | अधिशासी अभियन्ता मीरजापुर नहर प्रखण्ड, मीरजापुर | सिविल श्रेणी डी एवं उच्च |
| 15 | जनपद सोनभद्र एवं मीरजापुर में बकहर गढ़िहान पोषक नहर के किमी0 5.000 से किमी0 7.000,किमी0 11.600 से किमी0 16.000,किमी0 17.000 से किमी0 18.000 एवं किमी0 19.000 से किमी0 20.000 के मध्य सेवा मार्ग के नवीनीकरण का कार्य। | बिल आफ क्वान्टिटी के अनुसार | 2.86 | 45 दिन | रू. 2354.00 | अधिशासी अभियन्ता मीरजापुर नहर प्रखण्ड, मीरजापुर | सिविल श्रेणी ए एवं उच्च |
| 16 | घाघर मुख्य नहर के किमी0 22.300 से किमी0 24.000 एवं किमी0 24.100 से किमी0 25.800 तक सर्विस रोड के नवीनीकरण का कार्य। | बिल आफ क्वान्टिटी के अनुसार | 0.89 | 45 दिन | रू. 2354.00 | अधिशासी अभियन्ता मीरजापुर नहर प्रखण्ड, मीरजापुर | सिविल श्रेणी डी एवं उच्च |
| 17 | विरोही माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 3.580 तक सर्विस रोड के नवीनीकरण का कार्य। | बिल आफ क्वान्टिटी के अनुसार | 1.16 | 45 दिन | रू. 2354.00 | अधिशासी अभियन्ता मीरजापुर नहर प्रखण्ड, मीरजापुर | सिविल श्रेणी डी एवं उच्च |
| 18 | गढ़िहान बाव के किमी0 4.000 से किमी0 11.000 तक सर्विस रोड के नवीनीकरण का कार्य। | बिल आफ क्वान्टिटी के अनुसार | 2.08 | 45 दिन | रू. 2354.00 | अधिशासी अभियन्ता मीरजापुर नहर प्रखण्ड, मीरजापुर | सिविल श्रेणी ए एवं उच्च |
| 19 | [illegible] राजवाहा के किमी0 1.200 से किमी0 3.200(L/S) किमी0 3.400 से किमी0 4.650(R/S) एवं किमी0 6.500 से किमी0 7.900(R/S) तक सर्विस रोड के नवीनीकरण का कार्य। | बिल आफ क्वान्टिटी के अनुसार | 1.34 | 45 दिन | रू. 2354.00 | अधिशासी अभियन्ता मीरजापुर नहर प्रखण्ड, मीरजापुर | सिविल श्रेणी डी एवं उच्च |
| 20 | जनपद सोनभद्र में स्थित घाघर मुख्य नहर किमी0 12.000 से किमी0 16.200 तक नहर की पटरी के नवीनीकरण का कार्य। | बिल आफ क्वान्टिटी के अनुसार | 1.26 | 45 दिन | रू. 2354.00 | अधिशासी अभियन्ता मीरजापुर नहर प्रखण्ड, मीरजापुर | सिविल श्रेणी डी एवं उच्च |
| 21 | जनपद सोनभद्र में स्थित कुड़ा राजवाहा के किमी0 18.000 से किमी0 19.650 ,किमी0 20.300 से 22.900 एवं किमी0 23.900 से किमी0 26.900 तक नहर की पटरी के नवीनीकरण का कार्य। | बिल आफ क्वान्टिटी के अनुसार | 1.69 | 45 दिन | रू. 2354.00 | अधिशासी अभियन्ता मीरजापुर नहर प्रखण्ड, मीरजापुर | सिविल श्रेणी डी एवं उच्च |
| 22 | जनपद सोनभद्र में स्थित मानपुर माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 3.000 तक नहर की पटरी के नवीनीकरण का कार्य। | बिल आफ क्वान्टिटी के अनुसार | 0.81 | 45 दिन | रू. 2354.00 | अधिशासी अभियन्ता मीरजापुर नहर प्रखण्ड, मीरजापुर | सिविल श्रेणी डी एवं उच्च |
| 23 | कुलडुल राजवाहा के किमी0 0.000 से 5.750 तक सर्विस रोड के नवीनीकरण का कार्य। | बिल आफ क्वान्टिटी के अनुसार | 1.66 | 45 दिन | रू. 2354.00 | अधिशासी अभियन्ता [illegible] प्रखण्ड द्वितीय, राबर्ट्सगंज,सोनभद्र | सिविल श्रेणी डी एवं उच्च |

तालिका सं0-2 महत्वपूर्ण तिथियाँ

| Sr. No. | Particulars | Date | Time |
|---|---|---|---|
| 1- | Upload on website | 01.10.2026 | 14:00 |
| 2- | Bid Submission Start | 01.10.2026 | 14:30 |
| 3- | Bid Submission End | 08.10.2026 | 14:30 |
| 4- | Technical Bid Opening | 08.10.2026 | 15:00 |
| 5- | Financial Bid Opening | Date and place to be decided after technical bid evaluation and will be communicated on-line to successful bidders in technical bid. | |

01. इस ई-निविदा की सूचना, विवरण व शर्ते उ0प्र0 सरकार की वेबसाईट http://etender.up.nic.in सूचना विभाग की वेबसाइट http://information.up.nic.in तथा सिंचाई विभाग की वेबसाइट http://idup.nic.in एवं http://idup.gov.in भी उपलब्ध है।
02. इस ई-निविदा की सूचना से सम्बन्धित शेष सूचनाएँ, शर्ते एवं शुद्धीकरण सम्बन्धी सूचनायें वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध रहेंगी। निविदादाता कृपया उक्त बेवसाईट पर निरन्तर अवलोकन करनें का कष्ट करें।

उ.प्र.:- 257078
दिनांकः- 28.09.2026

(एस.एन. शर्मा)
अधीक्षण अभियन्ता

वेबसाईटः- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।



**पूर्वोत्तर रेलवे**
**खुली ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/पूर्वोत्तर रेलवे/लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाईन 'खुली' ई-निविदायें आमंत्रित की जाती हैं जिसका विवरण नीचे निम्नवत् है:- ई-निविदा सं.: NER-LJN-2026-254; कार्य का नामः पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडलः- PJ, CM, NTV, GKP नई पिट लाइन, GKP पुरानी पिट, GKP कैंट, बूस्टर पंप SS, AEN SS, Jagtbela, SWA, MIM, JEA और MHH में इलेक्ट्रिकल सब-स्टेशन बिल्डिंग में सुधार, 17 स्टेशनों पर पैनल रूम, रेस्ट रूम आदि का अपग्रेडेशन, NTV, ANDN और BST में कॉमर्शियल डिपार्टमेंट स्टोर रूम (साइज 3x4m) की व्यवस्था, GKC, GKP, KLD, BST, MUR और ANDN में TI ऑफिस का निर्माण और वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/प्रथम/लखनऊ के अधिकार क्षेत्र में आने वाले स्टेशनों के 13 प्लेटफॉर्म पर स्टैंडर्ड टैक्टाइल गाइड/पाथवे की व्यवस्था। अनुमानित लागत (₹): ₹5,40,41,955.06; अग्रिम धन (₹): ₹10,80,800/-; समापन अवधिः 12 माह; 1. उपरोक्त ई-निविदा संख्या NER-LJN-2026-254 के लिए ई-निविदा दिनांक 22.10.2026 को 15:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15:00 बजे के बाद ई-निविदा खोली जायेगी। 2. उपरोक्त ई-निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदाकार ई-निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई-निविदा सूचना से संबंधित वेबसाइट पर उपलब्ध शुद्धि पत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग
मुजाधि/डब्ल्यू-364 लखनऊ

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें



**ज्ञानमण्डल प्राइवेट लिमिटेड** के लिए ज्ञानमण्डल यंत्रालय, संत कबीर मार्ग, **वाराणसी** से- **ओम प्रकाश शर्मा** द्वारा मुद्रित और प्रकाशित। **सम्पादक- शार्दूल विक्रम गुप्त,** स्थानीय कार्यकारी **सम्पादक- शिवशंकर व्यास। गोरखपुरः** बैंक रोड, **प्रयागराजः 3**,लीडर रोड, **कानपुरः** बांसमण्डी, **झांसीः** झोंकन बाग, **लखनऊः 1**,जापलिंग रोड, **आगराः** महात्मा गांधी रोड, **बरेलीः** रोड नं. **3** परसाखेड़ा, **पटनाः** फ्रेजर रोड, **रांचीः** नामकुम इण्डस्ट्रियल एरिया, **जमशेदपुरः** न्यू काली माटी रोड-साकची।

वर्ष-107 पू.सं. 899678131022436
आर. एन. आई. रजिस्ट्रेशन नं. 2026/ 57
फोनः- 2393981 से 2393987 तक
E-Mail:ajvaranasi.1920@gmail.com
Website : www.ajhindidaily.com
पी.आर.बी. अधिनियम के अन्तर्गत समाचार चयन के लिए ओम प्रकाश शर्मा जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद वाराणसी न्यायालय के अधीन होंगे।



**ICICI Bank** शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, डी/58/19-ए 4, सिगरा, वाराणसी, यूपी- 221010

सार्वजनिक सूचना - प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री हेतु निविदा-सह-ई-नीलामी

[ नियम 8 (6) का प्रावधान देखें ]
अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु सूचना

अचल संपत्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय की सूचना वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनः निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत सहपठित प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 की धारा 8(6) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जारी की गई है।
सर्वजन तथा व्यक्तिगत रूप से कर्जदार(रों) एवं जमानतदार(रों) को इस सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शाई गई अचल संपत्ति संरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/ अधिभारित हैं। उनका भौतिक अधिग्रहण आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (संरक्षित ऋणदाता) द्वारा प्राधिकृत अधिकारी के रूप में कर लिया गया है एवं दर्शाए विवरण अनुसार उनके द्वारा "जहाँ है जैसी है", "जैसी है वैसी है" एवं "जिस भी स्थिति में हैं" के आधार पर अचल संपत्ति के विक्रय के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए जा रहे हैं :-

| क्र. सं. | कर्जदार(रों)/ सह-कर्जदार(रों)/ जमानतदार(रों) के नाम/ ऋण खाता संख्या | प्रत्याभूत आस्तियों का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई है | बकाया राशि (रु. में) | सुरक्षित मूल्य (रु. में) / धरोहर राशि जमा (रु. में) | संपत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | ई-नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) | (एफ) | (जी) |
| 1. | भूपेन्द्र प्रताप सिंह (कर्जदार), माला भूपेन्द्र प्रताप सिंह (सह-कर्जदार), ऋण खाता संख्या LBTNE00006545321 | आवासीय घर (प्रॉपर्टी) जो आराज़ी नंबर 28/2मिन क्षेत्रफल: 1800 वर्ग फीट और आराज़ी नंबर 33/1, क्षेत्रफल: 1800 वर्ग फ़ीट के कुछ हिस्से पर बना है - कुल 2 गाटा, कुल क्षेत्रफल: 3600 वर्ग फ़ीट; मौज़ा आशापुर, परगना शिवपुर, वार्ड सारनाथ, तहसील सदर, ज़िला वाराणसी, यूपी। बिल्ट-अप एरिया: 7000 वर्ग फुट। | रु. 2,19,33, 648/- (सितंबर 22, 2026 तक) | रु. 2,20,00, 000/- / रु. 22,00, 000/- | अक्टूबर 09, 2026 सुबह 11:00 बजे से दोप. 12:00 बजे तक | नवंबर 07, 2026 सुबह 11:00 बजे से दोप. 12:00 बजे तक |

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी संस्था **मेसर्स वैल्यूट्रस्ट कैपिटल सर्विसेज़ प्राइवेट लिमिटेड** की वेबसाइट **(https://BidDeal.in)** पर संचालित होगी। बंधककर्ताओं/ सूचना प्रेषितकर्ताओं को **नवंबर 06, 2026** को **शाम 05:00** बजे से पूर्व तक कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर इस/इन संरक्षित संपत्ति(यों) की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।
संभावित बोलीकर्ता(ओं) को बयाना राशि (ईएमडी) डिमाण्ड ड्राफ्ट (डीडी) (कॉलम **ई** देखें) जो **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, डी/58/19-ए 4, सिगरा, वाराणसी, यूपी- 221010** में **नवंबर 06, 2026** तक **शाम 05:00** बजे से पूर्व जमा करना अनिवार्य है एवं इसके पश्चात् वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वर्णित वेबसाइट के माध्यम से ईएमडी के भुगतान साक्ष्य अर्थात बैंक डीडी यावती की स्कैन इमेज (छायाप्रति) **नवंबर 06, 2026** तक **शाम 05:00** बजे से पूर्व जमा करें। यदि संभावित बोलीकर्ता(ओं) वेबसाइट के माध्यम से उनके प्रस्ताव को जमा कराने में विफल रहते हैं, तो वे **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, डी/58/19-ए 4, सिगरा, वाराणसी, यूपी- 221010** में निविदा प्रलेखों की हस्ताक्षरित प्रति को **नवंबर 06, 2026** को **शाम 05:00** बजे से पूर्व तक जमा करवा सकते हैं। बयाना राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट/ पे ऑर्डर किसी भी राष्ट्रीयकृत/ शैडूल्ड बैंक द्वारा **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** की **वाराणसी** शाखा के पक्ष में भुगतान हेतु होना चाहिए।
संपत्ति निरीक्षण, ई-नीलामी के नियम एवं शर्तों तथा निविदा प्रक्रिया के संदर्भ में स्पष्टीकरण हेतु कृपया **आईसीआईसीआई बैंक में 9372730494/7304914763** पर संपर्क करें।
प्राधिकृत अधिकारी बिना किसी कारण दर्शाए किसी एक अथवा अधिक निविदा व बोली को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।
बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों हेतु कृपया वेबसाइट **www.icicibank.com/n4p4s** पर संपर्क करें।

तिथि : अक्टूबर 01, 2026, स्थान : वाराणसी
प्राधिकृत अधिकारी, आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड



**विमल जैन** हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता, फलित अंक ज्योतिषी एवं वास्तुविद्
एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन, भोजूबीर, वाराणसी-221002
09335414722


### आज का राशिफल — गुरुवार, 1 अक्टूबर 2026

| | |
|---|---|
| मेष- | योजना की पूर्ति, बकाए धन की प्राप्ति, आरोग्य सुख की प्राप्ति, वैवाहिक जीवन सुखद। |
| वृषभ- | व्यापार में विस्तार, राजकीय पक्ष से लाभ, जनसंपर्क का सुयोग, मनोरंजन में रुचि। |
| मिथुन- | समस्याओं से परेशानी, गलतफहमी से हानि, अकेलेपन का अहसास, मन उदास। |
| कर्क- | उल्लासमय वातावरण, प्रेमसम्बंधों में मधुरता, पठनपाठन में रुचि, धर्म में आस्था। |
| सिंह- | उन्नति का प्रयास, उत्तरदायित्व की पूर्ति, परोपकार की प्रवृत्ति, दाम्पत्यजीवन सुखद। |
| कन्या- | भाग्यपक्ष में, आर्थिकस्थिति में सुधार, जनसंपर्क का सुयोग, आनन्द की अनुभूति। |
| तुला- | मानसिक उलझनें, वैचारिक अस्थिरता, मित्रों से गलतफहमी, धनागम में बाधा। |
| वृश्चिक- | शुभकार्य संपन्न, कठिनाइयों का निराकरण, दाम्पत्यजीवन सुखद, कर्ज की अदायगी। |
| धनु- | व्यक्तित्व का विकास, इच्छा की पूर्ति, परिवार में खुशी, पठनपाठन में रुचि, यात्रा। |
| मकर- | आर्थिक लाभ, मनोविनोद, आरोग्य सुख, पारस्परिक मधुरता, संत-समागम से प्रसन्नता। |
| कुम्भ- | ग्रहस्थिति विपरीत, अप्रिय घटना घटित, मन अशांत, वैचारिक अस्थिरता, धनहानि। |
| मीन- | नवसमाचार से खुशी, सलाह से कामयाबी, मानसम्मान की प्राप्ति, नवीन उपलब्धि हासिल। |

### आज है जिनका जन्मदिन — 1 अक्टूबर

[illegible]

आपके लिए शुभ

| | | | |
|---|---|---|---|
| मंत्र | : ॐ घृणिः सूर्याय नमः | मास | : जनवरी, अक्टूबर एवं दिसम्बर |
| व्रत | : रविवार | वर्ष | : 1, 10, 19, 28, 37,46,55,64,73 |
| दिन | : रविवार, बुधवार एवं गुरुवार | रंग | : पीला, सुनहरा एवं नारंगी |
| दिनांक | : 1, 10, 19, 28 | जन्मरत्न | : माणिक्य; उपरत्न : गार्नेट |
| अंक | : 2, 4, 7 | जड़ी | : बेल की जड़; दिशा : पूर्व |

वर्ष का महत्वपूर्ण समय — 22 मार्च से 28 अक्टूबर, 10 अक्टूबर से 20 अक्टूबर

यन्त्र

| | | |
|---|---|---|
| 6 | 1 | 8 |
| 7 | 5 | 3 |
| 2 | 9 | 4 |

### सुडोकू ४०७०

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 9 | 1 | | | | |
| | | 3 | | | | 4 | | |
| | | | | 7 | | | | |
| | 1 | | | | | | | 5 |
| 7 | | | | 2 | | | | |
| | | | | | 3 | | | |
| | | 8 | | | 5 | | | 3 |
| | | | | | | | 1 | 7 |
| | | | | | | | 2 | |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 8 | 2 | 6 | 9 | 7 | 5 | 4 | 1 |
| 5 | 7 | 4 | 1 | 2 | 3 | 6 | 8 | 9 |

४०६९




# तीरंदाजीमें स्वर्णिम हैटट्रिक, नीरूने फिर दिलाया सोना

## एशियाई खेल : पुरुष टीम, महिला और मिश्रित टीम की सुनहरी कामयाबी, दो दिनमें छा गयी नीरू



**नागोया (एजेन्सियां)।** भारतीय तीरंदाजों ने एशियन गेम्स में बुधवार की सुबह भारत को शानदार तोहफा दिया। कंपाउंड तीरंदाजी के तीनों इवेंट में भारतीय टीम ने स्वर्ण पदक जीत लिया। पुरुष टीम ने फाइनल में चीन को २३८-२३७ से हराकर दिन का तीसरा तीरंदाजी गोल्ड अपने नाम किया। इससे पहले महिला टीम और मिश्रित टीम भी स्वर्ण जीत चुकी थीं। भारत के तीनों खिलाड़ी युवा हैं। २१ वर्षीय कुशल दलाल, २५ वर्षीय साहिल राजेश और २० वर्षीय मणि रत्नम गणेश थिरुमुरु की तिकड़ी ने दबाव में धैर्य बनाये रखा और भारत को स्वर्ण दिला दिया। साहिल राजेश, कुशल दलाल और मणि रत्नम गणेश की भारतीय तिकड़ी ने चीन के खिलाफ फाइनल में शानदार जुझारूपन दिखाया। तीन राउंड यानी १८ शाट के बाद भारत एक अंक से पीछे चल रहा था। तब चीन का स्कोर १७९ और भारत का १७८ था। इसके बाद आखिरी राउंड में भारतीय टीम ने मुकाबला पलट दिया। आखिरी छह शाट में चीन के एक तीरंदाज ने आठ अंक का निशाना लगाया। इसका फायदा भारत को मिला और भारतीय टीम एक अंक की बढ़त पर पहुंच गयी। अंत में भारत ने २३८ अंक बनाये जबकि चीन २३७ अंक ही हासिल कर सका। भारत ने आज कंपाउंड तीरंदाजी के तीनों इवेंट में स्वर्ण जीता। सबसे पहले चिकिथा तानिपर्थी, पृथिका प्रदीप और ज्योति सुरेखा वेन्नम की महिला कंपाउंड टीम ने चीन को हराकर स्वर्ण जीता। इसके बाद चिकिथा और साहिल जाधव की मिश्रित टीम ने दक्षिण कोरिया को हराकर भारत को दूसरा स्वर्ण दिलाया। पुरुष टीम ने भी चीन के खिलाफ फाइनल में जीत दर्ज कर तीरंदाजी में भारत की स्वर्णिम हैटट्रिक पूरी कर दी।

पांच घंटे में चार स्वर्ण-भारत के लिए यह सुबह बेहद खास रही। तीरंदाजी में तीन स्वर्ण पदकों के अलावा भारतीय शूटिंग टीम ने भी मिक्स्ड ट्रैप में गोल्ड जीता। यानी करीब पांच घंटे के अंदर भारत के खाते में चार स्वर्ण पदक आ गये। शूटिंग में नीरू ढांडा और किनान चेनाई की जोड़ी ने मिक्स्ड ट्रैप में स्वर्ण जीता था। इसके बाद भारतीय तीरंदाजों ने कंपाउंड के तीनों इवेंट में सोना जीतकर कमाल कर दिया। इसके अलावा आज भारत के दो कांस्य भी मिले हैं। दोनों कांस्य मुक्केबाजी में आये हैं। प्रिया घंघस और कपिल पोखरिया ने कांस्य अपने नाम किया। पुरुष कंपाउंड टीम के स्वर्ण के साथ भारत के कुल पदकों की संख्या ५९ हो गयी है। भारत के खाते में अब १० स्वर्ण, २१ रजत और २८ कांस्य पदक हैं। तीरंदाजी ने इस अभियान में भारत को पदक तालिका में ऊपर पहुंचाया।

### पदक तालिका

| देश | स्वर्ण | रजत | कांस्य |
|---|---|---|---|
| चीन | १५० | ६६ | ५७ |
| जापान | ४७ | ७६ | ७२ |
| दक्षिण कोरिया | २४ | २९ | ४७ |
| उजबेकिस्तान | १६ | १८ | १९ |
| थाईलैण्ड | १२ | १० | १२ |
| बहरीन | ११ | ५ | १५ |
| **भारत** | **१०** | **२१** | **२९** |
| ईरान | १० | १६ | २१ |
| खजाकस्तान | ९ | १६ | ३१ |
| उत्तर कोरिया | ७ | ५ | ७ |

## ढांडा-किनान ने जीता स्वर्ण पदक



**नागोया (एजेन्सियां)।** भारत की नीरू ढांडा और किनान चेनाई की जोड़ी ने एशियन गेम्स में शूटिंग के मिक्स्ड ट्रैप इवेंट में बुधवार को स्वर्ण पदक जीत लिया। भारतीय जोड़ी ने फाइनल में ३४-४० का स्कोर किया, जो एशियन रेकार्ड है। इसके साथ ही भारत ने दिन का तीसरा स्वर्ण पदक अपने नाम किया। नीरू ढांडा के लिए यह एशियन गेम्स में दूसरा स्वर्ण पदक है। उन्होंने इससे पहले महिला ट्रैप स्पर्धा में व्यक्तिगत स्वर्ण जीतकर भारत के लंबे इंतजार को खत्म किया था। अब नीरू ने अनुभवी निशानेबाज किनान चेनाई के साथ मिलकर मिक्स्ड ट्रैप

### मिश्रित ट्रैप शूटिंग

में भी सोना जीत लिया। ३६ वर्षीय किनान ने इस स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत को एक और स्वर्ण दिलाया। नीरू की शुरुआत फाइनल में उम्मीद के मुताबिक नहीं रही। वह अपने पहले दो शाट चूक गयीं और शुरुआती पांच शाट में तीन निशाने चूक गये। हालांकि, इसके बाद भारतीय निशानेबाज ने शानदार वापसी की। नीरू और किनान ने अपने प्रदर्शन को लगातार बेहतर किया और फाइनल के अंत तक शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। नीरू और किनान ने फाइनल में ४० में से ३४ निशाने सटीक लगाये। इस प्रदर्शन के साथ भारतीय जोड़ी ने नया एशियन रेकार्ड बनाया। इससे पहले इस स्पर्धा के फाइनल में एशियन रेकार्ड कतर के नाम था। कतर ने इसी साल जनवरी में ३० का स्कोर किया था। फाइनल में कतर ने ३२-४० के स्कोर के साथ रजत पदक जीता, जबकि चीन ने २३ के स्कोर के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया।

## जूडोका अशिमता डे खाली हाथ लौटेंगी

**नागोया (एजेन्सियां)।** भारतीय जूडो खिलाड़ी अश्मिता डे बुधवार को यहां एशियाई खेलों के महिलाओं के ४८ किग्रा वर्ग में मंगोलिया की नारांत्सेत्सेग गनबातार के खिलाफ कांस्य पदक मुकाबला हार गयी जिससे वह खाली हाथ लौटेंगी। मौजूदा राष्ट्रमंडल खेलों की चैम्पियन अश्मिता कांस्य पदक मुकाबले में गनबातार के खिलाफ 'वाजा' से हार गयीं। जूडो में 'वाजा' का अर्थ 'तकनीक' या 'कला' होता है। यह इस 'मार्शल आर्ट' और खेल का बुनियादी हिस्सा है जिसमें तकनीक, पकड़ने और जमीन पर मुकाबला करने की तकनीकें शामिल हो सकती हैं। अश्मिता ने हांगकांग चीन की का ली वोंग के खिलाफ रेपेशाज राउंड जीतकर कांस्य पदक मुकाबले में जगह बनायी थी। अश्मिता ने ४-० के गोल्डन स्कोर से 'योको' के जरिए वोंग को हराया। इससे पहले दिन में अश्मिता ने राउंड १६ में वियतनाम की न्गोक ची हा को 'इप्पोन' के जरिये हराया था। वह क्वार्टरफाइनल में फाइनल में पहुंची कजाखस्तान की अबिबा अबुजाकिनोवा के खिलाफ 'इप्पोन' से हार गयीं। 'इप्पोन' एक ऐसी तकनीक है जिसमें जूडो खिलाड़ी अपने प्रतिद्वंदी को पीठ के बल पटक देता है।

# भारत स्वर्ण और ओलम्पिक टिकटसे एक जीत दूर

### महिला हाकी
## दक्षिण कोरिया को २-० से हराया

**नागोया (एजेन्सियां)।** भारतीय महिला हाकी टीम ने सेमीफाइनल में दक्षिण कोरिया की कड़ी चुनौती से पार पाते हुए २-० से हराकर एशियन गेम्स के फाइनल में जगह बना ली है। भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन जारी रखा और अब वह स्वर्ण पदक हासिल करने से एक कदम दूर है। अगर भारत एशियन गेम्स में स्वर्ण पदक जीत लेता है तो वह २०२८ लास एंजिलिस ओलम्पिक के लिए भी क्वालिफाई कर जायेगा। भारत का खिताबी मुकाबले में दो अक्तूबर को चीन से सामना होगा। भारतीय महिला टीम एशियन गेम्स में स्वर्ण पदक के ४४ साल के इंतजार को खत्म करने के करीब है और उसने इसके लिए एक कदम और बढ़ा लिए हैं। भारतीय महिला टीम ने अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है और वह अजेय है। सेमीफाइनल में पहले दो क्वार्टर में दोनों टीमें एक भी गोल नहीं कर सकीं लेकिन अगले क्वार्टर में इशिका ने भारत को बढ़त दिलाई। इशिका ने पेनल्टी कार्नर का फायदा उठाते हुए इसे गोल में बदला और भारत को १-० से आगे कर दिया। इसके चार मिनट बाद ही सुनेलिता टोप्पो ने मैदानी गोल कर बढ़त को दोगुना किया। कोरिया की टीम अंत तक एक भी गोल नहीं दाग सकी और भारत ने आसानी से मुकाबले अपने नाम किया। भारत और कोरिया के बीच शुरुआत में कड़ा मुकाबला देखने मिला। भारत ने शुरुआती कुछ मिनटों में ही पेनल्टी कार्नर हासिल किये लेकिन इसे गोल में नहीं बदल पाये। इस दौरान कोरिया का अच्छा डिफेंस देखने मिला। भारत ने कोरिया का डिफेंस भेदकर गोल दागने की कोशिश की लेकिन सफलता नहीं मिली। पहले क्वार्टर में भारत को कुल नौ पेनल्टी कार्नर मिले लेकिन एक भी गोल में नहीं बदल सका। पहला क्वार्टर गोलरहित बराबरी पर समाप्त हुआ। दूसरे क्वार्टर में भी यही स्थिति देखने मिली और पहले हाफ तक मुकाबला बराबरी पर ही रहा। दोनों के बीच बेहद ही करीबी मुकाबला चल रहा था। इस दौरान रेफरी ने ३०वें मिनट में बलजीत



कौर को ग्रीन कार्ड दिखाया। भारत पर बढ़त लेने का दबाव बढ़ रहा था। मैच के तीसरे क्वार्टर में भारत को पेनल्टी कार्नर मिला और फारवर्ड खिलाड़ी इशिका ने ४४वें मिनट में इसे गोल में तब्दील करने में देर नहीं की। भारत ने इस तरह १-० की बढ़त बनायी। कोरिया जब तक वापसी कर पाती तब तक सुनेलिता टोप्पो ने बढ़त को दोगुना कर दिया। टोप्पो ने ४८वें मिनट में मैदानी गोल किया।

# सुनील ने जीता लगातार दूसरा कांस्य

### कुश्ती
## निशा दहिया हारी

**नागोया (एजेन्सियां)।** सुनील कुमार दो एशियाई खेलों में पदक जीतनेवाले भारतके पहले ग्रीको रोमन पहलवान बन गये जिन्होंने बुधवारको यहां पुरुषों के ८७ किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीता जबकि निशा दहिया प्रतियोगिता के पहले ही दिन हारकर बाहर हो गयी। सुनील ने फिलीपीन के राबटर्स कालम जानस्टन को तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर हराकर कांस्य पदक जीता। उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी का दाहिना हाथ बांधकर पटखनी देते हुए ४-० से बढ़त बना ली। रक्षात्मक खेल रहे जानस्टन को 'पार टेरे' पोजिशन से जमीन पर गिराते हुए सुनील ने स्कोरिंग मूव बनाते हुए पहले ही पीरियड में मुकाबला जीत लिया। कुश्ती के खेल में 'पार टेरे' ऐसी पोजिशन है जहां एक पहलवान रक्षात्मक रूप से जमीन पर लेटता है या अपने घुटनों और हाथों पर बैठता है और दूसरा पहलवान उसके ऊपर आक्रामक स्थिति में होता है। सुनील ने हांगझोउ में २०२३ खेलों में भी कांस्य पदक जीतकर ग्रीको रोमन शैली में भारत का पदक का १३ साल का इंतजार खत्म किया था। इससे पहले रविंदर सिंह और सुनील कुमार ने २०१० में ग्वांग्झू खेलों में कांस्य पदक जीता था। हरियाणा के २७ वर्ष के सुनील सेमीफाइनल में जापान के ताइजो योशिडा से तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर हार गये थे। सुनील ने कांस्य जीतने के बाद कहा कि मैं खुश हूं लेकिन संतुष्ट नहीं हूं। मैंने एशियाई खेलों में कांस्य पदक पहले भी जीता है। जापानी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ गलती का मैंने खामियाजा भुगता। तकनीकी की बजाय दमखम का अधिक प्रयोग किया। महिलाओं के ६८ किग्रा वर्ग के प्री क्वार्टर फाइनल में निशा को एक बार फिर उत्तर कोरिया की सोल गुम पाक के हाथों शिकस्त झेलनी पड़ी। निशा को पेरिस ओलम्पिक के क्वार्टर फाइनल में भी पाक के हाथों हार मिली थी। निशा ने मुकाबले में २-० की बढ़त बनायी थी लेकिन पाक ने चार अंक का दांव लगाकर पहले पीरियड के अंत तक ४-२ की बढ़त हासिल कर ली। दूसरे पीरियड में निशा ने दो अंक लेकर



स्कोर ४-४ से बराबर कर दिया। इसके बाद कोई भी पहलवान अंक नहीं बना सकी और बड़े दांव के आधार पर पाक को विजेता घोषित किया गया। पाक ने फाइनल में जगह बनाकर निशा के लिए रेपेचेज का रास्ता खोला लेकिन भारतीय पहलवान इस मौके का फायदा नहीं उठा सकीं और दक्षिण कोरिया की पार्क ह्योनयोंग के खिलाफ 'फाल' से हार गयीं। निशा को पेरिस ओलम्पिक के क्वार्टर फाइनल में भी पाक के हाथों हार मिली थी। उस मुकाबले में निशा ८-२ से आगे थीं लेकिन कोहनी में चोट लगने के कारण मुकाबला ८-१० से गंवा बैठी थीं।

### पुरुष हाकी
## भारत सेमीफाइनल में पाकिस्तान से भिड़ेगा

**काकामिगाहारा (एजेन्सियां)।** गत चैम्पियन भारत गुरुवार को यहां एशियाई खेलों के पुरुष हाकी सेमीफाइनल में पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले के साथ अंतरराष्ट्रीय हाकी की सबसे बड़ी प्रतिद्वंद्विताओं में से एक को फिर जीवंत करेगा तो टीम की नजरें २०२८ लास एंजिलिस ओलम्पिक के लिए सीधे क्वालीफिकेशन हासिल करने पर भी टिकी होंगी। एशियाई खेलों का स्वर्ण पदक जीतने वाली टीम सीधे लास एंजिलिस ओलम्पिक के लिए क्वालीफाई करेगी और भारत इस मौके को गंवाना नहीं चाहेगा। दूसरे सेमीफाइनल में मलयेशिया का सामना दक्षिण कोरिया से होगा। इसी साल विश्वकप में निराशाजनक अभियान में सातवें स्थान पर रहने के बाद भारत ने एशियाई खेलों में अब तक अजेय प्रदर्शन किया है। टीम ने पूल ए में अपने सभी पांच मुकाबले जीतकर शीर्ष स्थान हासिल किया। भारत ने अपने अभियान की शुरुआत इंडोनेशिया के खिलाफ १३-१ की जीत से की। इसके बाद श्रीलंका को १६-१ से हराया। इसके बाद दक्षिण कोरिया के खिलाफ ८-२ से जीत दर्ज की और फिर मेजबान जापान को २-० से हराया जो पूल चरण का उसका सबसे कड़ा मुकाबला रहा।

# लवलीना स्वर्णके करीब, प्रिया और कपिल को कांस्य



### मुक्केबाजी

**नागोया (एजेन्सियां)।** एशियन गेम्स मुक्केबाजी में ओलम्पिक पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन ने फाइनल में जगह बना ली है और अब उनकी नजरें मुक्केबाजी में स्वर्ण जीतने पर होंगी। वहीं, प्रिया घंघस को सेमीफाइनल में हार मिली और उन्हें कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। पुरुषों में कपिल पोखरिया का भी सफर कांस्य पर थम गया। उन्हें भी सेमीफाइनल में हार मिली। महिला ७५ किग्रा वर्ग के सेमीफाइनल में लवलीना ने कजाखस्तान की नताल्या बोगदानोवा को स्प्लिट डिसीजन से ३-२ से हराया। लवलीना को मुकाबले का पहला राउंड २-३ से गंवाना पड़ा था। मुकाबला काफी नियंत्रित रहा और दोनों मुक्केबाजों ने संभलकर शुरुआत की। जजों का फैसला भी करीबी रहा। हालांकि इसके बाद लवलीना ने अपनी रणनीति बदली और अगले दोनों राउंड अपने नाम कर मुकाबला जीत लिया। भारतीय मुक्केबाज ने आक्रामकता बढ़ाई और दूसरे राउंड में वापसी की। लवलीना ने अपने पंचों की गति और सटीकता बढ़ाते हुए मुकाबले पर पकड़ बनायी। तीसरे राउंड में भी उन्होंने अपना दबदबा बनाए रखा और लगातार दो राउंड जीतकर फाइनल का टिकट हासिल कर लिया। दूसरे राउंड में लवलीना को पांचों जज ने १०-१० अंक दिये। वहीं, तीसरे राउंड में दो जज ने उन्हें १० और तीन ने नौ अंक दिये। अब लवलीना फाइनल में स्वर्ण पदक के लिए उतरेंगी। महिला ६० किग्रा वर्ग में भारत की प्रिया घंघस को सेमीफाइनल में चीन की यांग चेंग्यू के खिलाफ १-४ से हार का सामना करना पड़ा। इसके साथ ही प्रिया का सफर कांस्य पदक के साथ समाप्त हुआ। निशियो जिम्नेजियम में हुए मुकाबले में प्रिया ने आक्रामक अंदाज में शुरुआत की लेकिन यांग ने अपने डिफेंस से भारतीय मुक्केबाज के कई हमलों को रोका। चीनी मुक्केबाज ने पहले राउंड में ३-२ और अगले दोनों राउंड में ४-१ के फैसले हासिल किये। प्रिया ने अंतिम राउंड में वापसी की कोशिश की, लेकिन यांग ने अपनी बढ़त कायम रखते हुए मुकाबला ४-१ से अपने नाम कर लिया। सेमीफाइनल से पहले प्रिया ने शानदार प्रदर्शन किया था। क्वार्टर फाइनल में उन्होंने ताजिकिस्तान की मिजगोना समादोवा को ५-० से हराया था। इससे पहले प्री-क्वार्टर फाइनल में उन्होंने दक्षिण कोरिया की दो बार की विश्व पदक विजेता ओह येओंजी को हराकर बड़ा उलटफेर किया था। प्रिया २०२६ कामनवेल्थ गेम्स और २०२६ एशियन एलीट बाक्सिंग चैम्पियनशिप में भी स्वर्ण पदक जीत चुकी हैं। भारत को मुक्केबाजी में आज एक और कांस्य मिला। कपिल पोखरिया ने पुरुषों के ९० किग्रा भारवर्ग में कांस्य जीता। उन्हें सेमीफाइनल में उज्बेकिस्तान के तुराबेक खाबीबुलाएव ने स्प्लिट डिसीजन से ४-१ से हरा दिया।

## भारत ईस्पोटर्स लीजैंड स्पर्धा से बाहर

**नागोया (एजेन्सियां)।** एशियाई खेलों की ईस्पोटर्स स्पर्धा में एमओबीए (लीग आफ लीजैंड्स) स्पर्धा में ग्रुप बी के तीनों मैच हारकर बुधवार को भारत की चुनौती समाप्त हो गयी। भारतीय टीम को हांगकांग, दक्षिण कोरिया और चीनी ताइपै ने १-० से हराया। दोनों ग्रुप से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में पहुंची।

## भारतीय पुरुष, महिला टीम शुरुआती मैच हारी

**नागोया (एजेन्सियां)।** भारतीय पुरुष और महिला सेपकटकरा क्वाड्रेंट को बुधवार को यहां एशियाई खेलों के अपने शुरूआती ग्रुप मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा। मैपाक आयेकपाम, प्रिया एलांगबाम, चाओबा ओइनाम और मालेमंगनबी की महिला टीम वियतनाम से ७-१५, ८-१५ से हार गयी जिसके बाद उसे फिलीपींस से १७-१६, १६-१०, १०-१५, १२-१५ से हार का सामना करना पड़ा। वहीं राम कुमार शर्मा, मालेमंगनबा सोरोखैबाम, बाबी कुमार और आकाश युमनाम की पुरुष चौकड़ी को अपने अभियान की शुरूआत में लाओ से ९-१५, ८-१५ से हार मिली। भारतीय पुरुष टीम अब वियतनाम से भिड़ेगी। सेपकटकरा १९९० से खेलों के कार्यक्रम का हिस्सा रहा है। भारत २००६ चरण से इसमें भाग ले रहा है।

# भारतीय गेंदबाजी आक्रमणकी खुली कलई

## दूसरा एकदिनी : कैंपबेल, होप और जांगू के शतक से वेस्टीइण्डीज ने बनाये सात विकेट पर ४०५रन

**गुवाहाटी (आससे)।** जान कैंपबेल (१०१), शाई होप (१०४) और अमीर जांगू (११४) के तूफानी शतक की मदद से वेस्टइण्डीज ने यहां बुधवार को भारतीय गेंदबाजों की कलई खोलते हुए रनोंका अम्बार खड़ा कर दिया। बरसापारा स्टेडियम में टास जीत कर पहले गेंदबाजी करने का फैसला भारतके लिए उलटा पड़ा गया और वेस्टइण्डीज ने दूसरे एकदिनी में ५० ओवर में सात विकेट के नुकसान पर ४०५ रनोंका अम्बार खड़ा कर दिया। हालांकि वेस्टइण्डीज को अपने तीसरे और मैच के पांचवें ओवर की अंतिम गेंद पर प्रसिद्ध कृष्णा ने पांचवें ओवर की आखिरी गेंद पर प्रसिद्ध कृष्णा ने केसी कार्टी (नौ) को नमनधीर के हाथों आउट कर दिया। मगर इसके बाद वेस्टइण्डीज के बल्लेबाजों ने भारतीय आक्रमण की धज्जियां उड़ा दी। सलामी बल्लेबाज जान कैम्पबेल ने ६८ गेंद में नौ चौके, पांच छक्के की मदद से १०१ रन की विस्फोटक पारी खेली। वह १९वें ओवर में १४७ के स्कोर पर गुरनूर का शिकार हुए। इसके बाद भी वेस्टइण्डीज के रनों की रफ्तार कम नहीं हुई। फार्म में लौटे कप्तान और विकेटकीपर बल्लेबाज साई होप ने भी ९४ गेंद में आठ चौके, तीन



छक्के की मदद से दमदार शतक ठोक दिया। अमीर जांगू तो सबसे आगे निकले। उन्होंने हर भारतीय गेंदबाजों की कलई खोलते हुए मात्र ७७ गेंद में १३ चौके और तीन छक्के लगाये। अंत में रोस्टन चेज (अजेय २९) और समर जोसफ (अजेय १४) ने तेज पारी खेलकर अपनी टीम का स्कोर ५० ओवर में सात विकेट पर ४०५ रन पहुंचा दिया। भारत की ओर से २०० विकेट पूरा करने वाले कुलदीप यादव, रवींद्र जडेजा और गुरनूर बरार ने २-२ विकेट लिए जबकि प्रसिद्ध कृष्णा को एक विकेट मिला। पदार्पणमैन आकिब नबी ने काफी निराश किया। उन्होंने ८.५ ओवर में बिना विकेट लिए ८४ रन लुटाये। यह वेस्टइंडीज का ५० ओवर के प्रारूप में ४०० रन से अधिक का पहला स्कोर है। बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद कैंपबेल ने ६५ गेंदों में शतक जड़कर लय तय की और वेस्टइंडीज के बल्लेबाजों ने भारत के अनुभवहीन तेज गेंदबाजी आक्रमण की धज्जियां उड़ायी। होप ने सूत्रधारक के साथ आक्रामक बल्लेबाज की भूमिका बखूबी निभाई। उन्होंने विराट कोहली द्वारा २७ रन के निजी स्कोर पर मिले जीवनदान का पूरा फायदा उठाया। शार्ट मिडविकेट पर कोहली के हाथों से उनका कैच छूट गया था। जांगू ने भी होप का बखूबी साथ दिया। उन्होंने आक्रामकता के साथ सोच-समझकर शाट खेलते हुए सिर्फ ६९ गेंदों में अपना दूसरा एकदिनी शतक पूरा किया। इससे पहली बार वेस्टइंडीज के लिए एकदिनी में तीन शतक बने। यह स्कोर २०१९ में इंगलैण्ड के खिलाफ उसके पिछले ३८९ रन के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से बेहतर रहा। एशियाई खेलों की टीम में शामिल जसप्रीत बुमराह और बाहर चल रहे मोहम्मद सिराज की अनुपस्थिति में भारत २०२७ विश्वकप से पहले युवाओं को आजमा रहा है। लेकिन तेज गेंदबाजी आक्रमण के प्रदर्शन ने काफी सवाल खड़े किये क्योंकि इससे तेज गेंदबाजी में उसकी अनुभवहीनता उजागर हो रही है। भुवनेश्वर कुमार और मोहम्मद शमी जैसे अनुभवी खिलाड़ियों को लगातार नजरअंदाज किये जाने के बीच भारत की विकल्प तलाशने की कोशिश प्रभावशाली नहीं दिखी।

## स्क्वैश : भारत की दोनों टीमें सेमीफाइल में

**नागोया (एजेन्सियां)।** भारतीय पुरुष और महिला टीमों ने बुधवार को क्रमशः कुवैत और सिंगापुर को हराकर एशियन गेम्स की स्क्वैश प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में जगह बना ली। इस तरह से दोनों टीमों ने अपने लिए पदक पक्के कर लिए। शीर्ष वरीयता प्राप्त और गत चैम्पियन भारतीय पुरुष टीम ने क्वार्टर फाइनल में कुवैत पर २-० से जीत हासिल की। अभय और वीर चोटरानी ने पहले एकल मुकाबले में बदर अलमोगरेबी के खिलाफ काफी पसीना बहाया, लेकिन आखिर में वह ३४ मिनट तक चले मैच में १२-१०, ८-११, ११-०, ११-५ से जीत हासिल करने में सफल रहे। भारत के शीर्ष रैंकिंग वाले खिलाड़ी और एकल में रजत पदक जीतने वाले अभय सिंह ने दूसरे एकल में अम्मार अल्तमिमी पर ११-३, ११-४, ११-८ से जीत दर्ज कर टीम की सेमीफाइनल में जगह सुरक्षित की। महिला वर्ग में अनाहत सिंहके नेतृत्व वाली टीमने क्वार्टर फाइनल में सिंगापुर को २-० से हराया। भारत की तरफ से तन्वी खन्ना ने शुरुआत करते हुए पहले एकल मैच में औ येओंग वाई इयन को ३२ मिनट में ११-६, ४-११, १५-१३, ११-१ से पराजित किया। व्यक्तिगत स्पर्धा में रजत पदक जीतने वाली अनाहत ने दूसरे एकल मुकाबलेमें केवल २२ मिनट में औ योंग वाई यानको ११-७, ११-३, ११-४ से हराकर भारतको सेमीफाइनलमें पहुंचा दिया।

# भारत-श्रीलंका सेमीफाइनलमें मौसम चर्चाका विषय बना

### पुरुष क्रिकेट

**निशिन (एजेन्सियां)।** भारत की मजबूत टीम और श्रीलंका की दूसरी श्रेणी की टीम के बीच एशियाई खेलों में गुरुवार को यहां होने वाले पुरुष क्रिकेट सेमीफाइनल से पहले खराब मौसम चर्चा का विषय बना हुआ है जिसके कारण दोनों टीम क्वार्टर फाइनल का अपने-अपने मैच नहीं खेल पायी और उन्हें अभ्यास करने का भी मौका नहीं मिला। ऐसी परिस्थितियों में अगर मौसम ठीक रहा और मैच बिना किसी व्यवधान के खेला जाता है तो दोनों टीम को जल्द से जल्द परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाना होगा। नागोया पहुंचने के बाद से भारी बारिश के कारण भारतीय टीम को ज्यादा अभ्यास करने का मौका नहीं मिला है। सेमीफाइनल से ठीक पहले आसमान साफ हुआ है। गुरुवार और शुक्रवार को भी मौसम साफ रहने की भविष्यवाणी है लेकिन फाइनल के दिन यानि शनिवार को बारिश आ सकती है। बारिश के कारण चारों क्वार्टर फाइनल मैच रद्द करने पड़े थे और आईसीसी रैंकिंग में बेहतर स्थान रखने वाली टीम ने सेमीफाइनल में जगह बनायी थी। सेमीफाइनल में पहुंचने वाली चारों टीमें अभी तक प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं ले पायी हैं। दूसरा सेमीफाइनल पाकिस्तान और बंगलादेश के बीच खेला जायेगा। लगातार दो बार के टी-२० विश्वकप विजेता भारत स्वर्ण पदक का प्रबल दावेदार है और अगर मौसम ने साथ दिया तो श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाली टीम को यह मैच जीतने में किसी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए, क्योंकि श्रीलंका अपनी सर्वश्रेष्ठ टीम के साथ नहीं उतरी है। लीग के मैचों में कम स्कोर बने और बारिश के कारण पिच के धीमा होने की संभावना है। भारत २० सितम्बर को जापान पहुंचा था और तब से उसे टोक्यो के पास जापान के खिलाफ मैच खेलने का मौका मिला जो पांच-पांच ओवर का था। बारिश के कारण अफगानिस्तान के खिलाफ रद्द क्वार्टर फाइनल से पहले अय्यर ने स्वीकार किया था कि खराब मौसम के कारण टीम को अभ्यास करने का मौका नहीं मिला है लेकिन इसके साथ ही उन्होंने कहा कि पेशेवर होने के नाते किसी तरह का बहाना नहीं बनाया जा सकता है। अगर सेमीफाइनल भी बारिश के कारण रद्द हो जाता है तो आईसीसी रैंकिंग में पहले स्थान पर होने के आधार पर भारत फाइनल में पहुंच जायेगा।

# सरयू का जलस्तर बढ़ा

## घरों तक पहुंचा बाढ़ का पानी



सूरजपुर (मऊ)। सरयू नदी का जलस्तर बढ़ने से सूरजपुर गांव में नदी किनारे बसे परिवारों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। नदी का पानी बढ़ते हुए अब ग्रामीणों के घरों तक पहुंच गया है। इससे कई परिवार बाढ़ के पानी से घिर गए हैं और लोगों को घर से बाहर निकलने में परेशानी हो रही है।गांव निवासी बेचन पासवान, रामचंद्र पासवान, नखाड़ू, घरवरन और बेलास के घरों तक बाढ़ का पानी पहुंच गया है। घरों के आस-पास पानी भरने से ग्रामीणों में चिंता बढ़ गई है। बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को सबसे अधिक परेशानी हो रही है। ग्रामीण जरूरी सामान को सुरक्षित स्थान पर रखने में जुटे हैं।ग्रामीणों का कहना है कि सरयू का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। यदि पानी इसी तरह बढ़ता रहा तो गांव के अन्य घर भी बाढ़ की चपेट में आ सकते हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से नदी के जलस्तर पर निगरानी रखने के साथ प्रभावित परिवारों के लिए आवश्यक राहत व्यवस्था कराने की मांग की है।

# हाई कोर्ट के आदेश के बाद सबवे के लिए पास हुआ टेंडर

रतनपुरा (मऊ)। उत्तर पूर्व रेलवे के वाराणसी मंडल के इंजी. नियरिंग विभाग ने रतनपुरा यार्ड में बंद लेवल क्रासिंग संख्या-23 (किमी 34/1-2), इंदारा-फेफना रेलखंड के स्थान पर 2.75 मीटर ऊंचाई वाले सीमित ऊंचाई सबवे के निर्माण के लिए निविदा को स्वीकृति प्रदान कर दी गयी है। उल्लेखनीय है कि रतनपुरा प्रखंड के अतरौल पांडेय गांव निवासी एवं अखिल भारतीय किसान सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष देवेंद्र प्रसाद मिश्र ने उक्त सबवे बनाने के लिए हाईकोर्ट में पीएलआई दाखिल किया था। हाई कोर्ट के आदेश पर सबवे को बनाने का आदेश जारी हुआ। सबवे निर्माण का टेंडर पारित होने के बाद भावी ब्लाक प्रमुख पद के प्रत्याशी इंजीनियर सतीश कुमार यादव, अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन के जिला उपाध्यक्ष डा.जय हिंद यादव, व्यापार मंडल के प्रदेश संगठन मंत्री राम नारायण साहू, जयप्रकाश पटेल, प्रमुख समाजसेवी निसार अहमद, रामप्यारे गौतम, युवा साहू नेता अंगद साहू, कैलाश नाथ यादव ने बधाई दी है।

## ४१ वाहनों का चालान

मुहम्मदाबाद गोहना (मऊ) स्थानीय पुलिस ने भिन्न-भिन्न स्थानों से 41 बाइकों का ई चालान किया।

## जाली लगाने की मांग

मऊ। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल जिला कमेटी की बैठक अला. उद्दीनपुरा स्थित कैंप कार्यालय में जिलाध्यक्ष उमाशंकर ओमर की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन प्रदेश आईटी मंच के महामंत्री आनंद ओमर ने किया। बैठक में मऊ नगर के इस्लामाबाद मोहल्ले में हाईटेंशन विद्युत तार की चपेट में आने से तीन युवकों की मौत की दर्दनाक घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया गया और सुरक्षा जाली लगाने की मांग की गयी। बैठक में रतनपुरा व्यापार मंडल के अध्यक्ष राम नारायण साहू, फतेह बहादुर गुप्त, शिवकुमार जायसवाल, अमृत लाल जायसवाल, विनोद कुमार गुप्ता, जगदीश प्रसाद गुप्ता, सफीक अहमद डायमंड, अनिल विश्वकर्मा, शमीम अहमद सर्राफ, गिरिजा शंकर मौर्य, मनीष कुमार सर्राफ आदि उपस्थित रहे।

# बीटीसी स्कूल में चला स्वच्छता अभियान

मऊ। स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान मऊ के परिसर में शिक्षक प्रशिक्षुओं द्वारा स्वच्छता एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान शिक्षक प्रशिक्षुओं ने परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर साफ-सफाई की तथा स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण बनाए रखने का संदेश दिया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुतीकरण के माध्यम से स्वच्छता, कचरा प्रबंधन, कूड़े के उचित निस्तारण तथा स्वच्छ पर्यावरण के महत्व पर जागरूकता संदेश दिया गया। विद्यार्थियों ने स्वच्छता को केवल एक अभियान तक सीमित न रखते हुए इसे दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संदेश दिया। इस अवसर पर डा. हेमंत कुमार यादव जिला परियोजना अधिकारी ने कहा कि स्वच्छता केवल सरकार या किसी एक विभाग की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि प्रत्येक नागरिक की व्यक्तिगत और सामूहिक जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में संदीप राय, जावेद आलम, अंशुमान सिंह, मनीष, अभिषेक यादव, रेहान, शाहिद सहित अन्य शिक्षक प्रशिक्षु एवं प्रतिभागी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षक प्रशिक्षुओं के माध्यम से स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा स्वच्छता के संदेश को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाना रहा।

# औद्योगिक क्षेत्र में विद्युत उपकेन्द्र बनेगा

## उद्योग बन्धु की बैठक में सीडीओ ने एक सप्ताह में मांगा स्टीमेट

मऊ। मुख्य विकास अधिकारी विवेक कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में बुधवार को विकास भवन सभागार में जिला स्तरीय उद्योग बंधु की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जनपद के औद्योगिक क्षेत्रों से संबंधित समस्याओं, निवेश प्रस्तावों तथा विभिन्न स्वरोजगार एवं उद्यमिता योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में औद्योगिक क्षेत्र ताजोपुर में विद्युत सब-स्टेशन की स्थापना, औद्योगिक आस्थान सहादतपुरा परिसर की मुख्य सड़क के दोनों ओर इंटरलाकिंग ब्रिक्स लगाए जाने, एनएच-29 पर बढ़ुआ गोदाम औद्योगिक क्षेत्र के दक्षिण-पश्चिम दिशा में साइफन निर्माण से उत्पन्न समस्या तथा कारखाना अधिनियम-1948 के अंतर्गत औद्योगिक प्रतिष्ठानों के पंजीकरण की समीक्षा की गई। मुख्य विकास अधिकारी ने सहादतपुरा में विद्युत सब-स्टेशन निर्माण के संबंध में अधिशासी अभियंता विद्युत को एक सप्ताह के भीतर स्टीमेट तैयार कर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने औद्योगिक क्षेत्रों से संबंधित लंबित समस्याओं का संबंधित विभागों द्वारा प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में जिला उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष उमाशंकर ओमर ने पूर्वी रेलवे फाटक, मुहम्मदाबाद गो. हना के दोनों ओर सड़क पर बने बड़े-बड़े गड्ढों की समस्या से अवगत कराते हुए आगामी दशहरा एवं दीपावली के दौरान मूर्ति विसर्जन को देखते हुए सड़क की मरम्मत कराने की मांग की साथ ही मुहम्मदाबाद गोहना, चिरैयाकोट एवं रतनपुरा में परिवहन विभाग द्वारा बस स्टेशन की व्यवस्था तथा नगर पंचायत वलीदपुर में चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की मांग भी रखी गई। मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को जनहित से जुड़ी इन मांगों पर आवश्यक कारवाई एवं नियमानुसार प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिक. ारी ने कहा कि औद्योगिक विकास के लिए बेहतर आधारभूत सुविधाएं, निवेशकों की समस्याओं का त्वरित समाधान और शासन की उद्यमिता योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को उद्यमियों के साथ समन्वय स्थापित कर समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में उपायुक्त उद्योग हरेन्द्र प्रताप आदि उपस्थित रहे।



उद्योग बन्धु की बैठक को संबोधित करते सीडीओ:छाया/आज





















# संचारी रोगों की रोकथाम के लिए जागरुकता पर सीडीओ का जोर

मऊ। मुख्य विकास अधिकारी विवेक कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान तथा सुरक्षित गर्भपात के संबंध में बैठक आयोजित हुई। बैठक में जनपद में संचारी रोगों की रोकथाम, संभावित रोगियों की समय से पहचान, उपचार एवं रेफरल व्यवस्था तथा सुरक्षित गर्भपात सेवाओं की उपलब्धता एवं जनजागरूकता की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संचारी रोगों की रोकथाम के लिए स्वच्छता, जलभराव की रोकथाम, शुद्ध पेयजल, मच्छरजनित रोगों से बचाव तथा समय से उपचार के प्रति आमजन को जागरूक करना आवश्यक है। मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अभियान के दौरान स्वच्छता, फागिंग/एंटी-लार्वा गतिविधियों, पेयजल की गुणवत्ता, कचरा निस्तारण एवं जलभराव वाले स्थानों की निगरानी को प्रभावी बनाया जाए। विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों तथा सामुदायिक स्तर पर भी जनजागरूकता गतिविधियां संचा. लित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी बीके यादव, संजय गुप्ता, जिला कार्यक्रम अधिकारी रंजीत कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी किरण वर्मा, समस्त एमओवाईसी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## लड़की भगाने का आरोपी गिरफ्तार

मधुबन(मऊ)। उपनिरीक्षक रणजीत सिंह व कांस्टेबल दीपक प्रसाद ने प्रिंस साहनी पुत्र रामानन्द साहनी निवासी कालाबन थाना गौरीबाजार देवरिया को लड़की भगाने के आरोप में गिरफ्तार किया है।

# प्रशिक्षणार्थियों को बांटे गये प्रमाण पत्र

मऊ। मुख्यमंत्री खाद्य प्रसंस्करण एवं स्वरोजगार अन्तर्गत 02 दिवसीय खाद्य प्रसंस्करण शि. विर का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। घोसी विकास खण्ड के ग्रामसभा सद्दा. पुर में 30 प्रतिभागियों को खाद्य प्रसंस्करण के बारे में विस्तार पूर्वक प्रशिक्षण दिया गया व उन्हे खाद्य पदार्थ नष्ट होने से बचाने के लिए एवं उन्हे लम्बे समय तक संरक्षित रखने के बारे में तौर तरीका बताया गया। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान बब्बन यादव के प्रति. निधि के द्वारा प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। मु0बाद गो. हना ब्लाक अन्तर्गत ग्रामसभा कोठिया के 30 प्रतिभागियावें को खाद्य प्रसंस्करण के बारे में विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम में बी0डी0सी0 गायत्री देवी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम डी0आर0पी0 बृजेश प्रसाद ने अपने उद्बोधन में कहा कि उद्योग के बारे में जानकारी दिया । कार्यक्रम में अर्चना देवी एवं स्वेता साहनी, अचार, मुरब्बा, जेम, जेली चटनी आदि के बारे जानकारी देते हुए सेव का जेम बनाकर प्रतिभागियों को खिलाया गया । इस अवसर पर त्रिभुवन राम प्रभारी मौजूद रहे ।

# पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर ट्रक-ट्रेलर की टक्कर

## तीन पशु व्यापारी घायल

करहां (मऊ)। रानीपुर थाना क्षेत्र में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के प्वाइंट नंबर 277.9 पर बुधवार की सुबह करीब दो बजे भैंसों से भरे ट्रक की खड़ी सरिया लदे ट्रेलर से टक्कर हो गई। हादसे में ट्रक सवार मध्य प्रदेश के तीन पशु व्यापारी घायल हो गए, जबकि दो भैंसों के पैर टूट गए। जानकारी के अनुसार मध्य प्रदेश के शोभनगर निवासी सतीश बघेल, जगदीश यादव और बबलू पाल बिहार के हाजीपुर से भैंस खरी. दकर मध्य प्रदेश लौट रहे थे। इसी दौरान एक्सप्रेसवे पर खड़े सरिया लदे ट्रेलर से उनका ट्रक टकरा गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रक का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद ट्रक चालक और परिचालक मौके से फरार हो गए। सूचना पर पहुंची यूपीडा टीम और स्थानीय लोगों ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। सूचना पाकर रानीपुर थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और फरार चालक की तलाश की जा रही है।

## तीन व्यक्तियों की गुम मोबाइल बरामद

मधुबन(मऊ)। मोहम्मद असगर निवासी गनपा सिराथू जनपद कौशाम्बी अनुमानित कीमत 17000/ गुम होने का स्थान मर्यादपुर बाजार थाना रामपुर,पूजा पुत्री पंचम प्रसाद निवासी हडहवा फाटक थाना गोरखनाथ जनपद गोरखपुर अनुमानित कीमत 30000/-। मीना पत्नी राजीव मौर्या निवासी मर्यादपुर थाना रामपुर अनुमानित कीमत 11000/-गुम होने का स्थान मर्यादपुर बाजार थाना रामपुर इन सभी मोबाइलों को बरामद कर पीड़ितों को सौंप दिया गया। सायबर टीम में उ0नि0 प्रमोद मद्धेशिया.उ0नि0 अनुराध, का0आ0 नीरज शर्मा का0 नीलेश मिश्रा आदि शामिल रहे।

# पलिया और भातकोल से हटेगी शराब की दुकान

मुहम्मदाबाद गोहना (मऊ)। स्थानीय तहसील क्षेत्र के ग्राम पलिया एवं ग्राम भात कोल में शराब की दुकान को दूसरे स्थान पर शिफ्ट करने हेतु बुधवार को मौके का स्थलीय निरीक्षण उप जिलाधिकारी अर्चना अग्निहोत्री आबकारी निरीक्षक बजरंगी चौरसिया आज विभाग के लोगों ने जाकर मौके का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने दोनों स्थानों के नए जगह को चिन्हित कर इस स्थान पर शराब की दुकान खुलने हेतु अनुमोदन किया गया है । मौके की जांच आबकारी निरीक्षक बजरंगी चौरसिया ने बताया कि इन दोनों स्थानों पर नई जगह शिफ्टिंग की व्यवस्था की गई है । ताकि आम जनमानस को किसी समस्या से जूझना ना पड़े और नियमानुसार लोग अपनी दुकानों को संचालित करें । इस मौके पर अजय बहादुर सिंह,सत्यपाल सिंह समेत आबकारी विभाग के लोग भी साथ रहे।

## फार्मर रजिस्ट्री पर जोर

मुहम्मदाबाद गोहना (मऊ)। फार्मर रजिस्ट्री एवं अंश निर्धारण को लेकर तहसील प्रशासन पूरी तरह से क्षेत्र के राजस्व निरीक्षक एवं लेखपालों को निर्देशित कर ज्यादा से ज्यादा फार्मर रजिस्ट्री करने हेतु निर्देशित किया गया। ताकि आने वाले समय में किसानों को सरकारी सुविधा से वंचित न होने पाए और उन्हें सरकार का लाभ भी मिले बुधवार को उप जिलाधिकारी अर्चना अग्निहोत्री ने तहसील क्षेत्र के ग्राम नरौनी में पहुंचकर जमीन से संबंधित होने वाले विवाद के मामले का निस्तारण हेतु मौके पर जाकर जहां मामलों का निस्तारण कर रही है। वहीं एसडीएम अर्चना अग्निहोत्री ने धारा 116 के मामले में मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण किया और निर्देशित किया कि जो भी जमीन से संबंधित मामले हैं वह नियमों के तहत आप लोग अपने-अपने क्षेत्र में जाकर मामलों का निस्तारण कारण जिससे शासन के नियमों का पालन हो और किसान खुशहाल रहे । इस मौके पर गांव के राजस्व निरीक्षक लेखपाल आदि विभाग के लोग उपस्थित रहे।

## ताजोपुर विद्युत उपकेंद्र में क्षमता वृद्धि का कार्य आज

मऊ। 5 एमवीए के स्थान पर 10 एमवीए का परिवर्तक स्थापित किया जाएगा, प्रात: 8 से दोपहर 2 बजे तक विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित विद्युत उपखंड अधिकारी, विद्युत वितरण उपखंड-तृतीय, पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, मऊ द्वारा जारी सूचना के अनुसार 33/11 केवी विद्युत उपक. ेंद्र ताजोपुर में विद्युत क्षमता वृद्धि का कार्य किया जाना है।उपखंड अधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि 1 अक्टूबर 2026 को उपकेंद्र ताजोपुर में स्थापित 5 एमवीए परिवर्तक के स्थान पर 10 एमवीए परिवर्तक लगाने का कार्य किया जाएगा। उक्त कार्य के कारण संबंधित क्षेत्र में प्रात: 08.00 बजे से दोपहर 02.00 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

## उत्कृष्ट प्रदर्शन कर लौटी टीम का स्वागत

मऊ। मंडलीय विद्यालयीय खेल. कूद प्रतियोगिता, आजमगढ़ के अंतर्गत आयोजित योगासन प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले धवरियासाथ के विजेता टीम का स्वागत किया गया।

# संक्षिप्त समाचार

## अपराध मुक्त समाज पर जोर

मऊ। माउंट आबू राजस्थान से पधारे प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के राजयोगी ब्रह्माकुमार भगवान भाई ने राजकीय संप्रेक्षणगृह किशोर, मऊ में अपराधमुक्त समाज हेतु नैतिक शिक्षा की आवश्यकता पर जोर दिया। अधीक्षक संजय कुमार मिश्रा ने इस कार्यक्रम की सराहना की। इस मौके पर पूजा, पूनम ,मणिकांत शर्मा, सुभाषिनी तिवारी ,कुशाग्रह कुशवाह, प्रिंस और बीके जितेंद्र सिंह इंजीनियर भी उपस्थित रहे।

## रामलीला बारह से

मुहम्मदाबाद गोहना (मऊ)। नगर पंचायत के मोहल्ला सैदपुर स्थित प्राचीन शिव मंदिर में मंगलवार संध्या श्री कृष्णा रामलीला समिति की होने वाली रामलीला कस्बा स्थित राजगद्दी के मैदान में 12 अक्टूबर सोमवार से प्रारंभ होकर 25 अक्टूबर रविवार को राम के राज्याभिषेक के बाद समाप्त होगी । जिसको लेकर श्री कृष्णा रामलीला समिति के अध्यक्ष संजीव कुमार उपाध्याय की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में शुभम कुमार वर्मा, आशीष कुमार कश्यप ,संतोष मेहरोत्रा, सत्येंद्र गुप्ता ,आकाश सोनकर ,बनवारी सोनकर ,अभिषेक सोनकर ,श्याम जी जायसवाल, दिलीप कश्यप ,प्रभु नारायण खन्ना, हरि कृष्ण, त्रिभुवन नारायण सिंह, लालजी वर्मा आदि श्री कृष्णा रामलीला समिति के संरक्षक तथा पदाधिकारी बैठक में उपस्थित रहे।

## नगर पंचायत घोसी में लगा रक्तदान शिविर

घोसी(मऊ)। शासन के निर्देश पर 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत बुधवार को नगर पंचायत सभागार में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर एवं स्वास्थ्य प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शिविर में पहुंचे लोगों की स्वास्थ्य जांच की और उन्हें नियमित स्वास्थ्य परीक्षण के प्रति जागरूक किया। टीम में डा. शर्मा, काउंसलर राकेश शर्मा, डा. हेमंत सिंह, एलटी मनोज और स्टाफ नर्स पायल राय शामिल रहे। इस दौरान नगर पंचायत के वरिष्ठ लिपिक राकेश पांडेय, लिपिक अनिल, शादाब खान, सुजीत, शैलेश सहित अन्य कर्मचारियों ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की। अधिक. ारियों और कर्मचारियों के रक्तदान से शिविर में मौजूद लोगों को भी रक्तदान के लिए प्रेरणा मिली।

## बिहार के कार सवारों के पास से अवैध शराब बरामद

मधुबन (मऊ)। रामपुर पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर बेलौली-भीमपुरा मुख्य मार्ग स्थित काठतराव चट्टी के पास से अंग्रेजी शराब के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। रामपुर थाना प्रभारी सरोज कुमार के नेतृत्व मे पुलिस टीम काठतराव चट्टी के पास वाहन चेकिंग कर रही थी उसी दौरान होंडा सिटी कार आती दिखाई दिया। जिसमे तीन लोग सवार थे । पुलिस टीम ने कार को रोक कर तलाशी लिया गया तो 140 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब कुल 95 शीशी ब्लेंडर प्राइड, रायल ग्रीन विस्की 23 शीशी, सिग्नेचर ब्राड 46 शीशी, सिग्नेचर ब्रांड 34 शीशी, सिग्नेचर ब्राड 46 शीशी, मैजिक मोमेंट 23 शीशी अंग्रेजी मिला, कार में बैठे तीनों व्यक्तियों का नाम पता पूछा गया तो तीनों ने अपना नाम अमित कुमार पुत्र भिखारी भगत निवासी कुढ़वन थाना बेलदौर जिला खगड़िया बिहार, दीपक कुमार पुत्र रजकिशोर निवासी कुढ़वन थाना बेलदौर जिला खगड़िया बिहार, छोटू कुमार पुत्र स्व. महेंद्र निवासी बढ़िया थाना बडहरा कोठी जिला पूर्णिया बिहार बताया । तदोपरान्त रामपुर थाना पुलिस ने तीनों व्यक्तियों को पकड़ कर थाना ले गई और विधिक कारवाई करने के उपरान्त तीनों का चालान न्यायलय भेज दिया।

# कौवेको भोजन देनेसे खुश होते हैं पितर

## पूरे परिवार को देते हैं सुख, समृद्धि और आरोग्यताका आशीर्वाद

**कौवे को भोजन देना भारतीय संस्कृति में एक महत्वपूर्ण परंपरा है, जिसे पितरों की शांति से जोड़ा जाता है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि इस प्रक्रिया में की गई एक छोटी सी गलती भी आपके प्रयासों को निष्फल कर सकती है? गरुड़ पुराण में कौवे को भोजन देने की एक विशेष वैदिक विधि बताई गई है, जिसके पालन से ही पूर्ण फल की प्राप्ति होती है। यह विधि न केवल पितृ दोष बल्कि कालसर्प दोष को भी शांत करने में सहायक मानी जाती है। सही तरीके से भोजन अर्पित कर आप अपने पूर्वजों का आशीर्वाद प्राप्त कर सकते हैं।**

पितृपक्ष



पूर्वजों के प्रति श्रद्धा और कृतज्ञता व्यक्त करने वाले पितृपक्ष शुरू हो चुका है. हर साल भाद्रपद मास की पूर्णिमा तिथि से लेकर आश्विन मास की अमावस्या तक का समय श्राद्ध एवं पितृ पक्ष कहलाता है। पितृ पक्ष के दौरान पितरों की मृत्यु तिथि पर श्राद्ध पितृ दोष से मुक्ति मिलती है। पितरों के श्राद्ध का भोजन कौवे को खिलाने की परंपरा है। मान्यता है कि अगर कौवे ने श्राद्ध का भोजन खा लिया तो पितरों ने भी भोजन ग्रहण कर लिया। धार्मिक मान्यता के अनुसार, पितरों के लिए बनाए गए भोजन में से कौए, गाय, कुत्ते, चींटी और देवों का भोग निकालना जरूरी माना जाता है। कहते हैं कि पितर इन्हीं के रूप में धरती पर आते हैं। गरुड़ पुराण और अन्य धार्मिक शास्त्रों के अनुसार, कौवे को यमराज का संदेशवाहक माना जाता है. मान्यता है कि पितृ पक्ष के दौरान पूर्वज कौवे का रूप धारण करके धरती पर आते हैं और भोजन को स्वीकार करते हैं। माना जाता है कि कौवे द्वारा श्राद्ध का खाया गया भोजन सीधे पितरों की आत्मा तक पहुंचता है और उन्हें शांति देता है। कौए को भोजन कराने से यमराज भी प्रसन्न होते हैं. पौराणिक कथा के अनुसार, एक बार भगवान इंद्र के पुत्र जयंत कौवे का रूप धारण करके पृथ्वी पर आए और माता सीता के पैरों में चोंच मार दी। इससे माता सीता के पैर से रक्त बहने लगा. यह देख भगवान श्रीराम ने तिनके का बाण चलाकर कौवे की आंख फोड़ दी। अपनी जान बचाने के लिए जयंत तीनों लोकों में भागा लेकिन किसी ने उसकी मदद नहीं की। अंत में उन्होंने वापस आकर भगवान श्रीराम और माता सीता से क्षमा मांगी। भगवान श्रीराम राम ने भी उन्हें माफ करके वरदान दिया कि पितृपक्ष के दौरान कौवों को अर्पण किया गया भोजन पितरों को मिलेगा। मान्यता है कि उसके बाद से ही पितृ पक्ष में कौवों को भोजन कराने की परंपरा चली आ रही है। मान्यता यह भी है कि पितृ पक्ष के दौरान कौवों को भोजन कराने से कुंडली में मौजूद पितृ दोष और कालसर्प दोष शांत होते हैं। कौवे को भोजन देने से पितर खुश होते हैं और पूरे परिवार को सुख, समृद्धि और आरोग्यता का आशीर्वाद देते हैं. कौवे को भोजन अर्पित करने की प्रक्रिया भी एक विशेष विधि के अनुसार की जाती है। उड़द की दाल, चावल और गुड़ का प्रसाद तैयार किया जाता है। इसे तर्पण स्थल पर रखा जाता है और कौवे को यह भोजन दिया जाता है। ज्योतिष और धार्मिक परंपराओं में कौवे का संबंध शनि देव से भी माना जाता है. कौवा शनि देव का वाहन बताया गया है, इसलिए कौवे को भोजन कराने को शनि से संबंधित उपायों में शामिल किया जाता है. शनिवार के दिन कौवे को भोजन कराने की भी परंपरा है।

## अंतिम माना जाता है ब्रह्मकपालमें किया गया पिंडदान



पितृपक्ष की शुरुआत हो चुकी है और हिंदू धर्म में पितरों की आत्मा की शांति, तृप्ति और मोक्ष के लिए पिंडदान और श्राद्ध का विशेष महत्व बताया गया है। हर साल आश्विन मास के कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तिथि से श्राद्ध कर्म की शुरुआत होती है और आश्विन मास के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि यानी सर्वपितृ अमावस्या को समापन होता है। पितृपक्ष के दौरान पितरों की आत्मा की शांति के लिए श्राद्ध, तर्पण, पिंडदान आदि कार्यक्रम शुरू हो जाते हैं। ऐसे में देश में कई ऐसे तीर्थ हैं, जहां पितरों के लिए श्राद्ध कर्म किए जाते हैं, लेकिन उत्तराखंड के बदरीनाथ धाम के पास स्थित ब्रह्मकपाल को लेकर एक ऐसी खास मान्यता है, जो इसे दूसरे पिंडदान स्थलों से अलग बनाती है.कहा जाता है कि ब्रह्मकपाल में किया गया पिंडदान अंतिम माना जाता है। यहां पिंडदान करने के बाद उसी पूर्वज के लिए दोबारा पिंडदान करने की जरूरत नहीं रहती। ब्रह्मकपाल बदरीनाथ मंदिर के पास अलकनंदा नदी के तट पर स्थित एक पवित्र स्थल है. यहां श्रद्धालु अपने दिवंगत परिजनों और पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए श्राद्ध और पिंडदान करते हैं. यहां किए गए श्राद्ध कर्म को मोक्ष से जोड़ा जाता है। ब्रह्मकपाल की महिमा से जुड़ी एक बेहद रोचक पौराणिक कथा भगवान शिव और ब्रह्माजी से जुड़ी है। मान्यता के अनुसार, सृष्टि की रचना के समय भगवान ब्रह्मा के पांच मुख थे। एक समय उनके भीतर अहंकार उत्पन्न हो गया और उन्होंने स्वयं को सर्वोच्च मानना शुरू कर दिया. कहा जाता है कि ब्रह्मा के इसी अहंकार को समाप्त करने के लिए भगवान शिव ने उनका पांचवां सिर काट दिया, लेकिन इसके बाद भगवान शिव पर ब्रह्महत्या का दोष लग गया। ब्रह्मा का कटा हुआ सिर उनके हाथ से चिपक गया और काफी प्रयासों के बाद भी वह अलग नहीं हुआ। इस पाप से मुक्ति पाने के लिए महादेव भिक्षाटन करते हुए विभिन्न स्थानों पर गए. जब भगवान शिव बदरी क्षेत्र पहुंचे तो ब्रह्मा का कपाल उनके हाथ से अलग होकर गिर गया. जिस स्थान से इस कथा को जोड़ा जाता है, वही आगे चलकर ब्रह्मकपाल कहलाया।






खूनी व बादी बवासीर में बेहद असरकारक
अर्शवेदा कैप्सूल
सुविचार
जो लोग हर दिन अपने सपनों के लिए मेहनत करते हैं, वही असल में जीते हैं।
• 100% आयुर्वेदिक • सुरक्षित • असरदार
Customer Care : 9628078000
www.rphealthgroup.com
Also available at TATA 1mg | amazon | Flipkart




## अपनी जिंदगी

### प्रेम का रहस्य

गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर

जीवन प्रेम से उत्पन्न होता है और जीवन प्रेम की ही तलाश करता है। जीवन का लक्ष्य भी प्रेम है, और जीवन प्रेम से ही कायम रहता है। इस ग्रह पर ऐसा कोई भी प्राणी या जीवित इकाई नहीं है, जिसने प्रेम को न जाना हो या जो प्रेम से रहित हो। यदि प्रेम सृष्टि में सर्वत्र विद्यमान है, तो फिर प्रेम की तलाश क्यों है? हम प्रेम को क्यों खोजते हैं? जब ये प्रश्न मानव-मन को उद्वेलित करने लगते हैं, तभी किसी की आध्यात्मिक यात्रा का प्रारंभ होता है। प्रेम क्या है? भावनाओं का वर्णन करना सबसे कठिन कार्य है-किसी भी भावना का। भावनाओं को शब्दों में बाँधना या किसी को बौद्धिक रूप से यह समझाना सरल नहीं है कि वह भावना क्या है। यह एक अत्यंत सूक्ष्म और गहन अनुभव है। प्रेम इस सृष्टि का मूल आधार है। वह कभी समाप्त नहीं हो सकता; वह सदैव विद्यमान रहता है। प्रेम दीजिए-वह कई गुना होकर आपके पास लौटेगा। प्रेम वास्तव में कोई मार्ग नहीं है; प्रेम स्वयं ही घर है। प्रेम आपको आपके मूल स्वरूप में वापस ले आता है। प्रेम कोई क्रिया या कर्म नहीं है, यह एक अवस्था है-एक परिणाम है। तत्पश्चात प्रश्न उठता है-मैं इसे कैसे प्राप्त करूँ? यह इच्छा का विषय नहीं हो सकता। जब इच्छाएँ शांत हो जाती हैं, तभी प्रेम का अनुभव संभव होता है।

**प्रेम को केवल उसकी इच्छा करने से प्राप्त नहीं किया जा सकता, क्योंकि प्रेम तो इच्छाओं के समाप्त होने पर ही प्रकट होता है।प्रेम से विरह उत्पन्न होता है, और विरह ही भगवान है; प्रेम ही भगवान है। विरह के बिना जीवन अर्थहीन हो जाता है। विरह उत्पन्न करना गुरु का कार्य है। लोग संसार के लिए दुःखी होते हैं, किंतु यदि संसार के दुःख से ऊपर उठकर भगवान के लिए विरह उत्पन्न हो जाए, तब साधना पूर्ण हो जाती है। इसलिए विरह का जन्म होना अत्यंत शुभ है।**

प्रेम को इच्छा का विषय न बनाइए। इच्छा का स्वभाव है-अभी नहीं, भविष्य में कुछ। यह बेचैनी उत्पन्न करती है, जबकि प्रेम का प्रभाव शीतलता से परिपूर्ण होता है। प्रेम को अपनी इच्छाओं का लक्ष्य न बनाइए। जब इच्छाएँ शांत हो जाती हैं, तब यह अनुभव होता है कि प्रेम तो यहीं है। प्रेम सभी इच्छाओं का अंतिम लक्ष्य है, और जब उसे प्राप्त नहीं किया जा सकता, तब घृणा और क्रोध उत्पन्न होते हैं। प्रेम की इच्छा अन्य अपूर्णताओं को जन्म देती है, जैसे निराशा। चाहे इच्छा पूर्ण हो या अपूर्ण, वह अंततः निराशा ही लाती है-यह इच्छा का स्वभाव है। प्रेम को केवल उसकी इच्छा करने से प्राप्त नहीं किया जा सकता, क्योंकि प्रेम तो इच्छाओं के समाप्त होने पर ही प्रकट होता है।प्रेम से विरह उत्पन्न होता है, और विरह ही भगवान है; प्रेम ही भगवान है। विरह के बिना जीवन अर्थहीन हो जाता है। विरह उत्पन्न करना गुरु का कार्य है। लोग संसार के लिए दुःखी होते हैं, किंतु यदि संसार के दुःख से ऊपर उठकर भगवान के लिए विरह उत्पन्न हो जाए, तब साधना पूर्ण हो जाती है। इसलिए विरह का जन्म होना अत्यंत शुभ है।

## दुनियाका सबसे पुराना पुल

दुनिया की सबसे पहली सड़क और इमारत का जिक्र जब भी होता है, तो हर किसी के मन में यह सवाल जरूर उठता है कि आखिर इंसानों द्वारा बनाया गया सबसे पहला पुल कहां होगा? इस सवाल का जवाब छुपा है मध्य पूर्व के देश इराक के रेगिस्तानी इलाके में. आधुनिक इराक के बगदाद और बसरा शहर के ठीक बीचो-बीच गिरसू नाम का एक प्राचीन शहर बसा हुआ है. लगभग 5,000 साल पुराना यह शहर सुमेरियन



सभ्यता की राजधानी हुआ करता था। इसी पौराणिक शहर की पुरातात्विक खुदाई में पकी हुई लाल ईंटों से बना एक ऐसा ढांचा मिला है, जिसे आधुनिक विज्ञान और इतिहासकार दुनिया का सबसे पुराना पुल मानते हैं। इसका इतिहास करीब 4,000 साल पुराना है। इंसानी इंजीनियरिंग की इस अद्भुत मिसाल की कहानी जितनी हैरान करने वाली है, उतनी ही दर्दनाक भी रही है। इस ऐतिहासिक शहर की पहली खुदाई साल 1877 में फ्रांसीसी पुरातत्वविदों की एक टीम ने शुरू की थी। उस दौर में संरक्षण और खुदाई की आधुनिक तकनीकें न होने के कारण इस पुरातात्विक स्थल को भारी नुकसान पहुंचाया गया। सही देखरेख न होने की वजह से इस प्राचीन शहर पर चोरों और खजाना ढूंढने वाले डकैतों का कब्जा हो गया. अनुमान लगाया जाता है कि गिरसू शहर की मिट्टी तले दबी 35,000 से 40,000 दुर्लभ क्यूनीफॉर्म मिट्टी की पट्टिकाएं और अनमोल कलाकृतियां रातों-रात लूट ली गईं और उन्हें अंतरराष्ट्रीय बाजार में बेच दिया गया, जबकि फ्रांसीसी टीम केवल 4,000 पट्टिकाएं ही बचा सकी थी।

## मिथिलाकी अनोखी मान्यता

मिथिला में एक पुरानी मान्यता है जिसे कई लोग आज भी मानते आ रहे हैं। एक तरफ जहां लोग कोई बीमारी या शारीरिक कष्ट होने पर डॉक्टर के पास भगते हैं वहीं गांवों में कई चीजों का उपचार वहां की स्थानीय मान्यता के आधार पर लोग करते हैं। उदाहरण के लिए कई जगह चिकेनपॉक्स जिसे स्थानीय भाषा में लोग मोती झाला या माता बुखार आदि कहते हैं। कई जगह लोग इसे दैवीय



प्रकोप मानते हैं और इसका इलाज कराने की जगह घर में पूजा के जरिए इसका उपचार किया जाता है। इसी तरह मधुबनी में एक खास किस्म की बीमारी होने पर भगवान शंकर को बैंगन का भार चढ़ाने की मान्यता है। तो चलिए जानते हैं कि क्या है वह बीमारी और उनके उपचार के लिए पूरी मान्यता क्या है। कई लोगों के चेहरे पर, गर्दन या फिर बॉडी के किसी पाट्र्स पर अहिला हो जाता है। अहिला यानी काला या लाल रंग का मोटा तिल जैसा या फिर दाग-धब्बा हो जाता है। इसके उपचार के लिए मिथिलांचल के लोगों के बीच अलग ही मान्यता है। कई लोगों का मानना है कि भगवान महादेव को बैंगन का भार चढ़ाने से यह बीमारी ठीक हो जाती है। बैंगन का भार चढ़ाने के लिए बांस की या तुलसी की लकड़ी लेकर उसके दोनों किनारों पर बैंगन को फंसा देते हैं फिर दोनों तरफ बैंगन के भार से लदी इस लकड़ी को उठाकर शिव जी के मंदिर में चढ़ा देते हैं। मान्यता है कि इसे चढ़ाने से अहिला सही हो जाता है।

## अचानक क्यों गिर गया तापमान

उत्तर भारत में आमतौर पर 15 अक्टूबर के बाद सर्दी महसूस होती है लेकिन इस बार सितंबर के अंतिम दिनों में ही ठंड महसूस होने लगी है। ऐसे में सवाल है कि क्या उत्तर भारत में सर्दी का मौसम आ चुका है, या फिर यह किसी जलवायु परिवर्तन का नतीजा है? क्या मौसम के अचानक करवट बदलने के पीछे अल नीनो जैसी कोई स्थिति तो जिम्मेदार नहीं है। दरअसल, दिल्ली सहित उत्तर भारत के अधिकतर इलाकों में बीते कुछ दिनों में मौसम में जबर्दस्त बदलाव देखा गया है। बारिश, आसमान में बादल और तापमान में गिरावट की वजह से अचानक ठंड महसूस होने लगी है। आमतौर पर सितंबर महीने में ऐसा मौसम नहीं होता है. बीते संडे को दिल्ली का न्यूनतम तापमान गिरकर 21 डिग्री पर आ गया. यह बीते 25 सालों में सितंबर महीने में सबसे कम तामामान था। सबसे पहले यह समझना जरूरी है कि सितंबर के आखिर में महसूस हो रही यह ठंड अभी सर्दी की दस्तक नहीं है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक मौजूदा ठंड के पीछे अल नीनो नहीं, बल्कि स्थानीय और क्षेत्रीय मौसम प्रणालियों का असर ज्यादा है। बीते दिनों उत्तर भारत के कई हिस्सों में बारिश हुई. दिल्ली-एनसीआर भी इससे अछूता नहीं रहा। लगातार बादल छाए रहने से जमीन तक पहुंचने वाली धूप कम हुई। बारिश और ठंडी हवाओं ने तापमान को और नीचे ला दिया. दिल्ली में 27 सितंबर को न्यूनतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। यह सामान्य से करीब तीन डिग्री कम था और सितंबर का 25 साल में दूसरा सबसे कम न्यूनतम तापमान था. इससे पहले 2008 में सितंबर में न्यूनतम तापमान 20.8 डिग्री तक गया था। यानी दिल्ली में जो ठंड महसूस हुई, वह असामान्य जरूर थी, लेकिन इसे सीधे सर्दी के मौसम की शुरुआत मान लेना अभी जल्दबाजी होगी। इस बदलाव के पीछे एक बड़ी वजह मध्य और उत्तर भारत में सक्रिय मौसम प्रणाली रही. बारिश के साथ बादलों की मोटी परत बनी रही। ऐसे में दिन में भी तापमान सामान्य से नीचे चला गया। दिल्ली में 27 सितंबर को अधिकतम तापमान भी करीब 29 डिग्री रहा, जो सामान्य से लगभग पांच डिग्री कम था. कई इलाकों में इससे भी कम तापमान दर्ज हुआ. दिल्ली रिज इलाके में न्यूनतम तापमान 16.8 डिग्री तक पहुंच गया.इसके साथ



ही पश्चिमी विक्षोभ और मध्य भारत के आसपास बनी मौसम प्रणाली के बीच तालमेल ने उत्तर भारत के कुछ हिस्सों में बारिश की स्थिति बनाई. पश्चिमी विक्षोभ आमतौर पर सर्दियों में उत्तर भारत के मौसम को प्रभावित करते हैं, लेकिन मौसम के संक्रमण वाले दौर में भी इनका असर हो सकता है. पहाड़ी इलाकों में तो इसका असर और ज्यादा साफ दिखा. हिमाचल प्रदेश के ऊंचाई वाले इलाकों और उत्तराखंड में बर्फबारी की खबरें सामने आईं.अभी ऐसा कहना सही नहीं होगा. मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक मौजूदा ठंड का दौर अस्थायी है. जैसे-जैसे बारिश और बादल कम होंगे, धूप बढ़ेगी और तापमान फिर ऊपर जा सकता है. दिल्ली में 30 सितंबर और 1 अक्टूबर के आसपास तापमान में बढ़ोतरी की संभावना जताई गई है. यानी सितंबर के आखिरी दिनों में मिली ठंड को फिलहाल मानसून की विदाई के दौरान हुआ तापमान में उतार-चढ़ाव समझना ज्यादा सही होगा. दिल्ली में दक्षिण-पश्चिम मानसून 23 सितंबर को ही वापस जा चुका था, जो सामान्य तारीख 25 सितंबर से दो दिन पहले है. इसके बाद मौसम धीरे-धीरे शुष्क होने की तरफ बढ़ना था, लेकिन इसी बीच बारिश और सक्रिय मौसम प्रणालियों ने तापमान का समीकरण बदल दिया.यहां अल नीनो की भूमिका जरूर महत्वपूर्ण है, लेकिन वह इस सितंबर की अचानक आई ठंड की वजह नहीं है. अल नीनो प्रशांत महासागर के भूमध्यरेखीय हिस्से में समुद्र की सतह के असामान्य रूप से गर्म होने की स्थिति है. इसका असर हजारों किलोमीटर दूर तक मौसम के पैटर्न पर पड़ सकता है. बारिश, तापमान और वायुमंडल में बदलाव इसके बड़े प्रभावों में शामिल हैं.

## गायके लिए एक करोड़का लग्जरी बंगला, सुबह-शाम आरती, पहनती हैं २४ लाखकी ज्वेलरी



गाय को पहली रोटी खिलाने की परंपरा पूरे देश में है। गाय को माता लक्ष्मी का स्वरूप माना गया है। राजस्थान के बिजनेसमैन तो एक करोड़ का बंगला अपनी पालतू गाय राधा के लिए बनवा रहे हैं। राधा महल दो मंजिला आलीशान बंगला होगा। संगमरमर के फर्श, आकर्षक डिजाइन और हर सुख-सुविधा से लैस होगा। नरेंद्र के खुद के घर से सवा फीट ऊंचा होगा। राधा की सेवा में चार लोग तैनात रहते हैं। सुबह-शाम राधा की आरती उतारी जाती है। राधा देसी घी के लड्डू खाती है। 10 किलो चांदी के आभूषण पहनती है। बिजनेसमैन राधा को अपने परिवार की सबसे सम्मानित सदस्य मानते हैं। राधा के प्रति इतनी अटूट भक्ति के पीछे की वजह क्या है,राधा जब दो साल की थी, तब नरेंद्र पुरोहित उसे पथमेड़ा गौशाला से बैंड बाजे के साथ घर लेकर आए थे। यह बात 2015 की है. राधा ने घर आते ही उनकी किस्मत पलट दी. सिर्फ 1500 रुपये की नौकरी करने वाले पुरोहित के बिजनेस में बढ़ोतरी हुई। फिर वो राधा के भक्त हो गए।

## दमदार वापसी कर रही हैं विद्या बालन

एक्ट्रेस विद्या बालन ने तमिल सिनेमा के जरिए पॉवरफुल कमबैक किया है। अभी कुछ ही दिन पहले रजनीकांत की जेलर 2 से उनका धांसू लुक सामने आया था। अब उनके हाथ एक और बड़ी कॉलीवुड प्रोजेक्ट लगा है। विद्या फिल्ममेकर आर. बाल्की के साथ 17 साल बाद वापसी करने जा रही हैं। विद्या एक नई तमिल फिल्म के जरिए आर बाल्की के साथ दोबारा काम करने जा रही हैं। इससे पहले उन्होंने पा फिल्म में साथ काम किया था।
एक्ट्रेस ने एक बीटीएस पोस्ट के जरिए फैंस को इसकी जानकारी दी। विद्या ने फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है। मूवी का टाइटल अभी तय नहीं हुआ है। हालांकि, मेकर्स ने इसकी कहानी या विद्या के किरदार के बारे में कोई और जानकारी नहीं दी है। विद्या ने अपने इंस्टाग्राम पर सेट से एक तस्वीर पोस्ट की, जिसमें वह चश्मा पहने, लंबी चोटी बनाए और हाथ में स्क्रिप्ट पकड़े हुए नजर आ रही हैं। कैप्शन में उन्होंने लिखा,नई शुरुआत के साथ। आर बाल्की और विद्या बालन की साल 2009 में रिलीज हुई सुपरहिट फिल्म पा ने भारतीय सिनेमा के लिए एक ऊंचा मानक स्थापित किया था। इसकी कहानी, कलाकारों और एक्टिंग को खूब पसंद किया गया। हालांकि फिल्म का शीर्षक, कहानी और पूरी कास्ट के बारे में अभी कोई जानकारी सामने नहीं आई है, लेकिन इसकी शूटिंग आधिकारिक तौर पर शुरू हो चुकी है। विद्या का ध्यान अब रीजनल और मल्टी-लैंग्वेज सिनेमा की ओर बढ़ रहा है।

**विद्या ने अपने इंस्टाग्राम पर सेट से एक तस्वीर पोस्ट की, जिसमें वह चश्मा पहने, लंबी चोटी बनाए और हाथ में स्क्रिप्ट पकड़े हुए नजर आ रही हैं। कैप्शन में उन्होंने लिखा, नई शुरुआत के साथ। आर बाल्की और विद्या बालन की साल 2009 में रिलीज हुई सुपरहिट फिल्म पा ने भारतीय सिनेमा के लिए एक ऊंचा मानक स्थापित किया था।**



आर. बाल्की के साथ अपनी हाल ही में घोषित फिल्म के अलावा, वह अनीस बज़्मी के निर्देशन में बनने वाली एक बॉलीवुड कॉमेडी फिल्म में भी मुख्य भूमिका निभाएंगी। इसमें उनके साथ अक्षय कुमार और राशी खन्ना भी होंगे।

## द्वारकाके बाद अब पूम्पुहार : समुद्रमें समा चुके हैं भारतके प्राचीन शहर

समुद्र के नीचे सिर्फ रेत और चट्टानें नहीं बल्कि सभयताओं का इतिहास भी होता है। अब तक भारत के समुद्री तटों के पास पानी के अंदर कई ऐसे साक्ष्य मिले हैं जो ये साबित करते हैं कि यहां कभी बंदरगाह, बस्तियां और आबाद शहर रहे होंगे। हाल ही तमिलनाडु के तट से दो किमी दूर समुद्र में पूम्पुहार शहर और उससे जुड़े साक्ष्य मिले हैं। तमिलनाडु पुरातत्व विभाग के मुताबिक ऐसा हो सकता है कि सुनामी की वजह से ये शहर समुद्र में डूब गया हो. हालांकि समुद्र में डूबने वाला यह अकेला शहर नहीं है। इससे पहले गुजरात के द्वारका, कर्नाटक का महाबलीपुरम समेत अन्य शहरों के समुद्र में डूबने के साक्ष्य मिल चुके हैं। तमिलनाडु का पुरातत्व विभाग इन दिनों पूम्पुहार शहर की खोज में जुटा हुआ है। कभी कावेरी नदी से बिल्कुल सटा ये शहर अब समुद्र के अंदर समा चुका है। हाल ही में पुरातत्व विभाग की टीम ने यहां से 200 से ज्यादा मिट्टी के बर्तनों के टुकड़े, टेराकोटा रिंग वेल और टॉरपीडो जार खोजे थे। जहां ये साक्ष्य मिले हैं वह समुद्री तट रेखा से तकरीबन दो किलोमीटर अंदर है। पुरातत्व विभाग के मुताबिक इसे कभी कावेरीपूम्पट्टिनम भी कहा



जाता था। जो चोल साम्राज्य का प्रमुख बंदरगाह हुआ करता था. पहले यहां जमीन की खोदाई ने घाट जैसी संरचना मिली थी, अब समुद्र के अंदर मिले साक्ष्यों ने खोज के दायरे को और बढ़ा दिया है।

**द्वारका** -गुजरात के सौराष्ट्र तट पर द्वारका भारत का सबसे प्राचीन ऐसा शहर माना जाता है तो समुद्र में डूब चुका है. धार्मिक ग्रंथों में भी द्वारका के समुद्र में समा जाने का वर्णन मिलता है. पुरातत्व विभाग भी यहां कई ऐसे पुरातात्विक अवशेष खोज चुका है, जिससे इस शहर के भव्य और समृद्ध होने के साक्ष्य मिले हैं। 1980 के दशक में समुद्री पुरातत्वविद् एस. आर. राव के नेतृत्व में हुई खोज में पानी के अंदर किले जैसी दीवारें मिट्टी के बर्तन और दूसरी वस्तुएं मिली थीं।

**मुजिरिस**- केरल का मुजिरिस प्राचीन भारत के सबसे अहम अंतरराष्ट्रीय बंदरगाहों में माना जाता है. ऐसा कहा जाता है कि इसका संबंध रोमन साम्राज्य और पश्चिम एशिया के साथ समुद्री व्यापार से रहा होगा. समुद्र ने मुजिरिस क्षेत्र के विनाश में अहम योगदान निभाया होगा. रिसर्च में इसे पेरियार नदी के मुहाने के पास बताया गया।

**लोथल**- गुजरात के लोथल शहर के बारे में आपने इतिहास में पढ़ा होगा। इसे हड़प्पा सभ्यता का प्रमुख बंदरगाह माना जाता था। यह शहर समुद्र के नीचे तो नहीं है, लेकिन जमीन पर भी इसके अवशेष ही रह गए हैं। हड़प्पा काल में लोथल समुद्री व्यापार के सबसे बड़े केंद्रों में से एक था। यूनेस्को के मुताबिक शहर की बाहरी दीवारों को इस तरह का बनाया गया था, जिससे समुद्र में आने वाले ज्वार भाटा का इस पर असर न हो. पुरातत्व विभाग के मुताबिक इसी तरह की समुद्री बाढ़ की वजह से ही शहर खत्म हुआ होगा।